फाल्गुन, शुक्ल पक्ष 13, वर्ष 12, अंक 28, पृष्ठ 16, मूल्य: 5.00

वाराणसी, रविवार, 5 मार्च, 2023

# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/ नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



अन्दर : आत्मरूपांतरण की विराट क्षमता



अन्दर : अहमदाबाद टेस्ट में वापसी करेंगे मोहम्मद शमी

# योगी ने 115 नई बसों को दिखाई हरी झंडी

## हर जिले को लखनऊ से कनेक्ट करेंगी, पैनिक बटन जैसी हाईटेक सुविधाएं

**लखनऊ।** होली से पहले यूपी में 115 नई बसें शुरू हुई हैं। इनमें से 76 राजधानी बसें हैं। ये प्रदेश के 75 जिलों से लखनऊ के लिए चलेंगी। इसके अलावा 39 साधारण बसें हैं। सीएम योगी ने बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। राजधानी बसें हाईटेक सुविधाओं से लैस हैं। इनमें पैनिक बटन व सीसीटीवी कैमरा लगा है। बस में यात्रा के दौरान पीड़ित को 8 मिनट के अंदर पुलिस सहायता मिलेगी। रोडवेज की वेबसाइट से इनके टिकट की बुकिंग हो सकती है। राजधानी बसों की टाइमिंग को इस तरह रखा जाएगा कि यह सुबह 9.30 बजे तक लखनऊ पहुंच जाएगी। वहीं, शाम को वापस अपने जिलों के लिए लखनऊ से रवाना होगी। ऐसे में अगर कोई लखनऊ में अपने किसी भी काम के लिए के लिए आते हैं, तो उसके पास एक दिन में ही काम करा कर लौटने का मौका रहेगा। सीएम योगी ने अपने आवास से बसों को हरी झंडी दिखाते हुए कहा, यात्री मोबाइल पर खाना और नास्ते का ऑर्डर दे सकेंगे। इसके अलावा आने वाले दिनों में 1 लाख गांव को परिवहन सेवा से जोड़ने का काम किया जाएगा। सीएम ने परिवहन मंत्री दयाशंकर से कहा कि इसको लेकर आप प्लानिंग करे। इसमें छोटे गांव में 30 सीटर बसें चलेंगी। राजधानी बस का किराया साधारण बस की अपेक्षा 13 पैसे प्रति किलोमीटर ज्यादा होगा।

**सौगात**

**परिवहन मंत्री को लेकर सीएम ने ली चुटकी, 'स्वास्थ्य विभाग के साथ हो एमओयू साइन'**

**डिजिटल बुक कर सकेंगे टिकट, यात्री दे सकेंगे सफर का फीडबैक**

सीएम योगी ने परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह पर भी चुटकी ली। उन्होंने कहा दयाशंकर सिंह बलिया के लिए बस सेवा शुरू करना चाहते थे। अब बलिया के लिए सेवा शुरू होती तो बाकी जिलों से होकर गुजरना होता। ऐसे में पूरे प्रदेश की भलाई करते हुए 115 बसों की शुरूआत हुई है। सीएम ने कहा, स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर एक एमओयू साइन किया जाए। इससे समय-समय पर ड्राइवर और कंडक्टर की मेडिकल जांच हो। इससे की वह सुरक्षित यात्रा करा सकें। कई ड्राइवर जिनको आंखों से कम दिखाई देता है। लेकिन अंदाज में बस चला रहे होंगे। अंदाज से परिवार तो चलाया जा सकता है, लेकिन बस नहीं। सीएम योगी ने कहा कि यह अमृत महोत्सव का पहला साल है। परिवहन विभाग 50 साल की यात्रा पूरा कर रहा है। कुंभ में परिवहन का काम सराहनीय रहा। 24 करोड़ लोगों को यात्रा देने में विभाग ने बेहतर काम किया है। कोरोना काल में एक करोड़ से अधिक लोगों को घर पहुंचाने का काम परिवहन विभाग ने किया है। कोविड में परिवहन विभाग का बड़ा योगदान रहा।" प्रदेश में 11 हजार से ज्यादा बस सेवा चल रही है। जिसमें हर दिन 17 लाख लोग रोडवेज बस में सफर करते हैं।



मैनेजर आईटी युजवेंद्र कुमार ने बताया, 'यूपी राही' ऐप से यात्री डिजिटल टिकट बुक सकेंगे। हालांकि ऐप डाउनलोड करने के बाद रजिस्ट्रेशन कराना होगा। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद वह ऐप पर मौजूद सभी सुविधाओं का इस्तेमाल कर सकेंगे। टिकट बुक करने के बाद यात्रियों को टिकट का प्रिंट आउट लेने की जरूरत नहीं होगी। वह ऐप पर ही टिकट बुकिंग का स्टेटस दिखाकर अपनी यात्रा कर सकते हैं। ऐप के माध्यम से कोई यात्री अपने सफर से संबंधित कोई जानकारी देना चाहता है, तो एप में इसकी सुविधा है। अपने फीडबैक में कंडक्टर का व्यवहार, ड्राइवर सही से बस को ड्राइव कर रहा था या नहीं। ऐसे ही दस बिंदुओं पर यात्री अपने फीडबैक को दे सकते हैं। उनके सफर का अनुभव सीधे विभाग के अधिकारियों तक पहुंचेगा।

### टूर हिस्ट्री समेत कई फीचर्स भी देख सकेंगे यात्री

युजवेंद्र कुमार ने बताया कि ऐप में यात्रियों के लिए हेल्पफुल फीचर्स दिए गए हैं। इसमें यात्री अपने पुराने सफर को ट्रैक कर सकेंगे। इसमें उनके सभी पुराने ट्रांजेक्शंस को संभाल कर रखा जाएगा। इसके अलावा यात्रियों को टिकट बुक करते समय बस चुनने का मौका मिलेगा। यदि यात्री वॉल्वो बस से सफर करना चाहते हैं तो उनके रूट पर कोई वॉल्वो बस संचालित हो रही है या नहीं, इसकी जानकारी उन्हें ऐप पर मिल जाएगी। इसी तरह उनके रूट पर नॉन-स्टाप बस है तो वह भी दिखाई देगा। ऐप को का उपयोग करने करने के लिए पहले गूगल प्ले स्टोर से इसे डाउनलोड करना होगा। फिर इस पर खुद का रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसमें आपको अपनी आइडेंटिटी के लिए कोई सरकारी डॉक्यूमेंट नंबर (आधार कार्ड या पैन कार्ड) की जानकारी देनी होगी। रजिस्ट्रेशन कराने के बाद आपका आईडी और पासवर्ड जेनरेट हो जाएगा और अब आप ऐप का इस्तेमाल कर सकेंगे। होम पेज पर आपको कहां से कहां की यात्रा करनी है, इसकी विंडो ओपन रहेगी। यहां से आप डायरेक्टर टिकट बुक कर सकते हैं। इसके अलावा आप इस ऐप पर अपना प्रोफाइल भी बना सकते हैं। कैंसिलेशन पॉलिसी के बारे में भी इसमें विस्तार से जानकारी दी गई है। किसी तरह की हेल्प के लिए आप सपोर्ट फीचर का इस्तेमाल कर सकते हैं। पासवर्ड बदलने की भी सुविधा दी गई है।

# मनीष सिसोदिया की रिमांड 6 मार्च तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली शराब नीति केस में गिरफ्तार मनीष सिसोदिया की रिमांड दो दिन के लिए बढ़ा दी गई है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम को 6 मार्च तक सीबीआई कस्टडी पर भेज दिया। वहीं, सिसोदिया की तरफ से दाखिल जमानत याचिका पर कोर्ट 10 मार्च को फैसला सुनाएगा। आज यानी शनिवार को राउज एवेन्यू कोर्ट में सिसोदिया की पेशी हुई। सीबीआई ने कोर्ट से तीन दिन के लिए उनकी कस्टडी मांगी थी।



सिसोदिया 26 फरवरी को गिरफ्तार हुए थे। कोर्ट ने उन्हें 27 फरवरी को पांच दिन के लिए सीबीआई रिमांड पर भेजा था। रिमांड की अवधि आज यानी 4 मार्च को पूरी हो गई है। शुक्रवार को सिसोदिया ने निचली अदालत में जमानत याचिका दाखिल की थी। इस याचिका में उन्होंने लिखा कि सीबीआई की पूछताछ में उन्होंने सहयोग किया है। जब भी उन्हें बुलाया गया, वे आए हैं। उन्होंने दलील दी कि उन्हें कस्टडी में रखने के पीछे अब कोई वाजिब कारण नहीं है, क्योंकि सारी रिकवरी तो सीबीआई कर चुकी है।

**राहत नहीं**

**जमानत अर्जी पर फैसला 10 मार्च को, कोर्ट ने सीबीआई से भी जवाब मांगा**

कोर्ट ने कहा जमानत याचिका पर 10 मार्च को दोपहर 2 बजे सुनवाई होगी। सीबीआई ने 26 फरवरी को सिसोदिया को 8 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। 27 फरवरी को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई को सिसोदिया की 5 दिन की कस्टडी दी थी। 28 फरवरी की सुबह कांग्रेस नेता और वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने सिसोदिया की गिरफ्तारी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की। उन्होंने कोर्ट से मामले पर फौरन सुनवाई की अपील की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया था। हालांकि 28 फरवरी को सुनवाई के दौरान उखकजस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की बेंच ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि आप पहले हाईकोर्ट जाइए। सीधे हमारे पास आने का क्या मतलब है।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
वाराणसी
916 हॉलमार्क ज्वेलरी
SUNDAY OPEN

# यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के चेयरमैन होंगे ब्रजेश पाठक



**निर्विरोध चुने जाएंगे सभी पदाधिकारी**

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक का यूपी ओलंपिक एसोसिएशन में चेयरमैन बनना तय है। 19 साल बाद यह पहला मौका होगा जब एसोसिएशन में चेयरमैन पद पर कोई नियुक्त होगा। इससे पहले वर्ष 2004 में कलराज मिश्र इस पद पर चयनित हुए थे। शुक्रवार को नामांकन की आखिरी तिथि खत्म होते ही यह तय हो गया है कि पांच मार्च को यूपी बैडमिंटन अकादमी में होने वाले चुनाव में एसोसिएशन की कार्यकारिणी में सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने जाएंगे। गौरतलब है कि वर्ष 2007 के बाद से यूपी ओलंपिक एसोसिएशन का चुनाव निर्विरोध होता रहा है। नामांकन की बात करें तो विराज सागर दास लगातार दूसरी बार अध्यक्ष और आनंदेश्वर पांडेय लगातार आठवीं बार महासचिव बनेंगे। इसके अलावा अपर मुख्य सचिव खेल डॉ. नवनीत सहगल वरिष्ठ उपाध्यक्ष बनना तय है। इसी तरह यूपी वेटलिफ्टिंग एसोसिएशन की अध्यक्ष सबीना यादव, यूपी नेटबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष वाघीश पाठक और यूपी जूडो एसोसिएशन के अध्यक्ष सुधीर हलवासिया संयुक्त रूप से उपाध्यक्ष बनेंगे। वहीं, खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह का वरिष्ठ संयुक्त सचिव बनना भी तय है। इनके अलावा नौ अन्य उपाध्यक्ष और एक वरिष्ठ उपाध्यक्ष आम सहमति से बनाया जाएगा। एसोसिएशन में महिलाओं की भागीदारी के लिए एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता एथलीट एवं पद्मश्री अवॉर्डी सुधा सिंह को उपाध्यक्ष और कॉमनवेल्थ गेम्स की कांस्य पदक विजेता स्वाति सिंह को संयुक्त सचिव बनाया जा सकता है। चुनाव के लिए सेवानिवृत्त आईएएस डीसी मिश्रा को चुनाव अधिकारी बनाया गया है। बैठक में 21 राज्य संघों से 62 प्रतिनिधियों को मत डालने का अधिकार होगा, जबकि यूपी ओलंपिक एसोसिएशन के जुड़े 75 जिलों की इकाइयों के 93 पदाधिकारी मतदान करेंगे। एजेंसी

# अयोध्या में मस्जिद निर्माण को मंजूरी

## अयोध्या विकास प्राधिकरण से दो साल बाद स्वीकृत हुआ नक्शा

**अयोध्या।** अयोध्या विकास प्राधिकरण ने बाबरी मस्जिद-राम जन्मभूमि के फैसले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को प्रदान कि गई भूमि पर मस्जिद निर्माण के लिए अंतिम मंजूरी दे दी है।

अयोध्या में एक मस्जिद का निर्माण, जो शीर्ष अदालत के फैसले के अनुसार होना है। पिछले दो वर्षों से नक्शा पास ना होने कि वजह से रुका हुआ था। उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड द्वारा गठित अयोध्या मस्जिद ट्रस्ट - इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन ने वर्ष 2021 में अयोध्या विकास प्राधिकरण में नक्शा जमा किए थे। सुप्रीम कोर्ट ने अपने 09 नवंबर 2019 के फैसले में अयोध्या अधिनियम 1993 के तहत अधिग्रहित क्षेत्र में या अयोध्या में किसी भी उपयुक्त प्रमुख स्थान पर उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को पांच एकड़ उपयुक्त भूमि आवंटित करने का आदेश दिया था। सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में अयोध्या प्रशासन ने अयोध्या शहर से लगभग 25 किमी दूर सोहावल तहसील के ग्राम धनीपुर में उक्त पांच एकड़ भूमि आवंटित की थी। अयोध्या के डिवीजनल कमिश्नर और अयोध्या विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष गौरव दयाल ने मस्जिद ट्रस्ट को जानकारी दी है कि बोर्ड की बैठक में अयोध्या मस्जिद की परियोजना को मंजूरी दे दी गई है। कुछ विभागीय औपचारिकताओं के बाद स्वीकृत नक्शा इंडो इस्लामिक कल्चरल फाउंडेशन को सौंप दिया जाएगा। *एजेंसी*

**फैसला**

**अयोध्या विकास प्राधिकरण ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड को प्रदान की गई भूमि पर मस्जिद निर्माण के लिए अंतिम मंजूरी दी**



C.U.E.T BHU / DU / AU
B.Sc. B.Com. B.A. LL.B
CHS ENTRANCE EXAM - 2023
9th & 11th
Selection 1218 in CUET | 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
9335418689, 9335720660

# एटा में एड्स बांट रहे स्वास्थ्यकर्मी

**एटा।** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है। स्वास्थ्यकर्मियों की बेपरवाही से चार मासूम एड्स के शिकंजे में आ गए। रिपोर्ट आने के बाद से घर वाले परेशान हैं। उनकी नींद हराम हो गई है। वीरांगना अवंतीबाई स्वशासी राज्य मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्यकर्मियों की लापरवाही सामने आई है। जिसके चलते चार बच्चों में एचआईवी होने का खतरा बन गया है। यहां वार्ड में भर्ती पांच बच्चों को एक सिरिंज से इंजेक्शन लगाने का आरोप है। इनमें से एक बच्ची एचआईवी से संक्रमित है। जिला प्रशासन से शिकायत के बाद एचआईवी से बचाव के लिए चारों बच्चों का इलाज शुरू कर दिया गया है। कासगंज जिला निवासी एक आठ वर्षीय बच्ची को सांस लेने में दिक्कत के साथ खांसी की समस्या थी।

# ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों ने तोड़ा हिंदू मंदिर

**दबंगई**

**ब्रिस्बेन के मशहूर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में खालिस्तान समर्थकों ने की तोड़फोड़**

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया में खालिस्तान समर्थकों ने एक बार फिर एक हिंदू मंदिर को निशाना बनाया है। बता दें कि शनिवार को ब्रिस्बेन के मशहूर श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर में खालिस्तान समर्थकों ने तोड़फोड़ की। मंदिर के अध्यक्ष सतिंदर शुक्ला ने स्थानीय मीडिया से बात करते हुए बताया कि सुबह के समय श्रद्धालु मंदिर में पूजा-पाठ के लिए पहुंचे थे, इसी दौरान उन्होंने देखा कि मंदिर की दीवार को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। हिंदू ह्युमन राइट्स की निदेशक सारा गेट्स का कहना है कि सिख फॉर जस्टिस की तर्ज पर इस घृणा अपराध को अंजाम दिया गया है। यह ऑस्ट्रेलिया में रह रहे हिंदुओं को डराने के लिए किया गया है। मंदिर में जब भारत विरोधी नारे लिखे गए, उस वक्त मंदिर में तमिल हिंदुओं द्वारा तीन दिन का थाई पोंगल त्योहार मनाया जा रहा था। 15 जनवरी को खालिस्तान समर्थकों ने मेलबर्न में एक कार रैली निकालकर खालिस्तान पर जनमत के लिए समर्थन जुटाने का प्रयास किया था लेकिन उन्हें समर्थन नहीं मिल सका और मेलबर्न में भारतीय मूल की करीब 60 हजार आबादी रहती है लेकिन रैली के दौरान कुछ सौ लोग ही मौजूद रहे। माना जा रहा है कि इसी गुस्से में हिंदू मंदिर को निशाना बनाया गया।

### हंसते हुए कोर्ट पहुंचे सपा विधायक इरफान सोलंकी बोले ऊपर वाला इंसाफ करेगा

**कानपुर।** सपा विधायक इरफान सोलंकी को शनिवार को कानपुर की एमपी एमएलए कोर्ट में पेश किया गया। उन्हें महाराजगंज जेल से कड़ी सुरक्षा में लाया गया। कोर्ट के बाहर इरफान पुलिस की गाड़ी से हंसते हुए उतरे। समर्थकों को देखकर हाथ हिलाया। फिर कोर्ट से बाहर निकले तो मीडियाकर्मियों के सवाल पर कहा, ऊपर वाला इंसाफ करेगा, उसकी लाठी में आवाज नहीं होती। कानपुर में शनिवार को दो कोर्ट में इरफान की पेशी हुई। एमपी/एमएलए की सेशन कोर्ट सत्येंद्र नाथ त्रिपाठी की कोर्ट में महिला का घर फूंकने के मामले की सुनवाई हुई। विधायक के साथ आरोपी शौकत अली के वकील ने आरोप मुक्ति की एप्लीकेशन दी थी। जिस पर कोर्ट ने अपना फैसला रिजर्व कर लिया है। विधायक के भाई रिजवान सोलंकी को भी कोर्ट में पेश किया गया। इन सभी पर आज आरोप तय होने थे। हालांकि इससे पहले डिस्चार्ज प्रार्थना पत्र पर सुनवाई करते सेशन कोर्ट ने छह मार्च की तारीख दे दी।



शनिवार को मर्णिकर्णिका घाट पर खेली गई चिता भस्म की होली

# बजट से विकास को मिलेगी नई गति : मोदी

## पीएम ने 'बुनियादी ढांचा और निवेश' पर बजट के बाद के वेबिनार को किया संबोधित

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को 'बुनियादी ढांचा और निवेश' पर बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस वर्ष का बजट आधारभूत संरचना के विकास को नई गति देने वाला है। दुनिया के बड़े-बड़े विशेषज्ञ और कई प्रतिष्ठित मीडिया हाउसेस ने भारत के बजट और राजनीतिज्ञ निर्णयों की भूरी-भूरी प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि नेशनल इंफ्रास्ट्रक्चर पाइपलाइन के तहत सरकार आने वाले समय में 110 लाख करोड़ रुपए के निवेश का लक्ष्य लेकर चल रही है। ऐसे में प्रत्येक हितधारकों के लिए ये नई दायित्व, नई संभावनाओं और साहसपूर्ण निर्णय का समय है। किसी भी देश के विकास में आधारभूत संरचना का महत्व हमेशा से ही रहा है।

**बोले- दुर्भाग्य से आजादी के बाद आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना बल नहीं दिया गया**



पीएम मोदी ने कहा कि दुर्भाग्य से आजादी के बाद आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर उतना बल नहीं दिया गया, जितना दिया जाना चाहिए था। हमारे यहां दशकों तक एक सोच हावी रही कि गरीबी एक मनोभाव है। इसी सोच की वजह से देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर निवेश करने में पहले की सरकारों को दिक्कत होती थी। हमारी सरकार ने ना सिर्फ इस सोच से देश को बाहर निकाला है, बल्कि वो आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर पर रिकॉर्ड निवेश भी कर रही है। इसी रास्ते पर चलते हुए भारत 2047 तक विकसित होने के लक्ष्य को प्राप्त करेगा। उन्होंने कहा कि गतिशक्ति नेशनल मास्टर प्लान, भारत के इंफ्रास्ट्रक्चर का, भारत के मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स का कायाकल्प करने जा रहा है। ये अर्थव्यवस्था और इंफ्रास्ट्रक्चर प्लानिंग को और विकास को एकीकृत करने का बहुत बड़ा माध्यम है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारा सोशल इंफ्रास्ट्रक्चर जितना मजबूत होगा उतना ही प्रतिभाशाली और कुशल युवा काम करने के लिए आगे आ पाएंगे। इसलिए ही कौशल विकास, परियोजना प्रबंधन, वित्त कौशल पर जो दिया जाना बहुत आवश्यक है।

### त्रिपुरा में शपथ ग्रहण में शरीक होंगे पीएम मोदी

**अगरतला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आठ मार्च को त्रिपुरा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और इसके सहयोगी दल इंडिजीनियस पीपुल्स फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (आईपीएफटी) के गठबंधन की नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। हाल ही में संपन्न त्रिपुरा विधानसभा चुनाव में भाजपा ने कुल 60 में से 32 सीट पर जीत हासिल की है, जबकि इसके सहयोगी दल आईपीएफटी ने एक सीट जीती है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को बताया, प्रधानमंत्री के राज्य के दौरे को लेकर मुख्य सचिव एस. के. सिन्हा वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे हैं। एसपीजी की एक टीम भी आज आ रही है। प्रधानमंत्री आठ मार्च को नयी सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री माणिक साहा ने शुक्रवार को राज्यपाल सत्यदेव नारायण आर्य को अपनी सरकार का इस्तीफा सौंप दिया था।

# तेजी से फैल रहा एच3एन2 वायरस

**नई दिल्ली।** भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के विशेषज्ञों ने कहा है कि भारत में पिछले दो-तीन महीने से लगातार खांसी और किसी-किसी मामले में बुखार के साथ खांसी होने का कारण इन्फ्लुएंजा ए का उपस्वरूप एच3एन2 है। आईसीएमआर के वैज्ञानिकों ने कहा कि पिछले दो-तीन महीने से व्यापक रूप से व्याप्त एच3एन2 अन्य उपस्वरूपों की तुलना में रोगी के अस्पताल में भर्ती होने का बड़ा कारण है। आईसीएमआर वायरस रिसर्च एंड डायग्नोस्टिक लेबोरेटरीज नेटवर्क के माध्यम से श्वसन वायरस के कारण होने वाली बीमारियों पर कड़ी नजर रखे हुए है। उन्होंने वायरस से लोगों को बचाने के लिए एक सूची जारी की है, जिसमें बताया गया है कि उन्हें क्या करना चाहिए और क्या नहीं। दूसरी ओर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (एमआईए) ने देश भर में खांसी, जुकाम और जी मिचलाने के बढ़ते मामलों के बीच एंटीबायोटिक दवाओं के अत्यधिक उपयोग को लेकर आगाह किया है। आईएमए ने कहा कि मौसमी बुखार पांच से सात दिनों तक रहेगा। आईएमए की एक स्थायी समिति ने कहा कि बुखार तीन दिन में खत्म हो जाएगा, लेकिन खांसी तीन हफ्ते तक बरकरार रह सकती है।

**हिदायत**

**'इंफ्लुएंजा ए' के उपस्वरूप के कारण फैल रहा खांसी और बुखार**

# गैंगरेप के बाद गला घोंटा गया था बच्ची का

**पाप का पर्दाफाश**

### पुलिस ने पड़ोसी समेत तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**वाराणसी।** कैंट थाना क्षेत्र के पहलुपुरा निवासी 11 साल की बच्ची की मौत की गुत्थी सुलझ गयी। उसकी हत्या हुई है, हत्या से पहले आरोपियों ने उसके साथ गैंगरेप किया था। इस मामले में कैंट पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले बाल अपचारी समेत तीन अभियुक्तों को शनिवार की दोपहर करीब 12.30 बजे निर्माणाधीन पुल फुलवरिया से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के खिलाफ हत्या, गैंगरेप समेत अन्य संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेजा गया।

पहलुपुरा निवासी रमेश सिंह की 11 साल की बेटी बबिता का शव 2 मार्च को घर के पास ही खंडहरनुमा जगह में मिली। रमेश ने एक दिन पहले कैंट पुलिस थाने में बच्ची के अपहरण का मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस ने जांच शुरु की, पुलिस को पता चला कि घटना को अंजाम पड़ोस के ही लोगों ने दिया है। तीनों की पहचान सनोज उर्फ राहुल सिंह, शुभम सिंह और एक बाल अपचारी समीर खान तीनों पहलुपुरा के निवासी हैं।



पुलिस पूछताछ में तीनों ने अपना जुर्म स्वीकारा। पूछताछ में सामने आया कि बच्ची को धोखे से बुलाकर उसके साथ अप्राकृतिक दुष्कर्म और गैंगरेप किया गया। बच्ची के विरोध को देखते हुए तीनों को लगा कि बात घरवालों को पता चल जायेगी ऐसे में तीनों ने मिलकर उसका गलाघोंट दिया। इसके बाद वहां से निकल लिए।

इस मामले में दर्ज अपहरण के मुकदमों को कन्वर्ट कर पुलिस ने हत्या, गैंगरेप समेत अन्य संगीन धाराओं में रपट दर्ज किया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक प्रभुकांत, उपनिरीक्षक विजय कुमार, इंद्रकांत मिश्र, सौरभ कुमार पांडेय, राकेश कुमार, राजकुमार, वैभव शुक्ला, विवेक सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी शामिर रहे।

## निगरानी याचिका में आदेश सुरक्षित

**वाराणसी।** ज्ञानवापी परिसर में मिले कथित शिवलिंग के पास वजूखाने में गंदगी करने और नेताओं की बयानबाजी को लेकर अखिलेश यादव, ओवैसी प्रकरण में शनिवार को जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी दाखिल की गई है।

इस अर्जी पर एडमिशन पर सुनने के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया है। पिछले दिनों पर एसीजेएम एमपी-एमएलए उज्वल उपाध्याय की अदालत ने वादी की अर्जी खारिज कर दी थी। प्रकरण के अनुसार वादी हरिशंकर पांडेय और उनके अधिवक्ता हरिओम त्रिपाठी व अजय प्रताप सिंह के माध्यम से जिला जज की कोर्ट में निगरानी अर्जी दाखिल की है। निगरानी अर्जी में कहा गया की निचली अदालत ने सरसरी तौर से वीना न्यायिक विवेक के इस्तेमाल किए वादी की अर्जी खारिज कर दी। अर्जी में कहा गया की कि एआईएमआईएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बरामद शिवलिंग को लेकर हिदुओ को भड़काने वाला बयान दिया था।

# पारिवारिक कलह में दो जिंदगियां स्वाहा

**जीवन में तूफान**

### रामनगर में पत्नी से विवाद के बाद लगा ली फांसी

### मिर्जामुराद में भी कलह बनी ट्रेन से कटकर मरने की वजह

**वाराणसी।** आर्थिक तंगी और पारिवारिक कलह के चलते दो व्यक्तियों ने जान दे दी। रामनगर थानाक्षेत्र अंतर्गत डंडा बेचने वाले सुनील यादव ने शुक्रवार की देर रात फांसी लगा ली तो वहीं मिर्जामुराद थानाक्षेत्र अंतर्गत भिखारीपुर गांव के सामने तड़के पांच बजे ट्रेन से कटकर अमरनाथ दुबे ने जान दे दी। कागजी कार्रवाई के बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

रामनगर थाना क्षेत्र के सुजाबाद नई बस्ती निवासी सुनील यादव (50) पड़ाव चौराहे पर चाऊमीन और अंडा रोल की दुकान लगाता था। शुक्रवार की रात दुकान पर बेटे को सुमित को बुलाया और दुकान दिखाकर घर चला आया। इस दौरान सुनील शराब पीकर घर पहुंचा था और इस बात को लेकर पत्नि से विवाद हुआ था। पत्नी बच्चों को लेकर पड़ोस के घर चली गयी। रात एक बजे जब दुकान बढ़ाकर सुमित घर पहुंचा तो देखा कि दरवाजा अंदर से बंद है। आवाज लगाने पर जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसने दीवार फांदकर घर में प्रवेश किया। देखा तो पिता सुनील फांसी पर लटक रहे थे।

वहीं दूसरी तरफ मिर्जामुराद थानाक्षेत्र अंतर्गत भिखारीपुर गांव के सामने तड़के पांच बजे वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही ट्रेन के सामने ट्रैक पर लेटकर तिलंगा गांव निवासी अमरनाथ दुबे उम्र (38) ने जान दे दी। मौत मौत की वजह परिवारिक कलह बतायी गयी। सूचना पुलिस को दिए।सूचना पर मौके पर पहुंचे खजुरी चौकी प्रभारी रविकांत चौहान ने जेब से मिले आधार कार्ड के जरिए उसकी पहचान कर घटना की जानकारी परिजनों को दी।

## संक्षेप

### एफओबी पर फिसलने से बुजुर्ग जख्मी, गंभीर

**वाराणसी।** कैंट स्टेशन स्थित फूट ओवरब्रिज पर शनिवार की शाम फिसलने से एक बुजुर्ग को गंभीर रूप से चोट आई है। आरपीएफ की सहायता से उन्हे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। सोनिया निवासी गोविंद राम मंगलानी (64) कोटा -पटना एक्सप्रेस से अपनी पुत्री को लेने पहुंचे थे। फूट ओवरब्रिज पर जल्दबाजी में उनका पैर फिसल गया। नीचे गिरने से सिर में चोट आई है। आरपीएफ की मदद से उन्हे मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### कई ट्रेनों का मैहर स्टेशन पर ठहराव

**वाराणसी।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने मैहर स्टेशन पर सिकंदराबाद -दानापुर एक्सप्रेस और बनारस -एलटीटी का मैहर स्टेशन पर ठहराव देने का निर्णय लिया है। जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 12791 सिकंदराबाद -दानापुर एक्सप्रेस सुबह 5.08 बजे पहुंचकर 5.10 बजे रवाना होगी। गाड़ी संख्या -12792 दानापुर -सिकंदराबाद एक्सप्रेस रात्रि 11.48 बजे रुकेगी। दो मिनट का ठहराव लेकर प्रस्थान करेगी। गाड़ी संख्या -12167 एलटीटी -बनारस एक्सप्रेस शाम 4.33 बजे मैहर स्टेशन आएगी। 4.35 बजे यहां से रवाना होगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या -12168 बनारस -एलटीटी एक्सप्रेस शाम 5.38 बजे आएगी। और 5.40 बजे गंतव्य को प्रस्थान करेगी।

### होली खेलने को लेकर मारपीट

**वाराणसी।** भेलूपुर थाना क्षेत्र के अस्सी घाट पर आए दिन विवाद की घटना सामने आती है। पुलिस चौकी होने के बावजूद भी लोगों में कोई डर नहीं है। शनिवार को अस्सी घाट पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों ने दोनों पक्षों के बीच हो रहे मारपीट को सुलझाया। मौके पर पहुंची अस्सी चौकी जांच में जुट गई है। स्थानीय लोगों ने बताया कि छात्र छात्राएं अस्सी घाट पर होली खेल रहे थे। होली खेलने के दौरान दोनों पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जब तक लोग कुछ समझ पाते तब तक दोनों पक्षों में लात घुसे चलने लगे। पुलिस के पहुंचने से पहले ही दोनों पक्ष के युवक मौके से फरार हो गए।

### ग्रामीण कोर्ट खुलने से अधिवक्ता होंगे प्रभावित

**वाराणसी।** प्रदेश में गांव स्तर पर ग्रामीण न्यायालय खोलने के सरकारी आदेश के खिलाफ जगह जगह अधिवक्ता विरोध होने लगा। अधिवक्ताओं ने कहा कि इससे अराजकता बढ़ेगी और माफिया राज कामय होगा। अधिवक्ता और काशी विद्यापीठ के पूर्व महामंत्री विकास सिंह ने कहा कि ग्रामीण न्यायालय खुलने से सबसे ज्यादा दीवानी कचहरी के अधिवक्ता प्रभावित होंगे। उसमें भी सबसे ज्यादा प्रभाव फौजदारी के अधिवक्ताओं पर पड़ेगा। ऐसा इसलिए क्योंकि जैसे ही ग्रामीण न्यायालय खुलेंगे, वैसे ही दीवानी न्यायालय में काम कम हो जाएगा और अधिवक्ताओं के समक्ष भुखमरी की नौबत आ जायेगी। अधिवक्ता समुदाय इस ग्रामीण न्यायालय का पुरजोर विरोध करेगा। साथ ही यदि जरूरत पड़ेगी तो सड़क पर उतरकर आंदोलन के लिए भी बाध्य होगा। बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के सदस्य हरिशंकर सिंह ने इस मुद्दे पर विधिक पत्रकारों से बात की। उन्होंने बताया कि एक पत्र बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश इलाहाबाद के चेयर मैन लिखा गया है जिसमे मांग की गई है कि ग्रामीण न्यायालय खोलने अराजकता बढ़ेगी।

# पांच लाख नकदी समेत लाखों के जेवरात चोरी

**गया घर का धन**

### घर की सफाई करने पहुंचा भाई तो हुई घटना की जानकारी

**वाराणसी।** लालपुर-पाण्डेयपुर थाना अंतर्गत मढ़वा लमही में शुक्रवार देर रात बंद पड़े कुमकुम सिंह के मकान को चोरों ने खंगाला। चोर घर के पीछे से घूसे थे। पांच लाख नकदी समेत करीब छह लाख के जेवरात चोरी हुआ। मामले की जानकारी तब हुई जब शनिवार को सफाई करने वहां कुमकुम का भाई पहुंचा। देखा तो दरवाजा टूटा है और घर के अंदर सामान बिखरा पड़ा है। उसने चोरी की जानकारी बहन को दी साथ ही लालपुर पांडेयपुर पुलिस मामले से अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन की और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे को खंगाला।



जानकारी के अनुसार कुमकुम सिंह का घर मढ़वा लमही में हैं। कुमकुम पति राजेश सिंह के निधन पर परिवार अर्दली बाजार स्थित मकान पर लाया आया। जीजा के निधन पर बलवंत सिंह जो कि बेंगलुरु में रहते हैं वो यहां आये थे। बहन कुमकुम ने उसने कहा कि लमही स्थित घर पर जाकर साफ सफाई देख लो और करा देना। ऐसे में बलवंत वहां पहुंचे तो देखा कि घर के पीछे का दरवाजा टूटा और सामान बिखरा हैं। उन्होंने बहन को सूचना दी। पता चला कि अलमारी को तोड़कर पांच लाख नकदी, समेत करीब आठ से दस लाख के जेवरात और तीन लैपटॉप चोरी हो गया। लालपुर पांडेयपुर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गयी है।

## प्राणघातक हमले के आरोपी को जमानत

**वाराणसी।** सत्र न्यायाधीश डॉ अजय कृष्ण विश्वेश की अदालत ने सह आरोपी के साथ मिलकर गाड़ी हटाने को लेकर हुए विवाद में जानलेवा हमले के मामले में चेतगंज थाना क्षेत्र के नाटी इमली निवासी होटल व्यवसायी विशाल सिंह को एक-एक लाख रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देने पर रिहा करने का आदेश दिया। बचाव पक्ष के अधिवक्ता अनुज यादव के मुताबिक आरोपी पर सह आरोपियों के साथ मिलकर गाड़ी हटाने के विवाद को लेकर वादी को गालीगलौज देते हुए उसकी गाड़ी का शीशा फोड़ने व जान से मारने की नियत से फायरिंग किये जाने का मामला चेतगंज थाने में दर्ज किया गया था।

दलील थी कि आरोपी का अपराधिक इतिहास नहीं है। वह घटना में शामिल नहीं था और न ही उसे घटना की कोई जानकारी है। कथित घटना में किसी को फायर आर्म की कोई चोट आना नहीं बताया गया है। कोर्ट ने इन परिस्थितियों में आरोपी कि जमानत मंजूर कर ली।

# 2049 किलो बूंदी सीज 60 किलो खोवा किया नष्ट

**कार्रवाई**

### होली को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग का जांच अभियान जारी

**जनसंदेश न्यूज**

**वाराणसी।** होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से चलाए जा रहे जांच अभियान के क्रम में शनिवार को महकमे की टीमों ने दो कार्रवाई की। उन्होंने मदनपुरा इलाके में फेरी लगाकर बेचे जा रहे दुर्गंधयुक्त 60 किलो खोवा मौके पर ही नष्ट कराया। वह सामग्री मिलावटी होने का संदेह भी था। इसी प्रकार राजापुर मोहाव क्षेत्र में एक बूंदी निर्माण इकाई में भंडाकर कर रखे 2049 किलो गंगा ब्रांड बूंदी मिलावट के संदेह में सीज किया। कार्रवाई से पहले दोनों सामग्री के सैंपल ले लिये गये।



होली के त्योहार को देखते हुए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की ओर से खाद्य सामग्री की प्रतिष्ठानों व निर्माण इकाइयों पर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है

विभाग के सहायक आयुक्त खाद्य एवं अभिहित अधिकारी संजय प्रताप सिंह के निर्देशन में यह मुहिम चलायी जा रही है। शनिवार को महकमे की टीमों ने खोवा, पनीर, दुग्ध उत्पाद से बने खाद्य पदार्थ, खाद्य तेल, घी एवं वनस्पति, कई प्रकार की कचरी, पापड़, चिप्स एवं नमकीन, विभिन्न प्रकार की मिठाइयां, बेसन, मैदा आदि की जांच की। उन्होंने राजापुर मोहांव, सुंदरपुर, कमार्जीतपुर, लंका, सिगरा, मच्छोदरी, मदनपुरा क्षेत्र के 27 प्रतिष्ठानों के निरीक्षण कर लैब टेस्ट के लिए 16 नमूने एकत्र किये। मदनपुरा इलाके में नष्ट कराये गये खावे का मूल्य 18 हजार रुपये था। जबकि राजापुर मोहाव में जब्त 82 बोरी गंगा ब्रांड बूंद का मूल्य एक लाख दो हजार 400 है।

श्री सिंह ने यह जानकारी देते हुए बताया कि बीते एत मार्च से अबतक कुल 111 प्रतिष्ठानों के मुआयना कर कुल 65 सैंपल लिए जा चुके हैं। अभियान में शामिल अफसरों में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित, खाद्य सुरक्षा अधिकारी रमेश सिंह, योगेश कुमार राय, गोविंद यादव, रजनीश कुमार, अवनीश कुमार सिंह, मानवेंद्र कुमार सिंह, सीताराम सिंह कुशवाहा, राजू पाल, विजय बहादुर, बेबी सोनम, सुप्रिया सिंह, रीता, शीत कुमार सिंह, सम्राट श्रीवास्तव आदि रहे।

**गैलेक्सी अस्पताल**
प्लाट नं. 4,5,6,7 दयाल इन्क्लेव, महमूरगंज, वाराणसी
**आवश्यक सूचना**
सर्वसाधारण को यह सूचित किया जाता है कि गैलेक्सी अस्पताल प्लाट नं. 4,5,6,7 दयाल इन्क्लेव, महमूरगंज, वाराणसी अपने उन सभी मरीजों को सूचित करता है, जो 1 जनवरी 2014 से 31 दिसम्बर 2017 के बीच में यहाँ भर्ती रह कर इलाज कराये हो, इनमें मृतक और एम एल सी रोगी शामिल नहीं हैं। बाकी के भर्ती मरीज को अगर अपने अंतरंग रोगी मेडिकल रिकार्ड (बी एच टी) को संरक्षित करने की इच्छा है तो कृपया 20 मार्च 2023 की शाम 6 बजे तक गैलेक्सी अस्पताल के मेडिकल रिकॉर्ड विभाग में या उपरोक्त टेलीफोन नंबर 8874201916, 8874205822 पर संपर्क कर सकते हैं। क्योंकि 21 मार्च 2023 को उपरोक्त अवधि के मेडिकल रिकॉर्ड को अस्पताल की नीति और अन्य नियामक मानदण्डों के अनुसार नष्ट कर दिया जायेगा।
आज्ञा से
मेडिकल सुपरिटेंडेंट
दिनांक : 05.03.2023

कार्यालय ग्राम पंचायत सोनबरसा विकास खण्ड-बैरिया, बलिया
पत्रांक : मेमो 01/21.02.2022 दिनांक-05.03.2023
**निविदा सूचना**
वित्तीय वर्ष 2022-23 में ... ग्राम पंचायत-सोनबरसा वि0 ख0-बैरिया में कराये जाने वाले कार्यो हेतु ... पर सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित किया जाता है।
ग्राम पंचायत सोनबरसा में उच्च प्राथमिक विद्यालय सोनबरसा में ... निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 08 लाख।
उच्च प्राथमिक वि0 सोनबरसा में ... निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 09 लाख।
ग्राम पंचायत सोनबरसा के ग्राम ... एवं ... निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 06 लाख।
ग्राम पंचायत सोनबरसा के ग्राम ... निर्माण कार्य। अनुमानित लागत 05 लाख।
इच्छुक आपूर्तिकर्ता दिनांक 06.03.2023 तक अपनी दरें ... अधोहस्ताक्षरी कार्यालय या प्राथमिक विद्यालय पर प्रस्तुत कर सकते हैं।
निविदा खुलने की तिथि - 06.03.2023 को शाम 4 बजे होगी।
... प्राप्त कर सकते हैं।
ग्राम विकास अधिकारी, ग्रा0 पं0-सोनबरसा, वि0 ख0-बैरिया, जनपद-बलिया
ग्राम प्रधान, ग्रा0 पं0-सोनबरसा, वि0 ख0-बैरिया, जनपद-बलिया

# समाधान दिवस पर आये 82 मामले, भेजे गए निस्तारण को

**डीसीपी की सुनवाई**

### पुलिस कोर्ट और एसीपी कार्यालय का निरीक्षण

**पिंडरा।** समाधान दिवस पर डीसीपी गोमती जोन विक्रांत वीर और उपजिलाधिकारी ने पिंडरा तहसील में फरियादियों की समस्याओं को सुना और निस्तारण के लिए संबन्धित विभाग को निर्देशित किया। इसके बाद डीसीपी ने एसीपी कार्यलय और पुलिस कोर्ट को निरीक्षण किया। समाधान पर 82 मामले आये, लेकिन निस्तारण एक भी मामले का नही हो पाया।

ताड़ी के रामजियावन गुप्ता ने छठी बार चोरी की रपट दर्ज करने की शिकायत पत्र दिया। आरोप है कि बड़ागांव पुलिस उनकी रपट दर्जन नहीं कर रही। परसरा के राजेश ने नवीन परती पर दबंई के बल पर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया। वही ढोढईपुर की इंद्रावती व परसरा के लल्लन ने विद्युत मीटर खराब होने के बाद अधिक बिल आने की शिकायत की। चक्का के उमाशंकर गुप्ता ने खेत का मेड़ काट देने का आरोप लगाया। इसके अलावा सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे तथा बिजली व पुलिस विभाग से सबंधित मामले आये।



सुनवाई के बाद डीसीपी विक्रांत वीर एसीपी कार्यालय पहुंचे। यहां कि व्यवस्था और कार्यशैली जांची। अभिलेखों को अपडेट करने को कहा। कार्यालय परिसर और कमरों में रख-रखाव की व्यवस्था सही तरीके से करने को कहा, साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने अपराध रजिस्टर की समीक्षा की और लंबित विवेचनाओं को गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने को कहा। फरियादियों की शिकायतों को संज्ञान लेने के साथ ही निस्तारण करने को कहा। एसीपी से कहा कि सुस्ती दिखाने वाले थानों पर नकेल कसे। गुंडा एक्ट व हिस्ट्रीशीटर की लिस्ट अपडेट के साथ ही चस्पा करने को कहा। पुलिस न्यायालय के कर्मचारियों से भी मुकदमे के बाबत जानकारी ली। इस दौरान एसीपी अमित पांडेय के पीआरओ संतोष तिवारी, फूलपुर इंस्पेक्टर प्रवीण कुमार, थानाध्यक्ष बड़ागांव बृजेश सिंह व अन्य दरोगा रहे।

## अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह का शुभारंभ दीवानी कोर्ट में

**वाराणसी।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तहत शनिवार को मनोरंजन कक्ष में महिला दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 11 मार्च तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर विधिक जागरूकता कार्यक्रमों का शुभारंभ दीवानी न्यायालय के मनोरंजन कक्ष में जिला जज डॉ अजय कृष्ण विश्वेश ने किया। विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एडीजे प्रमोद कुमार गिरि ने बताया कि महिला अधिकार के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए प्राधिकरण कि तरफ से प्रत्येक जिले की तहसील मुख्यालय पर उपरोक्त कार्यक्रम का आयोजन किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है। उस क्रम में महिला अधिकार विषयक गोष्ठी का भी आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विधि महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने घरेलू हिंसा पर आधारित नाटक का मंचन किया गया है। वक्ताओं ने महिला अधिकारों पर बल विशेष बल दिया।

# लैंगिक असमानता करनी होगी दूरः प्रो. आनंद कुमार



**वाराणसी।** भारतीय सामाजिक संदर्भ में बाबा साहब डॉ. भीम राव अंबेडकर एवं महात्मा गांधी के परिकल्पना के आधार पर स्त्री अस्मिता, सामाजिक न्याय, ग्रामीण नगरी समानता, वर्ग-भेद, जाति-भेद की नई परिभाषा गढ़नी होगी एवं अंतर विषयी शोध को बढ़ावा देना होगा तभी हम समाजशास्त्र विषय को नई दिशा दे पायेंगे। उक्त बातें महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के समाजशास्त्र विभाग में आयोजित संगोष्ठी में प्रो. आनंद कुमार ने कहीं।

विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रेखा ने कहा कि भारतीय समाज में व्याप्त रुणिवादी मानसिकता न सिर्फ कम पढ़े-लिखे बल्कि उच्च पदों पर आसीन व्यक्तियों मे व्याप्त है जिसे शोध के द्वारा बदलने की आवश्यकता है। प्रोफेसर रवि प्रकाश पाण्डेय ने कहा कि सामाजिक समस्यायों का अध्ययन हमें परिवर्तित संदर्भों को ध्यान में रखते हुए अन्य विषयों को भी शामिल किया जाना चाहिए। इस मौके पर कुलानुशासक प्रोफेसर अमिता सिंह, प्रो. तेज बहादुर सिंह, प्रो.भारती रस्तोगी, डॉ.जयप्रकाश यादव, डॉ. सौम्या यादव आदि लोग शामिल हुए। संचालन सुश्री सोभा प्रजापति ने किया और प्रोफेसर ब्रजेश कुमार सिंह (संकायाध्यक्ष समाज विज्ञान संकाय) ने धन्यवाद दिया।

**कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक,**
**उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम, वाराणसी**
**नीलामी/निविदा आमंत्रण सूचना**
इस कार्यालय के पत्र संख्या-1735/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी दिनांक 04.03.2023 के माध्यम से उत्तर प्रदेश परिवहन निगम वाराणसी क्षेत्र अन्तर्गत निम्नलिखित बस स्टेशनों स्थित रिक्त ठेकों की नीलामी 02 बीड प्रणाली के अन्तर्गत निविदा दिनांक 17.03.2023 को आमंत्रित की गयी है। निविदा विषयक जानकारी परिवहन निगम की वेबसाइट पर उपलब्ध है, तथा जानकारी कार्यालय क्षेत्रीय प्रबन्धक, उ0 प्र0 परिवहन निगम वाराणसी कैण्ट से कार्यालय दिवस में भी ली जा सकती है।
क्षेत्रीय प्रबन्धक
वाराणसी
पत्रांक: 1736/वारा0/क्षे0प्र0/जन-ठेका/नीलामी/2023, दिनांक: 04.03.2023

## अवकाश पर घर बैठे जमा करें अपना गृहकर

**वाराणसी।** आगामी सप्ताह होली पर्व के अवकाश होने के कारण नगर निगम कार्यालय बन्द रहेंगें। नगर के भवन स्वामियों की सुविधा को देखते हुये आनलाइन गृहकर जमा करने की सुविधा प्रदान की गयी है। जिन भवन स्वामियों के द्वारा अभी तक अपने भवन का गृहकर जमा नही किया गया है, वे अपने भवन का गृहकर नगर निगम की वेबसाइट के माध्यम से आनलाइन गृहकर जमा कर सकते हैं। जिन्होंने भवन का गृहकर नहीं जमा किया है, वो शीघ्र जमा करें।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**
**आवश्यकता**
**आवश्यकता है-** सेंट जेवियर्स लॉ कॉलेज मेहनाजपुर आजमगढ़ में( संबंध महाराजा सुहेलदेव राज्य विश्वविद्यालय आजमगढ़) मे ला विभाग हेतु स्ववित्तपोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य एक पद व प्रवक्ताओं की। योग्यता यूजीसी एवं विश्वविद्यालय परनियमावली अनुसार। इच्छुक अभ्यर्थी अपना समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्र पासपोर्ट साइज फोटो लगाकर 21 दिन के अंदर महाविद्यालय के पते पर प्रेषित करें साक्षात्कार की सूचना बाद में दी जाएगी। **प्रबंधक : 9415172266**

# चितंजन पार्क के पास की हटेंगी सभी दुकानें



**वाराणसी।** नगर निगम की चितरंजन पार्क के पास स्थित सभी दुकानों को हटाया जायेगा। व्यापार मंडल के साथ हुई बैठक में उपस्थित व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। शनिवार को नगर निगम, कार्यकारिणी कक्ष में अपर नगर आयुक्त सुमित कुमार की अध्यक्षता में व्यापार मंडल के साथ हुई बैठक में सुमित कुमार ने कहा कि शीघ्र ही गुमटियों एवं दुकानों को हटाया जायेगा।

बैठक में व्यापार मंडल के अध्यक्ष अजीत सिंह बग्गा ने कहा कि दुकानों को न हटाया जाय क्योंकि चितंजन पार्क के पास की समस्त दुकानें वर्षो पुरानी है, तथा इनको तब तक न तोड़ा जाय जब तक दशाश्वमेध प्लाजा में दुकाने आवंटित न हो जाय। बग्गा के प्रस्ताव पर अपर नगर आयुक्त ने कहा कि दुकानदार वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा दी जा रही दुकानों में वाराणसी विकास प्राधिकरण से कब्जा प्राप्त करते हुये शिफ्ट हो जाए।

# जी-20: सुंदरीकरण को नगर आयुक्त ने जांचा

**वाराणसी।** जी-20 कार्यक्रमों के तहत हो रहे सुंदरीकरण के काम का निरीक्षण शनिवार को आयुक्त शिपू गिरी ने किया। निरीक्षण के दौरान कचहरी स्थित अंबेडकर चौराहा पर लाइटिंग झालर लगाकर सुंदरीकरण करने को कहा गया। संत अतुला नन्द स्कूल स्थित चौराहा को भी लाइटिंग एवं पेंटिंग के लिए कहा गया। दीवारों पर बढ़िया थीम बनाए जाने का भी विचार रखा गया। एयरपोर्ट रिंग रोड के किनारे लगे गोमती, ठेला आदि दुकानों को भी अतिक्रमण करने को कहा गया। एयरपोर्ट चौराहा फ्लाई ओवर के नीचे एवं डिवाइडरो पर लाइटिंग एवं पेंटिंग कराया जायेगा। एयरपोर्ट फ्लाई ओवर के नीचे चौराहे के पास तिकोना स्थान के पास फौव्वारा लगाए जायेगा। हरहुआ चौराहा फ्लाई ओवर के ऊपर रेलिंग पर जी-20 का फ्लैग लगाया जायेगा। ट्रेड फैसिलिटेशन सेंटर के पास तिराहे पर जी-20 का स्वागत गेट बनाया जायेगा।

निरीक्षण के दौरान अपर नगर आयुक्त राजीव राय, मुख्य अभियंता नगर निगम मोइनुद्दीन, महाप्रबंधक जलकल राघवेंद्र कुमार, अधिशासी



अभियंता जलकल, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर एन.पी. सिंह, अधिशासी अभियंता मार्ग प्रकाश अजय कुमार राम आदि मौजूद थे।

## त्योहार को लेकर एसीपी ने की बैठक

**मिर्जामुराद।** मिर्जामुराद थाना क्षेत्र के करधना पुलिस चौकी पर शनिवार की शाम राजातालाब एसीपी अंजनी कुमार राय और थानाध्यक्ष दीपक कुमार रणावत ने ग्राम प्रधान समेत संभ्रांत लोगों के साथ बैठक किए। एसीपी ने दोनों समुदायों के साथ बैठक में कहां होली मिल जुलकर मनाए।

दूसरे वर्ग पर कोई व्यक्ति रंग में भंग डालने का प्रयास करता है तो इसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दे। उसके खिलाफ कठोर करवाई किया जाएगा। वही एसीपी ने शब-ए-बारात की तैयारियों का जायजा लिया। इसदौरान करधना चौकी प्रभारी विनोद कुमार पटेल, एसआई हरिकेश यादव, एसआई अतुल कुमार त्रिपाठी समेत ग्रामीण मौजूद रहे।

श्री काशी विश्वनाथ विशिष्ट क्षेत्र विकास परिषद, वाराणसी
(श्री काशी विश्वनाथ मंदिर)
Lt. No.-1035/SKVSADB/2-1/CEO-2023 Date-04.03.2023
**E-Tender Notice**
Shri Kashi Vishwanath Special Area Deveolpment Board Request for Proposal for leasing of Spiritual bookstore space at Shri Kashi Vishwanath Temple Corridor, Varanasi, Uttar Pradesh. Request of proposla (RFP) document can be downloaded from UP e-tender https://etender.up.nic.in
**Tender id : 2023_SKVSB_780982_1**
**Name of works :** Request for Proposal for leasing of Spiritual bookstore space at Shri Kashi Vishwanath Temple Corridor, Varanasi, Uttar Pradesh.
**End of uploading tender:** 03.03.2023, 15:30 hrs
**Date of opening of technical bid:** 25.03.2023, 17.00 hrs
Technical and financial bids can be submitted on e-tender website in stipulated time mentioned in the RFP document. For further queries please contact below,
Email-ceoskvparishad@gmail.com
**Deputy Collector**



# वाराणसी



# चौपालों में समस्याओं का फौरी और गुणवत्तापूर्ण निबटारा करें

**बोले डिप्टी सीएम**

**प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय समीक्षा बैठक में दिए निर्देश**

**एआरएलएम की 'बचत सखी' कार्यक्रम समेत उसके 'लोगो' का किया लोकार्पण**

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने जनपद के अफसरों को निर्देश दिये हैं कि वह गांवों में चौपाल लगाकर जनसमस्याओं का गुणवत्ता के साथ तत्काल निबटारा सुनिश्चित कराएं। एकदिनी दौरे पर शनिवार को वाराणसी आए डिप्टी सीएम सर्किट हाउस सभागार में विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बचत सखी कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए उसका लोगो लोकार्पित किया।

श्री मौर्य ने विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने महिला स्वरोजगार समूहों द्वारा तैयार हर्बल गुलाब, बुके आदि देखकर संबंधित कार्यों को सराहा। उन्होंने चोलापुर ब्लॉक में रुर्बन मिशन के अंतर्गत बने पॉली हाउस में आर्गेनिक सब्जियों की खेती को बढ़ावा दिये जाने की पहल की प्रशंसा की। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री ने पालीहॉउस के तहत महिलाओं को दस दुकानों का आवंटन प्रमाण-पत्र सौंपा। उन्होंने समूह की महिलाओं द्वारा तैयार किये जा रहे श्रीप्रसादम की सराहना की।

बैठक में सीडीओ हिमांशु नागपाल ने उन्हें निर्माणाधीन आदर्श अमृत सरोवरों की जानकारी देते हुए बताया गया कि 20 सरोवर को आदर्श स्वरूप दे रहे हैं ताकि जी-20 सम्मेलन के दौरान आने वाले अतिथियों को दिखा सकें। मीटिंग में जिला विकास अधिकारी अशोक कुमार, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक विनोद राम त्रिपाठी, उपायुक्त एनआरएलएम दिलीप कुमार सोनकर उपायुक्त समेत अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के बाद श्री मौर्य ने भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। उन्होंने काशी विध्यान मंदिर में मत्था भी टेका।



सर्किट हाउस सभागार में डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने स्वरोजगार समूहों की महिलाओं के कार्यों की सराहना की

## अपराधियों को शरण देती है सपा : केशव प्रसाद मौर्य

एकदिनी दौरे पर शनिवार को पहुंचे प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने सर्किट हाउस में मीडिया से संक्षिप्त बातचीत के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी अपराधियों को शरण देती है। अपराधियों का साथ देने वालों का राजनीति में समय समाप्त हो गया है और जो भी लोग अपराध करेंगे कानून के हिसाब से उन सभी के खिलाफ कार्रवाई होगी। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि विपक्षी दल अब हताश होकर अनाप-शनाप मुद्दों के जरिये जनता को बरगला रहे हैं। उनमें समाजवादी पार्टी प्रमुख है। जबकि तीन राज्यों में चुनाव हारकर कांग्रेस हाशिए पर आ चुकी है। महंगाई के मुद्दे पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी द्वारा किए जा रहे विरोध प्रदर्शन से जुड़े सवाल के जवाब में डिप्टी सीएम ने कहा कि विपक्ष के पास अब कोई मुद्दा नहीं बचा है।

## भारतीयता का बोध रख बच्चों को करेंगे शिक्षित

**वाराणसी।** डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को शिवपुर क्षेत्र स्थित एक विद्यालय में आयोजित श्रीराम कथा का समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। उनहोंने कहा कि लॉर्ड मैकाले के आने के बाद जो हमारी शिक्षा व्यवस्था व संस्कृति नष्ट हुई उसके फलस्वरूप स्वतंत्रता के बाद देश अभी भी अपनी खोई गरिमा प्राप्त नहीं कर पाया। भारतीय परिवारिक मूल्य, जीवन मूल्य, समाज मूल्य अपनाकर ही हम खोए हुए उस गौरव को प्राप्त कर सकते हैं। इसलिए हम जब नई शिक्षा नीति पर चल कर भारतीयता का बोध रखते हुए बच्चों को शिक्षित करेंगे तभी स्वावलंबी भारत का निर्माण होगा। दूसरी ओर, उन्होंने कहा कि चरित्र निर्माण करने वाली जिन प्राचीन कथाओं को सुनकर हम सब बड़े हुए, वह कहानियां बच्चों को सुनाना और उन्हीं बच्चों द्वारा उन कथाओं को अन्य बच्चों को अपने शब्दों में पिरोकर प्रस्तुत करना एक बड़ी उपलब्धि है। इससे बच्चों का संस्कार पक्ष सशक्त होगा। साथ ही भविष्य के रचनाकार निर्मित होंगे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ने बाल कथाकार पुस्तक का विमोचन किया।

# काशी की 'भांग-बूटी' पर 'मदिरा' हावी

जनसंदेश न्यूज

**होली आई रे का हाल**

**मस्ती में सराबोर होने को बढ़ रही देशी-विदेशी शराब व बीयर की चाहत**

**बिक जाएगी 50 करोड़ की शराब और बीयर, 30 लाख की कोल्ड ड्रिंक्स**

**वाराणसी।** भोले की नगरी में रंगोत्सव के दौरान 'भांग-बूटी' पर 'दारू' साल-दर-साल हावी है। 'भांग-बूटी' की घटती चाहत के बीच होली की मस्ती में सराबोर होने के लिए लोग करीब 50 करोड़ की शराब और बीयर गटक जायेंगे। शराब बाजार पर गहरी नजर रखने वालों की माने तो पिछले एक सप्ताह में देशी-विदेशी शराब और बीयर की रेकार्डतोड़ बिक्री हुई है। भले ही दूसरी चीजों पर महंगाई का असर हो, लेकिन शराब (देशी-विदेशी) और इसके हमसफर कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा और बोतल बंद पानी की बिक्री पर दूर-दूर तक इसकी छाया नहीं पड़ी। शहर और देहात की दुकानों पर हुई बिक्री का यह फीड बैक अनुमानित है। विक्रेताओं का कहना है कि रोजाना भांग छानने वाले भी होली के दिन शराब की मस्ती में झूमने की तैयारी करने में व्यस्त है।

जानकारों की मानें तो पिछले एक सप्ताह में नगर व देहात क्षेत्र के तमाम दुकानों से 100 ट्रक से अधिक देशी-विदेशी मदिरा बिक गयी। शराब के साथ कोल्ड ड्रिंक्स, सोडा एवं बोतल बंद पानी की बोतलें भी खूब बिक रही है। थोक विक्रेताओं की माने तो एक सप्ताह में 300 एमएल वाली कोल्ड ड्रिंक्स की करीब 50 हजार पेटी की खपत थोक और फुटकर रूप में हुई है। जबकि सात-आठ हजार पेटी सोडा और 35-40 हजार पेटी बोतलबंद पानी पर लोगों ने मुक्तहस्त से खर्च किये। बिक्री के आंकड़े साबित करते हैं कि होली के दिन करीब 30 लाख की कोल्ड ड्रिंक्स, एक करोड़ का सोडा वॉटर और करीब चार करोड़ का बोतलबंद पानी लोग गटक जायेंगे। डिमांड इतनी की कि प्रचलित ब्रांडों का कृत्रिम अभाव दर्शाकर दुकानदार लोकल ब्रांड भी आसानी से खपा रहे हैं।



जानकारों की मानें तो कभी कभार पीने वाला भी आधा दर्जन बोतल से कम नहीं खरीद रहा। यह आंकड़े, आबो-हवा में आए बदलाव का बखूबी एहसास कराते हैं। जहां करीब एक दशक पूर्व तक होली में सुबह से कसेरू, पिश्ता-बादाम, अंगूर-अनान्नास या संतरे की ठंडई बनाने में जुट जाते थे। वहीं अब यह शौक बोझ-सा लगने लगा है। चंदन जैसी पिसी भांग और गोल मिर्च का पुट, साथ लच्छेदार मलाई पर अब लोग पैसा और परिश्रम जाया नहीं करना चाहते।

भांग विक्रेताओं की माने तो गोली की जगह होली पर लोग बोतल पर सैकड़ों खर्च करने को बेताब रहते हैं। भांग के नशे में भले ही मादकता हो पर शराब वाला सुरूर कहां? आबकारी विभाग के अफसर भी कहते हैं कि होली पर लिकर की खपत में अप्रत्याशित वृद्धि हो जाती है।

## होली पर छात्रावासों से बाहर न निकलें विद्यार्थी

**वाराणसी।** बीएचयू प्रशासन ने छात्रावासों में रहने वाले विद्यार्थियों को होली के दिन अपने-अपने छात्रवास में ही रहकर पर्व मनाने की अपील की है। इस बाबत जारी आदेश में कहा गया है कि विगत कुछ वर्षों में यह बात सामने आयी है कि छात्रावासों में रहने वाले गैर प्रांतों के विद्यार्थी होली के दौरान अपने घर न जाकर यहीं रहते हैं। ये छात्र अपने घरों या रिश्तेदारों के पास होली जैसे उत्सव में भी न जाकर छात्रावासों में रहते हैं। विद्यार्थियों का होली के अवकाश में छात्रावासों को ही अपने दूसरे घर के रूप में चुनना संतोषप्रद है। परंतु यह भी देखा गया है कि कभी-कभी होली का त्यौहार मनाते समय अति उत्साह में अनुशासनहीनता की स्थिति आ जाती है और लड़ाई-झगड़ा भी हो जाता है। छात्र अधिष्ठाता प्रो. अनुपम नेमा ने विद्यार्थियों से अपील की है कि वे होली का पर्व अपने छात्रावासों में ही मनाएं। सड़क पर न जाएं, जहां स्थानीय लोगों से झगड़े आदि की परिस्थिति उत्पन्न हो सकती है।

# विद्युत उपकेंद्रों पर तैनात रहेंगे जेई और लाइनमैन

**वाराणसी।** योगी सरकार के निर्देश उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लि. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र समेत समूचे यूपी में रंगोत्सव के दौरान निर्बाध बिजली देने की तैयारी में जुट गया है। पावर कॉरपोरेशन के निर्देश पर विभाग के स्थानीय अफसर भी इसे मूर्तरूप देने में जुट गए हैं। विभाग की मानें तो निर्बाध विद्युत आपूर्ति के लिए विद्युत उपकेंद्रों पर अवर अभियंताओं और लाइनमैनों की तैनाती की गयी है। इसके लिए शिफ्टवार ड्यूटी लगायी गयी है। इलाकाई एक्सईएन को इसकी मॉनीटरिंग का जिम्मा दिया गया है।

बता दें कि योगी सरकार के निर्देश पर पावर कॉरपोरेशन के चेयरमैन एम. देवराज ने सभी बिजली कंपनियों को सात मार्च की शाम छह बजे से नौ मार्च की सुबह सात बजे तक कटौती मुक्त बिजली आपूर्ति करने का आदेश जारी किया है।


**निर्देश**

**सात मार्च की शाम से नौ मार्च की सुबह तक शिफ्टवार ड्यूटी**

**किसी तरह के फॉल्ट को समय रहते दूर करने का दिया गया आदेश**

**होलिका दहन के दौरान विद्युत तारों की सुरक्षा के बाबत रखा जाए ध्यान**

चेयरमैन ने कहा कि बिजली आपूर्ति में अगर स्थानीय स्तर पर कोई समस्या आती है तो उसे कम से कम समय में ठीक कर लिया जाए। इसके साथ ही टोल फ्री नंबर 1912 पर आने वाली शिकायतों का तत्काल समाधान भी किया जाए।



होलिका दहन के दौरान विद्युत तारों की सुरक्षा के बाबत विशेष ध्यान रखा जाए। यह पहले से ही ताकिद कर ली जाए कि यदि किसी क्षेत्र में कहीं कोई होलिका विद्युत तारों के नीचे है तो दहन के दौरान विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के उपाय भी कर लिये जाए। इसकी व्यवस्था के लिए पूर्व में ही आवश्यक गैंग और सामग्री तैयार रहनी चाहिए। चेयरमैन ने यह भी आदेश दिया है कि निर्धारित शेड्यूल के अनुरूप विद्युत आपूर्ति के लिए प्रबंध निदेशक अपने स्तर से अभी से प्रभावी मॉनीटरिंग करें। साथ ही वितरण में लगे सभी अधिकारी लगातार सजगता बरतें।

# होली में घर लौटने वालों की उमड़ी भीड़, ट्रेनें व बसें फुल

**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी के साथ होली में घर लौटने वालों की भीड़ ट्रेनों में उमड़ने लगी है। वाराणसी से गुजरने वाली गाड़ियों की हालात ऐसी कि अंदर पैर रखने की जगह नहीं बची है। मुंबई, दिल्ली, सूरत, पंजाब और दक्षिण भारत से पूर्वांचल के कामगारों के चलने का सिलसिला शुरू हो गया है। भीड़ को नियंत्रित करने के उद्देश्य से कुछ विशेष गाड़ियां भी चलाई जा रही है।

होली के मद्देनजर रेलवे प्रशासन ने एलटीटी (लोकमान्य तिलक टर्मिनल) और बनारस सहित रांची व बलरामपुर के बीच दो जोड़ी विशेष ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह गाड़ियां कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) के रास्ते एक -एक फेरे लगाएंगी। पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी मंडल के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या -01467/68 एलटीटी - बनारस होली विशेष ट्रेन चार मार्च को प्रारंभिक स्टेशन एलटीटी से दोपहर 12.15 बजे रवाना होगी। विभिन्न मार्गो से होकर यह ट्रेन तीसरे दिन शाम 4.05 बजे बनारस स्टेशन पहुंचेगी। वापसी में यह गाड़ी पांच मार्च को शाम 6.10 बजे प्रारंभिक स्टेशन बनारस से बनकर प्रस्थान करेगी। तीसरे दिन रात्रि 8.50 बजे एलटीटी पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या -08183/08184 रांची - बलरामपुर-रांची विशेष ट्रेन का संचालन छह मार्च को रांची स्टेशन से किया जाएगा। यह गाड़ी अगले दिन पूर्वाह्न 11.55 बजे वाराणसी जंक्शन के रास्ते गंतव्य को प्रस्थान करेगी। वापसी में गाड़ी आठ मार्च को बलरामपुर से चलकर अगले दिन सुबह 7.35 बजे वाराणसी जंक्शन से गुजरेगी।

**जाना है घर**

**स्पेशल ट्रेनों के अलावा लखनऊ मार्ग पर अतिरिक्त बसें चलेंगी**

### रोडवेज बस स्टैंड पर भी भीड़

ट्रेनों में सीट उपलब्ध ना हो पाने के कारण बड़ी संख्या में लोग रोडवेज बस का सहारा ले रहें हैं। वाराणसी से लखनऊ मार्ग हो या फिर वाराणसी से गोरखपुर मार्ग कानपुर आगरा मार्ग इन मार्गो पर यात्रियों की भीड़ शनिवार को देखी गयी। यात्रियों की सुविधओं के लिए रोडवेज प्रशासन की ओर से व्यवस्था की गयी है।



# खेलें मसाने में होली दिगम्बर...

## धधकती चिताओं के बीच मणिकर्णिका घाट पर खेली मसाने की होली

**वाराणसी।** रंगभरी एकादशी के दूसरे दिन शनिवार को एक ऐसा आयोजन हुआ जिसमें जनसैलाब उमड़ पड़ा। महाश्मशान मणिकार्णिका घाट पर पैर रखने की भी जगह नहीं बची थी।

सुबह होली का अद्भुत नजारा लोगों के लिए यादगार बन गया। एक तरफ चिताएं धधकती रहीं तो दूसरी ओर बुझी चिताओं की भस्म से जमकर साधु-संत और भक्त होली खेलने में रमे रहे। ढोल, मजीरे और डमरुओं की थाप के बीच भक्तगण जमकर झूमे और हर-हर महादेव के उद्घोष से महाश्मशान गूंजता रहा। खेले मसाने में होली दिगंबर... के बोल पर होरी गूंजी तो लोग थिरकने से खुद को नहीं रोक सके। दुनिया के कई देशों के पर्यटक भी चिता की भस्म से होली खेलने के उन क्षणों के साक्षी बने। बाबा के गणों के रूप में गंजी, गमछा लपेटे युवाओं की होली तमाम विदेशी पर्यटकों के लिए भी यादगार बनी। लोग उन क्षणों को कैमरे में कैद करने के लिए आसपास की छतों, मुंडेरों पर जमे रहे।रंगभरी एकादशी पर माता गौरा का गौना कराने के दूसरे दिन शनिवार को मणिकर्णिका श्मशान पर होली देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।

दोपहर 12 बजे मशानेश्वर महादेव की भोग आरती हुई। इसके बाद सैकड़ों भक्त डमरू, त्रिशूल के साथ चिताओं की भस्म उड़ाकर होली खेलने लगे। एक तरफ शव की कतार के बीच करुण कंद्रन तो दूसरी तरफ हर-हर महादेव का उद्घोष सुनाई दे रहा था। बाबा महाश्मसान नाथ मंदिर के व्यवस्थापक गुलशन कपूर ने बताया कि काशी में यह मान्यता है कि रंगभरी एकादशी के दिन बाबा विश्वनाथ माता पार्वती का गौना (विदाई) करा कर अपने धाम काशी लाते हैं जिसे उत्सव के रूप में काशीवाशी मनाते है और रंग का त्योहार होली का प्रारम्भ माना जाता है, इस उत्सव में सभी शामिल होते हैं जैसे देवी, देवता,यछ,गन्धर्व, मनुष्य और जो शामिल नहीं होते हैं वो हैं बाबा के प्रिय गण भूत, प्रेत, पिशाच,किन्नर, दृश्य, अदृश्य, शक्तियाँ जिन्हें बाबा ने स्वयं मनुष्यों के बीच जाने से रोक रखा है। लेकिन बाबा तो बाबा हैं वो कैसे अपनो की खुशियों का ध्यान नहीं देते अंत सब का बेडा पार लगाने वाले शिवशंकर उन सभी के साथ चिता भस्म की होली खेलने मशान आते हैं इस उत्सव में इस वर्ष विशेष रूप से महामण्डलेश्वर श्री संतोष दास (सत्तूआ बाबा) गुलशन कपूर, मंहत संजय झीगंरन, अध्यक्ष चैनू प्रसाद गुप्ता सहित हजारों महिला, पुरुष, किन्नर शामिल हुए ।

**परम्परा**

**उड़ती रही भस्म, भूत-प्रेत पिशाच संग नाचते रहे लोग**

**महाश्मशान पर चिता भस्म की होली में उमड़ा सैलाब**



# बता रहे 'हर्बल', पर मिलावटी है रंग

**मार्केट वॉच**

**शरीर के लिए नुकसानदायक जांच-परख कर खरीदें ऐसे रंग**

**रंगों की खरीदारी के लिए प्रमुख मंडियों में ग्राहकी निकली**

जितेंद्र श्रीवास्तव

**वाराणसी।** सावधान! रंगोत्सव बाजार जिस रंग को 'हर्बल' बता कर आपको बेचा जा रहा है, वह मिलावटी भी हो सकता है। ऐसे में आप सतर्कता बरतें और जांच-परख की हर्बल रंग खरीदे। कहीं ऐसा न हो कि पैसा भी गया और रंग खेलने के बाद नुकसान भी उठाना पड़े। जी हां, घातक रसायनों से तैयार ऐसे 'हर्बल' रंग को पैकेट में भरकर तमाम निर्माता कंपनियां फुटकर विक्रेताओं के जरिए बाजार में आसानी से खपा रही है। रंगों की खरीदारी के लिए मंडियों और फुटकर बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है।

जानकारों की मानें तो रंग बाजार में डिब्बाबंद, प्लास्टिक पैक या खुदरा बिक रहे 'हर्बल' रंग की पहचान आम ग्राहक के लिए आसान नहीं है। बारीकी से तैयार ऐसे रंगों की पहचान जानकार ही कर सकते हैं। रंगों में कई तरह के घातक रसायनों का प्रयोग किया जाता है। बाजार पर गहरी नजर रखने वाले बताते हैं कि स्टार्च पाउडर में तरह-तरह के रसायनयुक्त कलर मिलाकर 'हर्बल' रंग तैयार किये जाते हैं। इन्हें तैयार करने में सफाई इतनी कि असली-नकली की पहचान करना मुश्किल। कम पैसे में अधिक माल की चाहत में ग्राहक इसे खरीद भी रहे हैं। इससे निर्माता से लगायत विक्रेताओं की जेबें गरम हो रही है, लेकिन संकट में होंगे इसका इस्तेमाल करने वाले। प्रशासनिक उदासीनता के कारण बाजार में कृत्रिम (सिंथेटिक) रंगों की भरमार है। ऐसे रंग शरीर के नुकसानदाय होते हैं। घातक रंगों के जहरीलेपन से हर कोई वाकिफ है, यहां तक कि अफसर भी। लेकिन सरकारी मशीनरी की खामोशी नकली धंधा करने वालों का मनोबल बढ़ाने के लिए काफी है।

### क्या मिलाया जाता है रंगों में

1. हरे रंग में मेलाकाइट-ग्रीन।
2. गुलाबी रंग में रुडामिन-बी।
3. काले रंग में लेड ऑक्साइड।
4. चमकीले रंग में कांच का चूर्ण।
5. नीले रंग में मेथलिन ब्लू नामक रंग।
6. रुपहले रंग में एल्यूमीनियम ब्रामोइड।
7. बैंगनी रंग में मैथिक वाइलट या क्रोमियम आयोडाइड आदि।



### सेहत के लिए खतरनाक

वरिष्ठ फिजीशियन डॉ. विजय नारायण सिंह बताते हैं कि त्वचा के साथ-साथ आंख, नाक या कान में जाने पर नकली 'हर्बल' रंग बेहद घातक साबित होते हैं। सबसे ज्यादा खतरा छोटे बच्चों को होता है। ऐसे रंगों का ज्यादा इस्तेमाल करने पर बच्चों की लंबाई प्रभावित हो सकती है। पेट में पहुंचने पर लीवर और किडनी के रोग हो सकते हैं। इन रंगों में बालू, पत्थर के महीन चूर्ण, स्टार्च आदि भी मिला होता है। जो चेहरे पर रगड़े जाने की स्थिति में त्वचा को छील देता है। पर्यावरण के नजरिए से भी ऐसे रंग बेहद खतरनाक होते हैं। रंग खेले जाने के बाद नालियों के जरिए नदियों और पेयजल स्त्रोतों तक यह पहुंच जाते हैं। जिससे पेयजल भी विषाक्त हो जाता है।

### जानें कैसे बनता है 'हर्बल' रंग

'हर्बल' रंग बनाने के लिए निर्माता सबसे पहले चक्की में भुट्टे को पिसवाते हैं। आटा सरीखा महीन होने पर इसे 'स्टार्च पाउडर' का नाम दिया जाता है। यह सफेद होता है। इसके बाद जिस कलर का 'हर्बल' रंग तैयार करना होता है, उस कलर को कम पानी में घोल दिया जाता है। कलर घुले पानी में नाप-तौल कर स्टार्च पाउडर डाला जाता है, जो कलर घुले पानी को सोख लेता है। कड़ी धूप में सुखाने के बाद इसे ही 'हर्बल' रंग नाम से बाजार में बेचा जाता है।

### ऐसे करें पहचान

| असली | नकली |
|---|---|
| हाथ में लेने पर हल्का होगा | वजनी होगा |
| छूने पर चिकना लगेगा | खुदरापन होगा |
| पैकेट में मात्रा कम होगी | मात्रा अधिक होगी |























## संक्षेप


### शिक्षा व्यवस्था को चौपट कर रही प्रदेश सरकार : राजेश



अजय राय व राजेश तिवारी।

**वाराणसी।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं छत्तीसगढ़ सरकार के सलाहकार राजेश तिवारी ने आरोप लगाया है कि यूपी में बूथ स्तर तक शिक्षा की अनदेखी, महंगाई, बेरोजगारी समेत कई मुद्दों को लेकर मोर्चा खोलेंगे। सूबे की सरकार ने अर्थव्यवस्था इस स्तर तक चौपट कर दी है कि वह आरटीई के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश पाने वाले बच्चों की फीस तक पिछले कई सालों से नहीं दे पा रही है। शासन से निजी स्कूलों का बकाया शुल्क का बजट जारी नहीं होने से अधिकांश छोटे प्राउवेट स्कूल बन्द हो गए हैं। जो बचे हैं वह बंदी की कगार पर हैं। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन से जुड़े निजी विद्यालय अपनी शुल्क प्रतिपूर्ति मांग रहे हैं और सरकार उनकी अनदेखी कर रही है। चांदपुर जिला कांग्रेस के कैंप कार्यालय पर शनिवार को आयोजित संगठन की बैठक के दौरान मीडिया से बातचीत में श्री तिवारी ने यह कहा। इस मौके पर पूर्व विधायक एवं पार्टी के प्रांतीय अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया कि प्रदेश में सरकार की गलत नीतियों, महंगाई, बेरोजगारी और डूबती अर्थव्यवस्था के विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ता सड़कों पर उतर कर आंदोलन करेंगे। बैठक में वाराणसी, मीरजापुर, गाजीपुर, चंदौली, भदोही, सोनभद्र, जौनपुर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विश्वविजय सिंह, सरिता पटेल, राजेश्वर सिंह पटेल, राघवेंद्र चौबे, रामाश्रय पटेल, रामश्रृंगार पटेल, रामराज सिंह गौड़, सुनील राम, राजेंद्र दुबे, हुकुम सिंह, राजन पाठक, राजीव त्रिपाठी, कमलेश ओझा, देवेंद्र सिंह, मकसूद खान, गोपाल पटेल वगैरह की मौजूदगी भी थी।

### फाइलेरिया उन्मूलन को ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे शुरू



**वाराणसी।** राष्ट्रीय वेक्टर जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए ट्रांसमिशन असेस्मेंट सर्वे (टास) यानि संचरण मूल्यांकन सर्वेक्षण शुक्रवार से शुरू हुआ। सर्वेक्षण जनपद के सभी ग्रामीण व नगर स्तरीय स्वास्थ्य केन्द्रों के अंतर्गत चिन्हित 30-30 कलस्टर (गांव) में चलाया जा रहा है। 15 कार्य दिवसीय सर्वेक्षण अभियान में जनपद से 28 हजार से अधिक लोगों की जांच किट के माध्यम से की जाएगी। सीएमओ डॉ. संदीप चौधरी ने बताया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के तहत संचालित संचरण मूल्यांकन सर्वेक्षण अभियान के लिए समस्त तैयारियां कर ली गई हैं। जांच के लिए सभी ब्लॉक पीएचसी व सीएचसी पर पर्याप्त मात्रा में किट भेजी जा चुकी हैं। इस सर्वेक्षण का उद्देश्य पिछले तीन वर्षों में आईडीए-एमडीए राउंड में लोगों को फाइलेरिया से बचाव की दवा खिलाई जा चुकी है। इस क्रम में अब पता लगाना है कि लक्षित आबादी के सापेक्ष एक प्रतिशत कम लोग फाइलेरिया से ग्रसित हैं या नहीं। प्रभारी चिकित्साधिकारी, चिकित्साधिकारी, स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी और अपर शोध अधिकारी को नामित किया गया है। इस कार्य के लिए चिकित्सा अधिकारियों सहित समस्त स्वास्थ्यकर्मियों व आशा कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

### सीएमओ ने एमडीआर मरीजों का जाना हाल



**वाराणसी।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम को गति देने के लिए जनपद में जमीनी स्तर पर कार्य किया जा रहा है। मल्टी ड्रग रेजीस्टेंट (एमडीआर) टीबी, रुग्णता (मोर्बिडिटी) को कम करने और मूलांकन पर जोर दिया जा रहा है। शनिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ संदीप चौधरी और जिला क्षय रोग अधिकारी (डीटीओ) डॉ पीयूष राय ने दुर्गाकुंड के सराय नन्दन क्षेत्र पहुंचकर कर एमडीआर मरीजों का हाल जाना। मुख्य चिकित्सा अधिकारी और जिला क्षय रोग अधिकारी ने एमडीआर मरीजों और उनके परिजनों से मुलाकात कर उन परिजनों से भी मुलाकात की जिनके परिवार के किसी सदस्य की एमडीआर टीबी या अन्य किसी कारणवश मृत्यु हो चुकी है। एमडीआर मरीज के घर भ्रमण कर जांच, दवाएं, पोषण, स्वास्थ्य एवं उपचार आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान पता चला कि जिला क्षय रोग इकाई के कर्मचारियों की ओर से मरीज के घर के लोगों की कांटैक्ट ट्रेसिंग हो चुकी थी। सीएमओ ने बताया कि जनपद में समस्त सक्रिय एमडीआर मरीजों पर स्वास्थ्य विभाग निरंतर निगरानी रख रहा है। इसके साथ ही मृत मरीजों के घर-घर जाकर मूल्यांकन किया जा रहा है।

### सोनू गोंड और अभिषेक ने हासिल की जीत

**वाराणसी।** जनपद में ग्राम प्रधान के एक और ग्राम पंचायत सदस्य पदों के 35 सीटों पर हुए उपचुनाव के तहत ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सदस्य के एक-एक पद पर कराए गये मतदान के परिणाम शनिवार को काउंटिंग के बाद आ गये। जबकि अन्य 34 ग्राम पंचायत सदस्यों का चुनाव निर्विरोध रहा। ग्राम प्रधान पद के लिए चिरईगांव विकास खंड के जाल्हूपुर सीट पर सोनू गोंड ने जीत हासिल की। वहीं, बड़ागांव वार्ड-11 के ग्राम पंचायत सदस्य पद पर अभिषेक विजयी रहे। इस बाई इलेक्शन में ग्राम पंचायत सदस्यों की 34 सीटों में से प्रत्येक पर मात्र एक-एक दावेदार होने के चलते उन्हें निर्विरोध विजेता घोषित किया गया। चिरईगांव प्रतिनिधि के अनुसार स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर जाल्हूपुर के ग्राम प्रधान पद के लिए हुए मतदान की काउंटिंग करायी गयी। जिसमें सोनू गौंड़ को सर्वाधिक एक हजार 451 वोट प्राप्त हुए। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी शिवपूजन को 194 मतों से पराजित किया। शिवपूजन को कुल 1257 मत से ही संतोष करना पड़ा। इस सीट के लिए कुल तीन प्रत्याशी मैदान में थे। तीसरे उम्मीदवार हरिश्चंद को कुल जमा 86 वोट ही प्राप्त हुए। मतगणना के दौरान 97 वोट अवैध घोषित कर दिये गये। काउंटिंग खत्म होने के बाद रिजल्ट का ऐलान किया गया। उसके बाद विजयी प्रत्याशी सोनू गौंड़ को निर्वाचन अधिकारी दिनेश सिंह ने प्रमाण-पत्र सौंपा।

### मनाई जनाबे अली अकबर की यौमे पैदाइश

**वाराणसी।** शहीदे कर्बला इमाम हुसैन के बेटे हमशक्ल ए मोहम्मद जनाबे अली अकबर की 1401 जयंती पर शनिवार को शहर भर में जश्न का आयोजन हुआ। जगह जगह महफिले सजीं। सदर इमामबारगाह में रौजे पर चिराग रोशन कर के लोगों ने खुशियां मनाईं। इस अवसर पर महफिल को खिताब करते हुए शिया जामा मस्जिद के प्रवक्ता हाजी सैयद फरमान हैदर ने बताया कि जनाबे अली अकबर का जन्म सन 42 हिजरी में मदीने में हुआ था। आप इमाम हुसैन के दूसरे बेटे थे। आपकी शक्ल पूरे नबी हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो वाले वसल्लम से बिल्कुल मिलती-जुलती थी। जब अली अकबर का जन्म हुआ तो बहुत से लोग उन्हें देखने आते थे। मोहम्मद के घराने में एक और मोहम्मद आया है इमाम हुसैन के इस बेटे की शहादत भी कर्बला में 10 मोहर्रम को सन 61 हिजरी में हुई थी इमाम हुसैन कहते थे कि जब मुझे अपने नाना की जियारत करना होता था तो मैं अपने इस बेटे को देख लेता हूं। सदर इमामबारगाह के मुतावल्ली सज्जाद अली गुज्जर के संयोजन में लोगों ने महफिल का आयोजन किया जिसमें मौलाना काजिम अली ने नूरानी तकरीर पेश की और नमाज भी अदा कराई।

# कैंट से धड़ल्ले से हो रहा अवैध बसों का संचालन

**मनमानी**

**इन्हें शहर से बाहर करने के निर्देश की धज्जियां उड़ा रहे संचालक**

**रात एक बजे से भोर के पांच बजे तक जौनपुर-आजमगढ़ के लिए संचालित होती हैं बसें**

जनसंदेश न्यूज



कैंट स्टेशन के बाहर अवैध रूप से खड़ी जौनपुर आजमगढ़ को जाने वाली बसें

**वाराणसी।** संभागीय परिवहन विभाग की ओर से शहर में अवैध बसों के संचालन को रोकने के लिए युद्ध स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। इतना ही नहीं शहर से निजी बस अड्डो को बीते माह से बाहर भी कर दिया गया है, बावजूद इसके कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) से रात्रि कालीन अवैध बसों का संचालन किया जा रहा है।

कैंट स्टेशन (वाराणसी जंक्शन) पर रात को मुम्बई से आने वाली ट्रेनों में रात एक से दो बजे के बीच वाराणसी दादर, चार बजे के आसपास महानगरी एक्सप्रेस है जिसमें पूर्वांचल के जौनपुर व आजमगढ़ सहित अन्य जिलों के यात्री होते हैं इन यात्रियों को स्टेशन से ही बसों में बैठाने के लिए बस संचालक सालों से स्टेशन के बाहर से बसों का संचालन कर रहें हैं। ताकि यात्री रोडवेज बस स्टैंड ना तक ना जा सकें।

फरवरी के दूसरे सप्ताह से निजी बसों के स्टैंड को शहर से बाहर कर दिया गया, बताया गया कि अवैध बसों के संचालन पूरी तरह से रोका जायेगा। बावजूद इसके स्टेशन से बसों को संचालन धड़ल्ले से जारी है।

**अधिकारी कब सोएंगे का मिला जवाब**

संभागीय परिवहन कार्यालय की ओर से समाचारों के आदान-प्रदान के लिए एक मोबाइल ग्रुप बनाया गया है। जब इस अवैध बसों के संचालन की फोटो को ग्रुप में पोस्ट किया गया तो जवाब आया कि अधिकारी कब सोयेंगे।

## 12 घंटे तक प्रसव पीड़ा से कराहती रही महिला

**पिंडरा।** दो दिन पूर्व सीएचसी गंगापुर में महिला चिकित्सक के समय से न आने की शिकायत पर मरीजों से बदतमीजी की घटना के शनिवार को प्रसव से पीड़ित महिला 12 घण्टे दर्द से तड़पती रही। बताते हैं कि प्रसादपुर की एक प्रसव पीड़ित महिला रात्रि 12 बजे उक्त अस्पताल पहुंची लेकिन कोई चिकित्सक न होने पर घर लौट आई। लेकिन फिर प्रसव पीड़ा तेज होने पर भोर में 4 बजे उक्त अस्पताल पहुंची लेकिन फिर कोई महिला चिकित्सक नहीं मिली। सुबह 11 बजे तक महिला चिकित्सक के न पहुंचने पर परिजनों ने बवाल काटा तो साढ़े 11 बजे पहुंची महिला चिकित्सक ने उसके अंदर खून की कमी होने की बात कह जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। नाम न छापने की शर्त पर प्रसव पीड़ित महिला ने कहा कि 12 घण्टे किस दौर से गुजरे उसका बयान नहीं कर सकते। वहीं पीड़ित महिला के एक व्यक्ति द्वारा वीडियो बनाने के बाद वायरल कर दिए जाने से हड़कम्प मच गया। वहीं चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रविन्द्र कुमार बिंद ने कहा कि यह मात्र आरोप है। उसे रात्रि में महिला नर्स द्वारा दवा देकर सुबह बुलाया गया था। बताते चलें कि जिले में महिला प्रसव के लिए सीजेरियन ऑपरेशन की व्यवस्था भी सरकार द्वारा करने के साथ महिला चिकित्सक की तैनाती की गई है।

# अब बीएचयू कैंपस में खेल सकेंगे होली

जनसंदेश न्यूज

**बैकफुट पर प्रशासन**

**चार दिन पहले होली हुड़दंग और डीजे डांस पर लगाया गया था प्रतिबंध**

**वाराणसी।** बीएचयू परिसर में होली खेलने पर लगा प्रतिबंध हटा दिया है। प्रतिबंध का आदेश पारित करने के करीब चार दिन बाद बीएचयू प्रशासन बैकफुट पर आ गया है। बीएचयू की ओर से 28 फरवरी को आदेश जारी किया गया था कि कैंपस में होली खेलना, हुड़दंग मचाना और डीजे पर नाच-गाने पर रोक है। ऐसा करने वाले छात्र पर प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

इसको लेकर डीन, डायरेक्टर और विभागाध्यक्षों ने भी नोटिस जारी की थी। कहा गया था कि होली खेलने वालों पर कड़ी कार्रवाई करें। इस फैसले के बाद सोशल मीडिया समेत चौतरफा विरोध शुरू हो गया था। होली न खेलने वाले आदेश के बाद देशभर से तीखी प्रतिक्रिया आनी शुरू हो गई थी। बीएचयू के छात्रों का कहना है कि जब कैंपस में इफ्तार पार्टी की सकती है तो होली पर रोक क्यों? वहीं, छात्रों ने विश्वविद्यालय के होली रोक फरमान के विरुद्ध जमकर होली मनाई। एक-दूसरे को रंग लगाया और मौज-मस्ती की।

बीएचयू प्रशासन की ओर से शनिवार को लेटर जारी कर कहा गया कि होली मनाने संबंधी 28 फरवरी को जारी सर्कुलर को वापस लिया गया है। यह वापसी सोशल मीडिया और दूसरे कम्युनिकेशन मीडियम की तरफ से मिले फीडबैक के बाद की गई है। साथ ही विश्वविद्यालय परिवार से यह अपेक्षा की जाती है कि रंगों के इस उत्साह को सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में उचित गरिमा के साथ मनाएं।

**बीएचयू के अन्य गेट सात मार्च को छह घंटे रहेंगे बंद**

वाराणसी। बीएचयू में होली त्यौहार के अवसर पर सात मार्च को परिसर में शांति व्यवस्था की खातिर मुख्य द्वार को छोड़कर अन्य द्वार प्रातः आठ बजे से अपराह्न दो बजे तक आवागमन के लिए बंद रहेंगे। मुख्य आरक्षाधिकारी प्रो. अभिमन्यु सिंह ने परिसर में रहने वालों से अनुरोध किया है कि परेशानी से बचने के लिए परिसर के बंद रहने वाले अन्य द्वार की तरफ न जाएं।

# भारतीय ज्ञान में वैश्विक शान्ति के बीज तत्व : प्रो. दुर्ग सिंह




जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** एसएमएस वाराणसी में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारम्भ शनिवार को किया गया गया। दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का मुख्य विषय सतत विकास के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा था, अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के उदघाटन सत्र में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित एपीजे अब्दुल कलाम तकनीकी विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. डी.एस. चौहान ने कहा कि प्राचीन सनातन वैदिक परम्परा सदैव से पर्यावरणीय व्यवस्था के अनुकूल ज्ञान के सम्प्रेषण पर केंद्रित रही है।

वैदिक मन्त्रों में पर्यावरण के संरक्षण को प्रोत्साहित करने के अनेक उदाहरण मिलते हैं। प्राचीन भारतीय ज्ञान परम्परा में निहित लोकहित के संदर्भों को रेखांकित करते हुए प्रो. चौहान ने कहा कि प्राकृतिक संसाधनों के दोहन को रोकने के लिए ही इन संसाधनों में शान्ति तत्व का आह्वान किया गया है। वैदिक मन्त्र द्यौः शान्तिरन्तरिक्ष शान्तिः पृथिवीं शान्तिरापः शान्तिरोषधयः शान्तिः। वनस्पतयः शान्तिर्विश्वेदेवाः शान्तिर्ब्रह्म शान्तिः का उद्धरण देते हुए प्रो. चौहान ने कहा कि आज ग्लोबल वार्मिंग के इस दौर में समय की मांग है कि न सिर्फ वैदिक ग्रंथमाला में सन्निहित तत्वों का समकालीन परिप्रेक्ष्य में खोज की जाय बल्कि इनको पीढ़ी दर पीढ़ी स्थानांतरित करने पर भी जोर दिया जाय।

## वाराणसी में लुइस फिलिप के चार स्टोर्स का उद्घाटन

**वाराणसी।** आदित्य बिड़ला फैशन रिटेल लिमिटेड समूह के फैशन और लक्जरी सूट और मेन्स वियर कपड़ो के मशहूर ब्रांड लुईस फिलिप के मलदहिया, सिगरा महमूरगंज एवं गुरुधाम चौराहा शोरूम का शुभ उद्घाटन सिद्धार्थ सिंह, पूनम मौर्या जिला पंचायत अध्यक्ष, वाराणसी एवं सनबीम स्कूल समूह के चेयरमैन दीपक मधोक द्वारा सामूहिक रुप से फीता काटकर किया गया। सभी मुख्य अतिथियों का स्वागत कंपनी के अधिकारी मनोज कुमार एवं नरेंद्र मोहन एवं मृदुल द्वारा किया गया। कंपनी के अधिकारियों ने इस अवसर पर लुइस फिलिप ब्रांड के सभी कम्पलीट कपड़ो के रेंज के बारे में ग्राहकों को बताया साथ ही साथ इस अवसर पर चल रहे ऑफर्स के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि इस ब्रांड के अंतर्गत मेस वियर के सभी कलेक्शस उपलब्ध है और इस समय लुइस फिलिप के डेनिम वियर कलेक्शन फेस्टिवल भी मनाया जा रहा है जिसमें डेनिम वियर के आकर्षक रेंज भी उपलब्ध है।

# मेहमानों के स्वागत में जुटा एयरपोर्ट

**जी 20**

**5जी के साथ बेहतर हुई नेटवर्क सुविधा**

**बाबतपुर।** वाराणसी में होने जा रहे जी-20 शिखर सम्मेलन की तारीख तय होने के साथ ही एयरपोर्ट प्रशासन मेहमानों के भव्य स्वागत की तैयारी में जुट गया है। वाराणसी में जी-20 बैठक छह चरणों में होनी प्रस्तावित है।

बैठक की तय तारीखों को देखते हुए एयरपोर्ट पर तैयारियों का सिलसिला तेज कर दिया गया है। मेहमानों के स्वागत के लिए टर्मिनल भवन, एप्रन, एराइवल एरिया सहित पूरे परिसर को विशेष रूप से सवारने की तैयारी चल रही है। एयरपोर्ट पहुंचते ही मेहमानों को काशी की धार्मिक और सांस्कृतिक परम्परा का अवलोकन होने लगेगा। आगमन द्वार पर क्षेत्रीय लोक कलाकारों द्वारा विभिन्न तरह के स्वागत नृत्य प्रस्तुत करने की तैयारी चल रही है वही एयरपोर्ट मुख्य द्वार से बाहर निकलते ही सड़क मार्ग के दोनों तरफ एक रंग में रंगे भवन वसुधैव कुटुंबकम की परंपरा होने की याद दिलाएंगे।




**मीटिंग की रूपरेखा**

एग्रीकल्चर वर्किंग ग्रुप की मीटिंग 17-19 अप्रैल, यूथ 20 समिट इंगेजमेंट ग्रुप लेवल मीटिंग 13-15 जून, डेवलपमेंट वर्किंग ग्रुप मीटिंग 16-17 अगस्त, डेवलपमेंट वर्किंग ग्रुप मीटिंग मिनिस्टीरियल लेवल 18 अगस्त, ज्वाइंट लेवल एंड फॉरेन, मिनिस्टीरियल लेवल 19 अगस्त, सस्टनेबल फाइनेंस वर्किंग ग्रुप मीटिंग 28-29 अगस्त को होगी।

**बोले अधिकारी**

निदेशक अर्यमा सान्याल ने बताया कि वाराणसी में होने वाले जी 20 शिखर सम्मेलन में शामिल होने वाले विदेशी मेहमानों को बेहतर नेटवर्किंग सुविधा के साथ ही विमान यात्रियों को 5जी नेटवर्क उपलब्ध है। यात्री इस सुविधा का लाभ पार्किंग एरिया टर्मिनल भवन के साथ एप्रन पर भी उठा सकते हैं। एयरपोर्ट पर आने वाले मेहमानों के स्वागत की तैयारी जोरों पर चल रही है।

**बेहतर हुई नेटवर्किंग सुविधा**

जी20 शिखर सम्मेलन को देखते हुए प्रधानमंत्री द्वारा विमानतल पर सुंदरीकरण के साथ ही बेहतर नेटवर्किंग सुविधा होने की बात कही गयी थी जिसको देखते हुए लालबहादुर शास्त्री अंतराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर एयरटेल व जीयो नेटवर्किंग कम्पनियों के द्वारा 5जी सुविधा प्रदान की जा रही है। अब विमान यात्रियों को पहले की अपेक्षा और बेहतर नेटवर्किंग सुविधा उपलब्ध होगी।

# मतदाता सूची का संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 10 से

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों की मतदाता सूची के संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की घोषणा की है। जिसके तहत सन 2022 के आधार पर तैयार वोटर लिस्ट ड्राफ्ट का प्रकाशन आगामी दस मार्च को होगा। उस आधार पर दावा एवं आपत्तियां 11 से 17 मार्च तक प्राप्त की जाएंगी। दावा-आपत्तियों का निबटारा 18 से 22 मार्च तक करेंगे। वोटर लिस्ट का अंतिम प्रकाशन एक अप्रैल को किया जाएगा।

एडीएम प्रशासन एवं नगर निकाय निर्वाचक नामावली के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी रणविजय सिंह ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि नगर निगम से जुड़े अपने-अपने दावा-आपत्तियां क्षेत्रीय बीएलओ या एआरओ अथवा अतिरिक्त एआरओ को नगर निगम के जोन कार्यालय के अलावा नगर पंचायत गंगापुर से संबंधित मतदाता अपने इलाके के बीएलओ या एसडीएम राजातालाब अथवा एआरओ या अतिरिक्त एआरओ कार्यालय में पेश कर सकते हैं। वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल कराने के लिए पात्र व्यक्ति आगामी 11 से 17 मार्च के मध्य आयोग की वेबसाइट 'एचटीटीपीः//एसईसी.यूपी.एनआईसी.इन' पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जिन लोगों ने एक जनवरी 2023 को 18 साल की आयु पूर्ण कर ली है वही लोग आवेदन के पात्र हैं।

**रहे ध्यान**

**राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकायों की वोटर लिस्ट के लिए घोषित किया कार्यक्रम**

## बीएसएनएल शिवपुरवा कार्यालय में मनी कर्मयोगी योजना

**वाराणसी।** बीएसएनएल वाराणसी के शिवपुरवा स्थित कार्यालय में अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय कर्मयोगी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कर्मयोगी योजना भारत सरकार की ओर से अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कौशल, क्षमता और योग्यता में वृद्धि के लिए लाया गया है। कार्यशाला का उद्घाटन बीएसएनएल महाप्रबंधक अनिल कुमार गुप्ता ने किया। तत्पश्चात ऑल्ट सेंटर गाजियाबाद से आये प्रशिक्षक राजेश कुमार और संदीप सिंह ने भविष्य के दूरसंचार क्षेत्र में आने वाले कठिनाइयों से निपटने की तैयारी करायी। कार्यशाला के समापन पर महाप्रबंधक द्वारा सभी अधिकारियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यशाला में अनीश कुमार सिंह जनसंपर्क अधिकारी, प्रभात, राजेश राय, संजय, मदन वैश्य, प्रमोद कुमार आदि अधिकारियों ने भाग लिया।

# डॉ. रेखा राजू ने मोहिनी अट्टम नृत्य से मोहा

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** बड़ालालपुर स्थित दीनदयाल हस्तकला संकुल में वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार एवं सुबह-ए-बनारस के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को आयोजित सांस्कृतिक संध्या में बैंगलोर से पधारी मोहिनीअट्टम नृत्य कलाकार सुश्री डॉ रेखा राजू ने पारंपरिक मोहिनीअट्टम नृत्य की प्रस्तुति की गयी।

नृत्य का आरंभ गणेश स्तुति से हुआ। उन्होंने आनंद राग भैरवी ताड़ मालिक के पश्चात द्वितीय प्रस्तुति देवी स्तुति कवि बाल मुरलीकृष्ण रचित राग लवंगी आदिताल में ओंकारा कारिणी पर आधारित रही। इसके उपरांत राधा कृष्ण का मिलन आदि ताल में वृन्दावन सारंग चलिए कुंजन मोर पर आधारित भावपूर्ण नृत्य से मोहित किया। अंतिम प्रस्तुति भगवान शिव स्तुति पर आधारित तमिलपद्म खमाज राग रूपक में रही।



कलाकार को प्रमाणपत्र अध्यक्ष संग्रहालय दीनदयाल हस्त कला संकुल अजय श्रीवास्तव ने प्रदान किया। संयोजन परिकल्पना डॉ रत्नेश वर्मा का रहा। संचालन ललिता शर्मा ने किया।

## वाणिज्यिक अधिष्ठान आठ मार्च को होली पर बन्द रहेंगे

**वाराणसी।** सहायक श्रमायुक्त अधिकारी देवव्रत यादव ने बताया कि जनपद स्थित दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठानों पर उत्तर प्रदेश दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान अधिनियम 1962 लागू है। अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत होली का अवकाश लोक अवकाश के रूप में घोषित है। ऐसी दुकानों एवं वाणिज्य अधिष्ठान जिन्हें अधिनिमय की धारा 5 और धारा-8 से छूट प्राप्त है। यथा-भोजन, जलपान, समाचार पत्र, औषधियों, चिकित्सीय एवं शल्य उपकरणों शाक सब्जी, मिठाई, दूध, फूल, पान व सुपारी, मांस, ताजे फल इत्यादि की दुकानों को छोड़कर अन्य सभी दुकान एवं वाणिज्य अधिष्ठान 8 मार्च, 2023 को होली पर्व पर लोक अवकाश होने के कारण बन्द रखे जायेंगे।

# राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बीएचयू ने जीते कई पदक



**वाराणसी।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ के बैनर तले बंगलुरु में आयोजित 36वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव में बीएचयू दल का शानदार प्रदर्शन रहा। बीएचयू ने कई पदक जीते। शनिवार को यहां आने पर भव्य स्वागत किया गया।

राष्ट्रीय युवा महोत्सव में देश भर के 125 विश्वविद्यालयों के लगभग 2500 युवाओं ने हिस्सा लिया। पांच विभिन्न विधाओं की प्रतियोगिताओं में तीन स्वर्ण पदक, तीन रजत और पांच कांस्य पदक हासिल कर बीएचयू की टीम संगीत, लिटरेरी और फाइन आर्ट्स में उपविजेता घोषित हुई। संगीत संवर्ग में शास्त्रीय वाद्य यंत्र वादन में स्वर्ण, शास्त्रीय गायन में रजत, वेस्टर्न वाद्य यंत्र वादन में रजत तथा वेस्टर्न समूह गान में रजत पदक मिला। लिटरेरी संवर्ग के भाषण प्रतियोगिता में रजत और वाद-विवाद प्रतियोगिता में कांस्य मिला। जबकि फाइन आर्ट्स संवर्ग में ऑन द स्पॉट पेंटिंग के लिए स्वर्ण, कार्टूनिंग के लिए स्वर्ण, इंस्टॉलेशन, रंगोली, फोटोग्राफी व पोस्टर प्रतियोगिता में रजत पदक मिला। स्वागत के दौरान छात्र अधिष्ठाता प्रो. एके नेमा, डॉ. बाला लखेंद्र, अर्पिता भट्टाचार्य आदि थीं।

### होली गीतों का लोकार्पण

**वाराणसी।** मणिकर्णिकाघाट पर शनिवार को डा. अमलेश शुक्ला के होली एलबम गीतों का लोकार्पण किया गया। इस होली गीतों को स्वरबद्ध डा. अमलेश शुक्ला ने किया है। इसका गीत अजय पाठक ने तैयार किया है। जबकि संगीत अनिल रमन ने दिया है। इस अवसर पर गीतकार कन्हैया दुबे केडी समेत काफी लोग मौजूद थे।

### होली गीतों पर झूमते रहे श्रोता

**वाराणसी।** शिल्पायन की ओर से त्रिदिवसीय होली कार्यशाला का समापन समारोह श्री हनुमान प्रसाद पोद्दार अंधविद्यालय के सभागार में संपन्न हुआ। जिसमें संस्था के ढेरों विद्यार्थियों ने जो होली गीत कार्यशाला में सीखा था उनकी उम्दा प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम का समापन शास्त्रीय गायक पं देवाशीष दे एवं डॉ रागिनी सरना ने होली गायन से किया। गीतों पर श्रोता रसमग्न होकर नृत्य करते हुए झूमते रहे। कार्यक्रम में विशेष रूप से पं पूरण महाराज, श्रीमती मीना मिश्रा, डॉ अजीत सैगल, अखिलेश समेत काफी लोग मौजूद थे। उनका संस्था के अध्यक्ष एवं सचिव ने सम्मान किया।

# कृषि विज्ञान प्रदर्शनी में दिखे सराहनीय मॉडल

**आयोजन**

**राजकीय महाविद्यालय जक्खिनी में हुए कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के प्रयासों को मिली प्रशंसा**

जनसंदेश न्यूज



जक्खिनी स्थित राजकीय महाविद्यालय में आयोजित कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं कृषि संगोष्ठी में विद्यार्थियों ने कई मॉडल पेश किये

**रोहनिया।** कृषि की नयी तकनीक के जरिये अनाज के क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भर बन गया है। सब्जी उत्पादन में देश विश्व में प्रथम और फल उत्पादन में दूसरे स्थान पर है। कृषि क्षेत्र में नवाचार रिसर्च एवं तकनीकी का महत्व बढ़ गया है। विद्यार्थी शोध के माध्यम से अपना कैरियर बना सकते हैं। दृढ़ इच्छाशक्ति और समावेशी ज्ञान प्राप्त कर उच्च पद हासिल करना संभव है। जक्खिनी स्थित राजकीय महाविद्यालय में शनिवार को आयोजित एकदिनी कृषि विज्ञान प्रदर्शनी एवं कृषि संगोष्ठी में वक्ताओं ने यह कहा। मुख्य अतिथि उप निदेशक कृषि अखिलेश कुमार सिंह थे। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने सराहनीय विज्ञान प्रदर्शनी लगायी। अतिथियों ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर उनके प्रयासों को सराहा। छात्र-छात्राओं द्वारका तैयार सर्वश्रेष्ठ मॉडल को पुरस्कृत किया गया। मौके पर प्राचार्य डॉ. उमाशंकर गुप्ता, आईआईवीआर के प्रधान वैज्ञानिक डॉ. अनंत बहादुर सिंह, डॉ. शरद कुमार, योगेश चंद्र पटेल, वेद प्रकाश गुप्ता आदि की प्रमुख उपस्थिति रही।

**कार्यालय ग्राम पंचायत बबुरा, वि0 ख0 छानबे, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत अंत्येष्टि स्थल में प्रयोग होने वाली सामग्री, फेज 2 ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा क्रय, साइकिल रिक्शा, ट्रैक्टर ट्राली, मिनी जेसीबी व आरआरसी सेंटर हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 04.03.2023 से निविदा सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 13.03.2023 को दोपहर 2:00 बजे निविदा समाप्त हो जाएगी। निविदा उसी दिन दिनांक 13.03.2023 को 3:00 बजे तक खोली जाएगी।

सचिव — जगदीश कुमार
ग्राम प्रधान — आनंद मोहन सिंह

**कार्यालय ग्राम पंचायत जोपा, वि0 ख0 छानबे, मीरजापुर**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण योजना के अंतर्गत फेज 2 ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन योजना के अंतर्गत ई-रिक्शा क्रय, साइकिल रिक्शा, ट्रैक्टर ट्राली, मिनी जेसीबी व आरआरसी सेंटर हेतु आवश्यक सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 06.03.2023 से निविदा सुबह 10:00 बजे से प्रारंभ होकर दिनांक 13.03.23 को दोपहर 2:00 बजे निविदा समाप्त हो जाएगी। निविदा उसी दिन दिनांक 13.03.2023 को 3:00 बजे तक खोली जाएगी।

सचिव — जगदीश कुमार
ग्राम प्रधान — गोवर्धन पटेल

# जिले में आगामी दो माह के लिए धारा-144 लागू

बलिया। बोर्ड परीक्षा तथा आगामी त्यौहार होली, शबे बरात, रामनवमी, महावीर जयन्ती तथा ईद-उल-फितर को दृष्टिगत रखते हुए जनपद सीमा के भीतर निवास करने वाले एवं आने-जाने वाले समस्त व्यक्तियों के लिये दो मार्च से 30 अप्रैल तक आगामी दो माह तक के लिए धारा-144 लागू किया गया है। जिला मजिस्ट्रेट रवीन्द्र कुमार ने बताया है कि जनपद सीमा के अन्तर्गत किसी भी सार्वजनिक स्थानों पर पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एक समूह के रूप में एक साथ एकत्रित नहीं होंगे और न ही कोई जुलूस निकालेंगे। न ही कोई धरना प्रदर्शन करेगा और न ही कोई ऐसी अफवाह फैलायेगें, जिससे शान्ति व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़े।

विशेष परिस्थितियों में जुलूस आदि के लिए सक्षम अधिकारी से पूर्व अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। यह प्रतिबन्ध परम्परागत, सामाजिक या धार्मिक संस्कारों एवं रीति-रिवाज तथा जुमे की नमाज पर लागू नहीं होगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार का अस्त्र-शस्त्र जैसे लाठी, डण्डा, चाकू, भाला, फरसा, बन्दूक, राइफल, रिवाल्वर, पिस्टल आदि आग्नेयास्त्र या अन्य धारदार हथियार एवं किसी प्रकार के विस्फोटक पदार्थ को लेकर नहीं चलेगा और न ही ऐसा करने के लिये किसी को प्रेरित करेगा। यह प्रतिबन्ध सिक्खों द्वारा परम्परागत रूप से धारण होने वाले कृपाण तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों/कर्मचारियों पर लागू नहीं होगा।

**निर्देश**

**आदेश का उल्लंघन करने पर होगी कड़ी कार्रवाई**

बूढे, बीमार, विकलांग, अपंग तथा अन्य व्यक्ति सहारे के लिए लाठी, डण्डे अथवा छड़ी का प्रयोग कर सकते है। कोई भी व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान, मन्दिर, मस्जिद, गुरुद्वारा, चर्च, सड़क, मकान के अन्दर अथवा छत पर ईंट, पत्थर, शीशा, बोतल व कांच के टुकड़े तथा विस्फोटक आदि एकत्र नहीं करेगें और न ऐसा करने के लिए किसी अन्य को प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति साम्प्रदायिकता भड़काने वाले पोस्टर, बैनर, कटआउट आदि न तो लगायेगा और न ही किसी अन्य को ऐसा करने के लिए प्रेरित करेगा। कोई भी व्यक्ति ऐसी अफवाह अथवा ऐसा नारा नहीं लगायेगा, जिससे किसी वर्ग विशेष की भावना को ठेस पहुंचे।

कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के सार्वजनिक संचार साधन तथा मार्ग पर अवरोध उत्पन्न नहीं करेगा। कोई भी व्यक्ति सड़क, जल मार्ग, रेलमार्ग, कार्यालय, पेट्रोल पम्प आदि का घेराव नहीं करेगा और न ही यातायात के आवागमन में अथवा किसी प्रकार के सार्वजनिक संचार आदि व्यवस्था में अवरोध उत्पन्न करेगा। कोई भी व्यक्ति मार्केट, दुकान प्रतिष्ठान, कार्यालय, पेट्रोल पम्प आदि को न बन्द कराएगा और न ही किसी सरकारी सम्पत्ति की क्षति, तोड़फोड़ आदि करेगा। न ही किसी प्रकार का पुतला जलायेगा। उक्त आदेश का उल्लंघन भारतीय दण्ड विधान की धारा 188 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध होगा।

## 10 दिनों की छुट्टी पर गये सीडीओ, चर्चाएं शुरू

बलिया। मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा एक से 10 मार्च तक अवकाश है। उनका चार्ज इस समय जिला विकास अधिकारी राजित राम मिश्र देख रहे है। विकास भवन परिसर में मुख्य विकास अधिकारी के अवकाश पर जाने से चर्चा यह हो रही है कि अब उनका दो साल पूरा होने जा रहा है। ऐसे में वह बलिया से स्थानांतरण चाहते है। 28 फरवरी को नवागत जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार ने कार्यभार ग्रहण किया और एक मार्च को मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा अवकाश पर चले गये, जबकि 27 फरवरी को मुख्य विकास अधिकारी ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे के शिलान्यास समारोह में मौजूद थे। 28 फरवरी की देर शाम नवागत जिलाधिकारी रवीन्द्र कुमार बलिया पहुंचे और एक मार्च को नवागत जिलाधिकारी से मिलने के बाद मुख्य विकास अधिकारी अवकाश पर चले गये। सीडीओ प्रवीण वर्मा ने 10 मार्च 2021 को कार्यभार ग्रहण किया था। इनके पहले विपिन जैन चार अगस्त 2020 से आठ मार्च 2021 तक सीडीओ रहे। वैसे, विपिन जैन सोशल वर्क के माध्यम से जनता में छाये रहे। लगभग सात माह तक विपिन जैन बलिया के सीडीओ रहे। सात माह में उन्होंने बलिया में एक से बढ़कर एक कार्य किया। इससे उनकी एक अलग पहचान बनी। वहीं, सीडीओ प्रवीण वर्मा बलिया में विकास को लेकर गंभीर है।

# वकीलों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन



एसडीएम को ज्ञापन सौंपते अधिवक्ता

बेल्थरारोड। स्थानीय तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन के तत्वावधान में ग्राम न्यायालय के संचालन को लेकर शनिवार को भी तहसील अधिवक्ता भवन में पांचवें दिन क्रमिक अनशन जारी रहा। अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट के अधिवक्ताओं द्वारा तहसील मुख्यालयों पर ग्राम न्यायालय स्थापना के विरोध की कड़ी शब्दों में निन्दा की गई और अति शीघ्र वादकारियों के हित में ग्राम न्यायालय बेल्थरारोड में स्थापित करने की मांग की गई। तत्पश्चात राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। क्रमिक अनशन पर संजीत कुमार गुप्त, सरफराज अहमद, महेन्द्र यादव, देवेन्द्र कुमार गुप्त, बंटेश बहादुर सिंह, चन्द्रमणि, अतुल प्रकाश सिंह यादव, अब्दुर्रहमान, अमानुलहक अब्बासी, अरुण कुमार श्रीवास्तव, मु. अजहर अली, परवेज कमाल पाशा, सूर्यनाथ यादव, दिनेश प्रसाद राजभर, मदन शर्मा, अमरजीत सिंह, आशुतोष यादव, त्रिभुवन कुमार, राजाप्रताप सिंह, अमरनाथ सिंह, लक्ष्मण पाण्डेय, रहमत अली, गंगेश कुमार मिश्र, मु. मुजाहिद, कलिन्दर यादव, सुनिल कुमार श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

# ग्रामीण क्षेत्रों में होगा 30 नये स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण

बलिया। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने के लिये सरकार तत्पर है। इसके लिये समय-समय पर योजना बनाकर धरातल पर उतारा जा रहा है। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए 30 नए स्वास्थ्य उपकेंद्रों का निर्माण होगा। शासन से इसकी स्वीकृति मिल गई है। सात उपकेंद्रों का पैसा भी आ गया है, जिसकी निर्माण प्रक्रिया शुरू हो गई है।

अन्य उपकेंद्र के भवनों के निर्माण के लिए स्वास्थ्य विभाग व राजस्व विभाग चयनित ग्रामसभा में जमीन की तलाश में जुटी है। केंद्रों के निर्माण पर करीब नौ करोड़ रुपए खर्च होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण से लोगों को बेहतर चिकित्सकीय सुविधाएं नजदीक ही उपलब्ध हो जाएंगी। झोलाछाप चिकित्सकों से छुटकारा मिलेगा। जिला प्रशासन ने ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकीय सुविधा मुहैया कराने के लिए 17 विकास खंड के विभिन्न ग्रामसभाओं में 50 उप स्वास्थ्य केंद्र के निर्माण का प्रस्ताव शासन को भेजा था। इसमें 30 के निर्माण पर मुहर लग गई है। कोटवा, दुबहड़ और हनुमानगंज विकास खंड में सात उपकेंद्र के निर्माण के लिए धन स्वीकृत हो गया है। एक उपकेंद्र के निर्माण पर विभाग 30 लाख रुपये खर्च करेगा। इन स्वास्थ्य केंद्रों पर फार्मासिस्ट, एएनएम और आशा की तैनाती की जाएगी।

**अन्य केंद्रों के लिए जमीन की तलाश जारी**

बलिया। इस संबंध में एनएचएम डीपीएम आरबी यादव ने बताया कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकीय सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन से 30 उपकेंद्र के निर्माण की स्वीकृति मिली है। अभी सात के लिए धन आ गया है। अन्य केंद्रों के निर्माण के लिए जमीन की तलाश चल रही है। ग्रामीणों को काफी सहूलियत मिलेगी। इन उपकेंद्रों पर इलाज के साथ प्रसव की सुविधा मिलेगी। मरीज की ज्यादा गंभीर हालत होने पर सीएचसी, पीएचसी या जिला अस्पताल रेफर करेंगे।

# बलिया को जल्द मिलेगी 24 घंटे बिजली

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

**सांसद ने किया ऑप्टिकल फाइबर केबल परियोजना का शुभारंभ**

बैरिया। बिजली विभाग के लिए अच्छी पहल है। 251 करोड़ रुपये की लागत से जनपद भर के विद्युत तार के स्थान पर आप्टिकल फाइबर केबल लगाए जाने की परियोजना का शुभारंभ सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने शनिवार को बैरिया में भूमि पूजन करके किया।

इस योजना के तहत 3291 किलोमीटर एलटी लाइन, 609 किलोमीटर 11000 वोल्ट की लाइन तथा 149 किलोमीटर 33000 वोल्ट की लाइन को आप्टिकल केबल से खींचा जाएगा। इससे विद्युत दुर्घटना में काफी हद तक कमी आएगी। मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने सर्वप्रथम मां सरस्वती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर परियोजना की आधारशिला रखा। कहा कि इस योजना के तहत पहले रेलवे स्टेशनों, बस स्टेशनों, बाजारों, सीमावर्ती गांवों तथा उपासना स्थलों पर आप्टिकल फाइबर केबिल लगाया जाएगा। उसके बाद पूरे जनपद में आप्टिकल फाइबर केबल से विद्युत लाइन खींची जाएगी। उन्होंने जनता से कार्य पर नजर रखने का आग्रह किया।

साथ ही कहा कि कार्य करने वाले कर्मियों तथा अधिकारियों के साथ मानवीय दृष्टिकोण अपनाएं। वह भी हमारे आपके बीच के लोग हैं। सांसद ने जोर देकर कहा कि बलिया में 24 घंटे बिजली उपलब्ध रहे, इसके लिए हमारा केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व गंभीर है।

इसी क्रम में 251 करोड़ की लागत से आप्टिकल फाइबर केबल लगाया जा रहा है। अगर कोई असुविधा हो तो जनता जनार्दन या कार्यदाई संस्था के कर्मचारी एवं अधिकारी मुझसे अपनी बात कह सकते हैं। इस अवसर पर अधिशासी अभियंता आरके सिंह, एके गौतम, एसडीओ संतोष चौधरी, अवर अभियंता विनोद भारद्वाज, संजय पाल, एसएसओ अरविंद सिंह, प्रधान लिपिक दिनेश सिंह, कार्यदाई संस्था के उप प्रबंधक सूर्यकांत, राजेश मिश्र, श्याम भारती, सविन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



विद्युत परियोजना के लिए भूमि पूजन करते सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त

**दिसंबर-2024 में पूरी होगी कार्य योजना**

बैरिया। अधीक्षण अभियंता वकार अहमद ने बताया कि सांसद वीरेन्द्र सिंह मस्त की पहल से यह कार्य बलिया में संभव हुआ है। 231 करोड़ रुपए सरकार ने स्वीकृत कर दिए हैं और यह आ भी गया है। 20 करोड़ सांसद ने और दिलवाने का आश्वासन दिया है। कहा है कि अगर और भी धन की आवश्यकता हुई तो उसकी व्यवस्था मैं कराऊंगा। यह कार्य योजना दिसंबर 2024 तक पूरा हो जाएगा। जनवरी महीने से आप्टिकल फाइबर केबल से यहां के लोगों को अबाध विद्युत सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। जर्जर हो चुके खंभे बदले जाएंगे। ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाई जाएगी।

# सीएम दरबार में पहुंची जेपी के गांव की समस्या

**भेंट**

**राज्यसभा के उप सभापति ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात**



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बुके देते राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश

बैरिया। सम्पूर्ण क्रान्ति के प्रणेता लोकनायक जयप्रकाश नारायण के गांव की समस्या मुख्यमंत्री दरबार मे पहुंची है। राज्यसभा के उप सभापति क्षेत्र के दलजीत टोला (सिताब दियर) निवासी हरिवंश नारायण सिंह ने सीएम योगी आदित्यनाथ से गत शुक्रवार को मिलकर जेपी के गांव जयप्रकाश नगर के लोगों की बेबसी, लाचारी, पिछड़ेपन पर विस्तृत चर्चा करते हुए गांव की चिकित्सा व्यवस्था ठीक करने का आग्रह किया है। इस पर मुख्यमंत्री ने त्वरित कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

अपने पत्र में राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश नारायण सिंह ने बताया है कि लोकनायक जयप्रकाश नारायण का मूल गांव जयप्रकाश नगर सिताब दियारा है, जो 27 टोलों का है। यह उप्र के बलिया व बिहार के तीन जनपदों छपरा, आरा, भोजपुर में बंटा हुआ है। यहां पुराना अस्पताल सन 1954 में संत सागर दास ने स्थापित कराया था। आचार्य विनोबा भावे व लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने सन् 1973 में यहां नया अस्पताल भवन का निर्माण कराया। लोकनायक जयप्रकाश नारायण के कहने पर दलजीत टोला के बुजुर्गों ने जमीन दान देकर अस्पताल खोलने की पहल किया था। भवन का निर्माण कार्य शुरू हुआ। उसके बगल में सीएचसी का भवन बना। इसमें पीएचसी शिफ्ट कर दिया गया। आज भी यहां कोई चिकित्सा सुविधा नहीं है। मात्र एक चिकित्साधिकारी डा. पवन सिंह तैनात है। महिला-पुरुष कुल आठ चिकित्सक, चार एएनएम, चार फार्मासिस्ट, दो वार्ड ब्वाय, आक्सीजन युक्त 32 बेड, एक्स-रे लैब, टेक्निशियन, पैथोलाजी लैब सहित अन्य संसाधन की जरूरत है। उप सभापति ने बताया कि बिजली की व्यवस्था अच्छी हो गई है, किंतु पानी टंकी में लिकेज के कारण वहां पानी नहीं आ रहा है। आपसे आग्रह है कि प्रभावती देवी के नाम पर इस अस्पताल का नामकरण कर इसे संसाधनों से लैस कराएं। वही, जयप्रकाश नगर के वृहदतर विकास के लिए उचित कार्य योजना लागू करें। उप सभापति के सभी सुझाव को ध्यानपूर्वक सुनते हुए मुख्यमंत्री ने इस पर तत्काल कार्रवाई करने का भरोसा दिया है।

## पांचवें दिन भी जारी रहा अधिवक्ताओं का धरना

सिकंदरपुर। तहसील अधिवक्ता एसोसिएशन द्वारा ग्राम न्यायालय संचालन के लिए चल रहा धरना शनिवार को पाचवें दिन भी जारी रहा। धरना स्थल पर आयोजित सभा में अधिवक्ताओं ने न्यायालय संचालन शुरु होने तक क्रमिक अनशन व धरना प्रदर्शन जारी रखने का घोषणा किया। अधिवक्ताओं ने कहा कि 13 मार्च तक न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। ज्ञान प्रकाश तिवारी, विजय शर्मा, प्रेम नारायण सिंह, नंदलाल वर्मा, उमेश चंद, राजकुमार ने सिकन्दरपुर में स्वीकृत ग्राम न्यायालय का संचालन शुरू करने के लिए आवाज बुलंद किया। कहा कि ग्राम न्यायालय आमजन के साथ वादकारियों व क्षेत्रवासियों के लिए बेहद जरूरी है। क्योंकि यहां के लोगों को न्यायालय संबंधी कार्यों के लिए जिला मुख्यालय 35 किलोमीटर दूर जाना पड़ता है, जिसमें समय और धन की बर्बादी होती है। इस अवसर पर अवनि कुमार पाण्डेय, विजेंद्र कुमार श्रीवास्तव, श्रीराम राय, वेद प्रकाश वर्मा, लखुराम यादव, शिवेंद्र प्रताप, धनंजय कुमार, शिवजी राय, जितेश कुमार वर्मा, मणि शंकर श्रीवास्तव, अनिल राय आदि मौजूद रहे।

# त्योहार में एक-दूसरे की भावनाओं का रखें ख्याल : उप जिलाधिकारी



सिकंदरपुर पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक लेते एसडीएम एवं सीओ

सिकन्दरपुर। होली व शबे बरात त्योहार को लेकर शांति समिति की बैठक शुक्रवार की शाम पुलिस चौकी सिकंदरपुर के प्रांगण में उप जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई। इसमें होली व शबे बरात त्योहार को लेकर होने वाली समस्याओं के बारे में जानकारी ली गई एवं उसके निस्तारण का निर्देश संबंधित विभाग को दिया गया।

एसडीएम ने कहा कि त्योहार आपसी भाईचारा को कायम रखते हुए सौहार्दपूर्ण वातावरण में शांतिपूर्वक मनाएं और एक-दूसरे की भावनाओं का ख्याल करें। छोटी-छोटी घटनाओं को तुरंत ही उच्चाधिकारियों को बताएं। अफवाहों पर ध्यान ना दें। क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा ने कहा कि होली तय समय तक ही खेलें। इस मौके पर एसएचओ दिनेश पाठक, मालदह चौकी प्रभारी शिवमूर्ति, सिकंदरपुर चौकी प्रभारी रविन्द्र, विजली विभाग से एसडीओ अताउल्लाह खान, नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष रविंद्र वर्मा, प्रयाग चौहान, भीष्म यादव, बबलू मास्टर, राकेश सिंह, मुस्कि गुप्ता, हरिशंकर गुप्ता, नादिर अली, तारिक आजीज, गोलू प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# नगर में पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



बेल्थरारोड। होली तथा शबे-बरात पर्व को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से शनिवार को बेल्थरारोड नगर में सीओ मो. फहीम अहमद की अगुवाई एवं उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार मिश्र के निर्देशन में पुलिस तथा पीएसी के जवानों ने फ्लैग मार्च किया।

फ्लैग मार्च पुलिस चौकी सीयर के परिसर से निकल कर नगर के मुख्य मार्ग पर जामा मस्जिद, मानस मंदिर रेलवे चौक, डाक बंगला मार्ग होते हुए मधुबन रेलवे ढाला, मण्डी समिति मार्ग, रोडवेज मार्ग से चरण सिंह तिराहा होकर पुनः पुलिस चौकी सीयर पहुंचा। इस अवसर पर चौकी प्रभारी देवेन्द्र कुमार, उभांव थाने के उप निरीक्षक क्रमशः रज्जन द्विवेदी, राजेश कुमार, दिनेश चन्द कौशिक आदि मौजूद रहे।

## मृतक की पत्नी समेत चार पर मुकदमा दर्ज

बांसडीह। कस्बे में बुधवार की रात ससुराल आये युवक की संदिग्ध हाल में मौत के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सिर पर लगी चोट से मौत होने की पुष्टि के बाद अजीब ढंग से बदले घटनाक्रम में पुलिस ने शुक्रवार को मृतक के भाई की तहरीर पर उसकी पत्नी, सास, ससुर व एक अन्य पड़ोसी के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के डेहरी निवासी राकेश पांडे की बीते गुरुवार को उसके बांसडीह कस्बे के उत्तर टोला स्थित ससुराल में मौत हो गयी थी। उसकी पत्नी भी उस समय वहीं थी। ससुराल के लोगों के अनुसार वह अक्सर वहां आकर शराब के नशे में बवाल करता था। बुधवार की रात वह अपने ससुराल पहुंचा था, जहां सुबह दरवाजे पर उसका शव मिला था। घटना को लेकर काफी असमंजस के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा। इसके बाद देर शाम पीएम रिपोर्ट ने हेड इंजरी की पुष्टि की तो घटना को लेकर मृतक के परिजनों के हाव भाव बदलने लगे।

# शिविर में महिलाओं ने जाना अपना अधिकार

बलिया। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार एवं जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जितेन्द्र कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में शनिवार को विकास खण्ड बांसडीह में अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह का शुभारम्भ अपर जनपद न्यायाधीश/सचिव नरेन्द्र पाल राणा द्वारा किया गया। इसके अन्तर्गत 11 मार्च तक अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर विधिक साक्षरता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जायेगा।

कार्यक्रम के प्रारम्भ में नालसा थीम सांग प्रसारित किया गया। संचालन पूजा सिंह महिला कल्याण अधिकारी द्वारा किया गया। उनके द्वारा शासन की योजना बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओं के बारे में जानकारी प्रदान करायी गयी। विधि परिवीक्षा अधिकारी डा. अर्चना दूबे द्वारा किशोर न्याय बोर्ड के प्राविधानों के बारे में जानकारी प्रदान की गयी। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के हंसराज तिवारी पैनल अधिवक्ता द्वारा टेली लॉ तथा नालसा एप के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई तथा मौके पर नालसा एप डाउनलोड कराया गया।



कार्यक्रम को संबोधित करती वक्ता

अपर जनपद न्यायाधीश नरेन्द्र पाल राणा ने बताया कि यह कार्यक्रम अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह दिवस के अवसर आयोजित किया जा रहा है। उन्होंने महिलाओं के प्रति होने वाले घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, महिलाओं के विरूद्ध विभिन्न अपराध के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति तक सुलभ न्याय पहुंचाना जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य है। इस अवसर पर श्रम प्रवर्तन अधिकारी, संरक्षण अधिकारी विनोद सिंह, खण्ड परियोजना अधिकारी शालिनी श्रीवास्तव, हंसराज तिवारी, प्रिया सिंह आदि मौजूद रहे।

## संक्षेप

### सीएमओ ने किया अस्पताल का निरीक्षण



रसड़ा। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. जयंत कुमार ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस से लौटते समय रसड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न ही प्रसव कक्ष देखा और न ही स्टोर रूम। सीएमओ ने साफ-सफाई, चिकित्सकों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति पंजीका देखा। जब उनसे सीएचसी पर शुगर की दवा नहीं होने की बात कही गई तो उन्होंने कहा कि बहुत जल्द अस्पताल पर शुगर की दवा उपलब्ध हो जायेगी। इस मौके पर अधीक्षक डा.वीपी यादव, चीफ फार्मासिस्ट अनिल राय, शैलेष सिंह आदि मौजूद रहे।

### वाहनों पर माइन टैग लगाना अनिवार्य

बलिया। जिले के समस्त वाहन स्वामी/संचालकों को सूचित करते हुए अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि खनिजों के परिवहन करने वाले समस्त वाहनों पर माइन टैग लगाये जाने के निर्देश दिये गये है। बिना माइन टैग के वाहनों का अंतर्राजीय परिवहन प्रपत्र भी जारी नही होगा। साथ ही खनिजों के परिवहन करने वाले समस्त वाहनों पर माइन टैग लगाये जाने हेतु कार्यदायी संस्था यूपीडीईएससीओ के प्रतिनिधि मार्ग साफ्टवेयर सेलुशन द्वारा जनपद में माइन टैग के डीलर का नाम एवं मोबाइल नम्बर उपलब्ध कराये गये है।

### बालेश्वर नाथ मंदिर में जमकर उड़े अबीर-गुलाल




बलिया। शहर के बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में रंगभरी एकादशी पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान भक्तों ने बाबा के संग जमकर होली खेली। शुक्रवार की देर शाम बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में बाबा की दिव्य झांकी भी निकाली गई। झांकी नगर के विभिन्न मार्गों से होते हुए पुनः बालेश्वर मंदिर पहुंचा। इस दौरान दर्शन करने के लिए भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। भक्तों ने अबीर-गुलाल उड़ाकर रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया। इस दौरान करीब 1000 से अधिक शिवभक्त मंदिर में उमड़ पड़े और देर शाम तक अबीर-गुलाल बाबा के मंदिर में उड़ता रहा।। शिव भक्ति गीत पर भक्त झूमते रहे। प्रबंध कमेटी की तरफ से विशेष व्यवस्था की गई थी। सभी भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। उसके बाद दिव्य आरती हुई, जिसमें भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। प्रबंध कमेटी के प्रबंधक अजय चौधरी डब्ल्यू ने सबके प्रति आभार व्यक्त किया। कहा कि रंगभरी एकादशी का एक-एक क्षण ऐतिहासिक रहा है। काशी विश्वनाथ की तर्ज पर निर्गुण नगरी में बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर में भी रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया गया।

### सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल हुए 208 बच्चे



बलिया। नागाजी सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माल्देपुर, बलिया में सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा-2022-23 गोरक्ष प्रांत का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा अष्टम के 128 एवं कक्षा पंचम के 73 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। शनिवार को परीक्षा से पूर्व विद्यालय के प्रधानाचार्य अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा का आयोजन प्रतिवर्ष प्रांतीय स्तर पर किया जाता है। इस वर्ष गोरक्ष प्रान्त के 16 विद्यालयों के कुल 208 भैया-बहनों ने सरस्वती प्रतिभा खोज परीक्षा में शामिल हुए। इस परीक्षा में कक्षा पंचम तथा कक्षा अष्टम के छात्र-छात्राओं को प्रतिभाग करने का अवसर दिया जाता है। इस प्रांतीय परीक्षा को संपन्न कराने में शिशु शिक्षा समिति के प्रदेश उपाध्यक्ष अक्षय कुमार ठाकुर उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा में हिंदी, विज्ञान, सामान्य ज्ञान, गणित और अंग्रेजी विषयों की परीक्षा संपन्न हुई। इस अवसर पर दिवाकर मिश्र, उमेश कुमार, अजय कुमार तिवारी, मनोज कुमार अस्थाना, रामजी ठाकुर आदि मौजूद रहे।

### भोजपुरी के नाम पर परोस रहे अश्लील गीत : बब्बन



बलिया। भोजपुरी गीतों के नाम पर अश्लील गीत परोसे जा रहे हैं, जिसे सुनकर भी लोग अनसुना करने को विवश हैं। ऐसे फूहड़ गीतों पर रोक लगाना जरूरी है। यह बातें सामाजिक चिंतक एवं गीतकार बब्बन विद्यार्थी ने अखार ढाला स्थित मीडिया सेंटर पर पत्रकारों से बातचीत में व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि परंपराओं को सहेजने के लिए किसी के पास फुर्सत ही नहीं है। युवाओं पर पश्चिमी परंपरा हावी हो चुकी है। रही-सही कसर आधुनिक लोक गायकों ने पूरी कर दी है। भोजपुरी भाषा अनेक भाषाओं की जननी है। यह अश्लील हो ही नहीं सकती। आज कुछ कलाकार पैसा व शोहरत कमाने की होड़ में मर्यादा और परंपरा को भूलते जा रहे हैं। भोजपुरी के नाम पर फूहड़ता परोसने का जो नाटक हो रहा है, यह ठीक नहीं है। कहा कि गीतों का असर हमारी संस्कृति एवं समाज के लोगों पर पड़ता है। इस मौके पर वीरेंद्रनाथ चौबे, डा. सुरेशचंद्र, सूर्यप्रताप यादव, संजय जायसवाल मौजूद रहे।

### औषधि निरीक्षक के निरीक्षण से मचा हड़कंप



बांसडीह। औषधि निरीक्षक ने शनिवार को कस्बे के कई मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण किया। जैसे ही उनके कस्बे में निरीक्षण की खबर मेडिकल स्टोर संचालकों को लगी, हड़कंप मच गया और आनन-फानन में कई संचालक मेडिकल स्टोर बंद करके फरार हो गये। औषधि निरीक्षक सिद्धेश्वर शुक्ला ने लगभग आधा दर्जन से अधिक दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान बड़ी मात्रा में दवाओं के सैंपल लिए गए। बड़ी बाजार स्थित दवा केंद्र मेडिकल स्टोर का निरीक्षण किया गया। कस्बे अन्य चार दुकानों में सरस्वती मेडिकल स्टोर, आकाश मेडिकल स्टोर, पूजा मेडिकल स्टोर, दिनेश मेडिकल स्टोर इत्यादि का निरीक्षण कर तीन-तीन दवाओं के सैंपल भी जांच के लिए गए। ड्रग इंस्पेक्टर ने सभी दुकानदारों को निर्देश दिए कि सभी लोग अपना-अपना लाइसेंस नियमानुसार दुकान पर लगाएं। बिना लाइसेंस कोई भी मेडिकल स्टोर संचालित नही होनी चाहिए। पकड़े जाने पर कड़ी कार्यवाही होगी। टीम में रवि पांडेय सहित अन्य लोग शामिल रहे।

### आज होगा डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ

बलिया। डिज्नीलैंड मेला का शुभारंभ सतीश चंद्र कालेज के मैदान में पांच मार्च, दिन रविवार को अपराह्न 1:45 बजे होगा। इसकी जानकारी देते हुए प्रबंधक सुजीत कुमार झा ने बताया कि इसका शुभारंभ मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त करेंगे। अगर आप परिवार या दोस्तों के साथ घूमने-फिरने का मन बना रहे हैं तो यहां आ सकते हैं। यहां लोगों के मनोरंजन के लिए कई तरह के झूले आए हैं, जो डिजनीलैंड मेले में आकर्षण का केंद्र होंगे। बच्चे और युवाओं के पसंद को देखते हुए यहां चरखी, ड्रैगन ट्रेन सहित कई मनोरंजन के साधन लगाये गये है। मेले में खाने-पीने की भी व्यवस्था होगी।

### खाद्य सुरक्षा विभाग ने चलाया चेकिंग अभियान

बैरिया। होली पर्व के मद्देनजर उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र के पत्र का संज्ञान लेते हुए खाद्य सुरक्षा निरीक्षक अनिल कुमार यादव एवं नायब तहसीलदार राजेश यादव ने शनिवार को बैरिया बाजार में दर्जनों किराना व मिठाई की दुकानों का सैम्पल लेकर उसे जांच के लिए अधिकारियों के माध्यम से सम्बंधित प्रयोगशाला में भेज दिया। खाद्य सुरक्षा निरीक्षक ने बताया कि उप जिलाधिकारी आत्रेय मिश्र ने होली के त्योहार के मद्देनजर किराना, मिठाई, खोवा, मेवा सहित अन्य खाद्य सामग्री में मिलावट की आशंका जताते हुए सघन चेकिंग अभियान एवं सैम्पलिंग का निर्देश दिया था। इसके क्रम में शनिवार को कतिपय किराना स्टोर व मिठाई के कुल आधा दर्जन दुकानों की जांच तथा सैम्पलिंग की गई। ठेला पर मिलावटी मिठाई बेचने वालों को खाद्य सुरक्षा निरीक्षक के पहले ही आने की सूचना विभागीय कर्मियों ने दे दिया था, जिससे ठेला वाले अपना दुकान बंद कर फरार हो गए थे।



# प्रदेश में माफियाओं व अपराधियों के लिए कोई जगह नहीं

**बोले वीरेन्द्र सिंह मस्त**

### पात्रों तक पहुंचाएं सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ

जनसंदेश न्यूज



**बैरिया।** स्थानीय डाक बंगला परिसर में शनिवार को भाजपा की बूथ सशक्तिकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद वीरेंद्र सिंह मस्त ने कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों का आह्वान किया कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को समाज में सबसे पिछड़े व्यक्ति तक पहुंचाने का कार्य करें। कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ होते हैं। बिना कार्यकर्ता कोई लड़ाई नहीं लड़ी जा सकती है।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। कहा कि हमारी सरकार विकास के मामले में अभूतपूर्व कार्य कर रही है। उन्होंने ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे, आरा-बलिया नई रेल लाइन, जल परिवहन, महुली में पक्का पुल, रेलवे के कई परियोजनाओं की चर्चा की। कहा कि हमारी सरकार भय, भूख एवं भ्रष्टाचार के खिलाफ कृत संकल्पित है। माफियाओं व अपराधियों की हमारे प्रदेश में कोई जगह नहीं है। इसका उदाहरण आप देख सकते हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि गांव-गरीब के संबंध में चिंता करें और उन्हें लाभ दिलवाने का प्रयास करें। इस अवसर पर विजय बहादुर सिंह, मदन सिंह, शैलेश पासवान, अश्वनी ओझा, विजय बहादुर सिंह, दिलीप गुप्ता, श्याम सुन्दर उपाध्याय, अरविन्द सिंह सेंगर, ताड़केश्वर गोड़, तेज नारायण मिश्र, उदय पासवान, पतिराम सिंह, महिमा सिंह, नंदजी सिंह, विद्या सिंह, पदुम प्रसाद गुप्ता आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता रत्नेश सिंह तथा संचालन अमिताभ उपाध्याय ने किया।

# राजकीय महाविद्यालय का निर्माण कार्य ठप



**बैरिया।** सरकार का दावा है कि विकास की रफ्तार तेज है। विकास के लिए सरकार कटिबद्ध है, लेकिन महज दो करोड़ रुपये के लिए काफी समय से राजकीय महाविद्यालय सोनबरसा का निर्माण कार्य ठप पड़ा हुआ है। आठ माह पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से कार्यदायी संस्था निर्माण निगम द्वारा उपभोग प्रमाण पत्र शासन को भेजे जाने के बावजूद शेष धन अवमुक्त नही होने के कारण निर्माण कार्य ठप हो गया है। शासन के निर्देश के बावजूद शिक्षा सत्र 2023-24 में इस महाविद्यालय में पठन-पाठन नही शुरू हो पायेगा।

इस बाबत पूछे जाने पर अवर अभियंता उत्तर प्रदेश निर्माण निगम गोविंद कुमार ने बताया कि इस महाविद्यालय का निर्माण 07 करोड़ 33 लाख की लागत से होना था। इसके निर्माण कार्य की अवधि मार्च-2023 निर्धारित की गई थी। इसके सापेक्ष में शासन द्वारा 05 करोड़ 33 लाख रुपये भेजे गए थे। वह पैसा खर्च हो चुका है। लगभग 80 प्रतिशत काम भी हो गया है। शेष धनराशि दो करोड़ रुपये मिलने के तीन महीने के भीतर कार्य पूरा करा दिया जाएगा। अवर अभियंता के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक ने इलाहाबाद कार्यालय को बकाया धनराशि देने के लिए आठ माह पूर्व जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह के माध्यम से उपभोग प्रमाण पत्र भेजा जा चुका है। अभी तक धन अवमुक्त नही हो पाया है। धन अवमुक्त होने के 90 दिन के भीतर इसे बनाकर हम लोग उच्च शिक्षा विभाग को हैंडओवर कर देंगे। दूसरी तरफ जिला विद्यालय निरीक्षक रमेश सिंह से पूछने पर बताया कि उपभोग प्रमाण पत्र निदेशक को भेजा गया है। जल्द धन अवमुक्त होने की उम्मीद है।

# सहकारिता के उत्थान के प्रति गंभीर है सरकार : नीरज कुमार

**आयोजन**

### बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के जीर्णोद्धार व कायाकल्प का लोकार्पण

जनसंदेश न्यूज



बहुद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के भवन जीर्णोद्धार का लोकार्पण करते मुख्य अतिथि

**बलिया।** सरकार की मंशा है कि सहकारी समितियों को आर्थिक रूप से स्वावलंबी बनाने के साथ ही समिति के सदस्यों एवं किसानों का आर्थिक उन्नयन सुनिश्चित किया जाए। इसी परिपेक्ष्य में भारत सरकार ने समस्त साधन सहकारी समितियों का नया नाम रखा है, जिसे अब बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति के नाम से जाना जाएगा।

उक्त बातें सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियां बलिया नीरज कुमार ने व्यक्त किया। वह बतौर मुख्य अतिथि साधन सहकारी समिति सुखपुरा के नए नामकरण, भवन के जीर्णोद्धार एवं कायाकल्प का लोकार्पण कर रहे थे। कहा कि भारत सरकार भी सहकारिता के उत्थान के प्रति गंभीर है। यही कारण है कि केंद्र में पहली बार सहकारिता विभाग खोला गया है।

सरकार द्वारा निर्देशित यह नियम पहली अप्रैल से प्रभावी हो जाएगा। एडीसीओ बांसडीह वीरेंद्र सिंह व शाखा प्रबंधक जिला सहकारी बैंक सुखपुरा कुंवर बहादुर सिंह ने भी किसानों को संबोधित किया। समिति के अध्यक्ष विजय शंकर सिंह व सचिव संजीव कुमार ने मुख्य अतिथि को सम्मानित किया।

इस अवसर पर प्रधान अभिमन्यु चौहान, सुरेश सिंह, अरविंद सिंह, गिरिजा शंकर सिंह, पारसनाथ सिंह, विक्रमा राम, छबीला यादव, मुलायम यादव, राजदेव प्रसाद, पारस चौहान, मोबिन आलम आदि मौजूद रहे। अध्यक्षता सभापति विजय सिंह तथा संचालन संजीव कुमार ने किया।

# मरीजों से बातचीत करके लिया फीड बैक



पीएचसी मुरलीछपरा का निरीक्षण करते डॉ. संजय एवं डॉ. रंजय

**बैरिया।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरलीछपरा पर सरकार द्वारा चलाये जा रहे कायाकल्प योजना का आजमगढ़ से आये डा. संजय एवं बलिया के डा. रंजय ने शनिवार को बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल परिसर में भवन, स्वास्थ्य कर्मियों की कार्य प्रणाली, दवाईयों का रख-रखाव, पेयजल, सेफ्टी पिट, लैब, लेबर रूम आदि का निरीक्षण किया। लगभग दो घंटे के निरीक्षण में अधिकारियों ने कायाकल्प से सम्बंधित सभी बिंदुओं पर जांच के बाद कई मरीजों से बातचीत कर अस्पताल का फीड बैक लिया। दोनो चिकित्सक परीक्षण से संतुष्ट होकर वापस चले गए। गौरतलब है कि पिछले वर्ष प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरली छपरा को बेहतर कार्य प्रणाली को लेकर राज्य सरकार ने पचास हजार की धनराशि से सम्मानित किया था। इस अवसर पर प्रभारी डा. देवनीति सिंह, डा. सुमन मिश्र, डा. एसएन पाण्डेय, डा. आनंद शर्मा, डा. एनएन शुक्ला, मनोहर केशरी, समर बहादुर यादव, पूनम, रामसूरत, सुनीता, सतेंद्र आदि मौजूद रहे।

## तमंचा व कारतूस के साथ शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को थाना कोपागंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर जहनियापुर मोड़ के पास से रूस्तम पुत्र सोहनलाल निवासी सहरोज थाना कोपागंज जनपद मऊ के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद कर गिरफ्तार किया गया। इस सम्बन्ध में उक्त अभियुक्त के विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 61/23 धारा 3/25 आयुद्ध अधिनिमय का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

## छींटाकशी करने वाला एक अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** शनिवार को थाना घोसी पुलिस एन्टी रोमियों टीम द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान नदोखर पोखरा शिव मन्दिर के पास से, राह आने जाने वाली लड़कियों/महिलाओं को देखकर अश्लील हरकत/छिटाकसी करने वाला अभियुक्त विक्रम कुमार पुत्र राजेन्द्र निवासी बड़राव थाना घोसी जनपद मऊ को गिरफ्तार किया गया तथा उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुअसं 89/23 धारा 294 भादवि. का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।

# नगर निकायों ने पिछड़ा वर्ग आयोग को सौंपी रिपोर्ट

**मांग**

### 1995 से अब तक के आरक्षण की ली गई जानकारी

जनसंदेश न्यूज

**नये आरक्षण का हो रहा इंतजार**

**बलिया।** जिले में दो नगर पालिका एवं 10 नगर पंचायत है। वैसे, दो नगर पंचायत रतसर कलां एवं नगरा में पहली बार चुनाव होगा। इसके अलावा बलिया व रसड़ा नगर पालिका के साथ ही नगर पंचायत सहतवार, रेवती, बांसडीह, मनियर, बैरिया, सिकंदरपुर, बेल्थरारोड, चितबड़ागांव है। बलिया, सहतवार एवं बांसडीह अभी तक पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित नहीं हुआ है। अब देखना यह होगा कि पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट में जिले के नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों के लिए नये आरक्षण में क्या होता है?

**बलिया।** पिछड़ा वर्ग आयोग को बलिया के नगर पालिकाओं एवं नगर पंचायतों से रिपोर्ट सौंपी गई है। पिछले 23 फरवरी को पिछड़ा वर्ग आयोग के साथ निकायों के आरक्षण को लेकर वाराणसी में वाराणसी एवं आजमगढ़ मंडल के अधिकारियों की बैठक हुई थी। इसमें जिले के सभी नगर पंचायतों एवं नगर पालिकाओं से जुड़े आरक्षण के बाबत जानकारी ली गई।

1995 से अब तक नगर निकायों में क्या आरक्षण रहा है? तथा सामान्य सीट पर किन-किन जातियों के चेयरमैन एवं सभासद चुने गये। इनके बाबत भी जानकारी ली गई। उप्र राज्य स्थानीय निकाय समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति राम अवतार सिंह, सदस्य बृजेश कुमार ने 23 फरवरी को वाराणसी में अधिकारियों के साथ बैठक की थी। उन्होंने आरक्षण के बाबत जानकारी ली थी। इसके बाद वह अन्य मंडलों में आयोजित बैठक में शामिल हुए।

इसमें यह भी जानकारी मिली थी कि अन्य पिछड़ा वर्ग के प्रतिनिधित्व के संबंध में अनुभाविक जांच एवं अध्ययन के साथ निकायवार तथा अनुपातिक आरक्षण के बाबत समकालीन आख्या के लिए यदि किसी व्यक्ति/संस्था/पार्टी को अपना पक्ष प्रस्तुत करना है तो वह लिखित-मौखिक आकलन आयोग के समक्ष प्रस्तुत कर सकते है।

इससे वास्तविक निष्कर्ष तक पहुंचा जा सके। वैसे, पिछड़ा वर्ग आयोग ने निर्णय किया है कि उप्र के सभी जिलों से नगर निकायों के प्रतिनिधि मसलन मेयर, उप मेयर, पूर्व मेयर, पूर्व उप मेयर, नगर पालिका के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, पूर्व नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, नगर पंचायत के अध्यक्ष व सदस्य एवं कुछ जातीय संगठनों/संस्थों के पक्ष-विपक्ष के प्रतिनिधियों का मत राजनीतिक आरक्षण के संदर्भ में जाना जाय। पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक के बाद अब निकाय चुनाव लड़ने वाले दावेदार निर्णय का इंतजार कर रहे है। अब देखना यह होगा कि निकाय चुनाव का बिगुल कब बजता है।

वैसे, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि अप्रैल या मई माह में निकाय चुनाव होंगे। वैसे, सुप्रीम कोर्ट में सरकार को ओबीसी आरक्षण का पक्ष 31 मार्च तक प्रस्तुत करना है। चर्चा यह है कि 31 मार्च से पहले ही पिछड़ा वर्ग आयोग सरकार को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

**संक्षेप**

## धार्मिक परंपरा के अनुरूप होली मनाने की अपील

**बांसडीह।** स्थानीय कोतवाली परिसर में होली एवं शबे बरात के त्यौहार को सकुशल तथा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए शांति समिति की बैठक उपजिलाधिकारी राजेश गुप्ता की अध्यक्षता में हुई। उपजिलाधिकारी ने परंपरागत तरीके से आपसी भाईचारे के साथ धार्मिक भावनाओं के अनुरूप होली मनाने की अपील की। इसके अलावा साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था में शिकायत मिलने के बाद तत्काल अधिशासी अधिकारी को उसे दुरुस्त करने के लिए निर्देशित किया। क्षेत्राधिकारी राजेश तिवारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों व समाजसेवियों से शांति ब्यवस्था बनाए रखने की अपील की। कहा कि अपराध नियंत्रण के प्रत्येक मामले में आप सभी के सहयोग की अपेक्षा है।

कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कोतवाल योगेंद्र प्रसाद सिंह ने कहा कि होली के बहाने हुडदंग करने एवं अफवाह फैलाने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी। डीजे नहीं बजेगा। डीजे बजाते हुए पकड़े जाने पर साउंड बाक्स, मशीन सेट जब्त कर उसके संचालक तथा अन्य पर कानूनी कार्रवाई होना तय है। मौके पर अभिषेक मिश्रा मिंटू, अनिल यादव, ध्रुप तिवारी, दया राजभर, संजीत यादव, हीरालाल वर्मा, दीवान, सुभाष ओझा, सुरेश प्रजापति, नीतिश पांडेय रंजन, दिवाकर, गोपाल गुप्ता, लुकमान अंसारी, मुजीबुर्रहमान, शैलेश सिंह आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक नेता को मातृ शोक, दी श्रद्धांजलि

**बेरुआरबारी।** क्षेत्र के ग्राम पंचायत करम्मर निवासी पूर्व प्रधानाचार्य श्यामा सिंह की पत्नी एवं प्राथमिक शिक्षक संघ के संयुक्त मंत्री डा. सत्यकुमार सिंह की माता ललीता देवी (79) का अचानक हृदयगति रुकने से निधन हो गया। इसकी खबर मिलते ही गांव सहित पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। उनके अंतिम दर्शन के लिए लोगों का तांता लग गया। उनका अंतिम संस्कार बलिया गंगा घाट पर किया गया। शोक संबेदना व्यक्त करने वालो में मुख्य रूप से प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष जितेंद्र प्रताप सिंह, मंत्री संजय दूबे, शैलेन्द्र यादव, व्यासमुनी यादव, मनोज यादव, सत्यप्रकाश, वंदना दूबे, शशिभूषण सिंह, दुष्यन्त सिंह, रासबिहारी, हरिबंश शुक्ला, संतोष सिंह, मुन्ना चौरसिया, मनोज कुमार, प्रधानाचार्य आशीष सिंह, प्रदेश प्रवक्ता सुनील सिंह आदि रहे।

**संक्षेप**

## सड़क चौड़ीकरण व पुनरुद्धार कार्य का हुआ शुभारम्भ

**मुहम्मदाबाद गोहना, मऊ।** मुहम्मदाबाद गोहना तहसील क्षेत्र में कई वर्षो से खराब वलीदपुर से जीयनपुर रोड का चैड़ीकरण एवं पुनरुद्धार कार्य शनिवार को शुरू हो गया। जिससे क्षेत्रवासियों में काफी खुशी का माहौल है। भाजपाइयों के साथा साथ साथ सामाजिक कार्यकताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर प्रसन्नता ब्यक्त किया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत लगभग 7करोड़ 53 लाख रुपए की लागत से 5 किलोमीटर लंबी सड़क की मरम्मत की मांग करीब डेढ़ दशक से की जा रही थी। अब जबकि क्षेत्रीय जनता की मांग पूरी होने की उम्मीद बढ़ने से क्षेत्रवासियों में काफी खुशी है। शनिवार को कार्य प्रारंभ हुआ तो मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेत्री पूनम सरोज और डॉ उमेश सरोज आदि ने मौके पर जाकर चैड़ीकरण कार्य का उद्घाटन किया। मुहम्मदाबाद गोहना घोसी रोड से वलीदपुर होकर आजमगढ़ जनपद की सीमा तक जाने वाला रोड काफी जर्जर और खराब है। 15 वर्षों से इसकी मरम्मत की मांग की जा रही थी। शनिवार को 5 किलोमीटर लंबी सड़क के चैड़ीकरण और पुनरुद्धार कार्य का शुभारंभ हुआ। एफडीआर तकनीक से बनने वाली उक्त सड़क के लिए लगभग 2 साल पहले ही 7 करोड़ 53 लाख 47 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई थी। लगभग दो साल बाद अब पूरी प्रक्रिया पूरी होने के बाद शनिवार को मौके पर पहुंची जेसीबी ने सड़क के चैड़ीकरण के लिए मिट्टी डालने का कार्य शुरू किया तो मौके पर दर्जनों लोग जुट गए और सड़क निर्माण को लेकर संतोषजनक जताया। इस अवसर पर विनोद मिस्त्री, मोहम्मद यासीन, मोहम्मद यजदानी, प्रमोद सोनकर, पूर्व प्रधान अनवार अहमद समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## बृहद रोजगार मेले का आयोजन 15 मार्च को

**मऊ।** जिला सेवाजोजन अधिकारी ने बताया कि जिला सेवायोजन कार्यालय, राऔप्र संस्थान एवं कौशल विकाश मिशन मऊ के संयुक्त तत्वावधान में जनपद के बेरोजगार युवाओं को निजी क्षेत्र में सेवायोजित करने के उद्देश्य से 15 मार्च को प्रातः 10 वृहद रोजगार मेले का आयोजन शहीद अक्षैबर मल्ल महिला महा विद्यालय, मधुवन मऊ के परिसर में किया जा रहा है। जिसमें निजी क्षेत्र की कैरियर ब्रीज स्किल सलूशन, पीपल ट्री ऑनलाईन, डुस्की स्टालियन कंसलटेन्सी सर्विसेज प्रालि., प्रेरणा इनोवेटिव सलूशन प्रालि., जयभारत मारूति लिमिटेड (आटो मोबाईल), होण्डा आटो मैनेजमेंट सर्विस, निव्या इन्फ्रास्ट्रक्चर टेलीकॉम सर्विस, न्यु एक्वा आरओ सिस्टम, महिद्रा आटो मेन पावर सर्विस, ब्राइट फ्यूचर आर्गेनिक हर्बल्स एंड आयुर्वेदिक प्रालि., मैनकाइन्ट हेल्थ केयर सर्विस आदि 14 टेक्निकल व 5 से अधिक नॉनटेक्निकल कुल 20 से अधिक कम्पनियों की 3000 रिक्तियां पोर्टल पर प्राप्त हो चुकी हैं तथा उक्त कम्पनियों द्वारा अपनी रिक्तियों के सापेक्ष बेरोजगार अभ्यर्थियों को उनकी योग्यता के अनुरूप रोजगार प्रदान करने की कार्यवाही साक्षात्कार के माध्यम से की जायेगी। रोजगार मेले में जनपद के हाईस्कूल, इण्टरमीडिएट, स्नातक स्नाकोत्तर, आईटीआई व डिप्लोमा उत्तीर्ण वेरोजगार पुरुष व महिला अभ्यर्थियों द्वारा अपनी एडमिन से संबंधित कम्पनियों में सेवायोजन पोर्टल से आवेदन करते हुए शैक्षिक योग्यता प्रमाण पत्र के साथ प्रतिभाग किया जायेगा।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई मां दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा

**इंदारा, मऊ।** कोपागंज विकास खण्ड अदरी नगर पंचायत के इंदारा स्टेशन रोड वार्ड चार के जन कल्याण श्री दुर्गा पूजा समिति मन्नत वाली माता मन्दिर के प्रागंण में वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ दुर्गा प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा करायी गयी। मूर्ति स्थापना से पूर्व गाजे बाजे के साथ गॉव की कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली। इस दौरान जयघोष के नारों से वातावरण गुंजायमान हो गया। मंदिर परिसर में बैठी महिलाओं ने मां दुर्गा के भक्तिमय गीत गाये। शुक्रवार की शाम यज्ञाचार्य आचार्य अमित पाण्डेय ने श्रद्धालुओं के साथ वैदिक मन्त्र के साथ हवन की शुरूआत की। सनातन धर्म में देव उपासना के लिए प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान में विशेष पूजा की जाती है। मूर्ति को स्थापित करने से पहले सर्वतोभद्र, षोडश मातृका एवं नवग्रह पीठ स्थापित कर गणेश पूजन एवं कलश स्थापना के साथ विधिवत पूजन किया गया। पीठ पर अधिष्ठित आह्वाहित देवताओं के पूजन के बाद पहले दिन देव प्रतिमाओं का जलधिवास कराया जाता है। जिसके तहत मूर्तियों को जल से भरे हुए विशाल पात्रों में शयन कराया जाता है। दूसरे दिन गेहूं धान आदि अन्न के भंडार में ढ़ककर अन्नाधिवास होता है। फलाधिवास, घृत में आवास, शय्याधिवास का क्रम पूरा करने के बाद नेत्र उद्घाटन के लिए मंत्र पाठ करने के बाद अभिषेक पूर्वक षोडशोपचार पूजन संपन्न कर देव प्रतिमाओं को यथा स्थान प्रतिष्ठित कर दिया जाता है। आचार्य अमित पाण्डेय ने बताया कि मूर्तियों में मंत्रों की शक्ति से जब प्राण प्रतिष्ठा होती है तो उनमें देवत्व का प्रवेश होता है जो विधिवत पूजा से फलदायी होती हैं।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह अभियान के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

**मऊ।** शनिवार को अपर जनपद न्यायाधीश सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अभिनय कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में तत्वबोध इंटर कॉलेज पुरानी तहसील सहादतपुरा में अंतर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह अभियान षनिवार से 11 मार्च के तहत विधिक जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया। जागरुकता शिविर के दौरान वक्तागण द्वारा उपस्थित महिला शिक्षिकाओं, महिला पुलिसकर्मियों, महिला स्वास्थ्य कमीर्यों एवं छात्रओं को भारतीय संविधान में वर्णित महिला के अधिकारों एवं संरक्षण के बाबत प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी।



महिलाओं के विभिन्न प्रकार की समस्याओं के सामाधान हेतु जनपद में स्थापित सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं, विधिक अधिकारों, महिला हेल्प लाइन, वन स्टाफ सेन्टर, व अन्य सहायक संस्थानों व महिला की समस्याओं के समाधान हेतु पुलिस, प्रशासन न्यायिक व्यवस्था में उपलब्ध समाधान के बारे में भलि भाति अवगत कराया गया। बालिकाओं एवं महिलाओं के हितो की रक्षा हेतु भारतीय दण्ड संहिता 1860, घरेलू हिंसा अधिनियम 2005 के उन प्रावधानों से अवगत कराया गया जो कि महिलाओं एवं बालिकाओं क हित संरक्षण हेतु हैं। शिविर के दौरान लीगल एड डिफेन्स काउंसिल सिस्टम, स्थायी लोक अदालत, वन स्टॉप सेन्टर, बाल संरक्षण इकाई के प्रतिनिधि शिक्षक गण चिकित्सकगण, छात्राएं, प्रभारी अधिकारी महिला थाना, महिला पुलिस कर्मी पैरा लीगल वालंटियर एवं आम जनमानस आदि अन्य उपस्थित रहे।

## दो शातिर लुटेरे गिरफ्तार मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाइक बरामद

**मऊ।** शनिवार को थाना चिरैयाकोट पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर रामनवल डिग्री कालेज मोड़ से मोटरसाइकिल सवार दो शातिर अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से एक लूट की मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में उक्त गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा अपना नाम क्रमशः सचिन कुमार पुत्र अमित कुमार, सरोज चैहान पुत्र बदन चैहान निवासीगण भीखमपुर थाना चिरैयाकोट जनपद मऊ बताया गया तथा बरामद मोबाइल के सम्बन्ध में बताया गया कि उक्त मोबाइल हम लोग 25 फरवरी 2023 को साइकिल सवार व्यक्ति से ब्रम्ह स्थान नासिरपुर के पास से छिना था तथा छिनैती के घटना में इसी मोटरसाइकिल होण्डा यूनिकार्न को उपयोग किये थे। इस सम्बन्ध में पूर्व में पंजीकृत अभियोग मुअसं 30/23 धारा 392 भादवि. में धारा 411 भादवि. की बढोत्तरी कर अभियुक्तगण का चालान न्यायालय किया गया तथा बरामद मोटरसाइकिल को अन्तर्गत धारा 207 एमवी एक्ट सीज किया गया।

# होली में करना चाहिए हर्बल रंगों का प्रयोग

**बोले डॉ. अनिल कुमार**

### त्वचा को नुकसान पहुंचाते है रंगों में प्रयोग होने वाले रसायन

**सिकंदरपुर।** होली रंगों का पर्व है। यह स्वयं के साथ दूसरों को रंगीन करने का त्योहार है। रंगोत्सव में रंगों से किसी का दूर रह पाना मुश्किल होता है। पर्व पर जितना रंग खेलना जरूरी है, उतनी ही आवश्यकता रंगों से त्वचा की सुरक्षा करना भी है। कारण कि कुछ रंग त्वचा पर विपरीत असर डाल सकते हैं और परेशानी का सबब बन सकते हैं।

ललित होमियो सदन से डा. अनिल कुमार ने कहा कि होली पर्व पर रंग खेलने के पहले कुछ तैयारी करके और सावधानी बरत कर हम कई गंभीर त्वचा के रोगों से बच सकते है। उन्होंने कहा कि होली खेलते समय सावधानी बरतकर भी त्वचा पर होने वाले दुष्प्रभाव को रोका जा सकता है। होली खेलने में हर्बल रंगों या आर्गेनिक रंगों का ही प्रयोग करना चाहिए। पर्याप्त मात्रा में पानी पीते रहना चाहिए। डा. अनिल ने कहा कि रंगों में प्रयोग वाले रसायन त्वचा को भारी नुकसान पहुंचाते हैं। अगर शरीर पर रंग पड़ने अथवा लगने के पूर्व त्वचा और बालों पर अच्छी तरह से तेल लगा लिया जाए तो रंगों से त्वचा एवं बाल पर होने वाले कुप्रभाव को रोका जा सकता है। तेल से बेहतर उबटन होता है। नाखूनों को रंग से सुरक्षित रखने के लिए नेल पालिश लगा लेना चाहिए। होंठों की सुरक्षा के लिए वैसलीन लगा लेना चाहिए।

**रंग खेलने से बचे अस्थमा के रोगी**

**सिकंदरपुर।** डॉ. अनिल कुमार गुप्ता ने बताया कि रंग लगने से त्वचा में जलन होने पर तुरंत ठंडे पानी से धो लेना चाहिए। अस्थमा और धूल की एलर्जी हो तो सूखे रंगों से ही होली खेलना चाहिए। होली खेलने के बाद सबसे पहले सूखे ब्रश से सिर और शरीर के अंगों को साफ करना चाहिए। रंगों को छुड़ाने के लिए गर्म पानी का प्रयोग करना चाहिए। सिर के बालों के रंगों को छुड़ाने के लिए बेबी शैंपू का ही प्रयोग करना चाहिए।

# रंग बरसे भीगे चुनर वाली डीजे धुन पर थिरकी हजारों छात्राएं



**दोहरीघाट, मऊ।** पार्वती महिला पीजी कालेज में जहां बसंतोत्सव की धूम चल रही है वहीं कालेज के गुरूजनो व छात्राओ ने परीक्षा खत्म होते ही होली के रंग मे सराबोर हो गयी। कालेज के प्रांगण डीजे धुन पर जमकर थिरकी तथा आपस में होली खेली तथा एक दुसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

सुबह से ही एक मेज पर हर रंग के गुलाल सजा कर रखे गये थे जैसे ही कोई गुरूजन कालेज में प्रवेश करता था होली है कहकर उसके ऊपर अबीर गुलाल लगा दिया जाता था। जो शिक्षिकाए रंग देख भागती थी उनको कालेज की शिक्षिका सुधा गुप्ता रीता मिश्रा वैशाली दौड़ाकर कालेज परिसर में अबीर गुलाल से लाल कर देतीं थी। कालेज के प्रागंण मे ही होली बसंतोत्सव का कार्यक्रम रखा गया था तथा रंग बिरंगे गुलाल का स्टाल लगाया गया था। जैसे डीजे की धुन बजी रंग बरसे भीगे चुनर वाली का गाना बजा फिर हजारो छात्राओ ने समूह नृत्य कर होली के खुमार मे रंग गयी फिर क्या था खइके पान बनारस वाला समेत आदि गानो पर नृत्य कर धमाल मचा दिया तथा खुब गुलाल उड़ाते हुए एक दुसरे को गुलाल लगाया। वही कालेज की प्राचार्य डा रंजना द्विवेदी ने कहा कि यह पर्व एक उमंग का त्यौहार है जिससे मन हर्षित हो जाता है हर रंगों का मेल ही तो हमें यह बताता है कि हमारा परस्पर मेल यही है हम सारे गिले शिकवे भुलाकर एक दुसरे से गले मिलें। वही होली मिलन समारोह में डॉ रंजना द्विवेदी, डॉ विपिन बिहारी द्विवेदी, अनिरुद्ध द्विवेदी, डॉ दुर्गेश मिश्रा, डॉ आराधना तिवारी, डॉ प्रवीणा, डॉ नमिता उपाध्याय, नीरज मिश्रा, शिव कुमार शुक्ला, डॉ सुनील कुमार त्रिपाठी, रामाशीष मौर्या, अनुपम गुप्ता, अंचला, हर्षिता, शालिनी, प्रीति, प्रिया आदि।

## होली उत्सव कार्यक्रम का आयोजन



**मऊ।** आदेडिह स्थित आरबी मेमोरीयल पब्लिक स्कूल में शनिवार को होली उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। बच्चों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की मस्ती की। कार्यक्रम में नर्सरी से लेकर कक्षा आठ तक के बच्चों ने रंगों के पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम मे विद्यालय प्रबंधक शोभित सिंह, प्रधानाचार्या संतोष पांडेय शिक्षक संगीता सिंह, सुधा सिंह, रिंकी तिवारी साधना गुप्ता, साधना सिन्धि, निकिता सिंह, रूपा केडिया, नन्दिनी मौर्या, गोविन्द कुमार, नवीन यादव, राज आलवानी, आदिल जीया व कृष्ण किशोर उपस्थित थे। कार्यक्रम में अभिभावको को भी आमंत्रित किया गया था जिसमे उन्हें गेम्स खिलाया गया और सभी ने उस खेल को मजे से खेला और अंत में बच्चों को प्रोत्शाहित भी किया।

# बलिया में आठ को मनायी जाएगी होली

**बलिया।** फाल्गुन शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा को प्रदोष काल में तथा भद्रा रहित शुद्ध पूर्णिमा तिथि में होलिका दहन का कृत्य करना चाहिए। यदि इस दिन भद्रा रहित शुद्ध पूर्णिमा तिथि का अभाव हो तो भद्रा के मुख को त्यागकर भद्रा के पुच्छ में होलिका दहन करना चाहिए। समस्त धर्मशास्त्रों में भद्रा में होलिका दहन का निषेध है। क्योंकि भद्रा में होलिका दहन करने से राष्ट्र व शासक का नाश होना कहा गया है।

आचार्य डॉ. अखिलेश कुमार उपाध्याय ने बताया कि फाल्गुन पूर्णिमा छह मार्च, सोमवार को शाम तीन बजकर 57 मिनट से प्रारंभ होगी, जो सात मार्च को शाम पांच बजकर 39 मिनट तक रहेगी। यहां सूर्यास्त शाम छह बजकर 10 मिनट के बाद होगा। वहां छह मार्च को होलिका दहन होगा। जहां सूर्यास्त छह बजकर 10 मिनट के पहले होगा, वहां होलिका दहन सात मार्च, सोमवार की रात्रि मध्यरात्रि में होगा। इसलिये होलिका दहन सोमवार को 6/7 मार्च को भद्रा के पूंछ में मध्यरात्रि 12 बजकर 23 मिनट से रात्रि एक बजकर 35 मिनट के मध्य होगा। सात मार्च को होली काशी में मनायी जाएगी।


बलिया में होली आठ मार्च को मनायी जाएगी। बताया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मध्यप्रदेश, उत्तर पूर्वी, छत्तीसगढ़, झारखंड, बिहार, उड़ीसा, असम आदि भारत के पूर्वी राज्यों में सात मार्च को होलिका दहन होगा। इसके अगले दिन आठ मार्च को काशी के अलावा धुलंडी का त्योहार मनाया जाएगा।

**छह को होगा होलिका दहन**

**बलिया।** पूरा राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, उत्तर पश्चिम, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल सहित अधिकांश भारत में छह मार्च को होलिका दहन होगा।

# नशीला पदार्थ खिलाकर साठ हजार की लूट

जनसंदेश न्यूज



**सैदपुर।** क्षेत्र के कैथी स्थित एक ढाबे पर अज्ञात जहरखुरानों ने ट्रक ड्राइवर व खलासी को नशीला पदार्थ खिलाकर उनके पास से 60 हजार रुपये लूट लिए। जिसके बाद हड़कम्प मच गया। फौरन दोनों को अचेत अवस्था में लेकर सैदपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एम्बुलेंस पहुंची। जहां उनका उपचार किया गया।

जमानियां के मतसा निवासी 23 वर्षीय दीपक यादव पुत्र अभय नारायण ट्रक ड्राइवर है और वो खलासी 22 वर्षीय अंकित पुत्र रविन्द्र के साथ गिट्टी लेने डाला जा रहे थे। भूख लगने पर वो कैथी में ढाबे पर रुके, वहां खाना खाने के दौरान बगल की टेबल पर मौजूद दो अज्ञात युवकों ने पानी का जग बदल दिया। इसके बाद खाना खाकर दीपक व अंकित ट्रक में चढ़ने लगे तभी उनकी हालत बिगड़ने लगी। ट्रक में चढ़ने के बाद वो अंदर ही अचेत हो गए। इसके बाद जहरखुरान दीपक की जेब से 60 हजार रुपया लेकर फरार हो गए। दोनों को अस्पताल लाया गया। जहां उनका उपचार हुआ। एक व्यक्ति ने बताया कि दिन पूर्व भी इसी तरह की घटना हुई थी। सम्भवतः ये कोई नया गिरोह है जो फिल्मी स्टाइल में शिकार बनाता है।

## बबूल के पेड़ से गिरकर अधेड़ की गई जान

**कासिमाबाद।** कोतवाली क्षेत्र के बहरामपुर गांव में शुक्रवार के दिन बबूल के पेड़ की टहनियों की छाटन के दौरान एक अधेड़ व्यक्ति गिर कर बुरी तरह घायल हो गया। आस-पास काम कर रहे मजदूरों की सूचना पर परिजन घायल अधेड़ व्यक्ति को इलाज के लिए जनपद मऊ जिला अस्पताल ले गए जहां इलाज दौरान मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के बहरामपुर गांव निवासी राधेश्याम यादव (68) शुक्रवार के दिन अपने गांव के दक्षिणी छोर खेत में बबूल के पेड़ की टहनियों पर चढ़कर छाटन का कार्य करने के दौरान खेत में गिरकर घायल हो गए। अस्पताल में इलाज के दौरान उनकी मौत हो गइ। परिवार के लोग शव घर ले आए और पुलिस को सूचना दिए बगैर शव का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक राधेश्याम यादव खेती कर जीविकोपार्जन करते थे। उनके दो पुत्रों में बड़ा पुत्र रामआशीष यादव और छोटा पुत्र अच्छेलाल यादव हैं जो मजदूरी कर जीविकोपार्जन करते हैं। मृतक की पत्नी कलावती देवी सहित परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।


# सब्जी व्यवसाई बना अरबपति

**आयकर की नोटिस**

**खाता में आए 172 करोड़ 81 लाख 59 हजार 153 रुपए**

जनसंदेश न्यूज

**सेवराई।** क्षेत्र के एक सब्जी विक्रेता की रातोंरात किस्मत बदल गई। किस्मत सिर्फ एक दिन के लिए बदली। दूसरे दिन उसके खाते में आए अरबों रूपए की वापसी की कार्रवाई में बैक जुट गई। सेवराई तहसील के गहमर गांव निवासी सब्जी व्यवसाई विनोद रस्तोगी रातोरात अरबपति बन गया। इसके बाद उसकी रातों की नींद व दिन का चैन छिन गया । गजब तो तब हुआ जब सब्जी व्यवसाई के यहां आयकर विभाग का नोटिस आया। नोटिस आते ही व्यवसाई का होश उड़ गया। व्यवसाई जब विभाग पहुंचा तो उसके पैरों तले की जमीन ही खिसक गई। अधिकारियों ने बताया कि उसके खाता में एक दो करोड़ नहीं बल्कि एक सौ बहत्तर करोड़ इक्यासी लाख उनसठ हजार 153 रुपये है। तो सब्जी व्यवसाई अवाक रह गया और उसने बताया कि खाता में आया पैसा उसका नहीं है। गहमर थाना निरीक्षक पवन कुमार उपाध्याय ने बताया कि मामला साइबर क्राइम का है। इसलिए उसे साइबर सेल भेजा गया है। पूरे मामले की जांच पड़ताल करने के बाद इसका खुलासा किया जाएगा।



आयकर विभाग द्वारा व्यवसाई को भेजी गई नोटिस।

### दस्तावेज के साथ धोखाधड़ी कर खुलवाया खाता

गहमर गांव के मैगर राय पट्टी निवासी विनोद रस्तोगी शुक्रवार को गहमर थाना पहुंचा। उसने बताया कि उसके आधार और पैन कार्ड का किसी ने दुरुपयोग कर खाता खोल लिया है । उसके खाते में एक बड़ी राशि चेक के माध्यम से जमा की गई है। जब आयकर विभाग द्वारा मुझे टैक्स अदा करने की नोटिस आई। तो मुझे इस बात की जानकारी हुई। मेरे दस्तावेज के साथ धोखाधड़ी कर खाता खुलवाया गया है । विनोद रस्तोगी का कहना था कि ना तो मेरा यह खाता है और न ही खाता में पड़े मेरे रुपये हैं । गहमर थाने से उसे जिला मुख्यालय साइबर सेल जाने को कहा गया।

## संक्षेप

### लूटकांड में शामिल महिला गिफ्तार



**रेवतीपुर।** पुलिस ने वांछित वारण्टी लूट में धारा 304 से सम्बन्धित अभियुक्ता मीना देवी पत्नी अमीका राम निवासी ग्राम नौली थाना रेवतीपुर जनपद (42) को उसके घर ग्राम नौली से शनिवार को हिरासत पुलिस में लिया गया। जिसे सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक शहिर सिद्धिकी कांस्टेबल महेश,विनोद, पूजा कार्रवाई में सम्मिलित रहे।

### डंपर के धक्के से गिरा पेड़, आवागमन बाधित



**जखनिया।** स्थानीय कस्बे में सुबह सब्जी मंडी रोड पर डंपर से धक्का लगने से पाकड का पुराना पेड़ बीच सड़क में गिर गया जिससे घंटों आवागमन बाधित रहा। कस्बे के सब्जी मंडी रोड रेलवे के किनारे होने की वजह से हमेशा जाम लगा रहता है। इसी सड़क पर बड़ा डंपर आने की वजह से डंपर का ऊपरी हिस्सा पेड़ में फंस गया जिससे डंपर न आगे जा रहा था न ही पीछे किसी तरह डंपर निकालने के चक्कर में पूरा पेड़ जड़ से ही उखड़ कर सड़क पर गिर गया वह तो संजोग अच्छा था कि सुबह का समय था अन्यथा कई लोग घायल हो जाते।

### अज्ञात युवक ने गंगा में लगाई छलांग, नहीं लग सका सुराग

**सैदपुर।** नगर के बूढ़ेनाथ महादेव घाट पर लगे जेट्टी से शुक्रवार की देर रात करीब साढ़े 9 बजे अज्ञात युवक नदी में कूद गया। जिसके बाद एक व्यक्ति ने उसे कूदते हुए देखा तो तत्काल स्थानीय लोगों को सूचना दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। वहां पर उसका भूरे रंग का पैंट, चप्पल, सिगरेट, खैनी आदि पड़े थे। घाट पर मौजूद एक व्यक्ति ने देखा कि एक युवक नदी में कूद गया, जिसके बाद उसने तत्काल लोगों को बताया। हालांकि रात ज्यादा होने से कुछ पता नहीं लग सका कि नदी में किसने छलांग लगाई थी। पुलिस अगले दिन तलाश करने की कोशिश की लेकिन पता नहीं लगा।

### एसडीएम के निर्णय से ठेकेदारों में खलबली

**कासिमाबाद।** ग्रामीण क्षेत्रों में हो रहे सड़क निर्माण में जमकर धांधली की जा रही है। सड़क निर्माण शुरू होते ही भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया। एक ओर सड़क के निर्माण कार्य से जहां ग्रामीणों को खुशी मिली थीए वहीं भ्रष्टाचार के कारण पल भर में काफूर हो गई। मानक विहीन निर्माण का ग्रामीणों ने विरोध कर प्रदर्शन कियाए लेकिन लोक निर्माण विभाग के अवर अभियंता पर कोई असर नहीं दिखा। ग्रामीणों के विरोध पर कार्य रोक दिया गया। तहसील क्षेत्र के गोविंदपुर महाहर कासिमाबाद संपर्क मार्ग से खजुर गांव जाने वाले मार्ग के सड़क निर्माण में धांधली को लेकर ग्रामीणों के द्वारा धरना प्रदर्शन कर जांच की मांग की थी। ग्रामीणों का आरोप है कि इस सड़क के निर्माण में आठ लाख 48 हजार रुपए उतार लिया गया है। सड़क जस की तस टूटी फूटी है । अधिकारी बता रहे हैं कि मढही से सागर राम के घर तक सड़क बनाई गई है। लेकिन अधिकारियों की बात लोगों के गले नहीं उतर रही है। क्योंकि जिस सड़क के लिए पैसा आया वह सड़क बनी ही नहीं। वहीं ग्रामीणों के द्वारा प्रदर्शन कर कार्य रोकने के मामले को संज्ञान में लेते हुए मौके पर एक्सईएन एसपी सिंह ने स्थलीय निरीक्षण कर बताया कि इस सड़क निर्माण के लिए 13 लाख नौ हजार रुपए स्वीकृति हुआ था। यह आरोप निराधार है। स्वीकृति के पैसे की लागत से सड़क बन चुकी है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद शनिवार को उपजिलाधिकारी कासिमाबाद वीर बहादुर यादव ने इसे गंभीरता से लेते हुए बताया कि पूर्व में आई धनराशि की जांच होगी। एसडीएम के इस निर्णय से ठेकेदारों में खलबली मच गई है।

### खाद्य विभाग ने दुकान पर की छापेमारी

**सैदपुर।** आगामी होली पर्व के मद्देनजर खाद्य विभाग की टीम ने सैदपुर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान कई दुकानों से मिठाई, खोआ आदि खाद्य सामग्रियों के नमूने जुटाए। मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरपी सिंह व उपजिलाधिकारी डॉ पुष्पेंद्र पटेल के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी की। उनके नेतृत्व में 5 खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने सैदपुर क्षेत्र के कई दुकानों पर छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने खोवा मंडी में 5 दुकानों से खोए का नमूना लिया। वहीं मिठाई व किराने की दुकानों से पनीर, तेल आदि का नमूना लेकर उसे सील मोहर करके जांच के लिए भेजा। छापेमारी की सूचना मिलते ही दुकानदारों के शटर धड़ाधड़ गिर गए। वहीं खोआ मंडी में कई दुकानदार रेल पटरी पर अपना कई किलो खोआ फेंकते हुए फरार हो गए। टीम में उनके अलावा नायब तहसीलदार आशीष सिंह, खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीराम यादव, अवधेश कुमार, राजीव कुमार, वीरेंद्र कुमार व एसपी यादव रहे।

### नवली गांव की प्रधान बनीं समिमा बेगम



**रेवतीपुर।** थाना क्षेत्र के नवली गाँव के प्रधान पद के लिए हो रहे उपचुनाव मतगणना तीन टेबलों पर उपजिलाधिकारी राजेश प्रसाद चौरसिया एवं क्षेत्राधिकारी विधि भूषण मौर्य के नेतृत्व में कड़े सुरक्षा बंदोबस्त के बीच शनिवार को सुबह आठ बजे शुरू हुआ और लगभग दो बजे बजे तक चला। जिसमें पूर्व प्रधान जमशेद राइनी की पत्नी समिमा बेगम 2142 वोट पाकर लगभग 610 वोटों से विजयी घोषित हुई। मतगणना मालूम हो कि बीते तीन माह पूर्व प्रधान जमशेद राइनी को एक हत्या के मामलें में न्यायालय के द्वारा सजा सुनाए जाने के बाद से ही यहाँ पद रिक्त चल रहा था। जिसपर चुनाव की घोषणा हुई। जिसमें ग्यारह प्रत्याशियों ने अपना भाग्य आजमाया। लेकिन जीत पूर्व प्रधान जमशेद राइनी की पत्नी की हुई। 1534 वोट पाकर शिवरतन गुप्ता दुसरे नंबर पर रहे समिमा बेगम शुरू से ही बढ़त बनाए हुए थी और अंत में बिजयी घोषित हुई ।

### नवागत सीडीओ ने संभाला कार्यभार


**गाजीपुर।** नवागत मुख्य विकास अधिकारी संतोश कुमार वैश्य ने शनिवार को कार्यभार ग्रहण किया। ज्ञातब्य हो कि मुख्य विकास अधिकारी 2004 वैच के पीसीएस अधिकारी है, तथा इसके पूर्व वे बदायू जनपद में अपर डीएम वि/रा के पद पर कार्यरत थे।

# त्योहार पर मावा और मेवा की बढ़ी खरीदारी

## गुझियां-पापड़ की तैयारियों में जुटीं महिलाएं



ममता।



प्रियंका।

**गाजीपुर।** होली को लेकर मावा और मेवा के बाजार में खरीदारी बढ़ गई है। गुझियों सहित होली के अन्य विशेष व्यंजनों के लिए इनकी जरूरत होती है। मावा के दाम में इजाफा हुआ है। पिछले साल की अपेक्षा 30 से 50 रुपये प्रतिकिलो तक दाम बढ़े हैं। इसके बाद भी लोग त्योहार पर मावा और मेवा की खरीदारी में पीछे नहीं हैं।

होली के त्योहार में सिर्फ तीन दिन बचे हैं। इसको लेकर घरों में व्यंजनों को बनाने का काम शुरू हो चुका है। लोग बाजार से मावा समेत सूखी मेवाओं की खरीदारी कर रहे हैं। उधर होली का त्योहार आते ही मावा के दाम 240 से 280 तक पहुंच गए हैं। वही बाजार मेवा के दाम भी पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ गए हैं। हालांकि लोगों का कहना है कि होली का त्योहार साल में एक बार आता है। ऐसे में व्यंजनों के स्वाद से समझौता नहीं करेंगे।



प्रियांशु।

> होली आते ही घरो की साफ-सफाई से लेकर नये-नये व्यजंन बनाने की होड़ लग जाती है ।लेकिन आज के दौरान में ज्यादातार लोग रेडिमेंट पर ही निर्भर हो गए है। जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। हम लोग घर पर ही होली से संबंधित सामाग्री बनाते है।
>
> **प्रियांशु, दुल्लहपुर।**

> खाद्य पदार्थों की महंगाई के चलते होली पर घरों में बनाए जाने वाले व्यंजनों के लिए खरीदारी की जा रही है। महंगाई तो बढ़ी है, लेकिन सभी को त्योहार भी मनाना है।
>
> **ममता, हाटा।**

**ये हैं भाव**

| | |
|---|---|
| मावा | 240 |
| दूध | 55-60 |
| काजू | 700-800 |
| किशमिश | 280-350 |
| चिरौंजी | 1100-1300 |
| गरी गोला | 200 |
| मखाना | 500-600 |
| बादाम | 600-700 |

(भाव प्रतिकिलो)

> होली के त्योहार पर मेवाओं पर दाम बढ़ गए हैं। लेकिन इनको खरीदना भी जरूरी है। कम मात्रा में सभी मेवाओं को खरीद रहे हैं।
>
> **प्रियंका,शास्त्रीनगर वेदपुरवा।**

# डीएम-एसपी ने की शांति से त्योहार मनाने की अपील

**गाजीपुर।** जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने आगामी त्योहार होली एवं शबे बारात को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने जाने के उद्देश्य से भारी पुलिस बल के साथ शहर के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार की साय काल रूट मार्च किया। उन्होंने शहर कोतवाली, लाल दरवाजा, चीतनाथ घाट , नखास होते हुए तुलसिया के पुल तक रूट मार्च कर लोगों से अपील किया। इस अवसर पुलिस अधीक्षक शहर गोपीनाथ सोनी शहर कोतवाल एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।



लालदरवाजा क्षेत्र में रूटमार्च करते डीएम-एसपी।

### शिव मंदिर पर खेली गई होली

**सैदपुर।** रंग भरी एकादशी का पर्व सैदपुर के ऐतिहासिक शिव मंदिर बूढ़ेनाथ महादेव परिसर में बेहद धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान पूरे मन्दिर को फूल मालाओं व झालरों से सजाया गया। शिवलिंग का चन्दन, भांग, धतूरा, शहद, दही आदि से भव्य व वैदिक रीति रिवाजों से श्रृंगार किया था। श्रद्धालुओं ने आरती की। इसके बाद श्रद्धालुओं ने भगवान शिव व माता पार्वती का अबीर गुलाल से अभिषेक किया और जमकर अबीरों की होली खेली। इस दौरान वाराणसी से आये कलाकारों ने विश्व प्रसिद्ध मसाने की होली खेली और झांकी निकालकर जीवंत प्रदर्शन किया। इसके अलावा मन्दिर के अंदर शिवलिंग का भव्य श्रृंगार किया गया था।

# थानाध्यक्ष बताकर ठग ने प्रधान को लगाया चूना

जनसंदेश न्यूज

**ऑनलाइन ठगी**

**ऑनलाइन पेमेंट के माध्यम से तीस हजार रूपए कराया ट्रांसफर**

**ग्राम प्रधान के कहने पर विनय त्रिपाठी ने चार बार में 30 हजार रुपये ट्रांसफर किया**

**मरदह।** थाना क्षेत्र के बिरोहिया भीखमपुर ग्राम प्रधान एवं गांव निवासी विनय कुमार त्रिपाठी से मोबाइल पर थानाध्यक्ष के नाम पर अज्ञात व्यक्ति ने तीस हजार की ठगी कर ली। ठग ने गूगल पे के माध्यम से धनराशि ली है।

जिसकी पुलिस जांच कर रही है। भीखमपुर ग्राम प्रधान जनार्दन यादव से मोबाइल पर शुक्रवार को अज्ञात व्यक्ति ने फोन करके स्वयं को मरदह थानाध्यक्ष बताकर पहले हाल चाल पूछा। प्रधान से हाल चाल जानने के बाद उक्त फर्जी दरोगा ने कहा कि प्रधान जी कुछ रुपयों की सख्त आवश्यकता है। गूगल पे से 30 हजार रुपये मेरे खाते में भेज दीजिए।

दो चार दिन में कुछ बढ़ाकर वापस कर दूंगा । वर्दी के धौंस से भयभीत ग्राम प्रधान ने स्वयं के गूगल पे न चलाने की असमर्थता व्यक्त करते हुए कहा कि गांव निवासी विनय त्रिपाठी से भेजवा रहा हूँ। ग्राम प्रधान के कहने पर विनय त्रिपाठी ने चार बार में 30 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिया। पुनः जब उक्त फर्जी दरोगा ने दस हजार रुपये मांगने के लिए बार -बार फोन करने लगा तो प्रधान जी को ठगे जाने का एहसास हुआ तो अपना सिर पकड़ कर बैठ गए।

विनय त्रिपाठी ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर फर्जी दरोगा से ठगी किए गए रुपये वापस दिलाने की गुहार लगाई है । फर्जी थानाध्यक्ष द्वारा ठगे गए प्रधान जी के चर्चे हर जगह की जा रही है । मरदह थानाध्यक्ष दुष्यंत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है शीघ्र ही ठग को गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएंगी।

## हाईवे पर काल बन घूम रहे अन्ना मवेशी

**सैदपुर।** इन दिनों नेशनल हाईवे पर सफर करना जान जोखिम में डालने से कम नहीं है। सिधौना से लेकर जिला मुख्यालय तक हाईवे पर सैंकड़ों की तादात में अन्ना मवेशी विचरण कर रहे हैं। कई बार लोग इन मवेशियों की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो रहे हैं। मगर इस समस्या पर न तो प्रशासन ध्यान दे रहा और न ही हाईवे निर्माण की कार्यदायी संस्था। इन दिनों हाईवे पर सबसे बड़ा खतरा अन्ना मवेशी बने हुए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में फसलों को नुकसान पहुंचा रहे अन्ना मवेशियों को किसान खदेड़कर हाईवे और शहरी क्षेत्र की ओर कर देते हैं। हाईवे पर इन मवेशियों का बोलबाला है। रात के समय इन मवेशियों के चलते हादसे का खतरा दोगुना बढ़ जाता है। इन अन्ना मवेशियों के चलते वाहन सवार न तो फरार्टा भर पा रहे हैं और ही खुद को सुरक्षित महसूस कर पा रहे हैं। इसी हाईवे से प्रतिदिन प्रशासन से लेकर परिवहन विभाग के अधिकारी गुजरते हैं लेकिन उन्हें राहगीरों के लिए खतरा बन रहे अन्ना मवेशी नजर नहीं आ रहे हैं। यदि अधिकारियों ने इस समस्या को गंभीरता से नहीं लिया तो कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

# सरकारी भूमि पर कब्जा करने वालों पर हो सख्ती : डीएम

**गाजीपुर।** जन समस्याओ के त्वरित निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस तहसील सैदपुर में जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता एंव पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। जिसमे 186 शिकायत प्राप्त हुए और मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। जनसमस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु सातों तहसीलो की सूचना के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 477 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके पर 24 शिकायत पत्रों का निस्तारण किया। तहसील कासिमाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 58 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें 05 का मौके पर निस्तारण किया। तहसील जमानियाँ में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 43 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 03 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में अपर जिलाधिकारी वि.रा की अध्यक्षता में 42 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें मौके 09 का निस्तारण किया गया। तहसील मुहम्मदाबाद में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 41 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से 02 का मौके पर निस्तारण किया गया। तहसील सेवराई में तहसीलदार की अध्यक्षता में 47 शिकायत प्राप्त हुए जिसमें से मौके पर 02 का निस्तारण किया गया एवं तहसील जखनियां में उपजिलाधिकारी की अध्यक्षता में 60 शिकायत प्राप्त 01 का मौके पर निस्तारण किया। जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत पत्रो का सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि अविलम्ब मौके पर जाकर स्थलीय निरीक्षण करते हुए निस्तारण करायी जाय। उन्होंने सावजनिक भूमि, तालाब, सरकारी भूमि, ग्राम समाज के भूमि पर अवैध अतिक्रमण को एक अभियान चलाकर अतिक्रमण मुक्त कराने का निर्देश दिया। उन्होंने आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतो को आगामी तीन दिवस में शत-प्रतिशत निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश, उपजिलाधिकारी सैदपुर, क्षेत्राधिकारी सैदपुर, तहसीलदार सैदपुर एवं समस्त जनपदस्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



सैदपुर तहसील में फरियाद सुनते डीएम-एसपी।

# अधिशासी अभियंता पर फर्जी भुगतान का आरोप

**जांच की मांग**

**भाजपा नेता ने सीएम को पत्र भेजकर जांच की मांग की है**

**गाजीपुर।** जल निगम के अधिशासी अभियंता पर 15 लाख दो हजार 397 रुपये का फर्जी भुगतान कराने का आरोप लगाया गया है। आरोप वरिष्ठ भाजपानेता कुंअर रमेश सिंह पप्पु ने लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र भेजकर मामले की जांच कराये जाने का अनुरोध किया है। भाजपा नेता ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में लिखा है कि इस मामले में जिले के सांसद के दबाव में अधिशासी अभियंता ने उनके खास आदमी को सी.बी. नं. 17 / एसई 7 सर्किल यूपीजेएमवीएनएस 2018-19 दिनांक 30 जून 2018 से 29 जून 2019 को मेसर्स अमित कंस्ट्रक्शन कंपनी 320 / 274 कर्नलगंज, इलाहाबाद के नाम से 15 लाख दो हजार 397 रुपए का फर्जी तरीके से भुगतान किया है। जो उनको व्यक्तिगत लाभ पहुंचाने के लिए किया गया है। भाजपा नेता ने मांग किया कि मामले की उच्च अधिकारियों द्वारा जांच कराकर अधिशासी अभियंता मु. कासिम हासमी के विरूद्ध उचित कार्रवाई की जाए। भाजपा नेता ने इस भ्रष्टाचार की जांच को लेकर सिंचाई मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह, प्रबंध निदेशक जल निगम (ग्रामीण) लखनऊ और प्रमुख सचिव को भी पत्र भेजा है।

### कैसे मिला प्रशस्ति पत्र अभी कार्य अधूरा

भाजपा नेता ने आरोप लगाया कि अधिशासी अभियंता विभागीय उच्च अधिकारी को गुमराह कर प्रशस्ति पत्र पा गया है। अधिशासी अभियंता ने जल जीवन मिशन के तहत जिले के सभी गांवों मे हाउस कनेक्शन को शत प्रतिशत कार्य होना दिखाया है। जबकि बहुत से गांव में कार्य अधूरा है, जो जांच का विषय है।

### बात करने से बचते रहे अधिशासी अभियंता

जलनिगम अधिशासी अभियंता मु. कासिम हाशमी से भाजपा नेता द्वारा लगाए गए आरोपों के बाबत पूछा गया तो उन्होंने आफिस में बात करने के लिए बुलाया। जब उनके आफिस गुरुवार की सुबह 10.30 बजे पहुंचा गया तो उन्होने बयान देने से बचते हुए शाम चार बजे बुलाया। इसके बाद शाम चार बजे जब आफिस पहुंचा गया तो वह वहां से निकल चुके थे। इसके बाद चार बार फोन लगाया गया लेकिन उन्होंने नहीं उठाया और ना ही वापस फोन ही किया। इसके बाद जब शुक्रवार को फोन पर अधिशासी अभियंता से बात हुई तो उन्होंने बताया कि मामला संज्ञान में नहीं है। ऐसा मामला है तो उसकी जांच की जाएगी।

# आयुष्मान और परिवार कल्याण केंद्रों पर लटका ताला

जनसंदेश न्यूज

**काठवामोड़।** प्रदेश और केंद्र सरकार ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवा बेहतर बनाने के लिए लाखों-करोड़ों खर्च कर रही है। ग्रामीण स्तर पर मातृ शिशु कल्याण केंद्र , परिवार कल्याण उप केंद्र व आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराया गया है।

वहीं केंद्रो पर एनएम और सीएचओ की नियुक्ति कर ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया है। लेकिन नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों की लापरवाही के चलते इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को नहीं मिल पा रहा है। जिसका खुलासा शनिवार को हुआ जब जनसंदेश टाइम्स की टीम इन केंद्रो का कुछ चिन्हित जगह जायजा लिया। मुहम्मदाबाद क्षेत्र में 10:30 बजे टीम आयुष्मान आरोग्य केंद्र नोनहरा पर जब पहुंची तो केंद्र पर ताला लटका हुआ था। मौजूद लोगों से पूछताछ करने पर बताया गया कि लगभग दो ढ़ाई वर्ष बने हो गए । यहां कभी एनएम और सीएचओ दिखाई नहीं देते है। नोनहरा गांव निवासी मनोज कुशवाहा ने बताया कि टीकाकरण होना चाहिए लेकिन यहां कभी कोई आता ही नहीं है। योगेश उपाध्याय ने बताया कि केंद्र कई महीनों से खुला ही नहीं है।





आयुष्मान आरोग्य केंद्र नोनहरा पर ताला बंद होने के बाद बाहर खड़े लोग।



आयुष्मान आरोग्य केंद्र मिरापुर पर खराब पड़ा हैंडपंप।

> प्रभारी चिकित्सा अधिकारी मुहम्मदाबाद डॉ आशीष राय ने बताया कि कई सेंटरों पर किसी की नियुक्ति नहीं है। जिससे अधिकतर सेंटर खाली हैं। ऐसे में वहां कोई कार्य नहीं हो पा रहा है। वहीं कई सेंटरों पर सीएचओ की नियुक्ति है लेकिन उन्हें किसी कार्यवश क्षेत्र में भी जाना पड़ता है। इसलिए वह उपस्थित नहीं रहे होंगे। अधिकारी के बयान से यह साफ है कि शासन के फैसले को लेकर यह कितना गंभीर है।
>
> **प्रभारी चिकित्सा अधिकारी**

### टीकाकरण के लिए आठ किमी जाना पड़ता है

12:15 बजे जनसंदेश टीम मिरानपुर उर्फ माडियावडीह आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंची तो वहां भी ताला लटका हुआ मिला। सर्वजीत प्रधान ने बताया की यहां एनएम और सीएचओ कभी आते भी नहीं है। यदि कभी आते हैं तो 15 - 20 दिन में एकाध बार आते होंगे। मीनाक्षी प्रधान ने बताया कि यहां कोई आता नहीं है। यहां सब खाली है, एक डॉक्टर साहब यहा आए हैं, जो दो-तीन महीना हुआ। यदि डॉक्टर साहब कभी आते हैं तो 1- 2 घंटा खुलता है। हम लोगों को टीका लगवाने के लिए आठ किलोमीटर दूर मुहम्मदाबाद जाना पड़ता है। स्थानीय निवासी अधिवक्ता मार्कंडेय प्रधान ने बताया कि सरकार यहां केवल नियुक्ति कर दी है।

### केंद्र पर लगा हैडपंप कभी नहीं हुआ चालू

टीम जब मातृ शिशु कल्याण केंद्र और आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र शहबाजकुली पहुंची तो वहां भी मौके पर ताला बंद मिला। एक तरफ सेंटर के गेट से पशु बाधी हुईं थी तो दुसरे तरफ ताला बंद मिला । स्थानीय निवासी सुनील कुशवाहा ने बताया कि जब से आयुष्मान आरोग्य स्वास्थ्य केंद्र बना है। तब से ताला ही नहीं खुला है और न ही कोई एनएम या सीएचओ यहा आता जाता है। जबकि सर्वेश यादव ने बताया की यह केंद्र हमेशा बंद रहता है। वहीं यहा लगा हैंडपंप कभी चालू ही नही हुआ । हमेशा खराब ही रहता है।

### जबसे केंद्र बना तबसे कोई नहीं बैठता

जनसंदेश टीम 11:00 बजे परिवार कल्याण उप केंद्र, सवना पहुंची तो वहां पर केंद्र टूटी फूटी अवस्था में मिला। अंदर बच्चों के वजन करने की मशीन पड़ी हुई थी । जो सही हालत में थी। ग्रामीण गुल्लू राम ने बताया कि जबसे केंद्र बना है तब से यहां कोई बैठता नहीं है ना ही कोई दिखाई देता है। आजाद सिंह ने कहा की यहा कोई आता जाता नही है। 11:45 पर जब टीम आयुष्मान आरोग्य केंद्र कमालपुर लोधी पर पहुंची तो वहां पर केंद्र पर ताला जड़ा मिला। मौके पर महुवी निवासी राजा ने बताया की सप्ताह में दो या तीन दिन खुलता है, लेकिन दवा नही मिलता है। महुवी निवासी विनय कुमार राय ने बताया कि एनएम 2006 से कभी दिखाई नहीं दी जबसे सेंटर बना है।

## जुर्माना शुरू होने पर याद आई हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट

**गाजीपुर।** बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट (एचएसआरपी) के नहीं लगाने पर पांच हजार रुपये का चालान करना शुरू कर दिया गया है। चालान के जुमार्न से बचने के लिए एचएसआरपी लगवाने के लिए आवेदकों की संख्या बढ़ गई है। पिछले सात दिनों में चार सौ से अधिक आवेदकों ने आवेदन किया है। परिवहन विभाग ने 31 मार्च 2019 से पहले खरीदे गए वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य कर दिया है। 15 फरवरी तक सभी नए और पुराने वाहनों में एचएसआरपी लगाना अनिवार्य था। जिन वाहनों पर एचएसआरपी नहीं है, उनके चालान किए जा रहे हैं। पहली बार में पांच हजार रुपये का जुमार्ना लग रहा है। दूसरी बार पकड़े जाने पर जुमार्ना दस हजार का होगा। जनपद में तीन लाख से अधिक निजी वाहन पंजीकृत हैं, इनमें से करीब दो लाख वाहन ऐसे हैं जिन पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगी है। जबकि एक लाख वाहनों पर अभी तक एचएसआरपी नहीं लगी है। एआरटीओ विभाग के अनुसार एचएसआरपी के लिए वेबसाइट पर आवेदन कर आवेदक रसीद रख लें। रसीद दिखाने पर चालान नहीं काटा जाएगा। जबकि बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर कार्रवाई शुरू हुई, तब आवेदकों की संख्या बढ़ी है।

# विशाल श्रीवास्तव की कविताएं



## 1. हिंसा और अहिंसा

इसमें कोई राय नहीं कि
किसी की हत्या कर देना हिंसा है
लेकिन यह बहुत आसान सी दिखती हुई बात है
मेरा सवाल यह है कि क्या अन्याय के पक्ष में
एक तयशुदा मौन भी अहिंसा है?
प्रेम करते हुए हिंसा के आयाम थोड़े अलग हैं
जैसे एक चींटी की मृत्यु से भी विचलित हो
जाने वाले लोगों को भी
प्रेम के आवेगमय द्वन्द्व में हिंसक प्रेयसियाँ
या प्रेमी ही चाहिए होते हैं
लेकिन यहाँ यह भी विमर्श का विषय है कि
बिना प्रेम के किसी की देह को चूमना
हिंसा की कौन सी कोटि में रखा जाएगा
यह जो देह है इसे कितनों के स्नेह का परस मिला है
हमारी काया की मूलगंध में
वात्सल्य से लेकर रति तक
संसार की जितनी भी स्त्रियों की सुगंध का हिस्सा है
उनमें से किसी एक को भी विस्मृत करना
कृतज्ञता के विरुद्ध कितनी बड़ी हिंसा है
आजकल किसी को आहत करना ही हिंसा नहीं
सुनियोजित तरीके से उसे अकेला कर देना
धकेल देना उसे कुंठा के गहरे पानी में
रक्तपात से कम बड़ी हिंसा नहीं है
ऐसी कितनी ही हिंसाएँ हैं हमारे समय में
मैं कितनों का नाम गिनाऊँ
हे तथागत!
यह नयी दुनिया बहुत उलझी हुई है
हिंसा और अहिंसा के मायने गड्डमड्ड हैं
आओ और कोई नया उपदेश दो
तो कोई राह सूझे!

## 2. इस कविता का बुद्ध से कोई लेना देना नहीं है

संसार के नियंत्रकों ने कहा कि
हम हिंसा से बहुत ऊब गए हैं
हमें स्थायी और ठोस अहिंसा चाहिए
इसलिए हम बुद्ध की नहीं
युद्ध की शरण में जाते हैं
एक अहिंसावादी के नाम से बसाए गए
शहर के एकदम नजदीक
अतिचार से अघा लेने के बाद
हत्यारों ने अपने रक्त सने हाथ धोए और कहा
अब हम धर्म की शरण में जाते हैं
एक दिन अचानक हमारे लोकतंत्र ने
एक पशु के जीवन के मूल्य को
मनुष्य के जीवन से अधिक मान लिया और
राजपथ पर कुछ सहिष्णु शाकाहारियों ने
एक क्रूर मांसाहारी को संसार से मुक्ति दी
और कहा
अब हम संघ की शरण में जाते हैं
हो सकता है कि आप कहें कि
कविता के नाम पर
हमें अखबार की खबरें मत सुनाओ
मैं कहूँगा कि
मैं बस आपको इतना बताने के लिए बेचैन हूँ
कि ऊपर के कहे में आए
अहिंसा, धर्म और संघ आदि का
कम से कम
बुद्ध से कोई लेना देना नहीं है
और किसी से हो तो हो

## 3. शील

तुमने कहा कि
तुम्हें कोई धोखा हुआ है
तुम्हारा मन नहीं है मेरे पास
उसे कहीं और जाकर ढूँढो
यह तुम्हारे प्रेम का अस्तेय था
तुमने कहा मुझे कोई रुचि नहीं
कि मैं तुम्हारी स्मृतियों का संचय करूँ
यह तुम्हारे प्रेम का अपरिग्रह था
मेरी देह पर तुम्हारी देह के
आक्रमण का कहीं कोई चिह्न नहीं है
यह तुम्हारे प्रेम की अहिंसा ही तो है
तुम्हारा प्रेम कितने शील से भरा हुआ है
और एक प्रेमी के रूप में कितना उद्धत हूँ मैं
अप्रत्याशित नहीं था यह मेरे जीवन में
मुझे हमेशा दूसरों के हिस्से का
बचा हुआ प्रेम मिला
लगभग उतना ही जितना बेलते हुए
रोटी पलटने पर परथन छिटक कर गिर जाता है
अभिसार के लिए मुझे मिली बची हुई रात
बचे हुए भोग ने ही मेरी क्षुधापूर्ति की
मेरा घर किसी की महत्वाकाँक्षा का शिकार हुआ
मैं अब बचे हुए घर में रहता हूँ
जिस पीपल के वृक्ष के नीचे मेरा जन्म हुआ
अब मेरे पास उसकी याद के नाम पर
केवल एक सूखा पत्ता ही बचा है
और तुम्हारी याद के नाम पर थोड़ी नमी
मैं तुम्हारे प्रेम का भिक्षु था
तुमने मुझे जीवन के नियम बताए
और अकेला करते हुए सघन एकांत दिया
अब मेरे पास एक निरर्थक समाधि है
तुम मानो या ना मानो
यही मेरे जीवन की सबसे बड़ी व्याधि है

## 4. अयोध्या में बुद्ध

कहा तो यही जाता रहा कि
पुष्यमित्र के बाद अयोध्या में न बुद्ध बचे न बौद्ध
आप कभी जाएँ भी अयोध्या तो अशिक्षित गाइड
आपको किसी बौद्ध स्थल का पता नहीं बतायेंगे
लेकिन कुछ भी पूरा कहाँ मिटाया जा सका है कभी
तो अयोध्या में भी बचे रह गए हैं बुद्ध
ऐसा मुझे मेरे एक दोस्त ने बताया और कहा कि
देखो शोर मत करना और चुपचाप जाकर मिलना बुद्ध से
मैं दोस्त की बतायी उस पवित्र जगह पर गया
और देखा कि झूले में शयन कर रहे हैं बुद्ध
उनपर रोली अक्षत चढ़ाया जा रहा है
आकांक्षी स्त्रियाँ उन्हें लला कह निरख रहीं वात्सल्य से
धूप और अगरबत्ती के धुएँ में फँसे हुए हैं बुद्ध
थे जिन मिथकों से भागे उनमें धँसे हुए हैं बुद्ध
कुछ यूँ क्लांत और खिन्नमन दिखते हुए निरीह
जैसे किसी सलीब पर लटके रक्तमुखी मसीह
यह कैसी विडम्बना थी बुद्ध के सामने कि
उमर भर जिस विचार से लोहा लेते रहे
आज उसकी जंजीरों से जकड़े पड़े हैं
ऐसे देखना मुश्किल था बुद्ध को
मैं मुड़ने को ही था कि जैसे बुदबुदाए बुद्ध -
देखो अब किसी से मत कहना कि
अयोध्या में कहीं बुद्ध हैं
ज्ञान प्राप्ति के बाद भी रहा मैं कितना हतभाग्य
चंदन टीका किए हूँ लेटा परवश और निरुपाय
यह कहते हुए बुद्ध ने आँखें बंद कर लीं अयोध्या में

संपर्क 94154 68684

# अनिल त्रिपाठी की कविताएं



## 1. बुद्ध की धरती

करुणा के इस अकाल में
जब सूझती नहीं दिशाएं
जहां जीवन जीना हो रहा है दुश्वार
जहां बंद हो जाती है सारी राहें
तब तुम्हीं से मिलता है
एक आलोक
जो इस घने अंधेरे में
बनाता है रोशनी की एक पगडंडी
और कर देता है आत्मदीप्त
वरुणा के किनारे
इस भूमि पर
जब मैं आया हूं
तुमसे मिलने
तो मैं लिए जा रहा हूं थोड़ा थोड़ा तुम्हें
और वह पहली और आखिरी बात भी
अप्प दीपो भव

## 2. कब ऐसा होगा

कब ऐसा होगा कि
हम दूसरों के आगे अपना हाथ
नहीं पसारेंगे
जब ये उठेंगे तो
दूसरों की मदद के लिए उठेंगे ।
धरती के सारे दुख पिघलकर
भाप की तरह उड़ जाएंगे
आसमान से आग नहीं
हुन बरसेगा
कब ऐसा होगा ?
कब ऐसा होगा कि
सभी के लिए रहने को घर
खाने को रोटी
पीने के लिए पानी होगा ।
नफरतें नहीं लेंगी मासूमों की जान
और दिलों में सरहदें
नश्तर की तरह नहीं चुभेगी
न के बराबर होगी गोला बारूद की जरूरत
दुनिया स्थाई शांति में रहेगी
कब ऐसा होगा ?
मछलियों को सुनने में नहीं होगी दिक्कत
नदियों के अविरल प्रवाह का संगीत
उजाड़ा नहीं जाएगा
इस धरती के खूबसूरत जीवो का बसेरा
कब ऐसा होगा ?
कब ऐसा होगा कि
समूची संवेदनशीलता में यह पृथ्वी
कवियों की आकांक्षा की पृथ्वी होगी
कब ..आखिर कब तक ऐसा होगा।

## 3. धूप


इस समय मैं
धूप के बीचोबीच खड़ा हूं
और धूप है कि मेरे साथ
कोई मुरौवत नहीं कर रही है।
वह मुझे ठीक खोपड़ी के बीच से
आरी की तरह चीर रही है।
हवाएं उदास हैं
वे ठहरी हुई हैं।
छांव की आस में जहां तक जाती है निगाह
कुछ दिखाई नहीं देता है।
मुझे उम्मीद नहीं बिलकुल भी हवा से
वह आग को और तेज कर रही है
निगाह दूर दूर तक दौड़ाता हूं
कोई शजर मिले या फिर
कोई शजर की तरह मिले
पर हर जगह धूप थी
धूप की आरी थी।
मैं नागरिक हूं
कविता की दुनियां का
फिलवक्त बहुत तपिश में हूं
मुझे कुछ तुमसे ही उम्मीद है
पर तुम जो कभी मेरी कविता के प्रेम में थे
आज सदमे में हो।
समझना मुश्किल है
तुम्हारा यथार्थ क्या है
जब तुम प्रेम में थे
या कि आज जब सदमें में हो ।
पर एक बात साफ है
तुम्हारे इस प्रेम और सदमें में
कविता कहीं नहीं है।
धूप तेज है
और मेरे सिर को आरी की तरह
चीर रही है।

संपर्क 94125 69594

**जनसंपादकीय**

# आत्मरूपांतरण की विराट क्षमता

**हृदयनारायण दीक्षित**



भारतीय जीवन रचना हिन्दू और हिन्दुत्व की प्रत्यक्ष अभिव्यक्ति है। इसे रिलीजन, पंथ और मजहब की श्रेणी में नहीं रखा जा सकता। बीते सोमवार को देश की सर्वोच्च न्यायपीठ ने कहा कि, "हिन्दू एक महान धर्म है"। उन्होंने कहा कि तत्वमीमांसा के आधार पर शायद हिन्दुत्व सबसे महान जीवन मार्ग होगा।' न्यायमूर्ति के० एस० जोसेफ और जस्टिस बी० वी० नागरत्ना की पीठ ने उक्त महत्वपूर्ण निष्कर्ष दिए हैं। न्यायमूर्ति जोसेफ ने स्वागत योग्य टिप्पणी की है कि, "मैं एक ईसाई हूँ लेकिन मैं हिन्दुत्व को भी पसंद करता हूँ और इसका अध्ययन करने का भी प्रयास करता हूँ। इसकी महानता को समझने की भी कोशिश की जानी चाहिए।' न्यायमूर्तियों के कथन में भारतीय दर्शन की तत्व मीमांसा का भी उल्लेख किया गया है। उन्होंने कहा है कि, "तत्व मीमांसा के आधार पर संभवतः हिन्दुत्व सबसे महान धर्म होगा"। उन्होंने कहा है कि, "तत्व मीमांसा के आधार पर इसका भाव ठीक से समझा जा सकता है"।

तत्व मीमांसा का अर्थ है सृष्टि के मूलभूत तत्वों के आधार पर सत्य का विवेचन करना। वैशेषिक दर्शन में भी तत्व मीमांसा का समुचित प्रयोग हुआ है। वैशेषिक दर्शन में गुणों की संख्या 17 बताई गई है। पदार्थ धर्म संग्रह में गुणों की सूची में सात गुण और जोड़े गए हैं। इस प्रकार वैशेषिक दर्शन में 24 गुण बताए गए हैं। वे रूप, रस, गंध, स्पर्श, शब्द, संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व, गुरुत्व, द्रवत्व, स्नेह, बुद्धि, सुख, दुख, इच्छा, द्वेष, प्रयत्न, धर्म, अधर्म और संस्कार। वैशेषिक दर्शन में आत्मा को भी द्रव्य माना गया है। मीमांसा स्वतंत्र दर्शन भी है। इसे जैमिनि ने सूत्र रूप दिया है। यह धर्म जिज्ञासा से प्रारम्भ होता है। न्यायमूर्तियों ने उचित ही तत्व मीमांसा की ओर इशारा किया है।

हिन्दू और हिन्दुत्व एक विशेष प्रकार की जीवन शैली हैं। सर्वोच्च न्यायपीठ की ताजा टिप्पणी नई नहीं है। सन 1995 में भी सर्वोच्च न्यायपीठ ने हिन्दुत्व को जीवन की एक शैली बताया था। तब के प्रधान न्यायधीश जे० एस० वर्मा ने हिन्दुत्व को जीवन शैली बता कर सारी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था। इससे पहले भी न्यायालय की सकारात्मक टिप्पणियां आई हैं। 1966 के फैसले में सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा था कि "यह मजहब नहीं है। यह एक विशेष प्रकार की संस्कृति को प्रकट करने वाला शब्द है"। दुनिया में भिन्न भिन्न प्रकार की जीवन शैली प्रचलित हैं।

मजहब, रिलीजन या पंथ विश्वास आधारित हैं। यह आस्था का विषय हैं। जीवन शैली किसी देवदूत की उद्घोषणा का परिणाम नहीं होती। प्रत्येक जीवन शैली का अपना एक अनुभव शास्त्र होता है। परस्पर कार्य व्यवहार के लिए एक विशेष प्रकार की आचार संहिता का विकास होता है। जीवन शैली में मानव जीवन के सभी कार्य व्यापार समाहित हैं। सोचने की दृष्टि भी जीवन शैली का भाग होती है। जीवन शैली में ही जीवन के ध्येय सम्मिलित होते हैं। जीवन को सर्वोत्तम बनाने के लिए प्राचीन अनुभव, परंपरा और ज्ञान विज्ञान से लाभ उठाया जाता है। प्रत्येक जीवन शैली का एक भूक्षेत्र होता है। उस भूक्षेत्र में रहने वाले निवासियों का साझा इतिहास होता है। सबके स्वप्न और उमंग साझा होते हैं। भारत के लोकजीवन में भी सबका साझा इतिहास है। न करने योग्य कार्यों की सूची भी एक समान है। करणीय और अनुकरणीय कार्यों के प्रति प्रतिबद्धता भी एक जैसी है।

जीवन शैली सामान्य आचार संहिता नहीं होती। इसका एक जीवन दर्शन भी होता है। दर्शन बुद्धि विलास नहीं होता। दर्शन में व्यक्ति और अस्तित्व के बीच के सम्बंध होते हैं। सृष्टि निर्माण के आदितत्व, आदिकारण और आदि हेतु जैसे प्रश्न दर्शन का विषय बनते हैं। हिन्दू दर्शन बहुआयामी है। भारत में 6 प्राचीन दर्शन और महावीर व बुद्ध को मिलाकर 8 दार्शनिक विचारधाराएं हैं। अध्ययन के दौरान सभी विचारधाराएं भिन्न भिन्न दिखाई पड़ती हैं। यहाँ दार्शनिक विचारधाराओं से अपनी दिशा तय करने की स्वतंत्रता है। भारतीय दर्शन का मुख्य उद्देश्य दुख समाप्ति है। सृष्टि रहस्यों की जानकारी दुख का निवारण करती है और सुख प्राप्त कराती है। दर्शन का सामाजिक गठन पर भी प्रभाव पड़ता है। सामाजिक रिश्तों पर भी दर्शन अपना प्रभाव डालता है। गीत, संगीत, कला और साहित्य लोक से जीवनरस प्राप्त करते हैं। दार्शनिक ज्ञान की प्रयोगशाला भी है। हिन्दू दर्शन में लोक और शास्त्र के बीच कोई द्वन्द या द्वैत नहीं है। शास्त्र लोक अनुभवों से सामग्री लेता है। लोक शास्त्र से सुखपूर्ण जीवनशैली के सूत्र लेता है। हिन्दू दर्शन में सूक्ष्म से स्थूल की यात्रा है। प्रमाण अनुमान और शब्द विश्लेषण के आधार बनते हैं। प्रमाण और अनुमान सुस्पष्ट हैं। प्राचीन ऋषियों से लेकर आधुनिक काल तक उपलब्ध ज्ञान शब्द प्रमाण की श्रेणी में आता है। दर्शन में भिन्न भिन्न दृष्टिकोण और विचार भिन्नता भी है। सभी विचारों अनुभवजन्य विश्वासों और शब्द प्रमाण का केन्द्रीय विचार 'एक सत्य' ही है।

ऋग्वेद के ऋषि बता गए हैं कि, "यहाँ अनेक देवता हैं। इन्द्र हैं। अग्नि हैं। लेकिन सत्य एक है। विद्वान उसे भिन्न भिन्न नामों से पुकारते हैं। एक सत्य की यह ध्वनि ऋग्वेद से लेकर महाभारत की गीता और अष्टावक्र - जनक संवाद की अष्टावक्र महागीता तक विस्तृत है। अष्टावक्र ने जनक को बताया था कि, "वह विराट तत्व ज्योतिरेकं है। वह एक है। अभिव्यक्तियाँ अनेक हैं। विश्व के सभी प्राणी भिन्न भिन्न रूपों के बावजूद उस परम एक का विस्तार हैं। समूची वसुधा एक परिवार है -वसुधैव कुटुंबकम। प्रकृति और मनुष्य के बीच प्रगाढ़ आत्मीयता हिन्दू दर्शन का मुख्य तत्व है। इस जीवन दृष्टि में सूर्य विश्व परिवार के मुखिया हैं। ऋग्वेद में चन्द्रमा विराट पुरुष का मन हैं - चन्द्रमा मनसो जाता। चन्द्रमा पृथ्वी का भाई है और हम सब पृथ्वी के पुत्र हैं। इसी रिश्ते में माता दादी हम सबको सिखाती थी की चन्द्रमा मामा हैं। धरती माता हैं। आकाश पिता हैं। नदियां माताएं हैं। वनस्पतियां देवता हैं।

समूची सृष्टि और हम एक हैं। एक का ही विस्तार हैं। सब आत्मीय हैं। सब परिजन हैं। सबके प्रति हमारे दायित्व हैं। हिन्दू जीवन पद्धति में कर्तव्य प्रधानता है। अधिकार महत्वपूर्ण नहीं है। हिन्दू जीवनशैली में जीवन के सारे कर्म धर्म हैं। प्रकृति में एक सतत यज्ञ चल रहा है। गीता में श्रीकृष्ण ने अर्जुन को बताया कि, "अन्न से सभी प्राणी पोषण पाते हैं। अन्न वर्षा से पैदा होता है और वर्षा यज्ञ से आती है। यज्ञ सत्कर्मों से होता है।" यह यज्ञ अग्नि में सविधा डालकर हवन करना नहीं है। श्रीकृष्ण ने सत्कर्मों को यज्ञ बताया है। दार्शनिक स्तर पर यज्ञ को भी 'उस एक' को यज्ञ प्रतीक के माध्यम से समझाया गया है। इस प्रतीक के अनुसार 'ब्रह्म अग्नि में ब्रह्म की आहुति देता है। ब्रह्म ही स्वाहा बोलता है। ब्रह्म ही ब्रह्म को अर्पित करता है। अग्नि में सविधा डालने वाले मंत्र भी ब्रह्म हैं। ब्रह्म ही आहुति प्राप्त करता है।' हिन्दू जीवन शैली तनावग्रस्त विश्व की सभी चुनौतियों का उपचार है। हिन्दू हिंसक नहीं हो सकता। आक्रामक नहीं हो सकता। किसी दुसरे देश पर हमला करने की बात भी नहीं सोच सकता। हिन्दू अखिल विश्व का लोकमंगल चाहते हैं। इस आलेख के माध्यम से निवेदन है कि सब अपने जीवन कर्म में हिन्दुत्व का अंश जोड़कर कुछ प्रयोग करें। इसके परिणाम खूबसूरत आएँगे। हिन्दू दर्शन में आत्मरूपांतरण की विराट क्षमता है।

**( लेखक उप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं)**

# हिंदी में कथेतर गद्य के विकास की बहुत संभावनाएं

**विशेष**

**शैलेन्द्र चौहान**



हिंदी साहित्य में सर्वाधिक लिखी जाने वाली विधा कविता है फिर कहानी का नंबर आता है जिसमें उपन्यास भी शामिल हैं व्यंग्य भी लिखे जाते हैं, नाटक भी और आत्मकथ्य भी निबंध, संस्मरण, यात्रा वृतात, रेखाचित्र, डायरी आदि कम देखने में आते हैं इन कथेतर विधाओं पर बात भी अत्यल्प होती है जबकि ये रोचक और ज्ञानवर्धक विधाएं हैं इनका संज्ञान लिया जाना चाहिऐ इनकी चर्चा और मूल्यांकन होना चाहिऐ आज के समय में इनका प्रभाव क्षेत्र विस्तृत होने की पर्याप्त संभावनाएं हैं आज का पाठक साहित्य की प्रचलित विधाओं से इतर कुछ पढ़ना चाहता है इसलिए हमारा दायित्व है कि इनकी जानकारी हिंदी साहित्य के पाठकों तक पहुंचाई जाऐ

संस्मरण : स्मृति के आधार पर किसी विषय पर अथवा किसी व्यक्ति पर लिखित आलेख संस्मरण कहलाता है। यात्रा साहित्य भी इसके अन्तर्गत आता है। संस्मरण को साहित्यिक निबन्ध की एक प्रवृत्ति भी माना जा सकता है। ऐसी रचनाओं को 'संस्मरणात्मक निबंध' कहा जा सकता है। व्यापक रूप से संस्मरण आत्मचरित के अन्तर्गत लिया जा सकता है। किन्तु संस्मरण और आत्मचरित के दृष्टिकोण में मौलिक अन्तर है। आत्मचरित के लेखक का मुख्य उद्देश्य अपनी जीवनकथा का वर्णन करना होता है। इसमें कथा का प्रमुख पात्र स्वयं लेखक होता है। संस्मरण लेखक का दृष्टिकोण भिन्न रहता है। संस्मरण में लेखक जो कुछ स्वयं देखता है और स्वयं अनुभव करता है उसी का चित्रण करता है। लेखक की स्वयं की अनुभूतियाँ तथा संवेदनायें संस्मरण में अन्तर्निहित रहती हैं। इस दृष्टि से संस्मरण का लेखक निबन्धकार के अधिक निकट है। वह अपने चारों ओर के जीवन का वर्णन करता है। इतिहासकार के समान वह केवल यथातथ्य विवरण प्रस्तुत नहीं करता है। पाश्चात्य साहित्य में साहित्यकारों के अतिरिक्त अनेक राजनेताओं तथा सेनानायकों ने भी अपने संस्मरण लिखे हैं, जिनका साहित्यिक महत्त्व स्वीकारा गया है।

संस्मरणों को साहित्यिक रूप में लिखे जाने का प्रचलन आधुनिक काल में पाश्चात्य प्रभाव के कारण हुआ है। किन्तु हिन्दी साहित्य में संस्मरणात्मक आलेखों की गद्य विधा का पर्याप्त विकास हुआ है। संस्मरण लेखन के क्षेत्र में हमें अत्यन्त प्रौढ तथा श्रेष्ठ रचनाएं हिन्दी साहित्य में उपलब्ध होती हैं।

हिन्दी के प्रारंभिक संस्मरण लेखकों में पद्म सिंह शर्मा हैं। इनके अतिरिक्त बनारसीदास चतुर्वेदी, महादेवी वर्मा तथा रामवृक्ष बेनीपुरी आदि हैं। चतुर्वेदी ने ₹संस्मरण₹ तथा ₹हमारे अपराध₹ शीर्षक कृतियों में अपने विविध संस्मरण आकर्षक शैली में लिखे हैं। हिन्दी के अनेक अन्य लेखकों तथा लेखिकाओं ने भी बहुत अच्छे संस्मरण लिखे हैं। उनमें से कुछ साहित्यकारों का उल्लेख करना प्रासंगिक होगा। श्रीमती महादेवी वर्मा की ₹स्मृति की रेखाएँ₹ तथा ₹अतीत के चलचित्र₹ संस्मरण साहित्य की श्रेष्ठ कृतियाँ हैं। रामबृक्ष बेनीपुरी की कृति ₹माटी की मूरतें₹ में जीवन में अनायास मिलने वाले सामान्य व्यक्तियों का सजीव एवं संवेदनात्मक कोमल चित्रण किया गया है।

इनके अतिरिक्त देवेन्द्र सत्यार्थी ने लोकगीतों का संग्रह करने हेतु देश के विभिन्न क्षेत्रों की यात्रायें की थीं, इन स्थानों के संस्मरणों को भावात्मक शैली में उन्होंने लिखा है। ₹क्या गोरी क्या साँवली₹ तथा ₹रेखाएँ बोल उठीं₹ सत्यार्थी के संस्मरणों के अपने ढंग के संग्रह हैं। भदन्त-आनन्द कोसल्यायन ने अपने यात्र जीवन की विविध घटनाओं तथा परिस्थितियों के संदर्भ में जो अनेक पात्र मिले उनके सम्बन्ध में अपने संस्मरणात्मक आलेखों को दो संकलनों ₹जो न भूल सका₹ तथा ₹जो लिखना पड़ा₹ में संगृहीत किया है। कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर ने ₹भूले हुए चेहरे₹ तथा ₹दीपजले शंख बजे₹ में अपने कतिपय अच्छे और आकर्षक संस्मरण संकलित किये। संस्मरण को साहित्यिक निबन्ध की एक प्रवृत्ति भी माना जा सकता है। ऐसी रचनाओं को संस्मरणात्मक निबंध कहा जा सकता है। गुलाबराय की कृति ₹मेरी असफलताएँ₹ को संस्मरणात्मक निबन्ध की कोटि में रखा जा सकता है। हिन्दी के अन्य अनेक लेखकों ने भी अच्छे संस्मरण लिखे हैं जिनमे प्रमुख है राजा राधिकारमण सिंह की 'सावनी समां', और 'सूरदास', रामधारी सिंह 'दिनकर' की 'लोकदेव नेहरु' व संस्मरण और श्रद्धांजलियाँ', डॉ रामकुमार वर्मा की 'संस्मरणों के सुमन' आदि।

हिंदी निबंध : आधुनिक हिंदी गद्य-विधाओं में निबंध का महत्वपूर्ण स्थान है। इसका उद्भव भी भारतेन्दु युग से ही स्वीकार किया जाता है। कतिपय समीक्षक सदासुख लाल अथवा राजा शिवप्रसाद सितारे हिंद को हिंदी का पहला निबंधकार मानते हैं, परन्तु एक सुव्यवस्थित एवं सुनिश्चित निबंध-परम्परा का सूत्रपात भारतेन्दु हरिश्चन्द्र और उनके समसमयिक निबंधकारों से ही होता है।

हिंदी निबंध के विकास को चार भागों में बाँटा गया है-

1. भारतेन्दु युग
2. द्विवेदी युग
3. शुक्ल युग
4. शुक्लोत्तर युग

**1. भारतेन्दु युग** (1868 ई. से 1900 ई.)

गद्य की अन्य विधाओं के साथ ही भारतेन्दु युग से हिंदी निबंध का सूत्रपात एवं विकास होता है। इस युग के निबंधकारों में भारतेन्दु हरिश्चन्द्र, प्रतापनारायण मिश्र, बालकृष्ण भट्ट, बद्रीनारायण चौधरी प्रेमघन, श्री निवासदास आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। भारतेन्दु हरिश्चन्द्र आधुनिक हिंदी गद्य के जन्मदाता हैं। वे इस युग के प्रतिभा सम्पन्न निबंधकार हैं। उन्होंने समाज, राजनीति, धर्म, इतिहास, साहित्य आदि विविध विषयों पर निबंध-रचना की है। इनके यात्रा संबंधी निबंध भी विशेष महत्त्व रखते हैं। जिन्दादिली, आत्मीयता एवं व्यंग्यात्मकता भारतेन्दु के निबंध-साहित्य की विशेषताएँ हैं।

बालकृष्ण भट्ट भारतेन्दु युग के सर्वश्रेष्ठ निबंधकार कहे जा सकते हैं। भट्ट जी हिंदी प्रदीप पत्रिका के सम्पादक थे। इनके निबंध भट्ट निबंधमाला, भट्ट निबंधावली तथा साहित्य सुमन संग्रहों में संकलित हैं। विचारात्मक एवं भावात्मक दोनों प्रकार के निबंधों की रचना में भट्ट जी सफल रहे हैं। प्रतापनारायण मिश्र इस युग के स्वच्छन्द एवं मस्तजीवी निबंधकार हैं। इनके निबंध ब्राह्मण पत्रिका में प्रकाशित होते थे। प्रतापनारायण मिश्र ग्रंथावली में इनके निबंध संग्रहीत हैं। मनोरंजन तथा व्यंग्य इनके निबंधों की विशेषताएँ हैं। समग्र रूप से भारतेन्दु युग के निबंधों में हास्य- व्यंग्य, देश-प्रेम, समाज- सुधार और मनोरंजन जैसी विशेषताएँ प्रधान रूप से पाई जाती हैं।

**2. द्विवेदी युग** (1901 ई. से 1920 ई.)

द्विवेदी युग के प्रवर्तक महावीर प्राद द्विवेदी आचार्य, समीक्षक और निबंधकार के रूप में प्रसिद्ध हैं। आचार्य द्विवेदी ने सरस्वती के सम्पादक रहते हुए विविध विषयों पर निबंधों की रचना की। उन्होंने संस्कृति, साहित्य, समाज, धर्म, शिक्षा, इतिहास आदि विषयों पर विचारात्मक एवं आलोचनात्मक निबंधों की रचना की। उनके निबंधों में विचारों एवं तथ्यों को प्रधानता है। चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, पद्म सिंह शर्मा, बालमुकुन्द गुप्त, गोविन्दनारायण मिश्र, श्यामसुन्दरदास, चन्द्रधर शर्मा गुलेरी, अध्यापक पूर्णसिंह इस युग के प्रसिद्ध निबंधकार हैं। इस युग के निबंधों से निबंध का विचार क्षेत्र व्यापक हुआ है। विचार-प्रधान निबंधों की रचना में इस युग के लेखक को सफलता मिली है, परन्तु भारतेन्दु युगीन आत्मीयता जिन्दादिली तथा सजीवता का इस युग के निबंध में अभाव है।

**3. शुक्ल युग** (1921 ई. से 1940 ई.)

शुक्ल युग के निबंधकारों में आचार्य रामचन्द्र शुक्ल शीर्षस्थ है। आचार्य शुक्ल ने मनोवैज्ञानिक, साहित्यिक एवं आलोचनात्मक निबंधों की रचना की है, जो चिन्तामणि (दो भाग) में संगृहीत हैं। शुक्ल जी के निबंध विचारात्मक निबंधों का आदर्श प्रस्तुत करते हैं। इनमें बुद्धि और भाव का सन्तुलित समन्वय मिलता है। उत्साह, करुणा, भय आदि शुक्ल जी के मनोभाव संबंधी प्रसिद्ध निबंध हैं। कविता क्या है? आदि इनके साहित्यिक एवं समीक्षात्मक निबंध हैं। शुक्ल जी की भाषा भावों और विचारों की अभिव्यक्ति में पूर्णतया सक्षम है।

शुक्ल युग के निबंधकारों में बाबू गुलाबराय, पदुमलाल पुन्नालाल बख्शी, शान्तिप्रिय द्विवेदी, महादेवी वर्मा, राहुल सांकृत्यायन आदि उल्लेखनीय हैं। इन निबंधकारों की अपनी मौलिक विशेषताएँ हैं। बाबू गुलाबराय ने आत्म- परक निबंधों की रचना की है। महादेवी के निबंध संस्मरणात्मक हैं। राहुल के निबंधों में विषय- वैविध्य है। सियारामशरण गुप्त के निबंध वैयक्तिक है। इस युग में श्रीराम शर्मा ने आखेट विषयक निबंध लिखे हैं। डॉ. रघुवीर सिंह के भावात्मक निबंध भी प्रसिद्ध हैं। शुक्ल युग के इन निबंधकारों में विचारों की गम्भीरता के साथ- साथ भाषा-शैली की प्रौढ़ता भी मिलती है।

**4. शुक्लोत्तर हिंदी निबंध (1940 ई. से अब तक)**

शुक्लोत्तर युग के निबंधकारों में हजारीप्रसाद द्विवेदी अपने ललित निबंधों के लिए प्रसिद्ध हैं। उन्हें सांस्कृतिक चेतना का निबंधकार माना जा सकता है। प्राचीन और नवीन का सामंजस्य उनकी उल्लेखनीय विशेषता है। अशोक के फूल, कुटज, कल्पलता, आलोक पर्व आदि संग्रहों में द्विवेदी जी के निबंध संगृहीत हैं। उनकी भाषा प्रौढ़ है और शैली में व्यंग्य-विनोद। इस युग के अन्य निबंधकारों में वासुदेवशरण अग्रवाल, आचार्य नन्ददुलारे वाजपेयी, डॉ. नगेन्द्र, भगतशरण उपाध्याय, जैनेन्द्र, रामविलास शर्मा, प्रभाकर माचवे, डॉ. इन्द्रनाथ मदान, डॉ. सत्येन्द्र आदि के नाम भी पर्याप्त चर्चित है। इसी क्रम में ललित निबंध के मार्ग को जिन्होंने प्रशस्त किया है उन निबंधकारों में डॉ. विद्यानिवास मिश्र, धर्मवीर भारती, नामवर सिंह, शिवप्रसाद सिंह, श्रीलाल शुक्ल, कन्हैयालाल मिश्र प्रभाकर, हरिशंकर परसाई, कुबेरनाथ राय, विवेकी राय आदि के नाम उल्लेखनीय हैं। इनमें डॉ. विद्यानिवास मिश्र ने निबंध के क्षेत्र में विशिष्ट स्थान प्राप्त किया है। इन्होंने आचार्य द्विवेदी की सांस्कृतिक- साहित्यिक ललित निबंध- परम्परा को विकसित किया है। छितवन की छाँह, कदम की फूली डाल, तुम चन्दन हम पानी आदि मिश्र जी के निबंध- संग्रह हैं। इनके निबंधों में अनुभूति और चिन्तन का मेल है और भाषा में लालित्य और प्रवाह है। हरिशंकर परसाई हास्य व्यंग्य- प्रधान निबंधों के लिए प्रसिद्ध हैं।

यात्रा वृतान्त :हिन्दी साहित्य में यात्रा वृतान्त एक आधुनिक गद्य विधा के रूप में स्वीकृत है। हिन्दी में यात्रा-वृत्तान्त लिखने की परम्परा का सूत्रपात भारतेन्दु से माना जाता है। इनके यात्रावृत्त विषयक रचनाएँ कविवचनसुधा में प्रकाशित होती थीं। राहुल सांकृत्यायन, अज्ञेय और नागार्जुन को आधुनिक हिंदी साहित्य का 'घुमक्कड़ बृहतत्रयीह्व कहा जाता है।

भारतेन्दु ने विभिन्न स्थलों की यात्रा की और अपने अनुभवों को साझा किया। यात्रा वृतांत के रूप में उनके कुछ संस्मरण हैं- सरयू पार की यात्रा, लखनऊ की यात्रा, हरिद्वार की यात्रा। भारतेंदु युग में ही कुछ लेखकों के द्वारा विदेश यात्रा के वृतांत भी लिखे गए। इसी प्रकार द्विवेदी युग में भी विभिन्न यात्रा वृतान्त लिखे गए श्रीधर पाठक की देहरादून , शिमला यात्रा। स्वामी सत्यदेव परिव्राजक की ₹मेरी कैलाश यात्रा₹, अमेरिका भ्रमण आदि। सबसे महत्वपूर्ण यात्रावृतान्त लेखक राहुल सांकृत्यायन माने जाते हैं। उन्होंने विभिन्न देशों की यात्रा की और यात्रा में आने वाली कहानियों को बताने के साथ-साथ उस स्थान विशेष कि प्राकृतिक संपदा, सांस्कृतिक तथा ऐतिहासिक घटनाओं को भी बारी-बारी से प्रस्तुत किया जैसे- किन्नर देश में, दार्जिलिंग परिचय, यात्रा के पन्ने आदि।

राहुल सांकृत्यायन का नाम जब भी सामने आता है तो स्मृति में सबसे पहले आती है घुमक्कड़ी। उनकी एक पुस्तक का नाम भी है - घुमक्कड़ शास्त्र, इसके अलावा भी उन्होंने कई पुस्तकें यात्रा और भ्रमण पर लिखी हैं। महापंडित कहे जाने वाले राहुल सांकृत्यायन वास्तव में यायावर थे, लेकिन वैसे यायावर नहीं जो सारी सुविधाओं के साथ घूमने जाते हैं। वे लिखते हैं कि ₹बढ़िया से बढ़िया होटलों में ठहरने, बढ़िया से बढ़िया विमानों पर सैर करने वालों को घुमक्कड़ कहना इस महान शब्द के प्रति भारी अन्याय करना है।₹ राहुल सांकृत्यायन ने कोलकाता, काशी, दार्जिलिंग, तिब्बत, नेपाल, चीन, श्रीलंका, सोवियत संघ समेत कई देशों का भ्रमण किया। वे एक साधारण घुमक्कड़ नहीं थे जो किसी देश में जाकर वहां के भूगोल मात्र से प्रभावित हो ले। वह खच्चर पर किताबें लादकर तिब्बत से भारत ले आए थे। वे जहां जाते, वहां की संस्कृति को भी आत्मसात करते। 30 भाषाएं जानते थे और 140 किताबों के लेखक थे। अद्भुत तर्कशास्त्री थे, समाजशास्त्र, दर्शन, इतिहास, अध्यात्म जैसे विषयों के ज्ञाता थे। संभवतः यह सभी उनके घुमक्कड़ स्वभाव के कारण ही उन्हें मिला। अपने आप में घुमक्कड़ होना या मात्र साहित्यकार होना एक व्यक्ति को अन्य से अलग करता है पर राहुल तो दोनों थे। अपने घूमने के स्वभाव के कारण वह अपनी जड़ों से कभी नहीं कटे। समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि, ₹घुमक्कड़ होने का अर्थ ही नहीं कि उसका अपनी मातृभूमि से प्रेम ही न हो।₹ राहुल भी जीवन के आखिरी पड़ाव में अपने गांव लौट आए थे। एक साहित्यकार की दृष्टि से यायावरी के क्या अनुभव हो सकते हैं, यह जानने के लिए राहुल सांकृत्यायन को अवश्य पढ़ना चाहिए।

राहुल सांकृत्यायन लिखते हैं- 'व्यक्ति के लिए घुमक्कड़ी से बढ़कर कोई धर्म नहीं है। जाति का भविष्य घुमक्कड़ों पर निर्भर करता है, इसलिए मैं कहूंगा कि हरेक तरुण और तरुणी को घुमक्कड़-व्रत ग्रहण करना चाहिए, इसके विरुद्ध दिए जाने वाले सारे प्रमाणों को झूठ और व्यर्थ मानना चाहिए। यदि माता-पिता विरोध करते हैं, तो समझाना चाहिए कि वह भी प्रह्लाद के माता-पिता के नवीन संस्करण हैं। यदि हित-बांधव बाधा उपस्थित करते हैं, तो समझाना चाहिए कि वे दिवांध हैं। धर्म-धमार्चार्य कुछ उलटा-सीधा तर्क देते हैं, तो समझ लेना चाहिए कि इन्हीं ढोंगों और ढोंगियों ने संसार को कभी सरल और सच्चे पथ पर चलने नहीं दिया। यदि राज्य और राजसी-नेता कानूनी रुकावटें डालते हैं, तो हजारों बार की तजुर्बा की हुई बात है, कि महानदी के वेग की तरह घुमक्कड़ की गति को रोकनेवाला दुनिया में कोई पैदा नहीं हुआ।

बड़े-बड़े कठोर पहरेवाली राज्य-सीमाओं को घुमक्कड़ों ने आंख में धूल झोंककर पार कर लिया। मैंने स्वयं ऐसा एक से अधिक बार किया है। पहली तिब्बत यात्रा में अंग्रेजों, नेपाल-राज्य और तिब्बत के सीमा-रक्षकों की आंख में धूल झोंककर जाना पड़ा था। संक्षेप में हम यह कह सकते हैं, कि यदि कोई तरुण-तरुणी घुमक्कड़ धर्म की दीक्षा लेता है- यह मैं अवश्य कहूंगा, कि यह दीक्षा वही ले सकता है, जिसमें बहुत भारी मात्रा में हर तरह का साहस है- तो उसे किसी की बात नहीं सुननी चाहिए, न माता के आंसू बहने की परवाह करनी चाहिए, न पिता के भय और उदास होने की, न भूल से विवाह लाई अपनी पत्नी के रोने-धोने की फिक्र करनी चाहिए और न किसी तरुणी को अभागे पति के कलपने की।

दुनिया में मनुष्य-जन्म एक ही बार होता है और जवानी भी केवल एक ही बार आती है। साहसी और मनस्वी तरुण-तरुणियों को इस अवसर से हाथ नहीं धोना चाहिए। कमर बांध लो भावी घुमक्कड़ो! संसार तुम्हारे स्वागत के लिए बेकरार है।"

अपने घूमने के स्वभाव के कारण भी वह अपनी जड़ों से कभी नहीं कटे। समाज के विभिन्न वर्गों के लिए अपनी आवाज बुलंद करते रहे। उन्होंने कहा कि, ₹घुमक्कड़ होने का अर्थ ही नहीं कि उसका अपनी मातृभूमि से प्रेम ही न हो।₹ राहुल भी जीवन के आखिरी पड़ाव में अपने गांव लौट आए थे। एक साहित्यकार की दृष्टि से यायावरी के क्या अनुभव हो सकते हैं, यह जानने के लिए राहुल सांकृत्यायन को अवश्य पढ़ना चाहिए।

बाद में चलकर अज्ञेय ने अपनी यात्रा वृतांत के द्वारा विदेशी अनुभवों को भी एक भी एक कहानीकार की रोचकता और यात्री के रोमांचक के साथ प्रस्तुत किया है। एक बूंद सहसा उछली में यूरोप और अमेरिका की यात्राओं को प्रस्तुत किया है। मोहन राकेश ने अपनी यात्रा वृतान्त आखिरी चट्टान में दक्षिण भारत की यात्राओं का वर्णन किया है। निर्मल वर्मा ने चीड़ों पर चांदनी नामक यात्रा वृतांत में अपनी यूरोप यात्रा का वर्णन किया है। इस यात्रा वृतांग में वे वहां के इतिहास, दर्शन और संस्कृति से सीधा संवाद करते हैं। उनके यात्रा वर्णन में संवेदनशीलता के साथ साथ बौद्धिक गहराई का भी अनुभव होता है।

**डायरी लेखन:** डायरी में निजी अनुभव, प्रतिदिन घटित होने वाली घटनाओं का लेखा-जोखा, तथ्य-संग्रह, संपर्क में आए व्यक्तियों, नए अनुभवों, नए स्थानों, नयी घटनाओं आदि का संक्षिप्त विवरण होता है। इसलिए इसे दैनंदिनी भी कहते हैं। इसे लिखने के पीछे लेखक की मंशा जीवन में घटित घटनाओं को लंबे समय तक याद रखना होता है। डायरी लेखन व्यक्ति के द्वारा लिखे गये व्यक्तिगत अनुभवों, सोच और भावनाओं को लिखित रूप में अंकित करके बनाया गया एक संग्रह है। विश्व में हुए महान व्यक्ति डायरी लेखन करते थे और उनके अनुभवों से उनके निधन के बाद भी कई लोगों को प्रेरणा मिलती है। डायरी गत साहित्य की एक प्रमुख विधा है इसमें लेखक आत्म साक्षात्कार करता है। वह अपने आपसे सम्प्रेषण की स्थिति में होता है। मानव के समस्त भावों मानसिक उद्वेगों,अनुभूति विचारों को अभिव्यक्त करने में साहित्य का सर्वोच्च स्थान है।समीक्षकों ने डायरी को साहित्य की कोटि में इसलिए रखा है क्योंकि वह किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति के व्यक्तित्व का उदघाटन करती है या मानव समाज के विभिन्न पक्षों का सूक्ष्म और जीवंत चित्र उपस्थित करती हैं। डायरी लेखक अपनी रूचि आवश्यकतानुसार राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक साहित्यिक अधिक विभिन्न पक्षों के साथ निजी अनुभूतियों का चित्रण कर सकता है। जाहिर है कथेतर गद्य का दायरा विस्तृत है इसपर बात होनी चाहिए।

**संपर्क : 34/242, सेक्टर-3, प्रतापनगर, जयपुर-302033 मो.7838897877**

# एक प्रयोगधर्मी उपन्यास: दिन जो पखेरू होते

**मूल्यांकन**

**डॉ. राकेश शुक्ल**



कहानी, रिपोर्ताज और रेखाचित्र के बाद उपन्यास के क्षेत्र में भी राजेन्द्र राव ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा से हिन्दी जगत को प्रभावित किया है। 'दिन जो पखेरू होते' कथ्य और संरचना की दृष्टि से उनका प्रयोगधर्मी उपन्यास है। आत्मकथा शैली में लिखे गए इस उपन्यास में नाटक, संस्मरण और रिपोर्ताज विधा का एक साथ आनन्द लिया जा सकता है।

यह उपन्यास छठे और सातवें दशक के भारतीय समाज का एक ऐसा लेखा-जोखा है, जिसमे तेजी जे हो रहे सामाजिक बदलावों की तस्वीर पेश की गई है। आजादी के बाद जब हम आत्मनिर्भर होने की दिशा में आगे बढ़ रहे थे, तब वैज्ञानिक उन्नति के फलस्वरूप औद्योगिकरण और महानगरीकरण के साथ एक प्रकार की नई सभ्यता और संस्कृति का भी उदय हो रहा था। इस नए जमाने की बयार ने नई और पुरानी पीढ़ी के द्वंद्व को कुछ और अधिक रोचक और महत्वशाली बना दिया था।

लेखक ने देश की राजधानी के पास एक कस्बाई माहौल में, मनोहर नगर फैक्ट्री एस्टेट के जनजीवन को अपनी कथा का केंद्र बनाया है। जहाँ के एक स्कूल की गतिविधियाँ, टीन एजर्स कुछ छात्र-छात्राओं के बीच ढँके-खुले प्रेम-प्रसंग,उनकी देहासक्ति, नए आए मास्टरों की फैशन परस्ती, स्कूल की राजनीति तथा उनकी यौन कुंठाएँ, स्कूल तथा एस्टेट में आयोजित नाटक आदि सांस्कृतिक प्रतियोगिताएँ, औसत मध्यवर्गीय या निर्धन विद्यार्थियों के जीवन-संघर्ष, पढ़ाई का तनाव और दबाव तथा यूनियन की गतिविधियों, हड़तालों आदि का बहुत ही रोचक वर्णन किया है।

महत्वपूर्ण यह कि एक आयुध फैक्ट्री एस्टेट और वहाँ के एक स्कूल के जनजीवन के साथ देश और दुनिया में हो रहे सामाजिक, आर्थिक, राजनैतिक और सांस्कृतिक बदलावों के चित्रण की जिस सघन और संश्लिष्ट तरीके से कथाकार ने एकान्विति की है, वह श्लाघनीय है। किस्सागोई का नया ढंग भी लेखक और पाठक के बीच अद्भुत तादात्म्य स्थापित करता है।

उपन्यास में किशोर और युवा होते उन सात बालक-बालिकाओं की कहानी को अपेक्षित विस्तार दिया गया है, जो यंत्रीकरण और औद्योगिकरण के साथ शिक्षा और संस्कृति की नई रोशनी में मूल्य-संक्रमण का सामना कर रहे हैं। कथानायक जगन्नाथ, जया, सुमन, गिरीश , उर्मिला, जयंत तथा जनक। इन टीन एजर्स लड़के-लड़कियों के सपनो और आकांक्षाओं के साथ उनके मनोविज्ञान की जटिलता को लेखक ने इतने जीवंत रूप में वर्णित किया है कि सभी चरित्र वास्तविक लगते हैं, और जिनमे कल्पना की कोई गुंजाइश नहीं होती। अनेक वर्जनाओं और कुतूहल भरे विवरणों को पढ़ते हुए उस दौर के स्कूली-जीवन वाले पाठकों को अपना भी स्कूली जीवन याद आने लगता है। इन पात्रों के साथ फैक्ट्री एस्टेट के अधिकारियों, कर्मचारियों ,ऑफिसर ट्रेनीज तथा ट्रेड यूनियन की गतिविधियाँ, हड़तालें, स्कूली मास्टरों की ट्यूशनबाजी सहित एस्टेट के रोजमर्रा के जीवन-विवरण को उपन्यासकार ने इतने रोचक ढंग से हमारे रखा है कि ऐसा प्रतीत होता है कि सारी घटनाएँ और परिस्थितियाँ हमारे सामने घटित हो रही हैं, और हम इन पात्रों के सहचर हैं।

इन कहानियों के साथ एक निश्छल प्रेम कथा भी क्रमशः विस्तार पाती है। युवा होते कथानायक जगन्नाथ और किशोरी जया के बीच पनप रहे प्रेम को जिस गहराई के साथ उपन्यासकार ने प्रस्तुत किया है, वह निश्चय ही सूक्ष्म और सधे हुए कौशल के बल पर सम्भव है। निश्छल, कोमल प्रेम में पड़े ये युवा उस दौर की रोमानी प्रेम-कथा वाली फिल्मों से भी प्रभावित हैं, पर इस प्रेम में हल्कापन नहीं, एक प्रकार की गरिमा और औदात्य है। कथानायक का एक संवाद द्रष्टव्य है--₹ सोचते हुए प्यार शब्द मुझे इतना हल्का और फिल्मी लगा तो उसे मस्तिष्क-पटल पर काट कर प्रेम कर दिया। इस शब्द में भद्रता थी, ऊँचाई थी, और नफासत थी।₹ इसी प्रकार कथानायक की प्रेमिका हाथ मिलाते हुए जब उसकी हथेली को हल्के से दबा देती है, तो उसे यह विश्व का सबसे कोमलतम संवाद लगता है। मूल्य संक्रमण के उस दौर में, युवाओं में 'प्यार किया तो डरना क्या' की फीलिंग भी आने लगी थी। तभी तो वाइस प्रिंसिपल के बेटे गिरीश के प्रेम में पड़ी सुमन अपने प्रेम-पत्र को वापस पाकर भड़क जाती है, और कहती है, ₹कायर, बुजदिल कहीं का! अभी भी अपने बाप की पिटाई से खौफ खाता है। मैं तो लड़की होकर भी नहीं डरती।...चलो अच्छा हुआ कि उसकी असलियत खुल गई। भाड़ में जाए वो और उसका हिटलर छाप बाप!₹ इसी प्रकार शुचि का अपने प्रेमी देवेश ठाकुर के साथ भाग जाना, और अपने खुर्राट पिता से बगावत कर अंततः उससे शादी करने आदि के किस्से भी कथानक में कुतूहल पैदा करते हैं।

मनोरथ नगर के पिछड़े और दकियानूसी समाज में बड़े शहरों के ऑफिसर ट्रेनीज , जो नई जीवन- शैली और नई संस्कृति लेकर आए थे, के कारण नए-पुराने मूल्यों या संस्कारों की मुठभेड़ के अंकन में भी यह उपन्यास सार्थक बन पड़ा है। एस्टेट की कैंटीन, लाइब्रेरी, थियेटर , खेलकूद की गतिविधियाँ, बंगभाषी समुदाय के भव्य उत्सव, नारी कल्याण संगठन तथा श्रम कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन आदि के विवरण भी अत्यंत सजीव हैं, उपन्यास में उन किशोरों- किशोरियों की जी तोड़ पढ़ाई के भी विवरण हैं , जो डॉक्टर, इंजीनियर बनने के सपने देख रहे हैं, उपन्यासकार ने तदयुगीन जन-जीवन की गर्हित सच्चाइयों। को भी उजागर किया है, यथा--भागलपुरिया मास्साब के बालक प्रेम तथा फिजिक्स वाले मास्साब का अपनी शिष्या के कदली-स्तम्भों पर हाथ फेरना आदि।



उपन्यास में राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर पर उस दौर की राजनीतिक, वैचारिक हलचल, यथा--कॉग्रेस, कम्युनिस्ट और संघ वालों की गतिविधियों आदि के विवरण भी बेहद पठनीय हैं। कथानायक के शब्दों में, ₹ वे पंचशील, विश्वशांति और गुट निरपेक्षता के खुमार में डूबे रहने के मस्त, अल्हड़ दिन थे। नवोदित भारत के पहले प्रधानमंत्री की छवि शांति के दूत और अहिंसा के पुजारी की बन गई थी।₹ ऐसे में आयुध निर्माणियों की उपेक्षा, कर्मचारियों की छँटनी, और अचानक एक दिन चीन के आक्रमण आदि की घटनाओं से हतप्रभ रह जाने के विवरण उपन्यास को विस्तृत फलक प्रदान करते हैं। उपन्यास की भाषा सहज, सरस, कलात्मक और ताजगी से परिपूर्ण है, तथा शैली अत्यंत रोचक है। राजेन्द्र राव व्यंगकार नहीं हैं; पर उपन्यास में उनकी व्यंग्य मुद्रा अनेकशः हमें ठहाके लगाने पर मजबूर कर देती है।

**(117/254-ए' पी-ब्लॉक, हितकारी नगर, काकादेव, कानपुर, संपर्क 9839970460)**

# सराफा कारोबारी की पत्नी ने फांसी लगाकर दी जान

**दुखद**

### चार पुत्रियां होने से रहती थी अवसाद में

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत के गोला क्षेत्र में अपना मकान बनाकर लगभग 20 वर्षो से रह रहे सुनील पाटिल निवासी शोलापुर महाराष्ट्र की पत्नी स्वाति पाटिल 27 वर्ष शुक्रवार की रात अपने कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सोने के टंच मापन का कार्य करने वाले सुनील पाटिल की शादी लगभग 13 वर्ष पूर्व स्वाति पाटिल से हुई थी।



घटना की जानकारी लेती पुलिस।

दोनों अतरौलिया नगर पंचायत में मकान बनाकर रह रहे थे। मृतका स्वाति पाटिल को अभी ढाई माह पूर्व एक बच्ची पैदा हुई है। मृतका के पास चार संताने थी सभी बच्चियां थी इसको लेकर वह हमेशा परेशान रहती थी। स्थानीय थाने पर दिए गए तहरीर में मृतका के पति सुनील पाटिल ने बताया कि 4 बच्चियां पैदा होने के कारण मेरी पत्नी हमेशा डिप्रेशन में रहती थी। 3 मार्च को हम दोनों लोग साथ में चाय पिए इस दौरान मेरी पत्नी कुछ भावुक बातें कर रही थी।

मैं उसको समझा कर अतरौलिया बाजार में सब्जी लेने गया और लौटा तो उसे कमरे में पंखे से लटकते हुए देखा। आनन-फानन में लोगों की मदद से अस्पताल लाए जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के तुरंत बाद उसके घर में मौजूद एक कुत्ता जब जोर जोर से भौंकने लगा तो संदीप भी घर के अंदर गया तो घटना की जानकारी हुई। इस संबंध में पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में संदीप पाटिल ने शव को पोस्टमार्टम के बाद महाराष्ट्र ले जाने का अनुरोध किया था। थानाध्यक्ष अतरौलिया प्रवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, मामले की जांच की जा रही है।

## अधिकारियों ने लिया खाद्य पदार्थों का नमूना

**जनसंदेश न्यूज**

**संजरपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बा में शनिवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की छापेमारी से बाजार में अफरा तफरी मच गयी। अधिकारियों ने स्टेट बैंक के सामने से स्वाद रेस्टोरेंट पर छापेमारी करके खोया का नमूना लिया। वहीं पुलिस बूथ के निकट से जोया बैकरी से लड्डू व बटर का नमूना लेकर सील किया। इसी दुकान से एक एक सप्ताह पूर्व एक व्यक्ति द्वारा केक खाने से फूड प्वाइजन हुआ था जिससे मामला चर्चा में आ गया था। वहीं ठेकमा बाजार से खुले में बिक रहे दूध का भी सैम्पल लिया। दो घण्टे अधिकारियों के बाजार में रुकने से बाजार में अफरा तफरी का माहौल रहा जबकी अन्य दुकानदार अपनी दुकानों को बन्द करके एक दूसरे के संपर्क में रहे। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अंकित कुमार सिंह, संजय सिंह, सहायक अनिल कुमार व कीर्ति आनन्द टीम के साथ मौजूद रहे।



एक दुकान से नमूना लेते खाद्य सुरक्षा अधिकारी।

दो दुकानों से नमूना लेकर सील किया। अन्य दुकानदार अपनी दुकानें बंद कर फरार हो गये।

सरायमीर कस्बा में खाद्य सुरक्षा प्रभारी राकेश कुमार शुक्ला के नेतृत्व में चार सदस्यों की टीम ने सरायमीर के

## संक्षेप

### ताल पर हो रहे अतिक्रमण रोकने के लिए किया प्रदर्शन



**अंजान शहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील पर संपूर्ण समाधान दिवस पर हिरनई गुल्लीगढ़ के दर्जनों की संख्या में ग्रामीणों ने गांव में स्थित ताल पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने के लिए प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। हिरनई गुल्लीगढ निवासी दर्जनों की संख्या में महिला व पुरुषों ने सगड़ी संपूर्ण समाधान दिवस पर पहुंचकर प्रदर्शन कर प्रार्थना पत्र देकर अतिक्रमण रोकने की गुहार लगाई। उन्होंने बताया कि गाटा संख्या 205, 315, 327 ताल के नाम से दर्ज है जिस पर गांव के बालचंद हिसामुद्दीन, नंदू, कलामुद्दीन, पुत्रगण मुंसफी ने ताल पर अवैध कब्जा कर रखा है जिसे अपना चक बता रहे और वही गांव के लोग जब तालाब पर मिट्टी लेने के लिए जाते हैं तो उन्हें भगाते व धमकाते हैं। एसडीएम राजीव रतन सिंह से जांच करा कर अवैध कब्जा हटाने की मांग की। एसडीएम ने राजस्व कर्मी को प्रार्थना पत्र सौंप कर जांच करने के लिए निर्देशित किया। इस अवसर पर विलास, इंद्रजीत, मनोज, क्षांगुर, योगेंद्र, सूर्यभान, उषा सरोज, मीना, उमा, पुनीता आदि आदि मौजूद रहीं।

### फ्रेशर पार्टी में छात्राओं को दिलायी गयी शपथ



**ठेकमा (आजमगढ़)।** आजाद नर्सिंग कॉलेज भरथीपुर सरैया पल्हना में शपथ ग्रहण समारोह एवं फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जो लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि संगीता आजाद मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सांसद लालगंज तथा आजाद अरिमर्दन चेयरमैन व पूर्व विधायक लालगंज नर्सिंग कॉलेज के प्राचार्या माधुरी मौर्य, पॉलिटेक्निक प्रधानाचार्य राम सूरत कनौजिया, डी फार्मा प्रधानाचार्य एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। प्राचार्य माधुरी मौर्या द्वारा छात्राओं को निःस्वार्थ जीवन में समाज सेवा करने की प्रेरणा दी गयी एवं शपथ दिलाई गयी। मुख्य अतिथि लालगंज सांसद संगीता आजाद ने कहा कि छात्राएं यहां से प्रशिक्षण लेकर हमें आशा है कि समाज में निःस्वार्थ भाव से सेवा करेंगी एवं समर्पित रहेंगी। ऐसा कार्य करें जिससे कालेज का भी नाम ऊंचा हो। प्रबंधक पूर्व विधायक लालगंज आजाद अरिमर्दन ने फ्रेशर पार्टी एवं शपथ ग्रहण के अवसर पर बोलते हुए छात्राओं के भविष्य की शुभकामनाओं के साथ अपने समस्त स्टाफ को भी शुभकामनाएं दी।

### पुलिस व पीएसी ने किया पैदल मार्च

**तरवा (आजमगढ़)।** होली के आगामी त्यौहार को देखते हुए थानाध्यक्ष तरवा बसंत लाल के नेतृत्व में पीएसी जवानों के साथ भारी संख्या में पुलिस कर्मियों ने क्षेत्र में पैदल मार्च किया। इस दौरान लोगों को जागरुक किया कि त्यौहार को शांतिपूर्वक तरीके से मनाएं तथा आपसी भाईचारे एवं सौहार्द को बनाए रखें। लोगों को सूचित किया कि त्यौहार में किसी भी प्रकार खलल डालने वालों के ऊपर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील किया कि यह रंग गुलाल अबीर का त्योहार है, इसे मिलजुल कर मनाएं। मार्च पकड़ी पुलिस चैकी से शुरू होकर पूरे क्षेत्र में भ्रमण किया जिसमें पकड़ी पुलिस चैकी इंचार्ज नागेश चैधरी के साथ भारी संख्या में पीएसी के जवान एवं पुलिस बल मौजूद रही।



## मोबाइल टावरों से चोरी गयी बैट्री बरामद

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** थाना जहानागंज पुलिस ने पीसीआर पर आये अभियुक्त की निशानदेही पर मोबाइल टावरों से चोरी की गयी 4 बैटरी बरामद कर लिया।



जहानागंज थाने में बरामद बैट्री के साथ अभियुक्त।

बीते 22 जनवरी को आगन्तुक राकेश पुत्र रामा यादव निवासी अतरौलिया ने स्थानीय थाने पर प्रार्थना पत्र दिया कि इण्डस कम्पनी का एक टावर ग्राम गोधौरा में लगा है। आज्ञात व्यक्ति द्वारा बैटरी चोरी कर लिया गया जिससे दूरसंचार व्यवस्था बाधित हो गयी है। प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश में थी। शनिवार को अपर सिविल जज न्यायिक मजिस्ट्रेट कोर्ट नम्बर 20 आजमगढ़ द्वारा प्रकाश में आये अभियुक्त संतोष गुप्ता पुत्र नन्दलाल गुप्ता निवासी वार्ड नम्बर 6 आजाद नगर मेहनगर, थाना मेहनगर का पांच घन्टे की पुलिस कस्टडी रिमाण्ड का आदेश प्राप्त किया गया।

उक्त आदेश के क्रम में पुलिस द्वारा जिला कारागार से अभियुक्त संतोष गुप्ता को जिला कारागार से लेकर थाना जहानागंज लाया गया। पूछताछ किया गया तो अभियुक्त द्वारा बताये गये स्थान कोल्हूखोर हास्पिटल के आगे ग्राम धरवारा से पहले सड़क पर पोखरे के पास से चोरी की चार बैट्री बरामद हुई।

## प्लास्टिक के विरुद्ध छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप

**जनसंदेश न्यूज**

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** सिंगल यूज प्लास्टिक छापेमारी से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। शनिवार को एसडीएम संत रंजन के निर्देशन में नगर पंचायत के ईओ सूर्यनाथ सरोज, वरिष्ठ लिपिक अशोक दुबे के नेतृत्व बाजारों में टीम ने छापेमारी की। सिंगल यूज प्लास्टिक से बढ़ते प्रदूषण को लेकर केंद्र सरकार उस पर प्रतिबंध लगाने के लिए निर्देशित किया है। यह प्रतिबंध पिछले एक जुलाई से देशभर में लागू किया गया है।

बावजूद इसके दुकानदारों द्वारा पालीथिन में सामानों को धड़ल्ले बेचा जा रहा है। टीम द्वारा करीब दो दर्जन से अधिक दुकानदारो के यहां छापेमारी कर 500 ग्राम पालीथिन बरामद किया गया। वहीं एक हजार रुपये जुमार्ना वसूल किया। छापेमारी से दुकानदारों हड़कम्प मचा रहा। छोटे दुकानदार व ठेले वालों को हिदायत देकर छोड़ दिया गया।

# समाधान दिवस पर अधिकारियों ने सुनी फरियाद

## कुछ का मौके पर ही किया निस्तारण, शेष संबंधित को सौंपा

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर जनपद के तहसीलों में अधिकारियों ने फरियादियों की फरियाद सुनी और समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया।

इसी क्रम में जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य की अध्यक्षता में तहसील लालगंज के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी। इस अवसर पर कुल 93 मामले आये, जिसमें से 14 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 79 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिया गया। इस अवसर पर एसडीएम लालगंज सुरेन्द्र



लालगंज तहसील में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

नारायण त्रिपाठी, तहसीलदार लालगंज शैलेन्द्र कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अतुल कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी सुनिल कुमार पुष्कर, जिला समाज कल्याण अधिकारी मोती लाल आदि उपस्थित रहे।

**मेहनगर प्रतिनिधि** के अनुसार स्थानीय तहसील परिसर के सभागार में एसडीएम संत रंजन की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान मात्र दो शिकायती प्रार्थना पत्र पड़े। उन्होंने तहसील स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गुणवत्ता पूर्ण शिकायत के निस्तारण हेतु मौके पर जाएं व समय से निस्तारण करें। वहीं पूर्व में अवशेष शिकायती पत्रों को देख लें कि निस्तारण हुआ की नहीं। यदि अवशेष हो तो समय से निपटारा करें।

अन्यथा सम्बंधित के विरुद्ध कार्यवाही होगी। इस मौके पर तहसीलदार राजू कुमार, नायक तहसीलदार मयंक मिश्रा, थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह, पूर्ति निरीक्षक रणधीर कुमार, सीडीपीओ निरुपमा वर्मा आदि उपस्थित रहीं।

### शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं: जासिम कासमी



**लालगंज (आजमगढ़)।** स्थानीय तहसील के बसही इकबालपुर स्थित मदरसा सफीन ए हक के छात्र-छात्राओं को शनिवार को परीक्षा में पोजीशन हासिल करने पर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुहम्मद अरशद के तिलावते कुरआन और सफवान अहमद के हम्द से हुई। मदरसे के संरक्षक मुफ्ती जासिम कासमी ने कहा कि बिना शिक्षा के विकास संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि शिक्षा के बल पर परिवार का नहीं बल्कि गांव, तहसील, जिले के साथ देश का नाम रोशन होता है। उन्होंने कहा हमें शिक्षा के महत्व को समझना होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा से भविष्य को सुंदर बनाया जा सकता है। हमें समाज में शिक्षा का माहौल बनाना होगा, तभी बच्चे शिक्षा की ओर आकर्षित होंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले बच्चों को पुरस्कार देने से उन्हें प्रोत्साहन मिलता है और भविष्य में कड़ी मेहनत करने की उनके अंदर भावना पैदा होती है। इस मौके पर प्रधानाध्यापक मास्टर सहीम, मौलाना अकरम, मौलाना मुहम्मद शाहिद, मौलाना वसीउल्लाह, मास्टर अब्दुर्रहमान, मास्टर अनीस अहमद, मौलाना मुहम्मद आमिर, जफरुल इस्लाम, मुजाहिद सिद्दीकी, सदरे आलम, बदरे लम, अबुल कलाम, परवेज अहमद, सलामुद्दीन, मौलाना हबीबुर रहमान., अबूजर, प्रधान मुहम्मद सालेह उर्फ सालेहिन, गयासुद्दीन, आजम, जुम्मन, अबुल जैश, नूरुद्दीन, शाह नवाज, अली कदर, अबुल वैस, नसीम अहमद, शहाबुद्दीन, इजहार अहमद, इफ्तिखार अहमद, अब्दुल बारी आदि मौजूद रहे।

# महिलाओं, युवाओं, किसानों को समर्पित है केंद्र सरकार का बजट : संगीता यादव

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी की राज्यसभा सांसद व राष्ट्रीय मंत्री महिला मोर्चा ने कहा कि केंद्र सरकार का लोककल्याणकारी बजट जन-जन के बीच पहुँचे इसलिए मीडिया बन्धुओ के माध्यम से स्थानीय स्तर पर बजट के बारे में विस्तृत जानकारी दिया जा रहा है। सांसद राज्यसभा संगीता यादव ने कहा कि केंद्र सरकार का यह बजट पिछड़े, आदिवासी समूहो की सामाजिक आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए विकास मिशन शुरू किए जाने का निर्णय नरेंद्र मोदी सरकार की आदिवासी विकास के प्रति गंभीरता को दिखाता है। इस योजना के लिए लगभग 15 हजार करोड़ रुपये का कोष बनाया गया है जिससे पिछड़े व आदिवासी बाहुल्य बस्तियों में बुनियादी सुविधाए प्रदान की जाएंगी।

केंद्र सरकार द्वारा पशुपालन- डेयरी और मत्स्य पालन पर ध्यान देने के साथ कृषि लक्ष्य को बड़ाकर 20 लाख करोड़ रुपए किए जाने के निर्णय का हृदय से स्वागत करती हूं, युवा उद्यमियों द्वारा कृषि - स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए एक



पत्र प्रतिनिधियों से वार्ता करती सांसद संगीता यादव

कृषि त्वरक कोष की स्थापना का निर्णय भी एक सराहनीय कदम है जो कृषि विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा, अगले 3 साल तक एक करोड़ किसानों को नेचुरल फार्मिंग में मदद की जाएगी, इसके लिए 10 हजार बायो इनपुट रिसोर्स सेंटर बनाए जाएंगे जो कि एक स्वागत योग्य कदम है। उन्होंने कहा कि 6 हजार करोड़ रुपए के फंड से पीएम मत्स्य संपदा योजना की नई उप योजना मछुआरे, मछली विक्रेताओं और इस क्षेत्र में माइक्रो और स्माल उद्यमियों को और सशक्त मनाएगी। युवाओं के सपनों को उड़ान देने के लिए पीएम कौशल विकास योजना 4.0 की घोषणा सर्वथा स्वागत योग्य कदम है इसके तहत देश भर में 40 स्किल इंडिया सेंटर्स स्थापित किए जाएंगे । जो युवाओ के कौशल में और निखार लायेगा और उन्हें आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करेगा। सरकार द्वारा महिला सम्मान विकास पत्र जारी करने का निर्णय भी स्वागत योग्य है। इसमें महिलाओं को अब दो लाख रुपय की बचत पर सालाना 7.5 प्रतिशत ब्याज मिलेगा। इस बजट में पीएम आवास योजना का बजट बढ़ कर 69 हजार करोड़ रुपए कर दिया गया है। पीएम आवास योजना के 66 प्रतिशत की बढ़ोतरी दिखाती है कि नरेंद्र मोदी सरकार गरीबों के लिए कितनी संवेदनशील है। इस मौके पर भाजपा क्षेत्रीय महामंत्री सहजानन्द राय, सूरज प्रकाश श्रीवास्तव, हनुमंत प्रसाद सिंह, योगेंद्र राय, मनोज यादव, शैलेन्द्र नाथ यादव, अजय यादव, मीडिया प्रभारी पंकज राय, उमेश विश्वकर्मा, अमृत श्रीवास्तव सहित दर्जनों पदाधिकारी उपस्थित रहें।

### साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**आजमगढ़।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेशानुसार तथा जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, आजमगढ़ के दिशा-निर्देशों के अनुपालन में शनिवार को अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर सदर तहसील सभागार में साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। महिला रिसोर्स परसन के रूप में प्रीति उपाध्याय महिला समाज कल्याण अधिकारी एवं अन्नू सिंह महिला कल्याण विभाग, उपस्थित रहीं। महिला कल्याण अधिकारी प्रीती उपाध्याय ने बताया कि समाज में महिलाओं को पुरूषों के बराबर समानता का अधिकार है। मौलिक अधिकार अनुच्छेद 15 और 16 महिलाओं को समानता का अधिकार देते हैं। सचिव द्वारा बताया गया कि गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम 1994 के तहत गभार्धारण पूर्व या बाद में लिंग चयन और कन्या भ्रूण हत्या के लिए लिंग परीक्षण कराना कानून जुर्म है। आईपीसी की धारा 315 के तहत शिशु को जीवित पैदा होने से रोकने या जन्म के बाद उसकी मृत्यु मकसद से किया गया कार्य अपराध है। ऐसा करने वाले को दस साल की सजा या जुमार्ना का प्रावधान है।

## निवर्तमान चेयरमैन धांधली के आरोप में गिरफ्तार

**कार्रवाई**

### क्राइम ब्रांच व जीयनपुर की पुलिस ने किया गिरफ्तार

### सगड़ी तहसीलदार ने दर्ज कराया था मुकदमा

**जनसंदेश न्यूज**

**अजानशहीद (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के अजमतगढ़ नगर पंचायत में 17.25 लाख से 4500 डस्टबिन की खरीदारी कर नगर पंचायत अजमतगढ़ में वितरण में धांधली व सरकारी धन के दुरुपयोग का मुकदमा सगड़ी तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह ने जीयनपुर पुलिस थाने पर दर्ज कराया था, जिसमें शनिवार की शाम क्राइम इस्पेक्टर नवल किशोर व जीयनपुर कोतवाल यादवेन्द्र पांडेय ने जांच के बाद निवर्तमान अजमतगढ़ चेयरमैन को गिरफ्तार किया।



पुलिस की गिरफ्त में निवर्तमान चेयरमैन।

सगड़ी तहसीलदार अभिषेक कुमार सिंह ने जीयनपुर थाने पर 15 जनवरी वर्ष 2022 को 17.25 लाख रुपए से 4500 डस्टबिन खरीद कर अजमतगढ़ नगर पंचायत में वितरण किया जाना था जिसको लेकर वितरण में धांधली व सरकारी धन के दुरुपयोग का मुकदमा पंजीकृत कराया। जिसकी जांच आजमगढ़ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य ने क्राइम ब्रांच को सौंपी थी क्राइम ब्रांच इस्पेक्टर नवल किशोर सिंह जांच कर रहे थे नगर पंचायत अजमतगढ़ के दर्जनों नगरवासी व सभासद से बयान दर्ज कर जांच के बाद नगर क्षेत्र में वितरण में धांधली व सरकारी धन के दुरुपयोग का मामला सामने आया ।

जिसके बाद क्राइम ब्रांच इंस्पेक्टर नवल किशोर व जीयनपुर कोतवाल यादवेंद्र पांडेय ने संयुक्त टीम बनाकर शनिवार की शाम 3रू30 बजे अजमतगढ़ निवर्तमान चेयरमैन पारसनाथ सोनकर पुत्र मुसाफिर लाल सोनकर निवासी सुभाष नगर अजमतगढ़ कस्बा को गिरफ्तार कर लिया।

विदित हो की निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष पारस सोनकर के ऊपर जीयनपुर थाने में पूर्व में हत्या के प्रयास, गुंडा एक्ट, गैंगस्टर, सेवन सी एल ए, लोक निवारण संपत अधिनियम सहित आधा दर्जन से अधिक गंभीर मुकदमा पंजीकृत हैं। जीयनपुर पुलिस व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम के द्वारा निवर्तमान नगर पंचायत अध्यक्ष पारस सोनकर की गिरफ्तारी से अजमतगढ़ जीयनपुर कस्बा में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### तमंचा, कारतूस के साथ एक धराया



**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना बरदह पुलिस ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। शुक्रवार को बरदह पुलिस ने चेकिंग के दौरान केदलीपुर पुलिया के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा। उसने अपना नाम मेराज आलम पुत्र शाह आलम निवासी मोहम्मदपुर फेटी थाना बरदह बताया। जामा तलाशी में उसके कब्जे से देशी तमंचा व 2 कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त को संबंधित धाराओं में चालान करते हुए जेल भेज दिया।

# देश कानून से चलता है बुलडोजर से नहीं : अखिलेश

## सेनपुर गांव पहुंचकर पूर्व मंत्री बलराम यादव की पत्नी को अखिलेश यादव ने दी श्रद्धांजलि

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव की पत्नी के निधन के उपरांत उनके गांव सेनपुर में श्रद्धाजंलि सभा का आयोजन किया गया था। पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव सेनपुर गांव पहुंचकर स्व. लल्ली देवी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव अपने तय समय से लगभग डेढ़ घंटा देर से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के रास्ते पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री का काफिला जैसे ही सेनपुर पहुचा सैकड़ों की संख्या में मौजूद सपा समर्थक एवं कार्यकर्ता अपने महबूब नेता का एक झलक पाने के लिए बेताब हो उठे। पूर्व मुख्यमंत्री के पहुंचते ही समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव बलराम यादव के नेतृत्व में परिवार के अन्य लोगों ने स्वागत किया। अखिलेश यादव पहुंचने के तुरंत बाद सबसे पहले अतरौलिया विधानसभा के क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर संग्राम यादव की मां



स्व. लल्ली देवी को पुष्प अर्पित करते पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव।

लल्ली देवी जिनका एक मार्च को देहांत हो गया था उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। परिवारजनों एवं आए हुए अतिथियों से मुलाकात के उपरांत पत्र प्रतिनिधियों से रूबरू होते हुए उन्होंने कहा कि दुःख की घड़ी में मेरा पूरा परिवार साथ है। उन्होंने कहा कि नेताजी का इस परिवार से पुराना नाता रहा है आज परिवार का सबसे बुजुर्ग व्यक्ति हम लोगों के बीच में नहीं है इस बात का मुझे बहुत दुःख है।

बीते दिनों विधानसभा में नेता सदन एवं नेता प्रतिपक्ष के बीच हुए आक्रामक हमले पर उन्होंने कहा कि विधानसभा में सरकार जवाब के साथ नहीं आती है उल्टे विपक्ष सही सवाल पूछती है जबकि सरकार विपक्ष के सवाल का जवाब देना नहीं चाहती मुद्दों से लोगों का दिमाग भटका कर सरकार लोगों को गुमराह कर रही है आप देखिए किस तरह से सरकार के एक करीबी व्यक्ति दूसरे नंबर से 209 नंबर पर चले गए 20000 करोड़ रुपए आज लोगों के इमानदारी के पैसे जो एसबीआई एलआईसी में हैं डूब गए हैं सरकार का इसके पास कोई जवाब नहीं है डीजल पेट्रोल बिजली बस के किराए मांगे होते जा रहे हैं इसका मुनाफा कहां जा रहा है इन सब का जवाब भाजपा के पास नहीं है आज बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है नौजवान रोजगार के लिए भटक रहा है जबकि प्रदेश के मुख्यमंत्री 46 में 56 की बात विधानसभा में तो किए लेकिन उसका आंकड़ा नहीं दे पाए। भाजपा के लोग झूठ बोलते हैं आज सरकार आंकड़ा दी है की बेरोजगारी की दर 4.2 प्रतिशत है यह आंकड़ा कहां से आया भाजपा की सरकार लोगों के दुख-दर्द नहीं बांटती बल्कि लोगों के बीच खाई पैदा करती है जातीय जनगणना अगर सरकार कराती तो समाज का प्रत्येक तबका आगे बढ़ता, प्रयागराज में हुई हत्या के संदर्भ में उन्होंने बताया कि फिल्म शूटिंग की तरह से यह हत्या सरकार के कानून व्यवस्था पर प्रश्न खड़ा करती है इनकी इंटेलिजेंस ब्यूरो फेल है विपक्ष के लोग सुरक्षा नहीं देते हैं उन्होंने कहा कि देश कानून से चलता है बुलडोजर से नहीं लोग बीजेपी से बेरोजगारी और महंगाई की बात न करें।

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि अभी पिछले दिनों मैनपुरी लोकसभा चुनाव में भाजपा की हार का परिणाम इस प्रकार से रहा है कि भाजपा के लोग इस पर मंथन नहीं कर पाए 2024 के चुनाव में इसी तरीके से परिणाम सपा के पक्ष में आएगा ओमप्रकाश राजभर को सपा में साथ आने के सवाल पर कहा कि इसका निर्णय ओमप्रकाश खुद करेंगे। इस मौके पर नंदकिशोर यादव, विशाल वर्मा, कमला यादव, प्रेमा यादव, आलम बदी, अखिलेश यादव, रामासरे विश्वकर्मा, रामदुलार राजभर, विजय यादव, बबीता चैहान, बृजलाल सोनकर, पूजा पटेल सहित बड़ी संख्या में सपा समर्थक एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ईओ ने कराया टूटी नाली का निर्माण

**अंजानशहीद (आजमगढ़)।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के जीयनपुर कस्बा के मुख्य मार्ग पर टूटी नाली का होली पर्व के पूर्व अधिशासी अधिकारी ने निर्माण कराया जिससे कस्बा वासियों में हर्ष व्याप्त है।आजमगढ़-गोरखपुर मुख्य मार्ग पर टड़वा बद्दोपुर मोड़ के कस्बा की मुख्य नाली की पाइप टूट गई थी जिससे नाले में व रास्ते पर पानी बह रहा था। होली त्यौहार को देखते हुए अधिशासी अधिकारी अमित कुमार यादव ने त्योहार के पूर्व जेसीबी व नगर पंचायत के दर्जनों की संख्या में सफाई कर्मी लगाकर नाली को साफ करा कर नई पाइप डालकर टूटी नाली का निर्माण कराया जिससे मुख्य मार्ग के किनारे गंदगी न फैले। कार्य पूर्ण होने पर कस्बा के लोगों ने राहत की सांस ली और खुशी का इजहार किया। इस दौरान एकलाख अहमद, राजू, बृजेश, राजाराम, मुन्ना यादव आदि मौजूद रहे।

### लड़की को अगवा करने वाला गिरफ्तार

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक द्वारा अपराधियों की धर पकड़ के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए थाना बिलरियागंज पुलिस ने लड़की को अगवा करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। बीते 26 फरवरी को थाना बिलरियागंज निवासी ने थाना स्थानीय पर शिकायत किया कि उसकी नाबालिक पौत्री सुबह शौच के लिए घर से गयी लेकिन वापस नही आयी। शिकायत के आधार पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश में थी। पीड़िता की बरामदगी कर पीड़िता के बयान के आधार पर अभियुक्त अमरनाथ पुत्र सुखराज को शनिवार को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में जेल भेज दिया।

### अवैध असलहे के साथ एक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**आजमगढ़।** थाना निजामाबाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अवैध असलहा व कारतूस के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर संबंधित धाराओं में चालान कर दिया। निजामाबाद पुलिस ने चेकिंग के दौरान अभियुक्त रामजनम यादव पुत्र उदयभान यादव निवासी सेमरा थाना निजामाबाद को एक अदद कट्टा .315 बोर व 3 अदद मिस कारतूस 315 बोर के साथ असनी पुलिया के पास से गिरफ्तार कर लिया।

# अवैध शराब बेचने पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसडीएम

निरीक्षण

## एसडीएम की छापेमारी में लहन किया गया नष्ट

जनसंदेश न्यूज


छापेमारी करते एसडीएम लालगंज

**लालगंज।** उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज एवं आबकारी विभाग व थाना प्रभारी की संयुक्त टीम अवैध रूप से संचालित हो रहे शराब का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान भारी मात्रा में 2 से 3 कुन्टल लहन नष्ट करते हुए उस में प्रयुक्त सामान बरामद किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध शराब संचालित करने वाले लोग मौके से निकल लिए।

अवैध रूप से संचालित कर रहे शराब कारोबारियों की रोकथाम के लिए उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज आबकारी विभाग की टीम और थाना प्रभारी ज्ञानू प्रिया खजूरी में पहुंचकर भारी संख्या में लहन नष्ट किए व शराब की भठ्ठिओं को नष्ट किया गया। औचक निरीक्षण के पहले ही अवैध कारोबारियों ने घर छोड़कर भाग निकले। खजुरी के बाद छिछलहवा जंगल में भी निरीक्षण के दौरान भारी मात्रा में लहन नष्ट किया गया और अवैध शराब संचालित करने वाले यंत्र को कब्जे में लिया गया। टीम के औचक निरीक्षण के दौरान मौके पर अफरा तफरी का माहौल बन गया। अवैध कारोबारी अपने घर को छोड़कर भाग गए। उप जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि अवैध शराब बनाते यदि पाया जाता है तो उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी उन्होंने निरीक्षण के दौरान कहा कि निरीक्षण चलता रहेगा। इस अवसर पर टीम के साथ भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहे।

## 8 मार्च होली पर बंद रहेंगी जनपद की समस्त शराब की दुकानें : डीएम

**मीरजापुर।** होली पर्व के अवसर पर शान्ति व्यवस्था एवं जन सुरक्षा बनाये हेतु जनहित में जिला मजिस्ट्रेट दिव्या मित्तल ने संयुक्त प्रान्त आबकारी अधिनियम 1910 की धारा-59 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश देती हूँ कि मीरजापुर की समस्त देशी शराब, विदेशी मदिरा, बियर, माडल शॉप्स, भांग, ताड़ी बार अनुज्ञापन, एफ0एल0-2/2बी0/सी0एल0-2 व एफ0एल0-41 एवं अन्य मादक पदार्थो की थोक एवं फुटकर ब्रिकी की दुकानें होलिका दहन के अगले दिन अर्थात होली के रंग वाले दिन (रंगोत्सव) 08 मार्च, को सायं 04 बजे तक पूर्णतया बन्द रहेगी। इस बन्दी के लिए अनुज्ञापियों को कोई प्रतिफल देय नही होगा। जिलाधिकारी ने जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया कि होली के दिन जनपद की आबकारी समस्त थोक एवं फुटकर दुकानों अनुज्ञापनों को पूर्णतया बन्द कराना सुनिश्चित करें।

## डीआईजी ने समीक्षा करते हुए दिया आवश्यक दिशा निर्देश


समीक्षा करते डीआईजी

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** पुलिस उपमहानिरीक्षक विन्ध्याचल परिक्षेत्र आर0पी0 सिंह द्वारा परिक्षेत्र के तीनो जनपदों में प्रचलित बृहद निर्माण कार्य/अनुरक्षण कार्य के सम्बन्ध में समीक्षा की गयी तो पाया कि मीरजापुर में कुल 06, जनपद सोनभद्र में कुल 17 तथा जनपद भदोही में कुल 04 बृहद निर्माण कार्य विभिन्न कार्यदायी संस्था द्वारा किया जा रहा है। जिसके सम्बन्ध में उनके द्वारा निर्देशित किया गया कि जनपदों में ऐसे बृहद निर्माण कार्य जो 80 प्रतिशत या इससे अधिक पूर्ण हो चुके हों, उनके हेण्डओवर की कार्यवाही हेतु एक समिति गठित कर कार्यदायी संस्था से इन्वेन्ट्री प्राप्त कर नियमानुसार हेण्डओवर की कार्यवाही करायी जाये। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि पुलिस अधीक्षक स्तर पर कार्यदायी संस्था के साथ एक बैठक कर समीक्षा कर लें कि प्रचलित कार्य पूर्ण करने में क्या कठिनाई आ रही है, इस कठिनाई को दूर करते हुये तीनों जनपदों में प्रचलित बृहद कार्य को इसी वित्तीय वर्ष में पूर्ण किया जाये। इस दौरान सुश्री मंजरी राव, क्षेत्राधिकारी भवन, राहुल पाण्डेय क्षेत्राधिकारी भवन जनपद सोनभद्र, उमेश्वर प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइन जनपद भदोही सहित अन्य अधि0/ कर्म0 गण मौजूद रहे।

## भाईचारे के साथ मनाएं होली व शबे बारात का त्योहार : थानाध्यक्ष

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना परिसर में शनिवार शाम को थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में होली व शबे बारात पर्व के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने बैठक में मौजूद लोगों से शांति पूर्ण माहौल में भाईचारे के साथ होली व शबे बारात का त्योहार मनाने की अपील किया। थानाध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि होली का पर्व आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने का पर्व है चिह्नित स्थानों पर ही शांति पूर्ण माहौल में होलिका दहन करें होली के दिन नशा व हुड़दंग से बचें। सड़क पर आने जाने वाले राहगीरों पर जबरदस्ती रंग न लगाएं। होली के दौरान हुड़दंग मचाने और अशांति फैलाने वाले अराजक तत्वों की सूचना तत्काल पुलिस को देने के लिए कहा। ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता ने होली के दिन क्षेत्र में फायर ब्रिगेड और एंबुलेंस वाहन की व्यवस्था किए जाने की मांग किया। इस दौरान एसआई कोमल सिंह यादव, कमलेश यादव, अवधेश सिंह, मिथिलेश पांडेय, अखिलेश प्रजापति ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता, खुटहा बावन दास केशरी, पुंडरीक सिंह मोनू, रविशंकर मिश्र, विवेक सिंह, मार्कण्डेय मौर्य, आशीष मिश्रा, कैलाश नाथ गुप्ता, सुरेश केशरी, बबलू मिश्र, गुलाब पटेलआदि मौजूद रहे।

### होली सामाजिक जीवन शैली का है पौधा : अध्यक्ष

**लालगंज।** चकबंदी से जुड़े हुए अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर होली पर्व को सप्ताह के पूर्व मनाया गया। कहा कि होली विविध रंगों का नया आयाम विकसित करता है जो एक दूसरे की भावों की अभिव्यक्ति रंग प्रक्रिया से गुजरती है। चकबंदी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्रीकांत तिवारी आयोजित कार्यक्रम में कहा कि वर्षो पुरानी परंपरा आधुनिक तरीके और व्यवहारिक स्वरूप देकर एक दूसरे के प्रति सम्मान प्रकट करने का माध्यम है। त्यौहार मनाते हुए अध्यक्ष ने कहा कि यह सामाजिक जीवन शैली का भी पौधा है।

## मधुमक्खियों के हमले में दो युवक घायल

**राजगढ़।** स्थानीय थाना क्षेत्र के करौंदा गांव निवासी दो युवकों पर शनिवार के दिन मधुमक्खियों ने अचानक हमला कर दिया, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में परिजनों ने घायलों को राजगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उनका इलाज किया जा रहा है। करौंदा गांव निवासी सुक्खु 22 वर्ष व जियालाल 18 वर्ष घर से कुछ दूर पर खेत की ओर जा रहे थे। इस दौरान रास्ते में एक पेड़ पर मधुमक्खियों का छत्ता लगा था जिसमें किसी पक्षी ने अपने चोंच से चोट पहुंचाई जिससे मधुमक्खियां का झुंड रास्ते से गुजर रहे दोनों भाइयों पर टूट पड़ा और काफी देर तक उनको डंश मारते रहे। मधुमक्खियों के अचानक हमले से चिल्लाने पर दोनों युवकों ने आसपास के लोगों को जोर से आवाज लगाई हमला इतना भयानक था कि सुक्खु मधुमक्खियों के हमले से अचेत होकर वहीं गिर गया। गांव के लोगों ने दौड़कर दोनों युवकों को बचाया और राजगढ़ सीएचसी पहुंचाया। जहां मौके पर ट्रेनिंग से लौटकर आए डाक्टर अजीत केसरवानी अपने सहकर्मी बीबी सिंह को लेकर तत्काल इमर्जेंसी में पहुंचे और दोनों युवकों का समुचित इलाज शुरू कर दिया। दोनों युवक अब बेहतर स्थिति में बताए जा रहे हैं।

# एक बेटी दो घरों के चिराग को करती है रोशन : शक्ति त्रिपाठी

### अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में किया गया कार्यक्रमों का आयोजन

जनसंदेश न्यूज


बेटी का पूजन करते विधायक व अध्यक्ष

**मीरजापुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में शासन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों के तहत जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के निर्देशानुसार जनपद में गणपश कार्यक्रम, अनन्ता सम्मान समारोह व कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन वृहद स्तर पर किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन करते अतिथिगण विधायक मड़िहान रमाशंकर सिंह पटेल, अध्यक्ष, जिला पंचायत राजू कनौजिया, द्वारा अन्य अधिकारिगणों व समाजसेवी द्वारा किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी शक्ति त्रिपाठी द्वारा समस्त सम्मानित अतिथिगणों को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत व अभिनन्दन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगणों व नन्ही बालिकाओं द्वारा सामुहिक रुप से केक काटकर कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम, सम्मान समारोह व शुभ होली समारोह मनाया गया, जिसमें उपस्थित बालिकाओं को उपहार तथा बधाई पत्र दिया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ लल्लू तिवारी द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करते हुए किया गया तथा पद्म विभूषण से सम्मानित अजीता श्रीवास्तव होली गीत प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही जनपद की सुप्रसिद्ध कवित्रियों द्वारा होली विषय पर कविता प्रस्तुत किया गया तथा सभी उपस्थित सम्मानित अतिथिगण व महिलाओं द्वारा एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दिया गया। कार्यक्रम में मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना अधिकारी डूडा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, डायरेक्टर डेफोडिल्स पब्लिक स्कूल अपराजिता सिंह के साथ ही अन्य विभागीय अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहे।

# नवरात्र मेला के दौरान श्रद्धालुओं के आवागमन का खाका तैयार


खाका तैयार करते नगर मजिस्ट्रेट

**मीरजापुर।** आगामी बासंतिक नवरात्र मेला में श्रद्धालुओं के आवागमन हेतु घंटो मंथन के पश्चात खाका तैयार कर लिया गया। नगर मजिस्ट्रेट विनय कुमार सिंह, नायब तहसीलदार राहुल मिश्रा, सहायक पर्यटन अधिकारी नवीन कुमार, कार्यदाई संस्था के योजना प्रबंधक वीरेन्द्र कुमार, थाना प्रभारी अतुल कुमार राय तथा मंदिर सुरक्षा प्रभारी चन्द्र प्रकाश पाण्डेय इत्यादि ने विन्ध्यवासिनी मंदिर, पुरानी व्ही आई पी, न्यू व्ही आई पी, कोतवाली मार्ग, पक्काघाट, जयपुरिया गली, बच्चा पाठक गली का स्थलीय भ्रमण करने के पश्चात आपस में बैठकर मंदिर तथा आवागमन हेतु छह मार्गो पर बैरिकेटिंग स्थलों को सुनिश्चित किया।

कोरिडोर कार्य में भूगर्भ जल की व्यवस्था में कोतवाली मार्ग पूरी तरह से बंद है।

इस स्थान पर नवरात्र के पूर्व तीस फीट चौड़ा बनाना सुनिश्चित किया गया। पुरानी व्हीआईपी मार्ग पर बन रहे मुख्य द्वार के पास कोरिडोर में खरीदी गई जो भी भूमि द्वार निर्माण के अतिरिक्त शेष है, उस पर कंक्रीट की ढलाई कराई जाएगी।

नवरात्र के दरम्यान आने वाले विशिष्टों एवं अतिविशिष्टों के लिए नया मार्ग बनाया जायेगा, जो राधाकृष्ण मंदिर व दुगार्मंदिर के मध्य वर्तमान हवनकुंड से होकर गुजरेगा। मंदिर के पूरब निमार्णाधीन प्लाजा की तरफ मुण्डन स्थल तथा अस्थाई हवनकुंड बनाया जायेगा। भीड़ की दबाव को कम करने के लिए कोतवाली से पकरीतर मार्ग का व्यस्थित उपयोग किया जाएगा।

बैरिकेंटिंग के दौरान कोरिडोर में मार्गो पर लगाए गए पत्थरों को कम से कम नुकसान हो इसका भी ख्याल रखा जाए। उक्त दिशा निर्देश नगर मजिस्ट्रेट ने बैठक के दौरान उपस्थितों से कही।

## प्रशिक्षणकर्ताओं को वितरित किया गया प्रमाण पत्र

**मीरजापुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को प्रमाण पत्र वितरण का आयोजन वेलमैन फाउंडेशन द्वारा किया गया। सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का समय समय पर कार्य किया जाता है जिसको लेकर शनिवार को कंप्यूटर, सिलाई, कढ़ाई व ब्यूटीशियन कोर्स को पूर्ण करने वाले युवक व युवतियों को प्रमाण पत्र वितरण करने का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के हाथों युवक व युवतियों को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। वेलमैन फाउंडेशन के सचिव तैयब हुसैन ने बताया कि कंप्यूटर कोर्स डीसीए लेवल तक 12 लड़कियों और 8 लड़कों को वितरण किया गया। सिलाई व कढ़ाई में 60 लड़कियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। वेलमैन फाउंडेशन द्वारा इस तरह का कार्यक्रम ग्रेटर नोएडा, जिला गौतम बुद्ध नगर में भी तमाम योजनाओं का संचालन किया जाता है। समारोह के दौरान अभय सिंह, सैयद साबिर अली, जामा मोहम्मद, मोहम्मद हबीब, सच्चा पांडेय, अशफाक मिराज, राजा मिश्रा, संजय साहू, मोहम्मद हसन, अब्दुल कलाम समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण के दौरान जल निकासी न होने पर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

रोष

### खराब मैटेरियल का प्रयोग करने पर बिफरे ग्रामीण

**मीरजापुर।** छानबे ब्लॉक के गोपालपुर मुड़गुड़ा गांव में शनिवार के दोपहर में बस्ती के लोगों ने सड़क निर्माण के दौरान नाली ना बनाए जाने और खराब मैटेरियल प्रयोग किये जाने पर विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि पानी की निकासी की समस्या का समाधान हो तभी सड़क निर्माण होगा। बताते चलें कि बस्ती में लोक निर्माण विभाग द्वारा 700 मीटर आरसीसी सड़क निर्माण कार्य किया जा रहा है जबकि लगभग 300 मीटर आरसीसी सड़क का निर्माण कार्य कर दिया गया है। ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण के दौरान ना सीवर एवं नाली नाला निर्माण कार्य नहीं कराए जा रहे हैं इसके लिए घर का पानी आसपास के खेतों में बहाए जा रहे हैं। पानी खेत में जाने से बस्ती में आए दिन आपस में विवाद होते रहते हैं। ग्रामीणों ने सोचा कि आरसीसी सड़क बन रही है तो नाली नाला सीवर पाइप लाइन डाले जाएंगे। जिससे सभी घरों का पानी सीवर लाइन में जोड़ दिए जाएंगे ताकि पानी की निकासी की समस्या का समाधान हो जाएगा। इस दौरान आशीष निषाद, रामनाथ उर्फ पाढे बिंद, गोपाल नाथ बिंद, बद्री प्रसाद निषाद, संतोष निषाद, कल्लू बिंद, बबलू बिंद, लोधी बिंद, फूलचंद निषाद, अजीत निषाद आदि सहित ग्रामीण महिलाएं एवं पुरुष मौजूद रहे।


प्रदर्शन करते ग्रामीण

# तहसील सदर में डीएम व पुलिस अधीक्षक ने सुनी जन समस्याएं

आयोजन

## डीएम के समक्ष प्राप्त 102 प्रार्थना पत्रों में 05 का मौके किया गया निस्तारण

### गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध प्रार्थना पत्रों का निस्तारण कर शिकायतकर्ता को कराये अवगत : जिलाधिकारी

जनसंदेश न्यूज


सदर तहसील में फरियाद सुनतीं डीएम व एसपी

**मीरजापुर।** शासन के मंशानुरूप जिलाधिकारी के मार्ग निर्देशन में जनपद के सभी तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल व पुलिस अधीक्षक डॉ राजीव नारायण मिश्र के द्वारा आये हुये फरियादियों के समस्याओं को सुना गया तथा सम्बन्धित अधिकारियों को ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु प्रार्थना पत्रों को प्रेषित किया गया।

तहसील सदर में जिलाधिकारी के समक्ष कुल 102 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ जिसमें मौके पर 05 का निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को सम्बोधित करते हुये कहा कि जिस अधिकारी को प्रार्थना पत्र को प्रेषित किया जा रहा हैं वह यहीं पर फरियादियों के समस्याओं को भंलीभांति सुने तथा समय से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कर सम्बन्धित शिकायतकर्ता को अवगत भी करा दें। सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्रार्थना पत्रों को सुनने के उपरान्त जिलाधिकारी नें अधिकारियों से कहा कि राजस्व विभाग व अन्य कर्मचारी राजस्व से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों को गम्भीरता पूर्वक संज्ञान में लेते हुये मौके पर जाकर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि तहसील दिवस में प्राप्त मामलों का लेखपाल समय से निस्तारण करायें तथा सही ढंग से पूरी पारदर्शिता के साथ कार्य करें ताकि गांव गरीब कमजोर व्यक्ति को न्याय मिल सकें। राजस्व विभाग व किसी अन्य विभाग के द्वारा गलत रिपोटिंग करने पर सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। इस अवसर पर प्रभागीय वनाधिकारी अरविन्द राज मिश्र, उप जिलाधिकारी सदर चन्द्रभानु सिंह, तहसीलदार सदर अरूण गिरी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ राजेन्द्र प्रसाद, जिला विकास अधिकारी श्रवण कुमार राय, परियोजना निदेशक डी0आर0डी0ए0 अनय मिश्रा सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।


चुनार में निस्तारण करतीं सीडीओ

## सीडीओ ने चुनार में सुनी जनता की समस्यायें

**चुनार।** तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस पर मुख्य विकास अधिकारी श्री लक्ष्मी बीएस की अध्यक्षता में 77 प्रार्थना पत्र पड़े जिससे मौके पर 4 का निस्तारण किया गया। ज्यादातर मामले जमीनी विवाद का था। एक मामला रामदेव पुत्र स्वर्गीय रघुनाथ ग्राम जमुहार सुनो ने प्रार्थना पत्र दिया कि उषा देवी पत्नी स्वर्गीय राम सिंह निवासी ग्राम जमुहार ने ग्राम सभा के सार्वजनिक रास्ता पर अवैध अतिक्रमण कर रखा है। एक प्रार्थना मेवा लाल पुत्र पतू भुरकुंडा ने प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें राजस्व विभाग के विरुद्ध पैमाइश कराने के संबंध में था। इस दौरान एचडीएफसी जनरल एग्रो इंश्योरेंस कंपनी द्वारा 10 लोगों को पालसी वितरण किया गया। इस दौरान पीडब्ल्यूडी जेई अनुपस्थित पाए जाने पर स्पष्टीकरण की मांग की गई। इस दौरान उप जिलाधिकारी नवनीत सेहरा, तहसीलदार नूपुर सिंह, क्षेत्राधिकारी उमाशंकर सिंह, बीडीओ नरायनपुर शिव नारायण सिंह उपस्थित रहे।

## गुणवत्ता के साथ करे जनता की समस्याओं का निस्तारण : एडीएम वित्त

**लालगंज।** संपूर्ण समाधान दिवस तहसील सभागार में एडीएम वित्त शिव प्रताप शुक्ला के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। फरियादियों द्वारा कुल 59 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसमें 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष बचे प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए राजस्व एवं पुलिस टीम गठित कर निस्तारण करने का आदेश दिए। एडीएम वित्त शिव प्रसाद शुक्ला द्वारा 6 किसानों को फसल बीमा पालिसी दिया गया। दिवस में कुल राजस्व में 15 पुलिस 12 विकास में 20 समाज कल्याण में 2 अन्य में 10 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए। फरियादी मूलचंद पांडेय ग्राम प्रधान तुरकहा ने पत्र देकर आरोप लगाया कि टांडा फाल जलाशय की भूमि को अनाधिकार रूप से गांव के सरहंग व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण कर जोता बोया जा रहा है और जलाशय के पानी को अनावश्यक बर्बाद कर रहे हैं मामले को गंभीरता से लेते हुए तहसीलदार को निर्देशित किया गया।

## संक्षेप

### धर्मांतरण रोके और समान शिक्षा नीति लागू करें सरकार : शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद

**मीरजापुर।** नगर के लालडिग्गी स्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य मनोज श्रीवास्तव के आवास पर पहुंचे काशी सुमेरु पीठ के जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी नरेंद्रानंद सरस्वती ने देश में धर्मांतरण रोकने और समान शिक्षा नीति लागू किए जाने पर जोर दिया। कहा कि देश में धर्मांतरण पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। शंकराचार्य ने कहा कि धर्मांतरण का खेल लंबे समय से चल रहा है। इस पर अब पूर्ण रूप से प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए। देश मे शिक्षा के नाम पर चल रहे खेल पर भी चिंता जताया। कहा कि प्राइवेट होती महंगी शिक्षा आम जनता से दूर किया जा रहा है। शिक्षा के समान अधिकार के बाद भी शिक्षा उसी को मिल रहा है। जिसकी जेब गर्म है। आम परिवार चाह कर भी उच्च शिक्षा को कौन कहे कई तरह की शिक्षा के चलते पिछड़ता जा रहा है। जनसंख्या नियंत्रण के साथ ही समान शिक्षा पद्धति लागू किए जाने की वकालत की। इस मौके पर नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी विश्वनाथ अग्रवाल, विश्व हिंदु परिषद के जिलाध्यक्ष रामचन्द्र शुक्ल,लाखन सिंह, राजेश चौरसिया, भाजपा नेता रवि शंकर साहू,मनोज दमकल, जितेंद्र यादव, ज्ञानशंकर पांडेय , राजेश दुबे,संजय श्रीवास्तव एवं आशुतोष तिवारी सहित सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

### चकबंदी कार्यालय पर अधिवक्ताओं, कर्मचारियों ने किया होली मिलन

**हलिया।** शनिवार को चकबंदी कार्यालय पर अधिवक्ताओं सहित वादकारियों तथा कर्मचारियों ने होली मिलन करते हुए एक दूसरे को अबीर गुलाल लगा कर गले से गले मिलते हुए होली की शुभकामनाएं दी। इसके बाद जम कर भांग ठंडयी का दौर चला। इस मौके पर श्रीकान्त तिवारी अध्यक्ष, जितेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ राकेश सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण मिश्र, अरूण मौर्या, श्याम जी दूबे, चन्द्र दत्त त्रिपाठी, प्रमोद दत्त त्रिपाठी, संतोष कुमार तिवारी, अशोक मिश्र, नेब्बूलाल द्विवेदी, सुधाकर मिश्र, घनश्याम मौर्य, बृजभूषण सिंह, महिमा शंकर तिवारी, परमानंद सिंह, कमलेश भारती, प्रभू नाथ दूबे, विश्वेश्वर प्रसाद अग्रहरि, इन्द्रजीत सिंह उर्फ मिथिलेश सिंह, मिथिलेश अग्रहरि, अखिलेश मिश्र आदि तथा चकबन्दी अधिकारी राजेश सिंह, रमेश प्रसाद, रोशन खान, आनंद सिंह, मनीष प्रजापति, सहायक चकबन्दी अधिकारी अरविन्द सिंह, रवि प्रताप सिंह, सहायक चकबन्दी अधिकारी चौरसिया, विमल सिंह, रायबहादुर मिश्र, ध्रुव राज यादव, शैलेश यादव, राजकुमार यादव, संदीप यादव, जंग बहादुर सिंह, मान सिंह, गुरू यादव आदि रहे।

### दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना को0देहात पुलिस द्वारा नाबालिग को बहला फुसलाकर भगाने व षड़यन्त्र के तहत दुष्कर्म करने वाला आरोपी को गिरफ्तार किया। थाना को0 देहात पर 30 जनवरी 2023 को थाना को0देहात क्षेत्रांतर्गत निवासी एक व्यक्ति द्वारा नामजद आरोपी के विरूद्ध अपनी(वादी की) नाबालिग पुत्री को बहला फुसलाकर भगाने के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। जिसके आधार पर थाना को0 देहात पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई। एसपी द्वारा नाबालिग के साथ हुई उक्त घटना को गंभीरता पूर्वक लेते हुए आरोपी की यथाशीघ्र गिरफ्तारी करने हेतु प्रभारी निरीक्षक को0देहात को निर्देश दिए गए। उक्त निर्देश के क्रम में शनिवार को उ0नि0 बाली मौर्या मय पुलिस बल द्वारा थाना को0देहात पर पंजीकृत मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित आरोपी अजीत बिंद पुत्र कोमल बिंद निवासी कुशवाहा थाना को0देहात मीरजापुर को गिरफ्तार किया गया।

### चोरी के सामान के साथ चोर गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना विन्ध्याचल पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग से संबंधित बाल अपचारी सहित 02 आरोपी को गिरफ्तार किया गया। एसपी द्वारा निर्देश के क्रम में शनिवार को उ0नि0 सूरजबली मौर्या मय पुलिस बल द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर क्षेत्र से दो आरोपी अजय गोस्वामी पुत्र चन्द्रभूषण गोस्वामी निवासी शिवपुर रामेश्वर मंदिर थाना विन्ध्याचल बालअपचारी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में लिया गया तथा चोरी की दो बैट्री व मल्टीमीडिया टेप रिकार्डर को बरामद किया गया। गिरफ्तार आरोपी को पुलिस ने जेल भेजा गया।

### ओवरलोड वाहनों से आवागमन में हो रही है दिक्कत

**जिगना।** छानबे ओवरलोड को लेकर राहगिरों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर जगह जगह एक्सीडेंट हो रहें हैं। लेकिन ओवरलोड को लेकर प्रशासन द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिससे आए दिन राहगीरों को वाहन से आने जाने की दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वही ओवरलोड से लदी गाड़ियों की वजह से राहगीर समय से अपने मंजिल तक नहीं पहुंच पा रहे हैं। गाड़ियों का ताता लगा हुआ रहता है। जिसके कारण जाम दो दो घंटे लग जाया करता है। ट्रैफिक की वजह से एक्सीडेंट का मामला अधिकतर देखने को मिल रहा है।

### 49 में 5 मामलों का हुआ निस्तारण

**कलवारी।** तहसील में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन मुख्य राजस्व अधिकारी सत्य प्रकाश सिंह के अगुवाई में किया गया। जिसमें कुल 49 मामले आए और 5 मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इस दौरान भूमि विवाद से संबंधित ज्यादा मामले पाए गए। क्षेत्र के हैंडपंपों द्वारा पानी छोड़ दिया गया है हालांकि एडीएम ने लोगों को आश्वासन दिया है कि टैंकर से जलापूर्ति कराई जाएगी। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य राजस्व अधिकारी के अलावा एसडीएम मड़िहान अश्वनी कुमार सिंह, तहसीलदार फूलचंद यादव, नायब तहसीलदार बिंदु नंदन सिंह, सीओ नक्सल अनिल कुमार पांडेय, इंस्पेक्टर शैलेश कुमार राय आदि लोग उपस्थित रहे।

### वार्ड मेंबर के चुनाव में रीना देवी हुई निर्विरोध निर्वाचित

**राजगढ़।** स्थानीय विकास खंड राजगढ़ के कोन गढ़वा में वार्ड मेंबर का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। ग्राम पंचायत के वार्ड नं 5 से निर्वाचित सदस्य उषा देवी का अक्टूबर माह में ही निधन हो गया था जिसके बाद यह वार्ड रिक्त हो गया। सदस्यों का कोरम पूरा करने के लिए पुनः सहायक निर्वाचन अधिकारी/एडीओ कोआपरेटिव राजकपूर सिंह ने चुनाव कराने का निर्देश दिया था। जिसके क्रम में वार्ड नं 5 के मतदाताओं ने रीना देवी पत्नी स्व आनन्द कुमार सिंह को निर्विरोध सदस्य के रूप में चयन कर लिया गया। निर्वाचित सदस्य को सहायक निर्वाचन अधिकारी ने प्रमाण पत्र देकर उनके निर्विरोध निर्वाचित होने की घोषणा किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान रिंकी सिंह, प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह, संतोष सिंह, सचिव दीपक त्रिपाठी, आदि उपस्थित रहे।

### डोर टू डोर टीकाकरण अभियान को बनाया जाए सफल : एसडीएम

**लालगंज।** उप जिलाधिकारी भरत लाल सरोज ने तहसील सभागार में शनिवार को चिकित्सकों के साथ टास्कफोर्स का बैठक किया। बैठक में निर्देशित किया कि डोर टू डोर टीकाकरण अभियान को सफल बनाया जाए। जिसमें किसी प्रकार की लापरवाही न करने का हिदायत दिया। कहा कि सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना का लाभ शत प्रतिशत लोगों को मिले। इस अवसर पर लालगंज व हलिया दोनों विकास खंडों के चिकित्सक डॉक्टर संजय सिंह, डॉ अभिषेक जायसवाल, को इस बात का हिदायत दिया कि यह व्यवस्था बच्चों की है और सप्ताह भर के अंदर टीम को लगाकर लक्ष्य को प्राप्त किया जाए। इस अवसर पर सीडीपीओ अरुण लता सिंह व सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ अधिवक्ता के निधन पर जताया शोक

**लालगंज।** स्थानीय विकासखंड क्षेत्र के गंगहरा कलां गांव निवासी 75 वर्षीय ?देवमुनि दुबे एडवोकेट व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता की हृदयाघात से शनिवार को मृत्यु हो गई। मौत की खबर लगते ही अधिवक्ताओं व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। अधिवक्ता के मौत की खबर मिलते ही समाजसेवी व कांग्रेसी उनके घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त किया। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष बालेंदु मणि त्रिपाठी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता हूबलाल दुबे, शशिभूषण दूबे, बापू उपरौध इंटरमीडिएट कॉलेज के प्रबंधक कृष्णकांत दुबे, रामाचार्य शुक्ल, डा०शिवजोर पाल आदि ने शोक व्यक्त किया। इस दुःखद घटना की जानकारी होते ही परिजनों के साथ गांव व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी।

### दुकानदारों ने किया अतिक्रमण, राहगीरों का आना-जाना दुश्वार

**चुनार।** नगर में चौक चौराहे से मेन मार्केट रोड पर दुकानदारों द्वारा सड़क पर दुकान लगाकर अतिक्रमण किए जाने से रोड पर बाइक ठेला आने जाने वालों मे आए दिन नोकझोंक देखी जाती है पर दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण हटाया नहीं जाता। एक दूसरे को देख कर दूसरे दुकानदार भी अपने सामान को सड़क पर लगाकर अतिक्रमण किए हुए हैं। प्रशासन इस पर मौन बना हुआ है। किसी दूसरे शहर से आए हुए गाड़ी भूल बस घुस जाती है तो लोग उन्हें गाली देने लगते हैं। रोड से गाड़ी निकल नहीं पाती। इसी तरह दुकानदार अगर अतिक्रमण किए रहेंगे तो मार्केट में बाइक कैसे लोग लाकर सामान खरीदारी करेंगे। प्रशासन को इस पर ध्यान देना चाहिए।

### 10 तक उपलब्ध करायें ड्यूटी अवमुक्त प्रमाण-पत्र की मूलप्रति

**मीरजापुर।** उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिव प्रताप शुक्ला ने एक विज्ञप्ति के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया है कि विधान सभा सामान्य निर्वाचन-2022 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु भारी व हल्के वाहनों को अधिग्रहित कर निर्वाचन कार्य सम्पन्न कराया गया है। निर्वाचन में प्रयुक्त वाहनों के जिन वाहन मालिकों द्वारा यदि अभी तक वाहनों का किराया प्राप्त नही किया गया है तो वाहन के रजिस्ट्रेशन की छाया प्रति, बैंक पास बुक की छायाप्रति एवं ड्यूटी व अवमुक्त प्रमाण-पत्र (मूलप्रति) जिला निर्वाचन कार्यालय, मीरजापुर (कलेक्ट्रेट प्रागंण) में 10 मार्च, 2023 तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध करा दें ताकि उक्त निर्वाचन में लगे वाहन के भुगतान की कार्यवाही की जा सकें अन्यथा 20 मार्च, 2023 के पश्चात उनके भुगतान पर विचार किया जाना सम्भव नही होगा। भुगतान न प्राप्त करने की दशा में वाहन स्वामी स्वयं उत्तरदायी होंगे।

# महिला सिपाही ने खुद को लगाई आग

**हालत गंभीर**

## घरेलू विवाद में लगाई थी आग, वाराणसी रेफर

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** पुलिस लाइन चुर्क में तैनात एक महिला सिपाही ने घरेलू विवाद को खुद को आग लगा ली। महिला सिपाही को शुक्रवार देर रात जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। महिला बुरी तरह झुलस चुकी थी। डाक्टरों ने उसकी गंभीर अवस्था को देखते हुए उसे जिला अस्पताल से तत्काल वाराणसी ट्रामा सेंटर के लिए रेफर कर दिया। घटना के बाद देर रात मौके पर रावर्ट्सगंज कोतवाल बालमुकुंद मिश्रा और क्षेत्राधिकारी राहुल पांडेय पहुंचे। घटना की सूचना तत्काल आला अधिकारियों को भी दी गई।

बता दें कि महिला सिपाही दीपा यादव की तैनाती रावर्ट्सगंज पुलिस लाइन में थी और वह चुर्क में ही कमरा लेकर अपनी मां के साथ रहती थी। बताया जाता है कि उसका पति अखिलेश यादव भी कांस्टेबल है और उसकी तैनाती उन्नाव जिले में है। महिला सिपाही का अपने पति से कई वर्षों से विवाद चल रहा है। महिला ने उस पर मुकदमा भी दायर किया था। बीती रात उसका अपने पति से फोन पर विवाद हुआ। इसके बाद महिला सिपाही ने खुद को आग लगाकर जान देने की कोशिश की। इस दौरान वह बुरी तरह झुलस गई। इसके बाद उसकी मां ने उसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसकी हालत को देखते हुए वाराणसी रेफर कर दिया गया। महिला की मां द्वारा बताया गया कि उसके पति के पास महिला सिपाही का कोई वीडियो है, जिसे वह वायरल करने की धमकी भी देता था।

इसी से त्रस्त होकर महिला ने यह कदम उठाया। महिला सिपाही बुरी तरह झुलस चुकी थी और वह बोलने की स्थिति में नहीं थी। एडिशनल एसपी कालू सिंह ने कहा कि महिला सिपाही का अपने पति अखिलेश यादव से विवाद चल रहा था। महिला सिपाही ने उस पर तलाक का मुकदमा भी दायर किया था। बाद में सुलह भी कर ली थी, लेकिन उसके बीच विवाद खत्म नहीं हो पा रहा था। घटना के बाद महिला सिपाही लगभग 40 से 50 प्रतिशत तक झुलस गई है। ऐसी स्थिति में उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। महिला को वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। एडिशनल एसपी ने कहा कि पुलिस इस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस द्वारा उचित कार्रवाई की जाएगी।

## घायल की इलाज के दौरान मौत

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के डाला चढाई पर हुए पांच दिन पूर्व सड़क हादसे में घायल चालीस वर्षीय युवक की इलाज के दौरान वाराणसी के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के भाई की तहरीर पर चोपन पुलिस अज्ञात वाहन के चालक के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही में जुट गई। मृतक के भाई दिनेश कुमार पुत्र स्व कपिल देव जायसवाल निवासी खडाऱ पड़रक्ष ने चोपन थाने मे तहरीर देकर बताया की पांच दिन पूर्व मेरा भाई शिवनारायण जायसवाल अपने लड़के दीपक को एक मोटरसाइकिल पर बैठा कर डाला से घर वापस आ रहा था कि 28 फरवरी की सायं पांच बजे डाला चढाई टर्निंग पर पार्किंग के तरफ से आ रही एक ट्रक ने लापरवाही पूर्वक तेजी से चलाते हुए मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया था। दुर्घटना के बाद आसपास के लोगों ने मेरे भाई को चोपन सामुदायिक अस्पताल ले जाया गया, सूचना मिलते ही आनन फानन बेहतर इलाज के वाराणसी ले जाया गया जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। चोपन थाना प्रभारी लक्ष्मण पर्वत ने बताया कि ट्रक के चालक नाम पता अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया। जांच पड़ताल की जा रही है।

## सुपरवाइजर सस्पेंड कार्यदाई संस्था पर पांच लाख का जुर्माना

**चोपन।** जहां एक तरफ केंद्र की सरकार रेलवे को हाईटेक बनाने के लिए भारत सरकार भारी भरकम बजट उपलब्ध करा रही है ताकि रेलवे का कायाकल्प हो और हर चीजें हाईटेक हो जिसके परिपेक्ष में चोपन में भी रेलवे के द्वारा करोड़ों रुपए के लागतों से तमाम तरह के निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं जिसमें ट्रेनों के धुलाई के लिए भी लगभग पांच सौ मीटर लंबा वाशिंग पिट बनाए जाने का कार्य किया जा रहा है। गौरतलब हो कि 21 फरवरी की सुबह किन्हीं कारणों से लगभग तीन सौ मीटर वाशिंग पिट धराशाही हो गया था जिसके बाद संज्ञान में आते ही ठेकेदार द्वारा कमियों को छुपाने के लिए पूरे धराशाई हुए वाशिंग पीट को काले प्लास्टिक से ढक दिया गया ताकि किसी की नजर ना पड़ सके परंतु कुछ लोगों ने घटना को देख लिया और यह बात मीडिया की सुर्खियां बन गई। वही इस घटना में रेलवे ने सुपरवाइजर के खिलाफ कार्रवाई की है। पांच लाख रुपये का दण्ड कार्यदायी संस्था पर लगाया है।

# मानकों को दरकिनार कर क्रशर का हो रहा संचालन, आक्रोश

**मांग**

## प्रदूषण से परेशान लोगों ने राज्यमंत्री के घर के सामने किया प्रदर्शन, एसडीएम को सौंपा पत्रक


एसडीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र बाडी में हो रहे प्रदूषण को लेकर शनिवार की सुबह दस बजे सड़क जाम करने जा रहे की सूचना पर राज्यमंत्री समाज कल्याण के आवास के पास एकत्र लोगों को डाला चौकी प्रभारी अरविंद गुप्ता व ओबरा एसडीएम राजेश कुमार सिंह ने समझा बुझाकर शांत कराया।

इस दौरान प्रदूषण से निजात के लिए उप जिलाधिकारी को एक पत्रक सौंपकर बताया कि जल्द ठोस कार्यवाही तय नही हुई तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा। ग्रामीण शांति ,धनपत, टाटा चौधरी, महेंद्र सिंह गोड़, सुमित्रा, परमशीला, हीरावती, रेशमी ने बताया कि उड़ रही धूल से जीना दुश्वार हो गया है। प्रदूषण के चलते तमाम लोग दमा, टीवी की बिमारी से संक्रमित होते जा रहे हैं।

प्रदूषण की रोकथाम का समुचित उपाय न होने से हजारों की आबादी परेशान हैं। कई क्रशर प्लांटों द्वारा निर्धारित मानकों को दर किनार करके संचालन किया जा रहा है, जब-जब अधिकारियों का दौरा होता है तो खानापूर्ति के लिए क्रशर प्लांट परिसर में पानी का छिड़काव शुरू कर दिया जाता है और उनके जाने के बाद पानी का छिड़काव नहीं होता। अगर नियमों का पालन कर क्रशर प्लांटों का संचालन हो तो इस समस्या से निजात मिल जाएगी। इस सन्दर्भ में ओबरा उप जिलाधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि हल्का लेखपाल को निर्देशित किया गया है धूल उडाऩे वाले क्रशर को चिन्हित करके तत्काल नोटिस जारी करें, साथ ही गंभीर समस्या पर प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। जिसमे पन्द्रह क्रशर प्लांटों को चिन्हित किया गया है नियमों का पालन नहीं किया गया तो विधिक कार्यवाही की जाएगी।

**संक्षेप**

## नैतिक मूल्य ही हमारी पहचान-केपी


समारोह में शामिल अधिकारी

**अनपरा।** हिण्डालको रेनूसागर पावर डिवीजन परिसर स्थित टेक्निकल ट्रेनिंग एण्ड मैनेजमेंट डेवलपमेंट सेंटर के कान्फ्रेस हाल में वैल्यूज माह का समापन समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष ऊर्जा के.पी.यादव ने फरवरी माह पर्यन्त प्रतिभागियों द्वारा बनाये गये पोस्टर, श्लोगन का अवलोकन किया। मुख्य अतिथि ने वैल्यूज की 18वीं वर्षगाँठ की बधाई देते हुए कहा कि नैतिक मूल्य ही हमारी पहचान है और इसका सम्मान करते हुए हम उच्च शिखर पर पहुंच कर रेनूसागर पावर डिवीजन का नाम आदित्य बिड़ला समूह के साथ साथ पूरे देश में फैलाने में सफल हुए हैं। हमें कार्यों मे निष्ठा, प्रतिबद्धता, प्रबल इच्छा, एकरूपता व गति के प्रति सदैव सजग रहना चाहिए। मानव संसाधन प्रमुख शैलेश विक्रम सिंह ने कहा कि पांचो वैल्यूज को अपने कार्यशैली में अपनाने के साथ अपने दैनिक जीवन में भी उतारने की आवश्यकता है। संस्थान से जुड़ा प्रत्येक व्यक्ति बैल्यूज के प्रति पूरी निष्ठा से कार्यरत है। इस अवसर पर गुलसन तिवारी, मनु अरोरा, समीर आनंद, ललित खुराना, सुबोध दवे, संजय श्रीमाली, राजेश सैनी, आशुतोष सिंह, जयदीप मिश्रा समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन राहुल त्रिपाठी ने किया।

## जेइं संगठन ने हड़ताल सफल बनाने का लिया संकल्प

ओबरा। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर संगठन के कार्यालय केंद्रीय पदाधिकारियों की उपस्थिति में आम सभा आयोजित की गयी। इस दौरान 14 मार्च की शाम को होने वाले मशाल जुलूस तथा 15 को सुबह 10 बजे से कार्य बहिष्कार एवं 16 की रात्रि 10 बजे से 72 घंटे के सांकेतिक हड़ताल को सफल बनाने का संकल्प लिया गया। निर्वतमान शाखा अध्यक्ष आशीष कुमार के स्थानांतरण के पश्चात रिक्त चल रहे शाखा ओबरा के अध्यक्ष पद के लिए इं नित्यानंद सिंह को सर्वसम्मति से अध्यक्ष चुना गया। साथ ही नवागंतुक अवर अभियंताओं का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। अध्यक्षता इं नित्यानंद सिंह एवं संचालन शाखा सचिव आनंद कुमार ने किया। सभा में इं जयप्रकाश, इं जी बी पटेल, इं सचिन राज, इं बलवीर यादव, इं अनूप वर्मा, इं राधे, गोविंद सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

## भवन निर्माण के लिए राज्यसभा सांसद ने किया भूमि पूजन

**ओबरा।** विद्या भारती से सम्बद्ध नगर के सरस्वती विद्या मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भवन के नव निर्माण को लेकर शुक्रवार की शाम वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से भूमि पूजन कराया गया। काशी से आए विद्वान पुरोहितों ने यजमान बने सपत्नी बृषभान अग्रवाल द्वारा पूजन कार्यक्रम संपन्न कराया। मुख्य अतिथि राज्य सभा सांसद रामशकल ने भूमि पूजन किया। काशी प्रांत विद्या भारती के संगठन मंत्री राम मनोहर ने समाज सेवियों से विद्यालय के निर्माण हेतु सहयोग करने की अपील किया। इस मौके पर ओबरा तापीय परियोजना के महाप्रबंधक इं जीके मिश्रा, मनीष, विमल सिंह जेसी, गोपाल तिवारी, गिरीवर शंकर तिवारी, सुजीत सिंह, राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, धुरंधर शर्मा, शशिकांत श्रीवास्तव, विशाल गुप्ता मौजूद रहे। प्रमोद त्रिपाठी ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

## कल बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**डाला।** स्थानीय डाला उपकेन्द्र से निर्गत 33 केवी विद्युत सप्लाई ओबरा, चोपन, जवारीडाड़, कचनरवा और कोन फीडर की विद्युत आपूर्ति सोमवार की सुबह नौ बजे से लेकर दोपहर तीन बजे तक बाधित रहेगी। अधिशासी अभियन्ता अशोक कुमार ने बताया ओबरा-डाला लाईन के तारों की ऊंचाई बढ़ाई जाएगी।

## फरार चल रहे चार वारण्टी गिरफ्तार

**सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक डा यशवीर सिंह के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस द्वारा गैंगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे सुरेन्द्र पुत्र स्व. छोटेलाल, सुरेश पुत्र स्व. सीताराम, शिवनरायन पुत्र तपेश्वर निवासी-ग्राम गोठानी, जुगैल व रमेश कुमार पुत्र कृपा शंकर निवासी ग्राम महलपुर जुगैल को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

## अनियंत्रित मैजिक पलटी, एक दर्जन से अधिक घायल

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत पिंडारी गांव में शुक्रवार की रात एक मैजिक गड्ढे से बचने के चक्कर में अनियंत्रित होकर पलट गयी, जिसमें एक बालक सहित 13 यात्री गम्भीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार पिंडारी गांव के संचिराडांड टोले में छट्ठीहारी कार्यक्रम में शामिल होने बभनी थाना क्षेत्र के मजनेहवा चैनपुर से मैजिक से एक ही परिवार के लोग आ रहे थे। बंका मोड़ के पास नमामि गंगे परियोजना द्वारा खोदे गए गड्ढे से बचने के चक्कर में मैजिक अनियंत्रित होकर पलट गयी। इस हादसे में चालक विनोद सहित भगवान दास 35 पुत्र सुल्फन, प्रतापी 45 पुत्र जगेशर, अरकेश 25 पुत्र अर्जन, सामरिया देवी 35 पत्नी हरिशंकर, रीना 30 पत्नी अमरेश, मनेहर 30 पुत्र प्रतापी, शांति 18 पुत्री प्रतापी, रानी 22 पत्नी दीनानाथ, गुलबसिया 44 पत्नी प्रतापी, रमेश 36 पुत्र घुरहू, धनी 4 पुत्री प्रेमचंद, विमलेश 30 पुत्र सुरेश घायल हो गए। मैजिक पलटते ही घटना स्थल पर चीख पुकार मच गयी। चीखपुकार सुन मौके पर पहुंचे ग्रामीणों द्वारा राहत बचाव का कार्य शुरू कर दिया गया। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को म्योरपुर चिकित्सालय भेजा।

# सोनभद्र को सांस्कृतिक पहचान देंगे यहां के कर्मयोगी

**बोले डीएम**

## जनपद की स्थापना दिवस पर विभूतियों को किया सम्मानित

**सोनभद्र।** जनपद के 34 वें स्थापना दिवस के अवसर पर डीएम ने सभी जनपदवासियों को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इस अवसर पर जनपद को विशिष्ट पहचान देने वाले विभूतियों को सम्मानित किया गया ।

राबर्टसगंज नगर में स्थित रामलीला मैदान में जिलाधिकारी के निर्देशन में जनपद सोनभद्र का स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सूचना और जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित प्रदर्शनी के भव्य पंडाल में उल्लेखनीय कार्य करने वाली विभूतियां सम्मानित की गयीं। साहित्य में अजय शेखर, संस्कृति के क्षेत्र में विजय शंकर चतुर्वेदी, इतिहास लेखन में डा. जितेंद्र कुमार सिंह संजय, शिक्षा के क्षेत्र में ओमप्रकाश त्रिपाठी, आजादी के अमृत महोत्सव के कई सफल आयोजन के लिए भोलानाथ मिश्रा, कृषि के क्षेत्र में बाबूलाल मौर्या, धर्म के क्षेत्र में राकेश कुमार त्रिपाठी, चिकित्सा के क्षेत्र में डा. कुसुमाकर श्रीवास्तव को सम्मानित किए गए। इस दौरान सहित्य के क्षेत्र में सराहनीय कार्य हेतु डा. अर्जुन दास केसरी, संगीत में सर्वेश कुमार मिश्र, निरन्तर स्वयं रक्तदान व दूसरों से रक्तदान हेतु प्रेरित करने के क्षेत्र में सरदार बलकार सिंह, खेल कूद में लव वर्मा दिव्यांग किक्रेटर, पर्यटन के क्षेत्र में नीरज द्विवेदी को सम्मानित किये जाने की घोषणा की गयी। डीएम के प्रतिनिधि के रूप में उप जिलाधिकारी रमेश कुमार ने इन महानुभावों को विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया। कहा कि जनपद सोनभद्र की स्थापना 4 मार्च,1989 को हुई थी यह जनपद मिजार्पुर में से काट कर जनपद सोनभद्र को बनाया गया था जनपद सोनभद्र की पहचान सांस्कृति विरासत को समटे हुये है। जनपद मे पर्यटन के क्षेत्र में अपार सम्भावनायें है। इस दौरान उन्होने सम्मानित व्यक्तियों का अभिनंदन करते हुए कहा कि इन कर्मयोगियों ने जिले को एक पहचान दी है। आज जब जनपद अपनी स्थापना का चैतीसवां स्थापना वर्ष मना रहा है तो इसके पास कई उपलब्धियां हैं, लेकिन जिले को साहित्य व सांस्कृतिक पहचान इन विभूतियों के कार्यों से ही मिल रही। उन्होंने डीएम के स्थापना दिवस के संदेश को बताते हुए सभी को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। अपर जिला सूचना अधिकारी विनय कुमार सिंह ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सोनभद्र में एम्स, केंद्रीय विवि स्थापना की उठी मांग

**सोनभद्र।** निःशुल्क कानूनी सहायता के लिए समर्पित भारतीय विधिक सहायता एसोसिएशन ने जनपद का 34वां स्थापना दिवस अधिवक्ता भवन तहसील परिसर रावर्ट्सगंज में शनिवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप जायसवाल की अध्यक्षता में डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एड रामचंद्र सिंह द्वारा केक काटकर मनाया गया। राष्ट्रीय संयोजक एड पवन कुमार सिंह ने कहा कि 4 मार्च 1989 को जिले की आधारशिला रखी गई। इसके तीन दशक बाद भी यहां का अपेक्षित विकास नहीं हो सका। स्थापना दिवस के अवसर पर मांग किया कि यहां एम्स जैसा एक उच्च स्तरीय स्वास्थ्य संस्थान एवं केंद्रीय विश्वविद्यालय बने। इसके अलावा नए कल काखाने स्थापित किये जायें, जिससे स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार मिले। संचालन महासचिव एडवोकेट मनीष रंजन ने किया। इस मौके पर काकू सिंह, विमल प्रताप सिंह, वीरेंद्र कुमार सिंह, शारदा प्रसाद मौर्य, अनिल कुमार सिंह, अशोक कुमार कनौजिया, विजय शंकर सिंह, टीटू प्रसाद गुप्ता, नेतराज पटेल, दीप नारायण पटेल, अशोक सिंह आदि उपस्थित रहे।

## मकान का ताला चटका चोरों ने उड़ाये लाखों

**रेणुकूट।** पिपरी थाना क्षेत्र के खाड़पाथर इलाके में एक बंद मकान का ताला तोड़कर लाखों की चोरी होने का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर घटना के खुलासे की मांग की गई है। मुर्धवा निवासी प्रमोद शर्मा ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में लिखा है खाड़पाथर में रहने वाले कृष्ण कुमार चौधरी मूल रूप से हरियाणा के रहने वाले हैं और नगर में स्थित एक ट्रांसपोर्ट कंपनी के कार्यालय का संचालन करते हैं। बीते 10 फरवरी से ही वह हरियाणा गए हुए हैं और इस दौरान अपने घर की चाभी उनको देकर गए थे इस दौरान वे तीन-चार दिन में एक बार आकर घर देख कर चले जाते थे। शुक्रवार की शाम लगभग 6 बजे जब वह घर देखने पहुंचे तो वहां 2 कमरों का ताला टूटा हुआ था और अंदर सारा सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था। घर में रखे दीवान और आलमारी का भी लाक तोड़कर उसमें रखे लगभग18 हजार रुपए और सोने के कई गहने चोरों द्वारा चुरा लिया गया, अन्य सामान क्या-क्या चोरी हुआ यह मकान मालिक के आने के बाद ही पता चलेगा। सूचना पाकर पुलिस ने शनिवार को मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की और मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। इस घटना से नगर में हड़कंप मचा हुआ है।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर कमिश्नर ने दुद्धी तहसील में सुनी समस्याएं

जनसंदेश न्यूज


दुद्धी तहसील में समस्या सुनते कमिश्नर

**दुद्धी।** तहसील समाधान दिवस के अवसर पर शनिवार को मंडलायुक्त डा. मुथु कुमार स्वामी बी ने फरियादियों की समस्याएं सुनते हुए मातहतों को निस्तारित करने का निर्देश दिया। इस दौरान विभिन्न जनसमस्याओं से 69 शिकायती प्रार्थना पत्र आये। जिसमें सात मामलों को मौके पर निस्तारित किया गया। कमिश्नर ने कहा कि ज्यादातर मामले भूमि से संबंधित हैं और उन समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं। कहा कि धारा 80 के तहत दान की भूमि को भी लोगों ने बड़े पैमाने पर अधिकारियों की मिलीभगत से गलत तरीके से दान किया है, जो उचित नहीं है।

कमिश्नर ने अपर जिलाधिकारी को कमेटी बनाकर जांच बैठाने के निर्देश दिए। कहा कि इस मामले में जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। वहीं दुद्धी बार संघ अध्यक्ष रामपाल जौहरी, सिविल बार संघ के अध्यक्ष प्रभु सिंह कुशवाहा ने कमिश्नर को छह सूत्रीय मांग पत्र सौंपा। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी, उपजिलाधिकारी श्याम प्रताप सिंह, तहसीलदार बृजेश कुमार वर्मा समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

## ओबरा में डीएम, एसपी ने सुनी फरियाद

**ओबरा।** तहसील दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व पुलिस अधीक्षक डॉ यशवीर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से तहसील ओबरा पर जन शिकायतों को सुना गया तथा शिकायतों के तत्काल निष्पक्ष व न्यायोचित निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आदेशित करते हुए राजस्व सम्बन्धित शिकायतों में राजस्व व पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर समयबद्ध और गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिए गये। इसी क्रम में जनपद के अन्य तहसील पर संम्बन्धित अधिकारियों द्वारा जन समस्याओं को सुनकर निस्तारण किया गया।

# संस्कार के साथ शिक्षा स्कूल की उपलब्धि : ओम प्रकाश



कार्यक्रम में शामिल बच्चे व अतिथिगण

**सोनभद्र।** जिन बच्चों को अभी ठीक से चलना नहीं आया है, वे गायत्री मंत्र सहित विभिन्न श्लोकों का उच्चारण कर रहे हैं, वास्तव में यह अनूठा प्रयास है, जिसे माय छोटा स्कूल बखूबी अंजाम दे रहा है। यह बातें किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य ओम प्रकाश त्रिपाठी ने स्कूल के वार्षिकोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि संस्कार के साथ बच्चों को दी जा रही शिक्षा एक अनुकरणीय कदम है।

अध्यक्षीय उदबोधन में साहित्यकार अजय शेखर ने कहा कि छोटे बच्चों को संभालना बहुत ही जिम्मेदारी का कार्य होता है, तुतलाने वाली उम्र के बच्चों से अंग्रेजी, हिंदी और संस्कृत में कविता या श्लोक पाठ निश्चित रूप से सराहनीय है, जिसके लिए स्कूल प्रबंधन बधाई का पात्र है। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गयी। प्रिंसिपल रागिनी विशेष ने मुख्य अतिथि व अध्यक्ष सहित विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे, वरिष्ठ पत्रकार विजय शंकर चतुर्वेदी, पूर्व विधायक रमेशचन्द्र दुबे, सुशील राही का पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्रम से स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों की उचित देखभाल के लिए संज्ञा त्रिपाठी, गीता सिंह, आराधना त्रिपाठी, प्रिया उपाध्याय को बेस्ट मदर के खिताब से सम्मानित किया गया। जब तालू कटे होंठ और एक दिव्यांग बच्चे ने पूरे आत्मविश्वास के साथ कार्यक्रम प्रस्तुत किया तो पूरा पंडाल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। दो से चार वर्ष के बच्चों द्वारा विभिन्न नृत्य, एकांकी और गीतों की प्रस्तुति ने सबका दिल जीत लिया। इस अवसर पर पत्रकार शशिकांत चौबे, मदन मोहन पाण्डेय, सत्यम पाण्डेय, अश्विनी शुक्ला, यासमीन, कशिश सिंह, प्रतिभा सिंह, नेहा उपस्थित रहे। स्कूल प्रबंधक विशेष पाण्डेय ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार ज्ञापन किया।

# हिण्डाल्को में 16वें वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ

जनसंदेश न्यूज


दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथिगण

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को अस्पताल में 16वें वार्षिक मेडिकल कॉन्फ्रेंस का शनिवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। अस्पताल के सीएमओ डॉ. भास्कर दत्ता ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों, मेडिकल विशेषज्ञों एवं अस्तपाल के चिकित्सकों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि हिण्डाल्को सीओओ एन. नागेश ने विशिष्टि अतिथि एचआर हेड जसबीर सिंह, डॉ. भास्कर दत्ता, बी.एम. बिड़ला हार्ट रिसर्च सेंटर कोलकाता से पधारे वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ एवं शल्य चिकित्सका डॉ. मनोज डागा एवं पूवार्चंल नेत्रालय एवं रेटीना केयर सेंटर वाराणसी के नेत्र चिकित्सक डा अखिलेश पाण्डेय व अन्य चिकित्सकों के साथ विधिवत दीप प्रज्जवलित करके कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ किया।

नागेश ने कहा कि हृदय और नेत्र दोनों ही हमारे शरीर के बहुत महत्वपूर्ण अंग है। आयोजित हो रहे वर्कशॉप में बाहर से आये विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा यहां के हृदय एवं नेत्र रोगियों की जांच की जा रही है, वह यहां के निवासियों के लिए अत्यंत लाभदायक है। जसबीर सिंह ने कहा कि हिण्डाल्को अस्पताल और सीएसआर की टीम यहां के सुदूरवर्ती गांवों में तथा रेणुकूट क्षेत्र में समय पर मेडिकल कैम्प का आयोजन कर उन्हें नेत्र शल्य चिकित्सा से लेकर विभिन्न रोगों के इलाज में जो लाभ पहुंचा रही है वह अनुकरणीय है और इसी कारण यहां के लोग और सुदूरवर्ती गांव के लोग हिण्डाल्को से और भी विशेष जुड़ाव महसूस करते हैं। इस दौरान डा मनोज डागा एवं डा अखिलेश पाण्डेय ने क्रमशः हृदय रोग एवं विटेरो रेटिनल डीजीज के निवारण एवं उपचार के क्षेत्र में हुई प्रगति की जानकारी दी। संचालन हिण्डाल्को अस्पताल के नेत्र चिकित्सक डा हारिश अंसारी ने किया। कार्यक्रम में हिण्डाल्को अस्पताल के समस्त चिकित्सक एवं पैरा मेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।

## हिण्डाल्को में 52वें सुरक्षा सप्ताह का हुआ समापन

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को सेफ्टी विभाग द्वारा 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का समापन समारोह शनिवार को सेफ्टी ग्राउंड में धूम-धाम से किया गया। सुरक्षा सप्ताह के दौरान विभिन्न प्लान्ट एवं विभागों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबध्दता प्रदर्शित की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि मुखिया एन नागेश एवं विशिष्ट अतिथि जसबीर सिंह द्वारा भगवान विश्वकर्मा के पूजन-अर्चन के साथ हुआ। इसके पश्चात सेफ्टी हेड ललित पाल ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों का स्वागत किया। वहीं सेफ्टी विभाग के डॉ. प्रदीप सिंह ने सभी को सुरक्षा शपथ दिलाई। नागेश ने हिण्डाल्को के प्रबंध निदेशक सतीश पाई के सुरक्षा आधारित संदेश को सभी के समक्ष प्रस्तुत करते हुए सुरक्षा सप्ताह के दौरान उपस्थित सभी टीमों एवं उनके प्रतिभागियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर ही सामूहिक रूप से अपने संस्थान को सुरक्षित बना सकते हैं तथा शून्य छति के लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। जसबीर सिंह ने सभी से सड़क सुरक्षा के प्रति सजग रहने व नियमों का पालन करने का संदेश दिया। इस दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। संचालन राहुल सिंह व श्रेया सोनावनी ने किया। समारोह में एन एन रॉय, जेपी नायक, विनोद ठाकुर, कैलाश प्रधान, प्लांट के वरिष्ठ अधिकारी, मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एनटीपीसी सिंगरौली में 52 वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन

**शक्तिनगर।** एनटीपीसी सिंगरौली में 52वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन प्लांट परिसर स्थित सेवा भवन पार्क में किया गया। मुख्य अतिथि राजीव अकोटकर परियोजना प्रमुख द्वारा सभी उपस्थित कर्मचारियों को राष्ट्रीय सुरक्षा प्रतिज्ञा दिलाई गई। इस वर्ष की राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस थीम ह्यहमारा ध्येय शून्य क्षति पर आधारित थी। मुख्य अतिथि ने कहा कि सुरक्षा संस्कृति हमारा धर्म है और सुरक्षा धर्म का पालन करते हुए हम सभी को कार्य के दौरान नियमों का अनुपालन करते हुए अपने व्यवहार को संयमित व संतुलित रख कर सुरक्षित ढंग से कार्य करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्य क्षेत्र एवं विशेष रूप से निर्माण कार्य क्षेत्र एफजीडी प्रोजेक्ट एरिया आदि में सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिये जाने की आवश्यकता है। सुरक्षा संस्कृति को सुदृढ़ करने हेतु सभी को सुरक्षा नियमों को समझने व उनका गंभीरता से अनुपालन करना चाहिए। सतीश कुमार गुजरानिया महाप्रबंधक प्रचालन व अनुरक्षण ने कहा कि सभी को प्लांट, टाउनशिप एवं उनके सहयोगियों के साथ-साथ स्वयं की सुरक्षा पर जोर देना चाहिए। तत्पश्चात वर्ष 2022में विभिन्न विभागों में सुरक्षित कार्य करने वाले श्रेष्ठ एनटीपीसी कर्मचारी तथा श्रेष्ठ एजेंसी कर्मियों को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इस अवसर पर एल के बेहरा, प्रबोध कुमार, जोसफ बास्टियन समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन सोमनाथ मिश्रा वरिष्ठ प्रबंधक (सुरक्षा विभाग ने किया।

# सोनांचल बचाओ तिरंगा पद यात्रा का समापन


बढ़ौली चौक पर सोनांचल बचाओ तिरंगा पदयात्रा में शामिल लोग

**सोनभद्र।** सोनांचल संघर्ष वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल यादव की अगुवाई में निकाली गई सोनांचल बचाओ तिरंगा पद यात्रा का शनिवार को बढ़ौली चौक पर समापन हुआ। इसके पूर्व जिलाध्यक्ष हिमांचल साहनी ने चोपन सोन पुल से हरी झंडी दिखाकर यात्रा को रवाना किया। सोसंवा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल यादव ने कहा कि सोनांचल को चारागाह समझने वाले संगठित माफियाओं पर लगाम लगे। पूरे प्रदेश में सर्वाधिक शोषण और दोहन सोनांचल का हो रहा है। यहां के बेरोजगारों की घोर उपेक्षा हो रही है। निजी कम्पनियां नौकरी की नीलामी कर रही है। जिससे संगठित लोग शामिल है। सोनांचल की नदियों में बेखौफ अवैध बालू खनन चल रहा लोग मौन है। पूरे सोनांचल में शिक्षा और चिकित्सा की हालत बहुत ही दयनीय है। आदिवासियों और मूल निवासियों को उनकी जोतकोड की जमीन पर पट्टा देने में जानबूझ की देरी की जा रही है। रोशन लाल ने यात्रा समापन पर जिला प्रशासन का भी आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संजय दूबे, बनारसी लाल निषाद, विश्वजीत साहनी, राजबली साहनी, मनमोहन निषाद, चंद्रदेव चेरो, अनिल चेरो, रामकेश चेरो, सीताराम चेरो, गणेश चेरो आदि रहे।

# संपूर्ण समाधान दिवस पर 93 प्रार्थना पत्रों में 7 का निस्तारण

**अवसर**

## चकिया तहसील सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**चकिया।** तहसील सभागार में शनिवार को नवागत जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न मामलों के 93 प्रार्थना पत्र पड़े जिनमें से सात प्रार्थना पत्रों का निस्तारण त्वरित कर दिया गया शेष को निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया। समाधान दिवस में आवास से संबंधित मामलों की अधिकता रही।

संपूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि 1 सप्ताह के अंदर शिकायती पत्रों का निस्तारण अधिकारी गंभीरता से समय रहते कर लें। आइजीआरएस के मामलों का त्वरित निस्तारण करें। इसके अलावा संपूर्ण समाधान दिवस में मौन जुलूस निकालकर पहुंचे अधिवक्ताओं ने साराडीह गांव में अधिवक्ता उमाशंकर सिंह के घर में हुई चोरी का खुलासा और कोतवाली पुलिस के उदासीन रवैया को



सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम व एसपी।

देखते हुए विरोध प्रकट किया। कहा क्षेत्र में पिछले कुछ महीनों में घटित चोरी और हत्या की घटनाओं में पुलिस की निष्क्रिय कार्यप्रणाली से आम जनमानस की सुरक्षा व्यवस्था खतरे में है।

वही भाकियू (लोक शक्ति) पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शहाबगंज विकासखंड के कौड़िहार गांव में स्थित चोरी के आरोपी प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुमार का स्थानांतरण कराने के लिए ज्ञापन दिया। इसके अलावा भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष देवेंद्र पाल व उनकी टीम ने चंद्रप्रभा डैम के क्षतिग्रस्त सुलूस गेट की मरम्मत कराने, सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता की मनमानी के चलते उनका स्थानांतरण कराने और प्रभाव बात से निकली सभी मेहर और मानव की सिल्ट सफाई कराने के साथ ही कच्चे व पक्के कार्यों की जांच कराने की मांग से संबंधित ज्ञापन दिया।

साथ ही लगातार कई महीनों से चक्कर लगा रहे शहाबगंज विकासखंड के तियरा गांव निवासी सतीश गुप्ता और रोहित गुप्ता ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के नहीं मिलने की शिकायत की जिस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण जल्द करने के निर्देश दिए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल सीएमओ डा.वाईके राय, उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद, तहसीलदार बंदना मिश्रा, बीएसए सतेंद्र बहादुर, जिला पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ आर के सिंह, पीडी सुशील कुमार मिश्रा, जिला कृषि अधिकारी बसंत दुबे, समाज कल्याण अधिकारी नागेंद्र कुमार मौर्य, एसडीओ वन विभाग सत्यपाल प्रसाद, चकिया रेंजर योगेश कुमार सिंह, कोतवाल मुकेश कुमार सहित तमाम विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# लड़के की चाहत से पनपी कन्या भ्रूण हत्या की प्रवृत्ति

**चंदौली।** जनपद न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चंदौली अध्यक्ष के निर्देशन में शनिवार को सदर ब्लाक स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चन्दौली में अन्तर्राष्ट्रीय महिला सप्ताह के अवसर पर पूर्वगभाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम से संबंधित शिविर का आयोजन किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव व अपर जनपद न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश शुक्ल ने बताया कि समाज में कन्या समाज में कन्या को पैदा न होने देने की प्रवृत्ति के कारण, महिलाओं के प्रति घरेलू हिंसा, बलात्कार, यौन दुराचार इत्यादी में बढोतरी हुई है। इसी प्रकार की हिंसाओं में एक सबसे घृणित हिंसा बालिका शिशु हत्या या कन्या भ्रूण हत्या है। बालिका शिशु हत्या व कन्या भ्रूण हत्या से उत्पन्न परिस्थितियों के कारण लड़कों की शादी के लिए लड़कियां नहीं मिल रही हैं।

शिक्षा के क्षेत्र में हुई बढ़ोतरी से बाल लिंगानुपात में बढोत्तरी होने की बजाय लड़के की चाहत तथा कन्या को पैदा होने से रोकने की प्रवृत्ति में बढोतरी हुई है। इस प्रवृत्ति को तकनीक के दुरूपयोग ने और बढावा



सदर पीएचसी पर शिविर मे कन्या भ्रूण हत्या के बाबत जानकारी देते अधिकारीगण।

दिया है क्योंकि विज्ञान एवं तकनीक में आए कान्तिकारी परिवर्तनों ने इस लड़के की चाह को और सुगम बना दिया। अमित पाण्डेय ने बताया कि कन्या भ्रूण हत्या और लिंग चयनित गर्भपात के द्वारा गर्भ में ही कन्या भ्रूण को मार दिया जाता है। इससे पहले गर्भ में पल रहे बच्चे के लिंग की जांच करा ली जाती है। लिंग निर्धारण जांच को रोकने से संबंधित कानून 20 सितम्बर 1994 को प्रसव पूर्व निदान तकनीक (विनियमन एवं दुरूपयोग निवारण) अधिनियम संसद द्वारा पारित किया गया जो कि 1996 में प्रभाव में आया। यह अधिनियम ह्यगर्भधारण पूर्व एवं प्रसव पूर्व निदान तकनीक (लिंग चयन प्रतिषेध) अधिनियम-1994ह्न 14 फरवरी 2003 से प्रभाव में आया। उपरोक्त क्रम में लिंग जांच करवाने वाले व्यक्ति को 3 से 5 साल तक कारावास व एक लाख तक जुमार्ने की सजा न्यायालय द्वारा दी जा सकती है। इस मौके पर बाल संरक्षण अधिकारी किशन वर्मा बाल संरक्षण अधिकारी व दीक्षा अग्रहरी, डा.प्रदीप पाण्डेय प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चंदौली, अमित पाण्डेय विशेषज्ञ, प्रिया सिंह मुख्य कोर्डिनेटर, मधुप सिंह प्रभारी इंस्पेक्टर एंटी रोमियो, किशन वर्मा बाल संरक्षण अधिकारी, दीक्षा अग्रहरी बाल संरक्षण अधिकारी उपस्थित थे।

**संक्षेप**

## नौगढ़: डग्गामार वाहनों में भूंसे की तरफ भरे जाते हैं यात्री



नौगढ़ में डग्गामार वाहन पर लटक यात्रा करते यात्री।

**नौगढ़।** जिला मुख्यालय का सृजन होने के 2.5 दशक बाद जनपद के दूरस्थ पर्वतीय वनांचल क्षेत्र वासियों को आज तक नहीं मिली समुचित परिवहन की सुविधा, जिससे लोग डग्गामार वाहनों के सहारे जान हथेली पर लेकर यात्रा करने को विवश हैं। नौगढ़ तहसील क्षेत्र का फैलाव 36 वर्ग किलोमीटर में है। यहां के वाशिंदों को 70 किलोमीटर दूर जिला मुख्यालय का आवागमन करने के लिए नौगढ से चकिया फिर पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर से होकर चन्दौली तक की दूरी प्राइवेट वाहनों के सहारे तय करनी होती है। जिसमें नौगढ से चकिया तक के मध्य काफी ऊंची ऊंची पहाड़ियों का उतार चढ़ाव डग्गामार वाहनों मे भूंसे की तरह ठूंसकर भरा जाता है और सवारी मनमाना किराया की अदायगी करके जान हथेली पर लेकर यात्रा करने को विवश हैं। इस मार्ग पर चलने वाला शायद ही कोई ऐसा वाहन हो जो कि परिवहन विभाग से सवारी ढोने के लिए पंजीकृत है। काफी पुराने (सरकारी फाइलों में निष्प्रयोजित) माल वाहकों को लेकर अप्रशिक्षित चालक फरार्टा भरकर सवारियों को ढो रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि रमेश कुमार उर्फ पप्पू केशरी ने उच्चाधिकारियों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराते हुए जिला मुख्यालय चन्दौली से तहसील नौगढ़ के लिए परिवहन निगम की बसों का संचालन कराए जाने की मांग किया है।

## होली पर्व पर बंद रहेगी शराब व भांग की दुकानें

**चंदौली।** होली पर्व पर शांति व्यवस्था को बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे ने आठ मार्च को जनपद के सभी देशी, विदेशी व बियर की दुकान के साथ ही भांग की दुकानों के थोक व फुटकर बिक्री की दुकानों को बंद रखने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के दायरे में जनपद में संचालित माडल शाप भी आएंगे। इसके अलावा ताड़ी की फुटकर बिकी दुकानों से मादक पदार्थों की बिकी बन्द रखने का आदेश जारी किया है। बन्दी को लेकर लाइसेंसधारियों को किसी भी प्रकार का कोई प्रतिकर देय नहीं होगा। साथ ही चेतावनी दी कि यदि कोई दुकानदार आदेश की अवहेलना करते हुए दुकान को खोलता है तो उसके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के प्राविधानों के तहत कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।

## ट्रैक्टर पलट जाने से चालक घायल

**कन्दवा।** घोसवा जमुड़ा मार्ग पर घोसवां के पास ट्रैक्टर पलट जाने से चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। स्थानीय गांव के ग्रामीणों ने एंबुलेंस बुलाकर चालक को एंबुलेंस में बेठाकर इलाज के लिए अस्पताल भेजवाया गया। खजूरा निवासी बिहार रामआसरे राम 35 वर्ष ट्रैक्टर पर बालू लादकर घोसवां जमुड़ा मार्ग पर घोसवां गांव के पास घोसवां के किसी एक व्यक्ति के यहां पहुंचाने गया हुआ था।उसी दौरान असंतुलित ट्रैक्टर पलट गई।मौके पर मौजूद ग्रामीणों द्वारा ट्रैक्टर में फंसे चालक को बाहर निकालकर एंबुलेंस की मदद से नकदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरहनी भेजवाया गया।जहां हालत गंभीर देख प्रारंभिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने चालक को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया ।

## एसडीएम और सीओ ने तीन शिकायतों का कराया निस्तारण

सकलडीहा। उपजिलाधिकारी मनोज पाठक और सीओ राजेश कुमार राय के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान कुल 35 में तीन शिकायतों का अधिकारियों ने निस्तारण कराया। एसडीएम मनोज पाठक समस्या सुन रहे थे। इसी दौरान कई अधिकारी आते जाते देख नाराजगी जताया। अधिकारियों को समयवद्ध कार्य दिवस में बैठने का निर्देश देते हुए समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश दिया। चेताया कि किसी प्रकार की लारवाही क्षम्य नही होगा। इस मौके पर सीओ राजेश कुमार राय, नायब तहसीलदार अमित सिंह, आरिफ अहमद,ध्रुवेश सिंह,बीईओ अवधेश राय, पूर्ति निरीक्षक केके मिश्रा,एसडीओ संजय कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।

# दो कक्षीय जर्जर भवन की आड़ में तीन भवन तोड़ने का आरोप

**मनमानी**

## प्रधान ने बीएसएस से मिलकर प्रधानाध्यापक की मनमानी का लगाया आरोप

**सकलडीहा।** धरहरा गांव के वर्षो पुरानी जर्जर दो कक्षीय भवन की आड़ में प्रधानाध्यापक ने एक अन्य भवन को तोड़वा दिये जाने का प्रधान ने आरोप लगाया है। यही नही ग्राम पंचायत विभाग द्वारा निर्मित बाउड्री को बगैर अनुमति को तोड़वा दिये है। प्रधानाध्यापक की मनमानी को लेकर प्रधान ने बीएसए से मिलकर पूरे मामले की शिकायत किया है।

प्रधान की शिकायत पर बीएसए ने जांच टीम गठित किया है। धरहरा प्रधान श्वेता सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रधानाध्यापक ने दो कक्षीय जर्जर भवन की आड़ में तीन कक्षों की जमींदोह कर दिया गया है। जबकि निविदा में दो भवन को ही गिराने का अनुमति है। तीसरी अन्य भवन जर्जर



धरहरा गांव के प्राथमिक विद्यालय प्रथम की बिल्डिंग तोड़ते मजदूर।

विद्यालय से दूर अलग बना हुआ है। प्रधान ने यह भी आरोप लगाया कि कंपोजिट ग्रांट के पैसों को फर्जी बिल बनाकर खाते से निकाला गया है। इसके साथ ही कांवेंट स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में प्रवेश दिखाकर सरकारी योजनाओं का लाभ और सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा है।

प्रधान ने बीएसस से मिलकर प्रधाध्यापक द्वारा बीते पन्द्रह वर्षो से इसी विद्यालय में जमे होने व सहित अन्य मामले की लिखित शिकायत करते हुए पूरे मामले की जांच कराने की मांग किया है। उधर प्रधानाध्यापक ने आरोप को निराधार बताया है। इस बाबत बीईओ अवधेश कुमार राय ने बताया कि प्रधान द्वारा बीएसए से मामले की शिकातय किया गया है। जिस पर जांच टीम गठित किया गया है। जांच में दोषी पाये जाने पर संबधित के खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।

## कड़ी निगरानी के बीच सम्पन्न हुई यूपी बोर्ड परीक्षाएं

**चंदौली।** डीएम के निर्देशन में शनिवार को कड़ी निगरानी के बीच यूपी बोर्ड परीक्षा इण्टरमीडिएट प्रथम पाली में बुनाई तकनीक-3, हिन्दी टंकण, सिलाई सिल्क, रेडियो, आटोमोबाइल, मुद्रण एवं रंगीन फोटाग्राफीकी परीक्षाएं सम्पन्न हुई जिसमें कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 258 के सापेक्ष 244 उपस्थित और 14 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहें।

वहीं दूसरी पाली में इण्टरमीडिएट में रसायन विज्ञान एवं समाजशास्त्र की परीक्षाएं सम्पन्न हुई। जिसमें रसायन विज्ञान में कुल पंजीकृत परीक्षार्थी 14818 के सापेक्ष 13256 उपस्थित और 1562 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। समाजशास्त्र में पंजीकृत परीक्षार्थी 12948 के सापेक्ष 11159 उपस्थित और 1789 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला विद्यालय निरीक्षक चंदौली व विभिन्न सचल दस्तों द्वारा प्रथम एवं द्वितीय पाली में परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। महेन्द्र टेक्निकल इण्टर कालेज, चन्दौली में स्थापित जिला बोर्ड परीक्षा कन्ट्रोल रूम के द्वारा परीक्षा के दौरान निरन्तर मानीटरिंग का कार्य हो रहा है। इसके अतिरिक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों द्वारा भी कई परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया।

# 28 में पांच प्रार्थना पत्र निस्तारित



सदर तहसील सभागार में फरियाद सुनते एसडीएम सदर।

**जनसंदेश न्यूज**

**चंदौली।** सदर तहसील सभागार में शनिवार को एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया जिसमें उनके समक्ष फरियादियों द्वारा 28 प्रार्थना पत्र पड़े। पांच प्रार्थना पत्र को मौके से निस्तारण कर दिया गया। लंबित प्राथना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौप कर जल्द से जल्द निस्तारण करने का निर्देश दिया। इस दौरान एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने कहा कि संबंधित अधिकारी संपूर्ण समाधान दिवस में आए प्रार्थना पत्रों का मौके पर जांच कर जल्द से जल्द निस्तारण करें। ताकि फरियादियों को इधर-उधर भटकना न पड़े। फरियादियों की समस्याओं को संबंधित अधिकारी गंभीरता से लें, लापरवाही बरतने वाले अधिकारी को किसी भी कीमत पर बख्शें नहीं जाएंगे। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी रामवीर सिंह उपस्थित रहे।

# ब्लॉक प्रमुख ने गोशाला की साफ सफाई का दिया निर्देश

**धानापुर ।** ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने शनिवार को विकास खंड के दोनों गौशाला का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान उन्होंने सचिव सहित सफाई कर्मियों को कड़े दिशा निर्देश दिए। ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने सबसे पहले नोनारी गांव में बने गौशाला केंद्र का निरीक्षण किया और कहा की किसी भी हालत में सफाई की मुकम्मल व्यवस्था की जाय।साथ ही पशुओं के लिए हरे चारे का भी प्रबंध हर हाल में करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा की नोनारी में पशु ज्यादा होने के कारण समस्या आ रही है जिसको देखते हुए एक सप्ताह के अंदर टीन शेड लगाया जाए। नेकनामपुर में बने बृहद गौशाला केंद्र में भी साफ सफाई के बाबत आवश्यक दिशा निर्देश दिए। नेकनामपुर में चहारदीवारी का काम पूरा नहीं होने पर भी सख्ती से कहा की हर हाल में एक माह के अंदर काम पूरा किया जाय। ब्लाक प्रमुख अजय सिंह ने कहा कि ग्राम प्रधानों की एक बैठक कर गौशालाओं को और बेहतर बने जाने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान उनके साथ मुख्य रूप से प्रधान संघ के अध्यक्ष राजेश सिंह,एडीओ पंचायत राजेश सिंह, दयाल सरन श्रीवास्त, त्रिलोकी सिंह , बिनोद सेठ, राजेश सिंह, बिमल सिंह ,गुड्डू यादव, विकास राजभर, सुरेश मौर्य आदि लोग थे।

**जाना हाल**

### नेकनामपुर गौशाला की चहारदीवारी को एक माहके भीतर पूरा करने का दिया निर्देश

## कलश यात्रा आज

**कन्दवा।** विकास खण्ड के अमड़ा में श्रीमदभागवत रसामृत संगीतमयी कथा का आयोजन किया गया है। जिसमें कथा वाचक स्वामी सुन्दरराज महाराज के नेतृत्व में रविवार महिलाएं, पुरूष व युवतियां के साथ कलश यात्रा निकाली जायेगी। उसके बाद स्वामी सुन्दरराज महाराज द्वारा आज से 11मार्च तक समय 2 से 5 बजे तक संगीतमयी कथा होगी। यह जनकारी संयोजक शिबच्चन सिंह एवं अर्जुन सिंह ने दी।

## एसडीएम ने शराब की दुकानों का किया औचक निरीक्षण

**शहाबगंज।** उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद तथा आबकारी निरीक्षक उमेश द्विवेदी ने शनिवार को देशी, शराब तथा बीयर शाप की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। सेल्समैन को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। होली पर्व के मद्देनजर बिहार में शराब प्रतिबंध के बावजूद हो रहे सप्लाई को लेकर जिला प्रशासन काफी सतर्कता बरत रहा है।

उपजिलाधिकारी ज्वाला प्रसाद तथा आबकारी विभाग की टीम ने बिहार प्रांत की सीमा पर स्थित इलिया व शहाबगंज में देशी, अंग्रेजी व बीयर शाप की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान रजिस्टर से स्टॉक का मिलान किया गया तथा साफ-सफाई रखने के साथ ही रेट बोर्ड के हिसाब से बिक्री किए जाने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा कुछ दुकानों के पास गंदगी पाए जाने पर सेल्समैन तथा लाइसेंसी के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने का चेतावनी दिया गया। एसडीएम तथा आबकारी विभाग की जांच से शराब लाइसेंसियों में हड़कंप की स्थिति बनी रही। आबकारी निरीक्षक उमेश द्विवेदी ने बताया कि समय से पूर्व दुकानें खुली मिली तो उनके विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आबकारी निरीक्षक उमेश द्विवेदी, दीपक ओझा सहित आबकारी तथा पुलिस टीम मौजूद रही।

# इंडियन आयल ने किया पाइपलाइन में लीक व फायर मॉक ड्रिल

**नियामताबाद।** इंडियन आयल कॉरपोरेशन लिमिटेड के पाइप लाइन विभाग, अग्निशमन दल एवं पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने आपातकालीन स्थितियों से निपटने व ग्रामीणों को जागरूक करने के लिए पाइप लाइन से लीक एवं फायर मॉक ड्रिल का आयोजन सकलडीहा के बट्ठी गांव में किया। इसके बाद आयोजित गोष्ठी में विस्तार से इस मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी दी गयी। बट्ठी गांव से गुजरी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (पेट्रोलियम कंपनी) के भूमिगत बरौनी-कानपुर पाइपलाइन की उपस्थिति एवं आपदा प्रबंधन को लोगों से अवगत कराने हेतु मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। डेमो के तौर पर पहले इंडियल आयल की टीम ने पूरा सेटप लगाया। जिसके बाद आग की घटना दिखाई गयी। वही आस पास मौजूद ग्रामीणों ने घटना की सूचना स्थानीय कोतवाली में दी। अग्निशमन की टीम अपने अधिकारी के नेतृत्व में पलक झपकते ही आग को बुझाया। जिसके बाद मौजूदा भीड़ को टीम



पाइप लाइन में लीक व फायर का मॉक ड्रिल करते इंडियन आयल कर्मी।

आयोजन स्थल तक ले गयी और गोष्ठी कर सभी को मॉक ड्रिल के बारे में जानकारी दी। आईओसी कंपनी के डीजीएम सुमन कुमार ने बताया कि इस क्षेत्र से अत्यधिक ज्वलनशील एवं उच्च दबाव की पेट्रोलियम पाइपलाइन गुजर रही है। यदि किसी को पाइप लाइन के उपर गीली सतह या डीजल, पेट्रोल, केरोसिन आदि की गंध या आग लगने का आभास होता है तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस तथा उपलब्ध कराये गये टोल फ्री नंबरों पर दें। इस स्थान से दूर रहें उस क्षेत्र के आस पास आग या चिंगारी न पहुंचे इसका ध्यान रखें, तेल जांच का प्रयास न करें, तेल संग्रह करने का प्रयास न करें, किसी को भ्रमित न करें, आतंकित न हो और न ही अफवाह फैलाये। इस दौरान अन्य विभाग के लोगों ने भी विभिन्न जानकारी दी। इस अवसर पर इंडियन आयल मार्केटिंग डिविजन, एचपीसीएल, बीपीसी एलके अधिकारी, बीकेपीएल के सभी अधिकारी एवं इसके अलावा सैकडो लोग मौजूद रहे।

# होली से पूर्व पुलिस लाईन के लिये 23 काश्तकारों की भूमि हुई रजिस्ट्री

**सकलडीहा।** एसपी की तत्परता से भोजापुर में बनने वाली पुलिस लाइन के लिये बैनामा की कवायद तेज हो गयी है। शनिवार को एसपी के निर्देश पर एडीशनल एसपी विनय कुमार सिंह ने तीन कास्तकारों की भूमि कर बैनामा कराया। अबतक कुल 23 कास्तकारों की भूमि होली से पूर्व बैनामा होने से पुलिस लाइन शीघ्र बनने की उम्मीद जग गया है। शासन के निर्देश पर भोजापुर में पुलिस लाइन बनने की स्वीकृति मिल गया है। करीब 32 एकड़ की भूमि पर पुलिस लाइन बनना है। इसके लिये करीब 72 किसानों की भूमि का बैनामा किया जाना है। महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश सरकार बजरिये पुलिस अधीक्षक द्वारा एडीशनल एसपी चंदौली विनम कुमार सिंह ने पांचवी बार तीन कास्तकारों की भूमि का बैनामा कराया। अबतक कुल 23 कास्तकारों की भूमि बनामा कराया गया है। पूर्व अध्यक्ष नितिन तिवारी और सहयोगी पूर्व मंहामंत्री पंकज सिंह अन्य अधिवक्ता द्वारा सहयोग किया गया। जिसमें सकलडीहा सीओ राजेश कुमार राय और कोतवाल को गवाह बनाया गया है। इस मौके पर एसडीएम मनोज पाठक, लेखपाल पूजा सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।



पुलिस लाइन की भूमि के लिये रजिस्ट्री कराते एडीशनल एसपी विनय कुमार सिंह व सीओ राजेश राय।

## सर्किल रेट से चार गुना मिलेगा कास्तकारों को धन

**सकलडीहा।** पुलिस लाइन के लिये कास्तकारों की भूमि का सर्किल रेट से चार गुना मुआवजा देने का शासन से निर्देश है। पहले दिन तीन और दूसरी बार 11 कास्तकार अबतक कुल 72 में 23 कास्ताकारों की भूमि का बैनामा पुलिस ने कराया। बैनामा को लेकर कास्तकारों में काफी उत्साह है। राजेश कुमार राय सीओ सकलडीहा ने बताया कि पुलिस लाइन के लिये करीब 72 कास्तकारों की 32 एकड़ से अधिक भूमि का बैनामा कराया जाना है। कुल 23 कास्तकारों की भूमि का बैनामा कराया गया है। शेष अगले दिन कराया जायेगा।

## पौधों की रखवाली से पशु पक्षी और मानव समाज होगा खुशहाल

**सकलडीहा।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन शनिवार को स्वयंसेवकों ने दो सत्र में स्वच्छता और पौधरोपण कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अंत में विचार गोष्ठी के माध्यम से महिला शक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिये आवाहन किया गया। नारी सशक्तिकरण गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि मीरा यादव उप निरीक्षक ने कहा कि जिस तरह समाज और पर्यावरण के संतुलन के लिये पौध रोपण जरूरी है। उसी प्रकार महिलाओं की सम्मान से देश और समाज सशक्त होता है। वही हिंदी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर दयानिधि सिंह यादव ने कहाकि राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर आत्मनिर्भर और आत्मबल प्रदान करता है। अंत में मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर1090, 181 और 1098 के उपयोग पर विस्तार से चर्चा किया। आये हुए अतिथियों को स्वंय सेवकों ने पौधे देकर सम्मानित किया। इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी डा. अनिल तिवारी,डॉक्टर अभय कुमार वर्मा, जितेंद्र कुमार यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

# शराब की दुकान और आरो प्लांट की आबकारी टीम ने की जांच

**जनसंदेश न्यूज**

**सकलडीहा।** जिलाधिकारी के निर्देश पर होली के त्यौहार को देखते हुए शराब की दुकानों सहित अन्य आरो प्लांटों की जांच का निर्देश दिया गया है । इस क्रम में आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा पुलिस टीम के साथ सकलडीहा क्षेत्र के विभिन्न अंग्रेजी देशी और बीयर की दुकानों की जांच पड़ताल किया गया । साथ ही आरो प्लांट की भी जांच की गई । जांच के दौरान दुकानदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

होली पर मिलावटी शराब को लेकर के पुलिस प्रशासन अलर्ट है । शासन के निर्देश पर लगातार जांच अभियान चलाया जा रहा है द्य इस क्रम में सकलडीहा और चहनिया क्षेत्र के विभिन्न शराब की दुकानों की जांच पड़ताल की गई । बार कोटि का मिलान किया गया । स्टॉक रजिस्टर देखा गया साथ ही दुकानदारों को सीसी कैमरा ऑलरेडी चालू रखने का निर्देश दिया



सकलडीहा क्षेत्र में आरो और शराब की दुकानों का निरीक्षण करते आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा

गया । स्टॉक कम नहीं होने को बताया गया । बताया गया कि ओवर रेटिंग और मिलावटी शराब पाए जाने पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही कस्बा सहित आसपास के आरो प्लाट की भी जांच पड़ताल किया गया। आरो प्लांट में किसी प्रकार की दव्य पदार्थ की मिलावट होने पर संबंधित की जिम्मेदारी तय होगी ।उनके उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी इस मौके पर आबकारी इंस्पेक्टर दीपक ओझा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## तारनपुर में फिल्म गुंजा के गांव का हुआ आगाज

**नियामताबाद।** अमोघपुर तारनपुर में शनिवार फिल्म ह्यगुंजा के गांवह्न मुहूर्त विधिवत तरीके से पूजा पाठ करके किया गया। गीतांजलि फिल्म प्रोडक्शन की निर्मात्री व निर्देशक गीतांजलि ने कहा यह फिल्म सामाजिक व पारिवारिक मूल्यों पर आधारित है। जो समाज परिवार की एकता बनाए रखने की संदेश देता है। यह फिल्म विशेष अवधि भाषा की है। हमारा प्रयास है कि अपने प्रोडक्शन के माध्यम से किसी भी उम्र के नए पुराने कलाकारों प्लेटफार्म दिया जाय। इसके पहले हमारी पहली पारिवारिक फिल्म प्रेम की सौगंध लगभग हर सिनेमा घरों में चल रहा है। जिसका समाज व परिवार में एक अच्छा संदेश जा रहा है। दर्शको के माध्यम से भी लोगो में एक बहुत ही अच्छा संदेश जा रहा है। फिल्म की शूटिंग 10 मार्च से शुरू कर दिया जाएगा। फिल्म के सह निमार्ता दीपक दादा , विशेष सलाहकार दीपक जान, प्रमोद प्रेमी, अस्वर्या झा , मृत्युंजय , एकता , सोनू विश्वकर्मा , जयश्री , डीके , विजय धनपुरी,अशोक सिद्धार्थ, इत्यादि सहित काफी संख्या में दूर दराज के नए पुराने कलाकारो के अलावा कुछ कलाकार पहली फिल्म में भी अभिनय किए हुए कलाकार भी उपस्थित थे।

## विमेंस प्रीमियर लीग का एंथम 'ये तो बस शुरूआत है' हुआ जारी, जय शाह ने शेयर किया वीडियो

**मुंबई।** विमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) का एंथम 'ये तो बस शुरूआत है' जारी कर दिया गया है। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने ऐंथम का वीडियो ट्विटर पर शेयर किया है, जिसकी शुरूआत में संस्कृत श्लोक 'या देवी सर्वभूतेषु' का इस्तेमाल किया गया है। शंकर महादेवन, हरदीप कौर और नीति मोहन ने इस एंथम में अपनी आवाज दी। वहीं, दो मिनट के इस एंथम के वीडियो में दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा समेत कई विमेन क्रिकेटर भी नजर आईं।



# महिला प्रीमियर लीग का हुआ धमाकेदार आगाज
# कियारा और कृति सेनन ने डांस से जीता फैंस का दिल

## अधिकारियों और पांचों टीमों की कप्तानों ने मिलकर ट्रॉफी का अनावरण किया

**मुंबई।** महिला प्रीमियर लीग का धमाकेदार आगाज मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में हुआ। इस दौरान अभिनेत्री कियारा आडवाणी और कृति सेनन ने अपने ठुमके से सबका दिल जीत लिया। वहीं, मशहूर पॉप सिंगर एपी ढिल्लों ने अपने गाने से सबको झुमाया। अंत में बीसीसीआई के सभी अधिकारी स्टेज पर पहुंचे। उनके साथ पांचों टीमों की कप्तान भी पहुंचीं। सभी कप्तानों ने मिलकर ट्रॉफी का अनावरण किया।



मशहूर पॉप सिंगर एपी ढिल्लों ने अपने पंजाबी गानों से सबको झुमा दिया। उन्होंने 'दिल तेरा' और 'क्या बात है' गाकर लोगों का दिल जीत लिया। इसके अलावा उन्होंने कई गाने गए। एपी ढिल्लों के परफॉर्मेंस को स्टेडियम में बैठे दर्शकों ने काफी एंजॉय किया। महिला प्रीमियर लीग के शुरू होने पर सचिन तेंदुलकर ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, "याद रखें कि हर बाउंड्री को तोड़कर पार्क के बाहर छक्का लगाया जाएगा, और हर विकेट क्रिकेट में लैंगिक समानता की जीत होगी। आइए उनकी कहानी बनाने वाली अविश्वसनीय महिलाओं का उत्साहवर्धन करें!" कृति सेनन ने चकदे इंडिया के गाने पर अपने परफॉर्मेंस की शुरूआत की। उन्होंने 'बादल पे पांव है' पर डांस किया। उसके बाद चकदे इंडिया के टाइटल ट्रैक पर भी डांस किया। उसके बाद उन्होंने 'लुका छुपी' फिल्म के सांग 'कोका कोला तू' पर भी डांस किया। उन्होंने अपने मशहूर सांग 'परम सुंदरी' पर डांस कर लोगों का दिल जीत लिया।

महिला क्रिकेटरों ने काफी लंबे समय तक आईपीएल में पुरुषों की सफलता देखी थी, अब आखिरकार उनकी बारी भी आ चुकी है। हढछ महिला खिलाड़ियों को चमकने का मौका प्रदान देगा जैसा कि उन्होंने हमेशा कल्पना की थी। कुल 20 लीग मैच और दो प्लेऑफ मैच होंगे।

## मुंबई इंडियंस को लगा पहला झटका, तनुजा कंवर ने यास्तिका भाटिया को किया आउट



महिला प्रीमियर लीग के पहले सीजन का पहला मुकाबला मुंबई इंडियंस और गुजरात जाएंट्स के बीच खेला जा रहा है। दोनों टीमें मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में आमने-सामने हैं। मुंबई की कमान अनुभवी हरमनप्रीत कौर के हाथों में है। वह भारतीय टीम की भी कप्तान हैं। वहीं, ऑस्ट्रेलिया की बेथ मूनी गुजरात का नेतृत्व कर रही हैं। गुजरात ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया है। यास्तिका भाटिया का बल्ला महिला प्रीमियर लीग के पहले मैच में नहीं चला। वह आठ गेंद पर एक रन बनाकर आउट हो गईं। पारी की तीसरे ओवर में तनुजा कंवर ने उन्हें जॉर्जिया वेयरहम के हाथों कैच कराया। यास्तिका के आउट होने के बाद इंग्लैंड की नताली सीवर ब्रंट क्रीज पर आई हैं। दूसरे छोर पर हीली मैथ्यूज खड़ी हैं। मुंबई ने तीन ओवर में एक विकेट पर 17 रन बना लिए हैं। मैथ्यूज 14 और सीवर एक रन बनाकर नाबाद हैं।

## अनुष्का पति विराट संग पहुंचीं महाकालेश्वर मंदिर, भस्म आरती में हुईं शामिल



**उज्जैन** (मध्य प्रदेश)। भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में पूजा की। भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच हुए इंदौर टेस्ट के बाद भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और उनकी पत्नी व अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने उज्जैन (मध्य प्रदेश) स्थित महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर पूजा-अर्चना की जिसका एक वीडियो ऑनलाइन सामने आया है। वीडियो में विराट पारंपरिक पोशाक पहने नजर आ रहे हैं। गौरतलब है, शुक्रवार को खत्म हुए इंदौर टेस्ट में भारत को हार मिली थी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 मैचों की टेस्ट सीरीज जारी है जिसके 2 मुकाबले टीम इंडिया जीती है वहीं 1 ऑस्ट्रेलिया ने अपने नाम किया है। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चौथा टेस्ट मैच 9 मार्च से अहमदाबाद में खेला जाएगा। इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में मिली हार और चौथे टेस्ट से पहले विराट कोहली ने पत्नी अनुष्का शर्मा संग महाकाल के दर्शन किए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में अनुष्का शर्मा गुलाबी रंग की साड़ी में को वहीं विराट कोहली पारंपरिक धोती और गमझे में दिखाई दे रहे हैं। बता दें कि महाकाल के दरबार में जाने के लिए महिलाओं को साड़ी और पुरुषों को धोती और गमझा पहनना होता है। अनुष्का और विराट महाकाल की भस्म आरती में शामिल हुए जो सुबह 4 बजे होती है। इससे पहले अनुष्का और विराट स्वामी दयानंद आश्रम में आयोजित अनुष्ठान में शामिल हुए थे।

## यशस्वी ने रचा इतिहास, ईरानी ट्रॉफी में दोहरा शतक जड़ने वाले पहले बने बल्लेबाज

### जायसवाल ने मैच की पहली पारी में 259 गेंद पर 30 चौकों और तीन छक्कों के साथ 213 रन बनाये थे

**ग्वालियर।** युवा प्रतिभावान बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शनिवार को ईरानी कप मैच की दोनों पारियों में शतक और दोहरा शतक जमाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये। शेष भारत की ओर से खेल रहे जायसवाल ने मध्य प्रदेश के विरुद्ध दूसरी पारी में शतक जड़कर यह उपलब्धि हासिल की। जायसवाल ने मैच की पहली पारी में 259 गेंद पर 30 चौकों और तीन छक्कों के साथ 213 रन बनाये थे। मैच के तीसरे दिन सलामी बल्लेबाज मयंक अग्रवाल का विकेट गिरने के बाद बल्लेबाजी करने उतरे जायसवाल ने स्टंप्स तक 53 गेंद पर 58 रन बना लिये थे। एक तरफ जहां मध्य प्रदेश के गेंदबाजों ने चौथे दिन सुबह के सत्र में पांच ओवरों के भीतर चार विकेट चटकाए, वहीं जायसवाल ने नपी-तुली बल्लेबाजी करते हुए 104 गेंद में अपना शतक पूरा किया।



वह इसी के साथ एक ईरानी कप संस्करण में शिखर धवन (2012-13, 332 रन) को पीछे छोड़कर सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज बन गये। कुल मिलाकर, जायसवाल एक ही प्रथम श्रेणी मैच में दोहरा शतक और शतक बनाने वाले 11वें भारतीय हैं। केएस दलीपसिंहजी इंग्लैंड में काउंटी चैंपियनशिप में ससेक्स के लिये खेलते हुए 1929 में उपलब्धि हासिल करने वाले पहले भारतीय थे। सुनील गावस्कर एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं जिन्होंने यह कारनामा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में किया है। पहली पारी के दौरान, जायसवाल ईरानी कप में दोहरा शतक बनाने वाले 10वें बल्लेबाज बन गये थे। घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिये खेलने वाले जायसवाल 2022-23 सीजन की शुरूआत से लाल गेंद क्रिकेट में शानदार फॉर्म में रहे हैं। उन्होंने पिछले साल दलीप ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र के लिये पदार्पण करते हुए पूर्वोत्तर क्षेत्र के खिलाफ दोहरा शतक (227) जमाया था। वामहस्त बल्लेबाज ने नवंबर 2022 में कॉक्स बाजार में बंगलादेश-ए के खिलाफ भारत-ए की ओर से भी 146 रन की शतकीय पारी खेली थी।

## गबन मामले में बनरसिया प्रधान व ग्राम सचिव से वसूली का आदेश

**चंदौली।** डीएम फुंडे ने शहाबगंज ब्लाक के बनरसिया गांव की प्रधान व तत्काली प्रधान को गबन का दोषी पाया। डीएम ने ग्राम पंचायत बनरसिया में किए गए 109296 रुपये के वित्तीय गबन का आधा हिस्सा ग्राम प्रधान सावित्री देवी व तत्कालीन ग्राम सचिव को गबन की गई धनराशि का आधा-आधा हिस्सा जमा करने का आदेश दिया है। उक्त धनराशि ग्राम पंचायत बनरसिया के खाते में 15 दिनों के अंदर जमा करनी होगी। ऐसा नहीं होने की दशा में जिला प्रशासन उक्त धनराशि को बकाया राजस्व की भांति वसूल करेगा। विदित हो कि इसरगोड़वा निवासी रामकिशुन ने सशपथ शिकायती प्रार्थना पत्र देकर एक जनवरी 2021 शिकायत दर्ज कराई थी। इसके बाद उक्त प्रकरण की जिला दिव्यागजन सशक्तीकरण अधिकारी चन्दौली एवं अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग से जांच कराई गई। उसमें प्राप्त वित्तीय एवं अन्य अनियमितताओं के आधार पर नोटिस जारी की गयी।

तत्कालीन सचिव ग्राम विकास कुमार सिंह को भी नोटिस जारी की गयी थी। प्रधान सावित्री देवी को खण्ड विकास अधिकारी शहाबगंज द्वारा नोटिस प्राप्त कराया गया। नोटिस में निर्धारित समयावधि के व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी प्रधान सावित्री देवी द्वारा अब तक स्पष्टीकरण प्रस्तुत नही किया गया, लेकिन तत्कालीन सचिव ग्राम पंचायत बनरसिया विकास कुमार सिंह द्वारा अपना स्पष्टीकरण 30 नवंबर 2022 को प्रस्तुत किया गया। इसके लिये तत्कालीन प्रधान सावित्री देवी एवं तत्कालीन सचिव विकास कुमार सिंह समान रूप से दोषी पाये जाते है और उक्त धनराशि का आधा भाग 54648 रुपये सावित्री देवी तथा आधा भाग तत्कालीन सचिव विकास कुमार सिंह वसूल किया जाना है।

## बॉलीवुड न्यूज

### सारा अली खान ने अपने गलतियों के बारे में बताया



**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस सारा अली खान अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली एक्ट्रेस हैं। ऐसे में सारा समय-समय पर दर्शकों को अपने जवाबों और आम से लगने वाले व्यक्तित्व से प्रभावित किया है। हाल ही में एक प्रमुख इन्फ्लुएंसर के साथ एक सिट डाउन इंटरव्यू में, सारा ने अपने दिल की बात खुलकर की जैसे उन्होंने पहले कभी नहीं की थी। उन्होंने इस दौरान अपनी सीख, अपनी महत्वाकांक्षा, अपने करियर के लक्ष्यों और एक एक्ट्रेस के रूप में आगे बढ़ने के बारे में खुलकर बात की। इंटरव्यू में सारा ने 'लव आज कल 2' और 'कुली नंबर 1' की असफलता के बारे में बात की। फिल्म के लिए उन्हें मिली समीक्षाओं को स्वीकार करते हुए, सारा ने इस बात पर एक साफ प्रतिक्रिया साझा की कि क्या गलत हुआ और वह कैसे सीख रही हैं, इसके बाद किस तरह से आगे बढ़ रही हैं। इसी के बारे में बात करते हुए सारा ने कहा कि उसने मुझे एहसास दिलाया कि मुझे बस आगे बढ़ते रहना है, जो गलतियां मैंने की हैं उन्हें स्वीकार करना है, उन गलतियों से सीखना है जो मैंने की हैं लेकिन खुद को उन्हें करने की मंजूरी भी देनी है।सारा की ये बातें सुनने के बाद कह सकते है कि वाकई इस इंटरव्यू के दौरान सारा ने बहुत अच्छी तरह से खुद को जाहिर और बयां किया हैं जो उनकी पीढ़ी की बाकी दूसरी एक्ट्रेस नहीं कर सकती है। सारा के बात करने का यही तरीका इस बात की तरफ लोगों का ध्यान खींचता कि वह वास्तव में अपनी पीढ़ी की सबसे प्रतिभाशाली एक्ट्रेस हैं। काम के मोर्चे पर, पिछले साल 3 फिल्मों को पूरा करने के बाद, सारा 2023 में भी बहुत बिजी दिख रही हैं, जहां वह नेक्स्ट विक्रांत मैसी के साथ 'गैसलाइट' में दिखाई देंगी, वहीं इस साल वो मैडॉक की अगली फिल्म में विक्की कौशल और अनुराग बसु की 'मेट्रो.. इन दिनों' में भी नजर आने वाली हैं। इसके साथ ही सारा के पास 'ऐ वतन मेरे वतन', 'मर्डर मुबारक' भी हैं।

### होम्बले फिल्म्स 22 दिसंबर को रिलीज करेगा फिल्म 'युवा'



**मुंबई।** केजीएफ चैप्टर 1, केजीएफ चैप्टर 2, और कांतारा जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों दे चुके होम्बले फिल्म्स ने अपने एक और नए वेंचर की घोषणा की है। इस फिल्म का टाइटल 'युवा' है और ये एक फैमिली ड्रामा है जिसे संतोष आनंदराम द्वारा निर्देशित किया जाएगा। फिल्म में दमदार स्टोरीटेलिंग के साथ जबरदस्त एक्शन सीन्स भी शामिल होंगो। बता दें, संतोष आनंदराम को मिस्टर एंड मिसेज रामचारी, राजकुमार और युवरत्ना जैसी हिट फिल्मों का निर्देशन करने के लिए जाना जाता है। 'युवा' मैटिनी आइडल डॉ राजकुमार के पोते की पहली फिल्म होगी, जो इसे साल की सबसे बहुप्रतीक्षित रिलीज में से एक बनाती है। हाल में प्रोडक्शन हाउस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म के नाम के साथ साथ फिल्म की रिलीज डेट की भी घोषणा की है। ये फिल्म 22 दिसंबर 2023 को रिलीज होगी जिसे मुख्य रूप से कन्नड़ भाषा में रिलीज किया जाएगा। फिल्म को बाकी भाषाओं में रिलीज करने की योजना पर विचार किया जा रहा है। इस अपकमिंग फैमिली ड्रामा में युवा और प्रतिभाशाली अभिनेता अपने दादा और लेजेंड्री डॉ राजकुमार के नक्शेकदम पर चलते हुए इंडस्ट्री में अपनी शुरूआत करेंगे। उनके साथ क्रिटिकली अक्लेम्ड एक्टर अच्युत कुमार भी अहम भूमिकाओं में से एक में दिखाई देंगे, जो एक पावरफुल ऑन-स्क्रीन मौजूदगी का वादा करता है। फिल्म का म्यूजिक जाने माने म्यूजिक कंपोजर अजनीश द्वारा दिया जाएगा, जिन्होंने ब्लॉकबस्टर कांतारा के लिए शानदार म्यूजिक पर काम किया हैं।

# अहमदाबाद टेस्ट में वापसी करेंगे मोहम्मद शमी

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे वरिष्ठ तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अहमदाबाद में नौ मार्च से शुरू होने वाले चौथे टेस्ट की अंतिम एकादश में जगह मिलने की उम्मीद है। शमी को कार्यभार प्रबंधन के तहत इंदौर में खेले गए तीसरे टेस्ट से विश्राम दिया गया था। भारतीय टीम प्रबंधन ने मेडिकल स्टाफ के परामर्श से आईपीएल (इंडियन प्रीमियर लीग) के ज्यादातर मैचों को खेलने वाले और एकदिवसीय विश्व कप की योजना में शामिल तेज गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन की योजना बनाई है। शमी शुरूआती दो टेस्ट खेले थे और वह एकदिवसीय टीम का भी हिस्सा हैं। इंदौर टेस्ट में टीम में उनकी जगह उमेश यादव को शामिल किया गया था। शुरूआती तीन टेस्ट में सिराज ने सिर्फ 24 ओवर गेंदबाजी की है और 17 से 22 मार्च तक खेले जाने वाले तीनों एकदिवसीय में उनके अंतिम एकादश में शामिल रहने की संभावना है। ऐसे में उन्हें मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले आखिरी टेस्ट में विश्राम दिया जा सकता है। शमी इस श्रृंखला में अब तक सबसे बेहतर तेज गेंदबाज रहे है। उन्होंने दो मैचों में 30 ओवर गेंदबाजी की है और सात विकेट चटकाये है। मोटेरा की सूखी पिच पर टीम को उनकी अधिक जरूरत होगी। ऐसी पिच रिवर्स स्विंग के लिए अनुकूल हो सकती है। भारत चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला 2-1 से आगे चल रहा है और विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में सीधे क्वालीफाई करने के लिए उसे इस मुकाबले को जीतना होगा। इंदौर में होलकर स्टेडियम की पिच को आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) मैच रेफरी क्रिस ब्रॉड ने खराब की रेटिंग दी थी लेकिन गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) इस तरह का कोई जोखिम नहीं लेना चाहेगा। राज्य संघ के एक सूत्र ने कहा, हमें (पिच को लेकर) भारतीय टीम प्रबंधन से कोई निर्देश नहीं मिला है और हमारे स्थानीय क्यूरेटर सामान्य पिच तैयार कर रहे हैं जैसा कि हमने पूरे सत्र में किया है। उन्होंने कहा, दरअसल, यहां जनवरी में आखिरी रणजी मैच में रेलवे ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 500 (508) से अधिक का स्कोर बनाया था और गुजरात की टीम ने पारी की हार के बावजूद दोनों पारियों में 200 से अधिक का स्कोर बनाया था। इस बार भी कुछ अलग नहीं होगा। टेस्ट मैच शुरू होने में चार दिन से कम बाकी है और अभी यह पता नहीं है कि बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट बोर्ड) क्यूरेटर तपोश चटर्जी और आशीष भौमिक जब यहां की जिम्मेदारी अपने हाथ में लेंगे तो पिच का मिजाज कैसा होगा। उन्होंने कहा, जाहिर तौर पर पिछले कुछ दिनों से बीसीसीआई की मैदान और पिच समिति स्थानीय क्यूरेटर को निर्देश दे रही है. लेकिन निश्चित रूप से हमारा प्रयास एक अच्छी टेस्ट मैच पिच तैयार करना है। अहमदाबाद में पिछली बार कोविड-19 महामारी के दौरान दो टेस्ट मैच खेले गये थे। यह दोनों मैच दिन-रात्रि थे और ये मुकाबले दो दिनों के अंदर खत्म हो गये थे।



**पिच पूरी तरह स्पिनरों के मुफीद होने की संभावना कम**

## समाजसेवी ने विकलांग को गुमटी भेंट कर बनाया आत्मनिर्भर

**डीडीयू नगर।** श्री सेवा सामाजिक संस्था की ओर से शनिवार को नेक पहल करते हुए विकलांग युवक की सिर्फ मदद ही नहीं किया। युवक को आत्मनिर्भर बनाने के लिए एक गुमटी भी दिया। इस दौरान सीओ डीडीयू नगर अनिरुद्ध सिंह के द्वारा गुमटी का उद्घाटन किया गया। सीओ ने विकलांग युवक वीरेंद्र यादव का सराहना करते हुए ईमानदारी से काम करने की नसीहत दी और उसका हौसला बढ़ाया। बताया जा रहा है कि वीरेंद्र यादव पहले ट्रक चलाता था। एक एक्सीडेंट में उसने अपना एक पैर गंवा दिया।

उसके बाद उनके दूसरे पैर का घुटना भी खराब हो गया था। करीब साल भर पहले इसी संस्था ने वीरेंद्र यादव के पैर का ऑपरेशन भी करवाया था और अब संस्था द्वारा युवक को अपना और अपने परिवार की जीविका के लिए गुमटी प्रदान किया गया। युवक को जीने के लिये गुमटी की थी जरूरत थी। अब गर्मी का मौसम आ गया है और खुले आसमान के नीचे काम करना वीरेंद्र के लिए मुश्किल हो रहा। वीरेंद्र को गर्मी और बरसात के मौसम से बचने के लिए गुमटी की जरूरत थी और उनके पास गुमटी खरीदने को कोई विकल्प नहीं था तो इसने पुनः एक बार फिर श्री सेवा सामाजिक संस्था से मदद की गुहार लगाई। जिसको श्री सेवा सामाजिक संस्था के लोगों ने तुरंत संज्ञान में लेते हुए एक गुमटी प्रदान किया।



विकलांग युवक को गुमटी भेंट करते संस्था के लोग व सीओ अनिरूद्ध सिंह।

## एसडीएम सदर ने परीक्षा केन्द्रों का लिया जायजा



महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज में परीक्षा के दौरान निरीक्षण करते एसडीएम।

**चंदौली।** मुख्यालय स्थित महेंद्र टेक्निकल इंटर कालेज का शनिवार को एसडीएम दिग्विजय प्रताप सिंह ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। वही केंद्र व्यवस्थापक को परीक्षा सकुशल संपन्न कराने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने परीक्षा केंद्र व्यवस्थापक से हो रही परीक्षा के बारे में जानकारी ली। परीक्षा केंद्रों पर लगाए गए सीसीटीवी कैमरा की जांच पड़ताल की एवं परीक्षार्थियों के उत्तर पुस्तिकाओं को भी खंगाला। कहा कि किसी भी सूरत में नकल होते पाया गया तो संबंधित के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों की कड़ाई से जांच की जाए। किसी भी स्थिति में नकल विहीन और शांतिपूर्ण तरीके से परीक्षा संपन्न कराई जाए। इस दौरान प्रधानाचार्य प्रमोद सिंह, उपस्थित रहे।

### प्रशासन ने कंट्रोल रूम नंबर जारी किया

**जौनपुर।** जिला प्रशासन द्वारा होली पर्व के दृष्टिगत होली कंट्रोल रूम बनाया गया हैं जिसका सम्पर्क सूत्र 9454417117 व 05452260666 जारी किया गया हैं।

### पूर्व सैनिक के निधन पर जताया दुख

**चंदौली।** क्षेत्र के भतीजा गांव निवासी पूर्व सैनिक सूबेदार मेजर रणधीर सिंह का 70 वर्ष की आयु में तीन मार्च को हृदय गति रुकने से निधन हो गया। इसकी जानकारी होने पर जिला पूर्व सैनिक कल्याण समिति ने दुख व्यक्त किया और दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर कैप्टन एनके सिंह, अशोक सिंह, कैप्टन एसएन गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, रुपनरायन गुप्ता, अछैबर चौहान आदि उपस्थित रहे।

## 'चैंपियन वह नहीं हैं जो हर समय जीत रहा हो...', अरसीबी महिला खिलाड़ियों को खेल के मानसिक पहलुओं से रूबरू करवाएंगी सानिया



**मुंबई।** दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा को क्रिकेट के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के शुरूआती सत्र में वह खिलाड़ी के तौर पर वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) के युवा क्रिकेटरों को मानसिक पहलुओं से निपटने के बारे में बतायेंगी। सानिया को आरसीबी ने डब्ल्यूपीएल के लिए अपना मार्गदर्शक (मेंटोर) बनाया है। आरसीबी का नेतृत्व भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना कर रही है और टीम रविवार को अपने अभियान का आगाज दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ करेगी। आरसीबी ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो साझा किया है जिसमें सानिया टीम के खिलाड़ियों से बातचीत करती दिख रही है। सानिया ने इस वीडियो में कहा, मैं क्रिकेट के बारे में कुछ नहीं जानती। मैंने सोचा (जब मुझे मेंटोर बनाया गया था) मैं क्या करने जा रही हूं, मैं लड़कियों से क्या बात करूंगी। मैं हाल ही में खेल को अलविदा कहा है। मैंने सोचा कि जीवन में मेरा अगला कदम भारत की महिला खिलाड़ियों को मदद करना होगा। सानिया ने कहा, किसी भी खेल में मैं मानसिक पहलू को लेकर मदद करने कर सकती हूं। मैंने पिछले 20 वर्षों से इसका सामना किया है। सानिया ने एक खिलाड़ी ने पूछा कि उनके लिए संन्यास लेना कितना मुश्किल फैसला था। इसके जवाब में उन्होंने कहा, मैं वास्तव में इसके लिए तैयार थी। मेरा एक बेटा है जो चार साल का है और ईमानदारी से कहूं

# दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़ने की जरूरत : राकेश पांडेय


मुख्य अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित करते लोग

**सिकरारा।** राज्य परियोजना कार्यालय लखनऊ के वरिष्ठ विशेषज्ञ राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि शारीरिक अक्षमता को अभिशाप नहीं माना जाना चाहिए। दिव्यांगों को समाज की मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना जरूरी है जिससे कि समाज का समान विकास हो सके।

उक्त बातें वे शनिवार को प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में दिव्यांग बच्चों के विशेष प्रशिक्षण प्रदान करने लिए रिसोर्स सेंटर का शुभारंभ करते हुए व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को समाज में समान अधिकार मिले हैं लिहाजा दिव्यांग जनों को भी उनके अधिकार सम्मानपूर्वक दिए जाने चाहिए। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार दिव्यांग बच्चों की शिक्षा के साथ हर सुविधा उपलब्ध कराने पर फोकस कर रही है। रिसोर्स रूम के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को फिजियोथेरेपी, ऑक्युपेशनल थेरेपी, स्पीच थेरेपी, क्रियात्मक एसेसमेंट व अभिभावकों को परामर्श दिया जाएगा। इस सेंटर के माध्यम से दिव्यांग बच्चों को ब्रेल पढ़ना-लिखना, साइन लैंग्वेज, भाषा विकास, कौशल विकास आदि का अभ्यास कराया जाएगा। इसके संचालन की जिम्मेदारी प्रधानाध्यापक, नोडल शिक्षक के साथ स्पेशल एजुकेटर सप्ताह में दो दिन फिजियोथेरेपिस्ट सहयोग करेंगे। उन्होंने बीईओ आनन्द प्रकाश सिंह व जिला समन्वयक समेकित शिक्षा शशिधर उपाध्याय को रिसोर्स रूम में सभी जरूरी उपकरण व अन्य सामग्री खरीदकर सेंटर को शीघ्र विकसित करें। जिला समन्वयक ने बताया जनपद के नगर क्षेत्र में डायट कोतवाली परिसर व करंजाकला ब्लाक के डाल्हनपुर प्राथमिक विद्यालय पर रिसोर्सरूम का सफल संचालन हो रहा है। अब सिकरारा और बक्शा बीआरसी पर भी संचालन हो जाएगा। रिसोर्सरूम का फीता काटकर शुभारम्भ करने के पश्चात वे स्कूल के डिस्कवरी लैब व क्लासरूम में जाकर बच्चों से सवाल किया। बच्चों द्वारा बेबाकी से जबाब मिलने पर उन्हें शाबासी भी दिया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक जिलाध्यक्ष अमित सिंह व स्टाफ के शिक्षक शिक्षिकाओं से स्कूल में निपुण बनाने में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी लिया। विद्यालय के भौतिक परिवेश व शिक्षण कार्यों की जमकर तारीफ किया। प्रधानाध्यापक अमित सिंह ने शाल व स्मृतिचिन्ह देकर अतिथियों का स्वागत किया। इस मौके पर फिजियोथेरेपिस्ट पीडी तिवारी, स्पेशल टीचर विवेक सिंह, रामजीत मौर्य, राजेन्द्र प्रताप यादव, नेहा जायसवाल, आराधना उपाध्याय, गजाला बानो, मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# कुलसचिव ने कर्मचारियों को दी होली की बधाई

**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलसचिव ने भारतीय संस्कृति और परंपरागत के अनुसार सभी कर्मचारियों को एक दूसरे को लाल गुलाल लगाकर, गले मिलकर होली की बधाई दी।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलसचिव महेंद्र कुमार को सभी कर्मचारियों ने लाल गुलाल रंग लगाकर होली की बधाई दी। कुलसचिव ने कहा कि कोई मतभेद हो उसे दूर करके एक नए सिरे से शुरूआत करें।

सभी कर्मचारी हमारे सहयोगी हैं जब एक टीम मिलकर काम करे तो सबका सहयोग रहता है। इसलिए सब को छोटा बड़ा न समझ कर एक साथ मिलकर काम करें तो काम आसानी और जल्दी से पूरा होगा।

इस अवसर पर कर्मचारी संघ अध्यक्ष, महामंत्री आदि लोग मौजूद रहे।



## संक्षेप

### उपचुनाव में अनीता बनीं प्रधान


विजयी प्रत्याशी को प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारीगण

**खेतासराय।** शाहगंज ब्लाक के कड़ैला गांव में प्रधान के रिक्त पद के लिए हुए उपचुनाव के बाद शनिवार को मतगणना के बाद विजयी प्रत्याशी की घोषणा की गई। कड़ैला गांव के लिए पूर्व प्रधान स्व. कमलेश की पत्नी अनीता प्रधान चुनी गई। कड़ैला गांव में ग्राम प्रधान पद के उपचुनाव में अनीता ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मनीता पत्नी राजेन्द्र को 132 मतों से पराजित किया। गांव के प्रधान कमलेश बिंद के निधन के बाद उपचुनाव कराया गया। इसमें तीन प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। दो मार्च को हुए उप चुनाव में 1309 में 925 लोगों ने मतदान किया। शनिवार को ब्लाक मुख्यालय पर मतों की गणना शुरू हुई। इसमें स्व. कमलेश बिंद की पत्नी अनीता 501 मत पाकर विजेता रही। जबकि मनीता 369 मत पाकर उपविजेता बनी। लल्लन बिंद को मात्र 30 मत मिले। 25 मत अवैध पाए गए। आरओ सुरेश कुमार मौर्या ने विजेता को प्रमाणपत्र दिया।

### प्रधान पद के उप चुनाव में उर्मिला विजयी


नवनिर्वाचित प्रधान को प्रमाण पत्र सौंपते अधिकारी

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय विकास खण्ड के ग्रामसभा कसनही में प्रधान पद के उप चुनाव में उर्मिला देवी पत्नी श्रीराम कनौजिया को 635 मत, दूसरे स्थान पर शेषनाथ गौतम पुत्र राम मनोहर 235 मत मिले। 19 पर्चा निरस्त हो गया। कुल 400 वोटों से उर्मिला देवी को विजय प्राप्त हुई। ग्राम सभा कसनही में प्रधान पद के लिए हो रहे उपचुनाव में कुल 1701 वोटों में 889 वोट डाले गये थे जिसमें 400 मतों से उर्मिला देवी ने विजय प्राप्त की।

### प्रधान पद के उपचुनाव में दीपक विजयी, समर्थकों में हर्ष


उपचुनाव में जीत का जश्न मनाते कार्यकर्ता

**सुइथाकला।** बीते दो मार्च को विकास खण्ड के सवायन ग्राम पंचायत में हुए प्रधान पद पर उपचुनाव में दीपक कुमार अपने प्रतिद्वन्दियों को पराजित करते हुए 551 मतों से विजयी घोषित हुए। दीपक ने प्रधान पद पर कुल 2551 मत में से 1216 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वन्दी अनीता को 551 मतों से मात देकर विजय प्राप्त की जबकि तीसरी प्रतिद्वन्दी के रूप में संजू को 643 मत पर सन्तोष करना पड़ा। मतगणना का कार्य विकास खण्ड मुख्यालय के सभागार में सुबह 8 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच निर्वाचन अधिकारी अमित कुमार व तहसीलदार महेन्द्र कुमार सिंह की मौजूदगी में शुरू हुआ। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह मतगणना स्थल पर सुरक्षाबलों के साथ डंटे रहे। दीपक के विजयी होने पर समर्थकों में हर्ष का माहौल देखा गया।

### प्रमिला बनी रामनगर की प्रधान


जीत का प्रमाण पत्र लेती नवनिर्वाचित प्रधान

**महराजगंज।** रामनगर ग्राम पंचायत के प्रधान पद के उप चुनाव में कुल 1100 मत पड़े जिसमें प्रमिला देवी पत्नी पिंटू को 653 मत, प्रतिद्वंदी निशा देवी को 350 मत, मीना देवी 74, सुशीला देवी 10 मत, वहीं इंदु देवी को अपना ही मत नहीं मिला। 13 मत अवैध रहे। मौके पर सेक्टर मजिस्ट्रेट, तहसीलदार राकेश कुमार, आरओ हंसराम उपाध्याय, पर्यवेक्षक सिद्धार्थ ने विजई प्रत्याशी को प्रमाण पत्र सौंपा।

### विद्यालय में मनाया गया विश्व हियरिंग दिवस



**जौनपुर।** नगर के रासमण्डल स्थित रचना विशेष विद्यालय परिसर में शनिवार को विश्व हियरिंग दिवस विशेष शिक्षकों ने समस्त विशेष बच्चों संग एक संगोष्ठी के रूप में मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य गौतम चंद ने सभी बच्चों को महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर विद्यालय की विशेष शिक्षिका नीतू यादव ने साइन लैंग्वेज के माध्यम से समस्त हियरिंग इंपेयर्ड बच्चों को बहुत ही सरलता के साथ इसके महत्व एवं प्रयोग के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी जिसे बच्चों ने ध्यानपूर्वक समझा। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विशेष बच्चे उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्रेशन फार्म कराया गया उपलब्ध



**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन कानपुर द्वारा रजिस्ट्रेशन हेतु खिलाड़ियों को जनपद के महाविद्यालयों में फार्म उपलब्ध करा दिया गया है। जनपद के क्रिकेट सोसाइटी के जिला सचिव सिद्धार्थ सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन कानपुर द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों पंजीकरण का फॉर्म सभी आयु वर्ग 14, 16, 19, 25 बालक वर्ग एवं 15 वर्षीय बालिका वर्ग का फार्म यूपीसीए द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ी तिलकधारी महाविद्यालय व एवं शिया डिग्री कॉलेज के ग्राउंड से फार्म प्राप्त कर सकते हैं। खिलाड़ी फार्म विद्यालय में ही भरकर जमा कर दें। उन्होंने बताया कि खिलाड़ी कोच कुलदीप सिंह एवं विवेक यादव से संपर्क कर सकते है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन फीस 400 रुपए निर्धारित की गई है।

### रजिस्ट्रेशन फार्म उपलब्ध



**नौपेड़वा।** क्रिकेट सोसायटी आफ आजमगढ़ के जिला सचिव जयप्रकाश सिंह ने बताया कि ज.म. क्रिकेट ऐसोसिएशन कानपुर द्वारा क्रिकेट खिलाड़ियों की आयु वर्ग 14, 16, 19, 25 एवं सीनियर रणजी बालक एवं बालिकाओं का अण्डर 15 रजिस्ट्रेशन फार्म यूपीसीए द्वारा उपलब्ध करा दिया गया है। इच्छुक क्रिकेट खिलाड़ी फार्म प्राप्त करने का स्थान सुखदेव पहलवान स्टेडियम के सामने एसेज स्पोर्ट निकट ब्रम्ह स्थान से फार्म प्राप्त कर सकते है। फार्म वहीं पर भरकर जमा कर दें। कोच भूपेन्द्र सिंह एवं मुकेश यादव हैं।

# खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने लिया नमूना

**जांच**

### ढाई कुंतल छेने की मिठाई कराया नष्ट


खाद्य पदार्थों का नमूना एकत्र करती विभागीय टीम

**बदलापुर।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन तथा एसडीएम ऋषभ पुंडीर की संयुक्त टीम ने होली पर्व के मद्देनजर कस्बा स्थित विभिन्न दुकानों पर छापेमारी कर जहां छह खाद्य पदार्थों का नमूना लिया वहीं मिठाई के एक कारखाने से लगभग ढ़ाई कुंतल छेने की मिठाई भी नष्ट कराया।

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय देवाशीष उपाध्याय के नेतृत्व में टीम ने शाहगंज रोड स्थित श्वेत धारा दूध कलेक्शन सेंटर से दूध का नमूना लिया। इसके बाद टीम महराजगंज रोड स्थित कृष्णा दुग्ध उद्योग से घी का नमूना लिया। वहां से टीम भलुआहीं गांव स्थित भोले स्वीट्स के कारखाने से मिल्क केक, छेना व डोडा बर्फी का नमूना भरा। टीम ने मौके से लगभग ढ़ाई कुंतल खराब छेने के रसगुल्ले को नष्ट कराया। जांच के दौरान कारखाना संचालक का लाइसेंस एक्सपायरी डेट का पाया गया। इतना ही नहीं जो लाइसेंस बना है वह छोटी दुकान चलाने के लिए है। सहायक आयुक्त ने संचालक को तत्काल बड़ा लाइसेंस बनवाने का निर्देश दिया। इसके बाद टीम बाबूराम यादव स्वीट्स की दुकान पर पहुंची जहां से बर्फी का नमूना भरा। खाद्य विभाग की टीम द्वारा की गई इस छापेमारी से खाद्य पदार्थ विक्रेताओं में हड़कंप मचा रहा। टीम में खाद्य सुरक्षा अधिकारी संतोष कुमार दूबे, विपिन गिरी तथा सुधीर राय शामिल रहे।

# रास्ते के विवाद में युवक को मारपीट कर किया घायल

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के आरा गांव में रास्ते के विवाद को लेकर कुछ लोगों ने एक युवक को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया।

**जांच में जुटी पुलिस, आरा गांव की घटना**

उक्त गांव निवासी राकेश राजभर का उन्हीं के पड़ोसी पप्पू राजभर से रास्ते को लेकर पुराना विवाद चल रहा था। शनिवार को दोपहर लगभग दो बजे इसी रास्ते के विवाद को लेकर शुरू हुई कहासुनी देखते ही देखते भयंकर मारपीट में तब्दील हो गई। गुस्साए लोगों ने राकेश राजभर 22 को लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल राकेश राजभर को 108 एम्बुलेंस से उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया। पिटाई से राकेश राजभर का सिर फट गया है तथा पैर में चोट आई है।

# एक तरफ पिता की रखी है अर्थी दूसरी तरफ पुत्र की परीक्षा

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** कभी-कभी इंसान की जिंदगी में अग्नि की परीक्षा देने से भी बड़ी परीक्षा देनी पड़ती है। ऐसी ही एक हृदय विदारक घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला रसूलाबाद में घटित हुई है।

शुक्रवार रात्रि लगभग 9:30 बजे इसी मोहल्ले के निवासी सुनील कुमार साहू उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व. वीरेंद्र कुमार साहू के साथ घटित हुई। हुआ कुछ ऐसा कि घर में एक छिपकली दिखाई दी जिसे वाईपर से बाहर फेंकने का प्रयास करने लगे। लोहे का राड वाईफाई से अचानक ऊपर से गए विद्युत तार से स्पर्श कर गया जिससे करेंट ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। करंट लगने की स्थिति में उन्हें जिला अस्पताल लाया गया जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। ऐसे में उनके पुत्र सागर साहू जो सेंट पैट्रिक स्कूल में हाईस्कूल की शिक्षा ग्रहण कर रहा था। पिता की अर्थी की एक तरफ तैयारी चल रही थी वहीं दूसरी तरफ सीबीएसई बोर्ड की हाईस्कूल परीक्षा देने के लिए बेटे को स्कूल जाना पड़ा। इससे बड़ी और बच्चे की जिंदगी में परीक्षा देने की घड़ी कौन सी हो सकती है कि एक तरफ उसके पिता की लाश रखी हुई है और दूसरी तरफ से अपने भविष्य की परीक्षा भी देनी है क्या परीक्षा किसी अग्नि परीक्षा से कम नहीं होगी।

# विधायक की मेहनत लायी रंग, सेतु निर्माण के लिए शासन से मिली स्वीकृति

**जनसंदेश न्यूज**

**जौनपुर।** जौनपुर-प्रयागराज मार्ग पर नईगंज रेलवे क्रासिंग पर 4 लेन की उपरगामी सेतु के निर्माण के के लिए उत्तर प्रदेश शासन से वित्तीय स्वीकृति मिल गयी है। खेल एवं युवा कल्याण राज्यमन्त्री स्वतंत्र प्रभार गिरीश चन्द्र यादव ने कहाकि इस उपरगामी सेतु के निर्माण से जनपदवासियों को जाम की समस्या से निजात मिलेगी। इसके निर्माण के लिए केंद्रीय मंत्री नितीन गडकरी से व उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद से कई बार मिले।

इसके परिप्रेक्ष्य में 27 फरवरी 2023 उत्तर प्रदेश शासन के अनुसचिव राजकुमार का एक पत्र प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग को इस आशय के साथ भेजा गया कि जनपद में जफराबाद-जौनपुर-लखनऊ रेल सेक्शन के किमी - 830/9-10 जौनपुर (सिटी यार्ड) उत्तर रेलवे के सम्पार संख्या-09 पर रा0मा0सं0 -231 के किमी0 169.10 पर 04 लेन रेल उपरिगामी सेतु के निर्माण की व्यय वित्त समिति द्वारा अनुमोदित लागत रु0 9222.84 लाख (बानवे करोड़ बाईस लाख चौरासी हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान करते हुए वित्तीय वर्ष 2022-23 में कुल रु0 1567.00 लाख (पंद्रह करोड़ सरसठ लाख मात्र) व्यय हेतु अवमुक्त किया गया है।

इस उपरिगामी सेतु के निर्माण से जनपदवासियों को घण्टों जाम की समस्या से निजात मिलेगी। उक्त आशय की जानकारी खेल एवं युवा कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार के मीडिया प्रभारी मनीष श्रीवास्तव ने दी।

# ट्रेन से कटकर छात्रा की मौत



**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बहाउद्दीनपुर स्थित वाराणसी-फैजाबाद रेल प्रखंड पर शनिवार की दोपहर 12वीं की छात्रा परीक्षा देने मेहरावां इंटर कॉलेज जा रही थी। तभी गोदान एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। सूचना मिलते ही परिजन पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार बहाउद्दीनपुर गांव निवासी हरी प्रसाद यादव की पुत्री उजाला यादव 18 वर्ष इंटर की परीक्षा देने जा रही थी कि ट्रेन की चपेट में आने से कटकर उसकी मौत हो गई। मेहरावा इंटर कॉलेज में समाजशास्त्र की परीक्षा थी। परिजनों को सूचना मिलते ही घर में कोहराम मच गया। मौके पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# गलत दवा देने के मामले में औषधि निरीक्षक से शिकायत

**मांग**

### पीड़ित ने मेडिकल स्टोर को भेजी नोटिस

**जौनपुर।** जिले के एक मेडिकल स्टोर संचालक द्वारा मरीज को चिकित्सक द्वारा लिखी गई दवा न देने के बजाय, दूसरी दवा दिए जाने के मामले ने खासा तूल पकड़ लिया है। शनिवार को पीड़ित ने इस मामले की शिकायत मुख्यमंत्री, डीएम और जिला औषधि निरीक्षक से करते हुए संबंधित दवा विक्रेता को भी नोटिस भेजा है। यह घोर लापरवाही शहर के यथार्थ मेडिकल एंड सुपरमार्केट के ओनर के खिलाफ क्रेता को गलत दवा देने के प्रकरण पर नोटिस और 15 दिनों में जवाब देही का कोर्ट में आदेश के साथ प्राप्त हुई है।

बताते जाता है कि शहर कोतवाली थाना क्षेत्र के ख़्वाजादोस्त निवासी आबिश इमाम सनी को हेपेटाइटिस-बी हो गया था। उपचार के लिए प्रयागराज के स्वरूप रानी मेडिकल कॉलेज में डॉ. गौरव गर्ग को दिखाया जा रहा था। उनके द्वारा लिखी हुई दवाओं को मरीज के तीमारदार यथार्थ मेडिकल एंड सुपर मार्केट से लेते थे। इस दौरान मेडिकल स्टोर के संचालक ने घोर लापरवाही बरतते हुए लिवर की दवा की जगह लगातार उन्हें लंग्स की दवा देते रहे जिससे उनकी बीमारी में सुधार के बजाए हालत बिगड़ने लगी। इसके बाद मरीज द्वारा डॉ. गौरव से कहे जाने पर डॉ. ने दवा चेक किया तो उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। वजह यह थी कि जो दवा लिखी गयी थी वह न खाकर दूसरी दवा खा रहे थे। इस पूरे मामले में मेडिकल स्टोर संचालक की घोर लापरवाही उजागर हुई क्योंकि गलत तरीके से मात्र कस्टमर्स मेंटेंस करने के चक्कर में मरीज के जीवन से बड़ा खिलवाड़ किया जाता रहा।

बाद में मरीज ने इस घोर लापरवाही बरतने के मामले की शिकायत मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश शासन, डीएम, जिला औषधि निरीक्षक से करते हुए मेडिकल स्टोर संचालक को अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा है।

### कोटेदार पर लगा राशन बेचने का आरोप

**केराकत।** क्षेत्र के विक्रमपुर के कोटेदार पर राशन बेचने का आरोप लगाते हुए एक ग्रामीण ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई करने की मांग की है। आरोप है कि कदहरा व विक्रमपुर का कोटेदार स्वतन्त्र कुमार अंगूठा लगवाने के बावजूद लाभार्थियों को राशन नहीं देता और उसे बेच लेता है। इस आशय का आरोप लगाते हुए विक्रमपुर निवासी मनोज दूबे ने शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रार्थना पत्र देकर कोटेदार के विरूद्ध जाँचकर कार्रवाई की मांग की है। फिलहाल कोटेदार के इस तरह की कार्यप्रणाली से ग्रामीण क्षुब्ध हैं।

# महंगाई रोकने में विफल साबित हुई भाजपा सरकार : लाल बहादुर

**बैठक**

### सपा की मासिक बैठक में पेट्रोलियम पदार्थों में वृद्धि को लेकर हुई चर्चा



बैठक को सम्बोधित करते सपा जिलाध्यक्ष

**जौनपुर।** समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक जिला अध्यक्ष लालबहादुर यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। बैठक को संम्बोधित करते हुए जिला अध्यक्ष ने कहाकि भारतीय जनता पार्टी पिछड़ों और दलितों की विरोधी है। भाजपा सरकार जातिगत जनगणना नहीं कराना चाहती है। इस सरकार को जातिगत जनगणना से डर लगता है। भाजपा पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग व शोषित वर्ग को हक और सम्मान नहीं देना चाहती है।

श्री यादव ने कहा कि देश में महंगाई, बेरोजगारी बहुत बढ़ गयी है। आज जनता महंगाई से त्रस्त है। डीजल, पेट्रोल और गैस के दाम पचास रुपये फिर बढ़ा दिया गया अब गेहूं आटा और इससे बने उत्पादों की कीमतों में बेतहाशा वृद्धि हो गई है। भाजपा सरकार महंगाई रोकने में विफल साबित हुई है। भाजपा महंगाई और बेरोजगारी पर बात नहीं करती है। बेलगाम मंहगाई से लोगों का बजट बिगड़ गया है। आटा-तेल, चावल, सब्जी सब कुछ महंगा हो गया है। गरीब और मध्यम वर्ग के लिए जीवन यापन करना मुश्किल हो गया है। वहीं कहा कि भाजपा सरकार की नीतियां पूंजीपतियों और अमीरों का हित साधने की है। गरीब और मध्यम वर्ग भाजपा के एजेण्डे में नहीं है। गलत आर्थिक नीतियों के चलते आज देश के कई आर्थिक संस्थाएं संकट में पड़ गई है। बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष श्याम बहादुर पाल, राजन यादव, राजेन्द्र टाइगर, प्रवक्ता राहुल त्रिपाठी, रमापति यादव, श्रवण जयसवाल, पूनम मौर्या, दीपचंद राम, रुक्सार अहमद, अनवारुल गुड्डू, सोचनराम विश्वकर्मा, सूर्यभान यादव, मेवालाल गौतम, कमालुद्दीन अंसारी, विक्की यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन जिला महासचिव हिसामुद्दीन शाह ने किया।

### होलिका दहन व होली को लेकर नवदुर्गा शिव मंदिर पर बैठक आयोजित

**जौनपुर।** शनिवार को नवदुर्गा शिव मंदिर पर जनपद के सभी वरिष्ठ कर्मकांडी ब्राह्मणों की एक अतिआवश्यक बैठक आगामी होलिका दहन तथा बसंतोत्सव (होली) को लेकर की गई। जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि "होलिका दहन" सोमवार को रात्रि 12:23 से 1:35 बजे के अंदर संपन्न होगा तथा उदयाकालीन चैत्र कृष्ण पक्ष प्रतिपदा बुधवार को बसंतोत्सव (होली) का पर्व मनाया जाएगा क्योंकि होलिका दहन निशीथकालीन पूर्णिमा में ही किया जाता है तथा होली का पर्व उदयाकालीन प्रतिपदा को ही होना चाहिए। जिस आधार पर होलिका दहन 6 मार्च को रात्रि कालीन तथा होली का पर्व 8 मार्च को सर्वत्र मनाया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित ज्ञान प्रकाश चतुर्वेदी ने की तथा संचालन पंडित आनंद कुमार मिश्र द्वारा किया गया। प्रमुख रुप से पंडित अवधेश चतुर्वेदी, आचार्य (डॉ.) रजनी कांत द्विवेदी, पंडित वेद प्रकाश पांडेय, पंडित सर्विंद्र उपाध्याय, डॉ. गंगाधर शुक्ला, डॉ. दिव्येन्दु मिश्र, पंडित राम सकल पांडेय, पंडित आलोकनाथ पांडेय, पंडित प्रमोद मिश्रा और पंडित अमित चतुर्वेदी आदि अनेकों विद्वान ब्राह्मणों ने अपने अपने विचार रखें जिसके आधार पर उपरोक्त निर्णय लिया गया।

# जिला प्रोबेशन अधिकारी ने किया विद्यालय का निरीक्षण


निरीक्षण के दौरान बच्चों से सवाल पूछते अधिकारी

**जफराबाद।** जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पांडेय ने शनिवार को इंग्लिश मीडियम प्राइमरी स्कूल चकताली सिरकोनी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय के सभी चीजों का निरीक्षण किया। श्री पांडेय ने पढ़ाई लिखाई और सफाई की गुणवत्ता की बारीकी से जांच की तथा बच्चों से शिक्षा सम्बन्धी व जनरल नॉलेज के प्रश्नों का सवाल किया तो बच्चों ने जवाब दिया जिससे वह सन्तुष्ट रहे। निरीक्षण में सब कुछ ऑल इज वेल मिलने पर श्री पांडेय ने स्कूल की टीचर्स और स्टूडेंट्स की जमकर तारीफ किया। इस मौके पर स्कूल की प्रधानाध्यापिका डॉ. उषा सिंह के अनुसार जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय पांडेय ने विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। विद्यालय में जब प्रोबेशन अधिकारी पहुंचे थे उस समय सभी छात्र योग कर रहे थे और बच्चे ही योग करा रहे थे। उन्होंने बच्चो से पूछा गया कि आप लोग क्या कर रहे है, बच्चों का उत्तर था योग, उन्होंने कहा इससे तो कोई लाभ नहीं लेकिन सभी बच्चो ने एक साथ उत्तर दिया की सर योगा से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। उसके बाद प्रोबेशन अधिकारी श्री पांडेय ने क्लास में जाकर कक्षा तीन के छात्रों से विद्यालय का नाम लिखवाया और प्रदेश तथा प्रदेश के मुख्य मंत्री का नाम पूछा गया। तत्पश्चात उन्होंने कक्षा पांच के क्लास में निरीक्षण किया और बच्चों से शौर्य मंडल के सबसे पास ग्रह का नाम तथा सबसे बड़े ग्रह का नाम पूछा गया जिसे बच्चो ने आसानी से बता दिया। पुनः कक्षा पांच के छात्रों से हिंदी की बुक पढ़वाने के संतुष्ट रहे।

# जिलाधिकारी के न आने से फरियादियों में मायूसी

आयोजन

**मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में हुआ आयोजन**

**सम्पूर्ण समाधान दिवस में 112 प्रार्थना पत्रों में महज 12 निस्तारित**

जनसंदेश न्यूज



शिकायतों का निस्तारण करते सीडीओ

**शाहगंज।** तहसील मुख्यालय स्थित सभागार में शनिवार को मुख्य विकास अधिकारी साईं सीलम तेजा की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। फरियादियों द्वारा कुल 112 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया गया। मौके पर महज 12 प्रार्थना पत्र निस्तारित हुआ। शेष प्रार्थना पत्रों को सम्बंधित विभाग को सौंपा गया है। कहा गया कि समयबद्ध व पारदर्शिता से मामले का निस्तारण किया जाये। लापरवाही कतई न बरती जाये। इस दौरान उपजिलाधिकारी राकेश कुमार, तहसीलदार महेंद्र प्रताप सिंह, नायब तहसीलदार अमित कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी चोब सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डा. रफीक फारुकी, प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय समेत राजस्व कर्मी आदि मौजूद रहे।

## रणबहादुर मनिकराजी महाविद्यालय में हुआ विदाई समारोह का आयोजन

**बरसठी।** गोठांव स्थित रणबहादुर मनिकराजी महाविद्यालय में बीए तृतीय वर्ष के छात्राओं का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की समस्त छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्रबंधक राकेश प्रताप सिंह ने सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर शुरुआत की।

विदाई समारोह में छात्रा अंतिमा यादव ने नम आँखों से अपने अभिभाषण में कहा कि तीन वर्ष का समय ऐसे बीत गया जो पता ही नहीं चला। प्रीति सिंह ने स्वागत गीत गाकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम की संचालिका अंजना मौर्या ने आये हुए आगन्तुकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रवक्ता कनिष्क सिंह, सतीश यादव, आरती सिंह, पूनम मौर्या, गौरव मिश्रा, निशांत सिंह आदि लोग उपस्थित रहे।

## भव्य महागंगा आरती व भंडारे का किया गया आयोजन



**जलालपुर।** क्षेत्र के तालामझवारा में चल रहे श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान सप्ताह महायज्ञ का मंगलवार को समापन हुआ। काशी से पधारे कथा व्यास पंडित आचार्य प्रमोद त्रिवेदी महाराज के द्वारा श्रीमद्भागवत कथा में विभिन्न धार्मिक प्रसंग सुनाए गए। साथ ही भजनों की प्रस्तुति से भक्तगण आत्मविभोर होकर झूम उठे। इसके साथ ही श्रीमद्भागवत कथा का शनिवार को समापन हुआ।

भगवान श्रीकृष्ण के वात्सल्य व असीम प्रेम के अलावा उनके द्वारा की गई विभिन्न लीलाओं का वर्णन कर वर्तमान समय में समाज में व्याप्त अत्याचार, कटुता, व्यभिचार को दूर कर सुंदर समाज निर्माण के लिए युवाओं को प्रेरित किया। इस धार्मिक अनुष्ठान के समापन दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की सर्वोपरि लीला रासलीला, मथुरा गमन, दुष्ट कंस राजा के अत्याचार से मुक्ति के लिए कंसवध, शिशुपाल वध एवं सुदामा चरित्र का वर्णन कर लोगों को भक्तिरस में डुबो दिया। इस दौरान भजन गायकों ने उपस्थित लोगों को ताल एवं धुन पर नृत्य करने के लिए विवश कर दिया। इस कथा में बड़ी संख्या में महिला-पुरूषों भक्तों ने आनंद उठाया। उन्होंने सुंदर समाज निर्माण के लिए गीता से कई उपदेश के माध्यम अपने को उस अनुरूप आचरण करने को कहा जो काम प्रेम के माध्यम से संभव है, वह हिंसा से संभव नहीं हो सकता है। कथा के पश्चात भव्य महाआरती गंगा की आरती कराई गई। तत्पश्चात सभी भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पंडाल में रमेश यादव, डॉ. अजयेद्र दुबे, कमलेश , मोहन, पंडित राजेश मिश्रा, संदीप, पंकज, राजन, मुन्नू, भोले मास्टर विनोद विश्वकर्मा हजारों लोगों ने रसपान किया।

### संक्षेप

**पूर्व सांसद ने मैरिज हॉल का किया उद्घाटन**



**खेतासराय।** शनिवार को कस्बे में वैभव मैरेज हॉल का उद्घाटन पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने किया। इस दौरान श्री सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण कस्बे में शादी विवाह अन्य कार्यक्रमों के लिए संसाधन युक्त मैरेज हॉल की आवश्यकता थी। ये सुविधा उपलब्ध हो जाने से अब लोगों को कठिनाई का सामना नही करना पड़ेगा। प्रारम्भ में कार्यक्रम आयोजक व अधिष्ठाता मनीष मौर्य ने सभी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पत्रकार आनंद सिंह, जगदम्बा पांडेय, संजय विश्वकर्मा, इस्तियाक अहमद, प्रधान बाबर अहमद संदीप मौर्य समेत अन्य लोग शामिल रहे।

**वॉलीबॉल प्रतियोगिता आज**

**खुटहन।** त्रिकौलिया गांव में मंडल स्तरीय बालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन रविवार को किया गया है। आयोजक राहुल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता में मंडल स्तर की एक दर्जन टीमें प्रतिभाग करेंगी। क्षेत्रीय टीमों को भी अपना प्रदर्शन करने का मौका दिया जाएगा। प्रतियोगिता गांव के मिनी सचिवालय पर आयोजित की गई है।

**33 में 6 शिकायती पत्रों का हुआ निस्तारण**

**बदलापुर।** शनिवार को तहसील सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन अपर बित्त राजस्व राम अछैबर चौहान की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। वहीं विभिन्न क्षेत्रों से आए कुल 33 फरियादियों ने अपनी जन समस्याओं से सम्बंधित शिकायती पत्र को उक्त अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए जहां मौके पर उन्होंने 6 शिकायती पत्रों का निस्तारण करते हुए शेष सम्बंधित बिभाग के अधिकारी तथा कर्मचारियों को देते हुए निस्तारण करने का निर्देश दिए। इस मौके पर एसडीएम रिषभ देशराज पुंडीर, नायब तहसीलदार, एसडीओ रंजीत कुमार सहित आदि विभाग के अधिकारी तथा कर्मचारी उपस्थित रहे।

**जेसीआई चेतना ने मनाई रंगभरी एकादशी**



**जौनपुर।** जेसीआई जौनपुर चेतना ने रंगभरी एकादशी का कार्यक्रम अहियापुर मोड़ स्थित श्री राम जानकी मंदिर में संस्था अध्यक्ष सोनी जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित किया। अध्यक्ष ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए एकादशी के दिन मनाए जाने वाले इस पर्व की बधाई दिया और सभी को अपनी संस्कृति और संस्कारों को पूरे हर्षोल्लास से मनाने के लिए कहा। सर्वप्रथम संस्था के सभी सदस्य और पदाधिकारियों ने गौरी शंकर भगवान राधा कृष्ण सीता राम माता दुर्गा के चित्र पर माल्यार्पण करते हुए पूजन अर्चन किया। तत्पश्चात अबीर गुलाल चढ़ाते हुए भक्ति गीत संगीत ढोल मजीरा के साथ इस पर्व को मनाया। कार्यक्रम में संयोजक रेनू बैंकर, सचिव मीरा अग्रहरि, कोषाध्यक्ष सरला माहेश्वरी, प्रतिमा गुप्ता, डॉ. शिल्पी, डॉ. आकांक्षा द्विवेदी, शारदा गुप्ता, ममता केसरवानी, अनीता गुप्ता आदि संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहीं।

**बाइक में टक्कर मारकर भाग रहा कार चालक पकड़ाया**

**पवांरा।** शनिवार की सुबह करीब 11 बजे सतहरिया में एक कार चालक बाइक में टक्कर मारकर भाग गया। टक्कर लगने से बाइक सवार रमापति यादव पुत्र अमरबहादुर यादव निवासी सिकरारा घायल हो गया। स्थानीय लोगों व पुलिस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया पहुंचवाया गया। जहां चिकित्साधिकारी ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत देखते हुए बेहतर इलाज हेतु जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं टक्कर मारकर भाग रही कार को चौकी इंचार्ज संजय सिंह की सूचना पर पुलिस ने टोलप्लाजा कुंवरपुर से चालक बंटी गुप्ता निवासी मछलीशहर को कार सहित गिरफ्तार कर थाने लायी और आवश्यक कार्रवाई में जुट गयी।

## थानाध्यक्ष के नेतृत्व में चला स्वच्छता अभियान



अधीनस्थों संग स्वच्छता अभियान में शामिल थानेदार

जनसंदेश न्यूज

**पवांरा।** थाना परिसर में शनिवार को थानाध्यक्ष राज नरायन चौरसिया के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान चलाया गया।

इस मौके पर थानाध्यक्ष के साथ दीवान गेंदा सिंह, दीवान लक्ष्मण यादव, दीवान विजय यादव, सिपाही रणविजय यादव, तेजबहादुर सहित चौकीदारों ने हाथ में झाड़ू व फावड़ा लेकर थाना भवन व बैरक व परिसर की सफाई की।

थानाध्यक्ष ने पुलिसकर्मियों व चौकीदारों को थाना परिसर को स्वच्छ रखने व सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा। साथ ही गांवों में भी स्वच्छता के विषय पर गोष्ठी आयोजित कर ग्रामीणों के बीच स्वच्छ जीवन, सुखी जीवन का आदर्श अपनाने पर बल देने की बात कही।

## मायके पक्ष ने कार्रवाई करने की लगायी गुहार

**सुइथाकला।** बीते शुक्रवार की शाम क्षेत्र के पूरा संभलशाह गांव में टुपट्टे के सहारे कमरे में मिली विवाहिता की लाश के मामले में मायके पक्ष के लोगों ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की माँग की है। मायके वालों ने आत्महत्या की कहानी पर आशंका जाहिर की है। बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व उक्त गाँव निवासी कुलदीप ने मृतक अन्तिमा से प्रेम विवाह किया था। वह रोजी रोटी के सिलसिले में गुजरात के सूरत में रहता है। इधर अन्तिमा शुक्रवार देर शाम अपने कमरे में दुपट्टे के सहारे लटकते पायी गयी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही करते हुए लाश को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया था। मामले में मृतका के पिता देवी प्रसाद ने थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की माँग की है। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर मिल गयी है, तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है। गौरतलब हो कि मृतका के साथ श्वसुर और एक ननद थी, सास की पहले ही मौत हो चुकी है।

# पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने गुहाटी विश्वविद्यालय को दी करारी हार

खेलकूद

**पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट प्रतियोगिता में आल इंडिया के लिए प्राप्त की अहर्ता**

जनसंदेश न्यूज



**करंजाकला।** आसाम भुनेश्वर में पूर्वी क्षेत्र में चल रही अंतर विश्वविद्यालय क्रिकेट पुरुष प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचलय विश्वविद्यालय ने गुवाहाटी विश्वविद्यालय आसाम को 190 रन से पराजित कर ऑल इंडिया प्रतियोगिता के लिए अहर्ता प्राप्त किया।

गुवाहाटी विश्वविद्यालय ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला लिया। पूर्वांचल विश्वविद्यालय ने 25 ओवरों के निर्धारित आठ विकेट पर 204 रन का लक्ष्य दिया।

जिसमें रवि सिंह ने 59 रन सौरभ त्रिपाठी 41 अनुज एवं दिव्य 21-21 रन एवं विपिन चंद्रा ने नाबाद 31 रन बनाया जवाब में पूर्वांचल विश्वविद्यालय के गेंदबाज अटल बिहारी राय एवं ध्रुव प्रताप सिंह के सामने महज 14 रन पर ही पूरी टीम ढेर हो गई जिसमें पांच बल्लेबाज खाता ही नहीं खोल पाए।

अटल बिहारी ने पांच ओवर तीन रन देकर छह विकेट एवं ध्रुव प्रताप ने 4. 3 ओवर में सात रन देकर चार विकेट लेकर ऐतिहासिक जीत दर्ज किया। जिसके टीम प्रबंधक खेल सहायक रजनीश एवं कोच विजय विजय प्रकाश एवं अरुण सिंह उपस्थित रहे।

### संक्षेप

**डेढ़ दर्जन गोवंश के साथ दो गौ तस्कर गिरफ्तार**

**गोपीगंज।** गोपीगंज पुलिस टीम को मुखबिर की सूचना के आधार पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर गोपपुर के पास से कंटेनर ट्रक वाहन में क्रुरतापूर्वक वध हेतु ले जाये जा रहे 19 राशि गोवंश (सांड़) के साथ दो पशु तस्करों अनवर पुत्र मुनव्वर निवासी एलादपुर थाना मनढेर जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 35 वर्ष व सरफराज पुत्र इरफान निवासी करौला थाना कटघर जनपद मुरादाबाद उम्र करीब 40 वर्ष को गिरफ्तार करने करने में सफलता प्राप्त हुई है। पूछताछ में पशु तस्करों द्वारा गोवंश को वध हेतु जनपद एटा से लादकर पश्चिम बंगाल ले जाना बताया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बंध में आरोपियों के विरुद्ध अंतर्गत धारा गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रूरता अधिनियम का अभियोग पंजीकृत करते हुए आवश्यक विधिक कार्यवाही की गई। गौ तस्करी में सम्मिलित वाहन स्वामी आरिफ पुत्र नजर हुसैन निवासी लम्बनपुर थाना मोजापुर जनपद मुरादाबाद की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. रमेश प्रताप सिंह, उ.नि. सरफराज अहमद, उ.नि. मनोज राय, हे.कां. अवधनाथ राय, हे.कां. अश्वनी कुमार सिंह व कां.शेराफुल हसन थाना गोपीगंज शामिल रहे।

**उपचुनाव में अमृता देवी निर्वाचित, बारीपुर की ग्राम प्रधान बनीं**

भदोही। पंचायत उपचुनाव में अमृता देवी पत्नी हरिलाल डीघ ब्लॉक क्षेत्र के बारीपुर गांव की ग्राम प्रधान निर्वाचित हुईं। उन्होंने 1130 वोट पाकर 378 मतों के बड़े अंतर से रीमा भारती को पराजित कर जीत का परचम लहराया। निर्वाचन अधिकारी द्वारा घोषणा करते हुए विजेता प्रत्याशी को प्रमाण पत्र दिया गया। ब्लॉक डीघ परिसर में शनिवार सुबह करीब साढ़े 8 बजे मतगणना शुरू हुई। कुल पांच प्रत्याशी चुनाव मैदान में थे। किंतु पहले राउंड की गणना के रुझान में ही केवल दो प्रत्याशियों के बीच टक्कर दिखी। हालांकि पहले राउंड में अमृता देवी ने 222 मत हासिल कर 90 मतों की बढ़त बना ली। दूसरे व तीसरे राउंड की गणना में भी प्रत्याशी अमृता देवी 240 मतों से आगे निकल गईं। चौथे राउंड की गणना में अमृता देवी को 149 तो रीमा भारती को 244 मत प्राप्त हुए। हालांकि फिर भी अमृता देवी का चुनाव निशान अनाज ओसाता किसान 145 मतों से आगे रहा। वहीं अंतिम चरण की कॉउंटिंग में रीमा भारती के किताब चुनाव चिन्ह को महज 110 वोट तो अमृता देवी को रिकार्ड 343 मत मिले। इस तरह उपविजेता रीमा भारती को कुल 752 तो जीत दर्ज करने वाली अमृता देवी को 378 मत अधिक यानी कुल 1130 वोट प्राप्त हुए। वहीं प्रत्याशी उषा देवी के चुनाव चिन्ह इमली को 41 मत व नीतू देवी के चुनाव चिन्ह कन्नी को 7 वोट तथा पार्वती देवी के चुनाव निशान कार को कुल 44 मत प्राप्त हुए। कुल 26 मत रद्द घोषित किये गए।

**छात्रसंघ चुनाव 24 को, अधिसूचना जारी**

**ज्ञानपुर।** काशी नरेश राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय ज्ञानुपर भदोही के छात्रसंघ निर्वाचन सत्र 2022-23 की अधिसूचना शनिवार को निर्वाचन अधिकारी डा. रश्मि सिंह द्वारा जारी कर दी गई है। निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि 14 मार्च को नामांकन पत्रों का विक्रय, 15 मार्च को विहित प्रपत्र में नामांकन, 16 मार्च को नामांकन पत्रों व संलग्न दस्तावेजों की जाँच एवं वैध प्रत्याशियों की घोषणा, 17 मार्च को नामांकन वापसी और अन्तिम सूची का प्रकाशन तथा 24 मार्च को मतदान व मतगणना पश्चात परिणाम की घोषणा की जाएगी। अधिसूचना जारी होने के साथ ही आचार संहिता भी लागू हो गई है। उम्मीदवारों को निर्देश दिये गए है कि महाविद्यालय के भवन चहारदीवारी सतहों पर पोस्टर बैनर चिपकाना सर्वथा वर्जित है। यदि महाविद्यालय के भवनों एवं इनके चहारदीवारों की भीतरी व बाहरी सतहों पर प्रचार के लिए कुछ भी लिखा या चिपकाया हुआ पाया गया तो ऐसी स्थिति में छात्रसंघ निर्वाचन 2022.23 की विवरणिका के नियमावली अनुसार विधिक कार्यवाही की जाएगी। छात्रसंघ निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के इस अवसर पर निर्वाचन अधिकारी के साथ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पीएन डोंगरे, अतिरिक्त चुनाव अधिकारी डॉ. दीप नारायण मिश्र, सहायक चुनाव अधिकारी डॉ. अवधेश कुमार आर्य, डा. अरुण कुमार कुशवाहा, डॉ. कल्पना अवस्थी, डॉ. अय्यूब अहमद व डॉ. श्रीप्रकाश मिश्र, डा. ऋचा, डा. महेन्द्र त्रिपाठी, डॉ. महेन्द्र कुमार, डॉ. विनय मिश्र, डॉ. चन्द्रभान यादव एवं अन्य प्राध्यापकगण व छात्र.छात्राएँ उपस्थित थे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा**, सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।

## रंग भरी एकादशी पर सुगन्धित पुष्पों से सजे शिवालय

जनसंदेश न्यूज

आस्था

**शिव भक्तो ने खेली अबीर गुलाल की होली**

**देवाधिदेव महादेव की उतारी गयी भव्य आरती**

**लालानगर।** गोपीगंज कोतवाली क्षेत्र के विभिन्न शिवालयों में फाल्गुन माह एकादशी पर बाबा बड़े शिव धाम, तिलेश्वरनाथ धाम सहित नगर और ग्रामीण क्षेत्र मे स्थित प्रमुख शिव मंदिर और शिवालय में भव्य श्रृंगार किया गया। जहाँ रंग बिरंगे सुगंधित पुष्प विद्युत झालर आकर्षण का केन्द्र बना रहा।



बाबा बड़े शिव धाम मे सायंकाल 06 बजे से रंगभरी एकादशी महोत्सव का आयोजन शुरू हो गया था। महापर्व पर बाबा बड़े शिव का परम पावन दिव्य स्वरुप मे श्रृंगार किया गया जिसको देखकर भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। और पूरे मंदिर परिसर को विद्युत झालरों एवं आकर्षक रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों से बाबा का श्रृंगार किया गया, और अबीर गुलाल के द्वारा भक्ति मय माहौल पूर्ण रुप से होलीमय हो गया।

मान्यता है कि इस दिन बाबा को अबीर गुलाल लगाने के बाद से ही होली की शुरूआत हो जाती है। बाबा बड़े शिव की महा आरती रात्रि 8:00 बजे किया गया। रंग भरी एकादशी पर नगर और जनपद से बड़ी संख्या में शिव भक्त बाबा बड़े शिव धाम पहुंचकर दर्शन पूजन किया। जहां देर रात्रि तक भारी संख्या में भक्तों का जमावड़ा लगा रहा, जिसको लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद दिखी।

### महंगाई को लेकर मुखर हुई महिलाएं

**सुरियावा।** रसोई गैस डीजल पेट्रोल मूल्य वृद्धि पर रविवार को सुरियावा में महिलाओ ने जमकर भड़ास निकाली। जनहित में इस मूल्य वृद्धि को वापस लेने के लिए सरकार से मांग किया।गृहणी सविता उमर ने कहा कि महंगाई सरसों का तेल मीठा तेल गैस सिलेंडर का दाम बहुत अधिक होने से पूरे घर का बजट गड़बड़ हो गया है। आज सरकार मुफ्त अनाज निःशुल्क देने की बात करती है। यह अपने जेब से नहीं दे रहा है एक तरफ फ्री दे रहे हैं तो दूसरी तरफ महंगा सामान कर रहे हैं। जरीना देवी ने मूल्यवृद्धि को वापस लेने की माँग की। अन्यथा की स्थिति में सरकार को खामियाजा भुगतना पड़ सकता है यह सरकार नहीं सोच रही है कि केवल सरकार आदेश लागू करती है। यह नहीं समझती है कि इन नागरिकों पर क्या गुजरेगी। एक तरफ कहते हैं गैस से खाना बनाओ नहीं तो आंख खराब हो जाएगी धुआं लगेगा जब गैस से खाना बनाने लगे तो गैस महंगी हो गई। सरकार साफ.साफ जो है चतुराई से सरकार काम कर रही है। विवशता का लाभ ले रही है सरकार को समय रहते महंगाई पर नियंत्रण करना चाहिए जिससे अच्छी सरकार साबित हो।

## लोगों की शिकायतों का निराकरण, प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता: डीआईजी

बैठक

**त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजनः डीएम**



सम्पूर्ण समाधान दिवस में तहसील औराई में लोगों की शिकायतें सुनते डीआईजी मिजार्पुर परिक्षेत्र व एडीएम शैलेंद्र कुमार मिश्र।

**भदोही।** जन शिकायतो के त्वरित निस्तारण एवं कार्यवाही के दृष्टिगत सम्पूर्ण समाधान दिवस जनपद के सभी तहसीलों में आयोजित किया गया। तहसील औराई में पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर पी सिंह, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार मिश्र, तहसील भदोही में जिलाधिकारी गौरांग राठी, पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार, मुख्य विकास अधिकारी यशवंत कुमार सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक, एवं तहसील ज्ञानपुर में उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय व अन्य अधिकारियो द्वारा सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित होकर फरियादियों की समस्याओ को गंभीरता से सुनकर निस्तारण किया गया।

उपस्थित अधिकारियो के समक्ष विभिन्न विभागो से सम्बन्धित तहसील भदोही में कुल 107 फरियादियो के द्वारा अपनी समस्याओ से अवगत कराया गया। जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 12 प्रार्थना पत्रो को मौके पर ही निस्तारित करते हुये शेष 95 प्रार्थना पत्रों को सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्धारित समय सीमा के अन्दर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारित करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर पुलिस उप महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर पी सिंह ने कहा कि सम्पूर्ण समाधान दिवस पर प्राप्त प्रार्थना पत्रो को अधिकारी गुणवत्तापूर्ण ढंग से एक सप्ताह के अन्दर निस्तारण कराना सुनिश्चित करायें। डीएम ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को गम्भीरता से सुनते हुए गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान करने का निर्देश दिया। इसी क्रम में तहसील औराई में अधिकारियो द्वारा कुल 41 प्रार्थना पत्रो में 1 का निस्तारण तथा तहसील ज्ञानपुर में उप जिलाधिकारी अश्वनी पांडेय द्वारा कुल 22 प्रार्थना पत्रो में 6 का निस्तारण किया गया।

# कम्पोजिट विद्यालय घरांव की रसोइयां ने पाक कला में जीता प्रथम पुरस्कार

सम्मान

**रसोइयों को प्रोत्साहित कर छात्रों को बेहतर स्वच्छ एवं पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए डीएम ने की अपील**



कम्पोजिट विद्यालय घरांव की रसोइया को प्रथम पुरस्कार से नवाजते डीएम और एसपी

**भदोही।** शनिवार को आदर्श कंपोजिट विद्यालय ज्ञानपुर के प्रांगण में जनपद स्तरीय पाक कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आयोजन में जनपद भदोही के परिषदीय विद्यालयों में कार्य कर रही कुल 30 रसोइयों द्वारा प्रतिभाग किया गया।मुख्य अतिथि जनपद के जिलाधिकारी गौरांग राठी एवं विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी ने सभी रसोइयों को प्रोत्साहित कर छात्रों को बेहतर स्वच्छ एवं पोषण युक्त भोजन उपलब्ध कराने की अपील की। पुलिस अधीक्षक द्वारा मशरूम की भ्रांतियों और उसके सच के बारे में सभी को अवगत कराया गया। इसके पश्चात बेसिक शिक्षा विभाग के मुखिया, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह द्वारा इस आयोजन को मील का पत्थर कहा गया तथा मध्यान्ह भोजन योजना की महत्ता के बारे में सभी को अवगत कराया गया। जिला समन्वयक मध्यान भोजन सौरभ सिंह द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्य एवं शासन की मंशा की जानकारी दी गई। इसके पश्चात निर्णायक मंडल द्वारा कई बिंदुओं पर परखा एवं आकलन किया गया। प्रतियोगिता में आशा मौर्य कम्पोजिट विद्यालय घरांव, ज्ञानपुर प्रथम स्थान, शिव देवी, पीएस चकमाधता से मुन्नी देवी द्वितीय स्थान एवं सीएस जोरई से सुशीला देवी विकास खंड ज्ञानपुर, तृतीय स्थान पर रही।

मंच का संचालन एसआरजी धीरज सिंह द्वारा किया गया। कार्यक्रम का समस्त प्रबंधन अरविंद कुमार मौर्या एमडीएम सेल एवं डीसी एमडीएम द्वारा किया गया।

### हाइवे किनारे खड़े ट्रक से बैटरी चोरी

**घोसिया।** औराई चौराहा से चंद कदम दूरी पर हाईवा ट्रक की बैटरी चोरी हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार औराई में विमल कुमार श्रीवास्तव की हाईवा ट्रक उनके आवास के पास शुक्रवार को रात्रि ड्राइवर खड़ी करके गाड़ी में सो गया। साढ़े तीन बजे भोर वह गाड़ी से उतरकर शौच इत्यादि करने गया। तत्पश्चात ड्राइवर गाड़ी के पास आया तो देखा कि ट्रक की दोनों बैटरी गायब हो गई है। वाहन चालक श्याम कुमार ने कोतवाली औराई में अज्ञात बैटरी चोरों के खिलाफ प्रार्थना पत्र दिया है।

### बंदियों का हुई काउसलिंग

**ज्ञानपुर।** जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ भदोही की टीम द्वारा जिला कारागार ज्ञानपुर भदोही का भ्रमण किया गया। इस दौरान जिला मानसिक स्वास्थ्य प्रकोष्ठ भदोही के मनोचिकित्सक डॉ. अभिनव पाण्डेय ने बन्दियों का मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण किया और परामर्श प्रदान किया। नैदानिक मनोवैज्ञानिक डॉ. अशोक पाराशर ने बन्दियों का फॉलो अप करते हुए काउंसलिंग किया। इस दौरान जेल चिकित्सक डॉ. एस एस यादव, साइकियाट्रीक सोशल वर्कर डॉ. शान्ति एवं जेल फार्मासिस्ट उपस्थित रहे।

## हज समिति आजमीने हज की खिदमत के लिए की तैयारी : हाजी अमानुल्लाह



**भदोही।** खुददाम-ए- हज समिति द्वारा 2023 हज यात्रा को लेकर आजमीने हज के लिए निःशुल्क हज सेवा केंद्र का उद्घाटन समिति के सरपरस्त हाजी शाहिद हुसैन अंसारी की अध्यक्षता में खुसूसी मेहमान हज समिति उत्तर प्रदेश के सीनियर सदस्य हाजी अमानुल्लाह अंसारी, सरवर सिद्दीकी उत्तर प्रदेश हज समिति के सदस्य ने शहर के कजियाना मोहल्ले में संयुक्त रूप से फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया।

इस दौरान हाजी अमानुल्लाह अंसारी ने कहा कि हज समिति पूरी तरह से आजमीने हज की तैयारी में लगा हुआ है। हर तरह की सुविधा देने के लिए कटिबद्ध है। वहीं सरवर सिद्दीकी ने कहा कि 2023 हज यात्रा में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी, हाजियों का पूरा ख्याल रहेगा। सरपरस्त शाहिद हुसैन अंसारी, मुमताज आलम अंसारी ने कहा कि जिस तरह से हाजियों की खिदमत समिति करती आई है उसी तरह इस साल भी हाजियों की सेवा में हम लोग लगे हुए हैं। अल्पसंखयक कल्याण अधिकारी कमरुद्दीन मुख निरीक्षक ने बताया कि अब तक जिले से लगभग 70 हज फॉर्म भरे जा चुके हैं। और हज यात्रियों की सुविधा के लिए गोपिगंज, भदोही के इलावा खुद्दामे हज समिति, डाटा हिल ट्रेवल्स अजीमुल्लाह चौराहा भदोही से हज यात्रियों के लिए सुविधा दी जा रही है। इस दौरान हाजी इमाम बैग, हाजी शेख हबीबुल्लाह, हाजी जाहिद अली, हाजी मुमताज आलम, मौलाना सोहैब आलम, कारी महमूद हबीबी, हसन अंसारी, महमूद अकबर अंसारी आदि लोग उपस्थित रहे।

# ई राजा काशी हौ...

## होली पर बहुत याद आते हैं चकाचक बनारसी...

### बनारसी होली के तीन तिलंगे चकाचक बनारसी, पं. धर्मशील चतुर्वेदी, सांड़ बनारसी

**राधेश्याम कमल**

**वाराणसी।** चकाचक बनारसी के होंठो पर उभरी हुई मंद मुस्कान उनके व्यक्तित्व की पहचान थी तो वहीं पं. धर्मशील चतुर्वेदी का दूर तक ईको साउण्ड में गूंजने वाला अट्टहास। होली के परम्परागत कवि सम्मेलन के अलावा डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर पहली अप्रैल को होने वाले बहुचर्चित महामूर्ख सम्मेलन में घाट की सीढ़ियों के विशाल मुक्ताकाशीय मंच पर आयोजन में गंगा तट पर गूंज रहे ठहाकों में सबसे अलग पं. धर्मशील चतुर्वेदी का ठहाका और साथ में शोभित हुआ करते थे हास्य व्यंग्य के धुंरधर कवि चकाचक बनारसी और पं. सुदामा तिवारी उर्फ सांड़ बनारसी। इन तिलंगों के चलते ही बनारस की होली में एक खास तरह की रौनक थी और चमक थी। चकाचक बनारसी और पं. धर्मशील चतुर्वेदी के तिरोधान के बाद एकमात्र पं. सुदामा तिवारी उर्फ सांड़ बनारसी ही बचे हैं। चकाचक बनारसी और पं. धर्मशील चतुर्वेदी के बिना काशी की होली अधूरी लगती है। वैसे काशी की हास्य परम्परा में अजीत श्रीवास्तव उर्फ चपाचप बनारसी उर्फ त्रिशूल काशिकेय, चकाचौंध ज्ञानपुरी, बदरी विशाल, श्रीप्रकाश मिश्र, दमदार बनारसी, वसंत लाल यादव राजू के अलावा और भी कई नाम शामिल हैं।




राष्ट्रीय ख्याति के प्रमुख हास्य व्यंग्य के सुपरिचित कवि स्व. चकाचक बनारसी की काशिका बोली में रचित कविताओं, गजलों, कुंडलियों का अनुपम संकलन था। अपनी इन्हीं रचनाओं के चलते चकाचक बनारसी काशी के छोटे-बड़े, धनी-निर्धन सभी सम्प्रदायों में समान रूप से लोकप्रिय रहे। चकाचक जनकवि के साथ ही जनता के भी रचनाकार थे। उनकी रचनाओं में वैविध्य भी है और बनारसी नागरिक की जीवनचर्चा, चाह, पसंद, जिंदगी, मौज और पीड़ा सब कुछ मिलता था। उनकी रचनाओं का अंदाज खांटी बनारसी था।

कविताओं के माध्यम से चकाचक बनारसी काशिका बोली के रचनाकारों की महान परम्परा की कड़ी थे। तेग अली, रूद्रकाशिकेय, बलदेव प्रसाद मिश्र, बड़े गुरू के साथ बनारसी बोली में स्व. नजीर बनारसी, स्व. मोहनलाल गुप्त भइयाजी बनारसी, घनश्याम गुप्त, रामजी नयन भी रहे।

### चौचक खांटी बनारसी थे चकाचक



### काशिका बोली की कविताओं का संकलन

चकाचक बनारसी सचमुच चौचक खांटी बनारसी थे। उन्होंने काशी को बखूबी जाना और पहचाना। उन्होंने न जाने कितने को जिलाया और न जाने कितनी रोनी सूरत वालों को खूब हंसाया। उन दिनों उन्होंने जो कुछ भी लिखा उसकी मस्ती को पी-पीकर न जाने कितने लोग गिरे और गिर कर उछलते रहे और छलांगें- चौकड़ियां भरते रहे। चकाचक बनारसी की एक पुस्तक 2002 में प्रकाशित हुई थी जिसका शीर्षक था- ई राजा काशी हौ.. इसमें काशिका बोली की कविताओं का संकलन है। इसका प्रकाशन श्री चकाचक बनारसी जनसेवा ट्रस्ट सी. 13/ 117 काली महल वाराणसी ने किया था। इसके रचनाकार कवि चकाचक बनारसी (स्व. रेवती रमण श्रीवास्तव) थे। इस पुस्तक का प्रकाशन उनके तिरोधान के पश्चात हुआ था। इसकी समीक्षा पं. सीताराम चतुर्वेदी व पं. धर्मशील चतुर्वेदी ने लिखी थी।



### इनके बिना काशी की होली है अधूरी




### हास्य व्यंग्य के अलमस्त फकीर थे चकाचकः गणेश गंभीर

कवि गणेश गंभीर बताते हैं कि चकाचक बनारसी हास्य व्यंग्य के अलमस्त फकीर व हास्य मंचों के बादशाह थे। उनकी सादगी यह थी कि बीमारी के बावजूद उनके चेहरे पर कोई तनाव नहीं था। वे सिर्फ मंच के ही नहीं कलम के भी धनी थे। एक सायंकालीन समाचार पत्र में हर रोज उनका कालम छपता था जिसका पाठक वर्ग को बहुत ही इंतजार रहता था। वह लाइनें बहुत ही मारक होती थी। हम सभी लोग उसे बड़े ही चाव से पढ़ते थे। अस्सी कवि सम्मेलन में लाखों की भीड़ ठहाके लगाती थी। लोग उछलते कूदते थे। रिस्पांस भी शब्दों में ही आता था। उन शब्दों में कोई मलीनता नहीं था। विसंगतियों व विकृतियों पर प्रहार करना उनका उद्देश्य था। चकाचक बनारसी इस शैली के समर्थ रचनाकार थे। उन्होंने ई राजा काशी हौ कविता संग्रह में जिन शब्दों का इस्तेमाल किया वे किसी और के बूते का नहीं है।



### ई राजा काशी हौ.. में चकाचक बनारसी की रचनाएं आज भी हैं प्रासंगिक

#### जब तत्कालीन डीएम भूरे लाल ने कवि सम्मेलन पर लगा दी रोकः सांड़ बनारसी



काशी के तीन तिलंगों में से एक सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी बताते हैं कि स्व. चकाचक बनारसी, पं. धर्मशील चतुर्वेदी व हम कुंडलिया लिखते थे। आइडिया पं. धर्मशील चतुर्वेदी देते थे और चकाचक उसे काशिका में लिखते थे। राय मशविरा करके लिखा जाता था। उन दिनों जब बनारस के तत्कालीन डीएम भूरे लाल थे तो उन्होंने कहा कि अस्सी पर अब कवि सम्मेलन नहीं होगा। लेकिन बाद में अस्सी पर किसी प्रकार यह आयोजन हुआ। वे बताते हैं कि जिस दिन कवि सम्मेलन होता था उस दिन हम तीनों पं. कमलापति त्रिपाठी, राजनारायणजी के यहां भी फाग सुनाने के लिए जाया करते थे। पहले यह आयोजन डेढ़सीपुल पर होता था फिर अस्सी पर गया जहां विरोध के चलते उसे गंगा पार ले जाया गया। बाद में उसे टाउनहाल ले जाया गया लेकिन बाद में वहां भी बंद हो गया। महामूर्ख सम्मेलन में कविता के समय बसंत लाल यादव राजू जिया रजा बनारस का उद्घोष कर सभी को आनंदित कर देते थे।

#### जब भी होली आती है चकाचक याद आते हैंः सुरेन्द्र वाजपेयी



कवि सुरेन्द्र वाजपेयी बताते हैं कि जब भी होली आती है तो चकाचक बनारसी बहुत याद आते हैं। उनके जैसा बनारस में न कोई हुआ और न ही भविष्य में कोई होगा। जितनी लोकप्रियता चकाचक बनारसी ने अर्जित की उतनी लोकप्रियता शायद किसी ने अर्जित नहीं की। चाहे साहित्यकार हो या किसी भी वर्ग का हो हर किसी में उनकी पैठ थी। बनारस की तिकड़ी में चकाचक बनारसी, पं. धर्मशील चतुर्वेदी व सांड़ बनारसी थे। उनका रहन सहन व खान पान साधारण व व्यक्तित्व बहुत ही आकर्षण था। होली के समय पहले डेढ़सी पुल पर कवि सम्मेलन होता था जहां पर काफी लोग जुटते थे। बाद में यह अस्सी चला गया। जब तत्कालीन भूरे लालने इसका परमिशन नहीं दिया तो चकाचक बनारसी ने उनको भी मना लिया। कवि सम्मेलन में होली साहित्य में मंथन पत्रिका भी निकलती थी। चकाचक बनारसी ने हमें चकाचक पुरस्कार से सम्मानित किया था। यह हमारे लिए गौरव की बात है। वे इतने जीवंत कवि थे कि उनके निधन के बाद यह अहसास नहीं होता कि वे हमारे बीच नहीं हैं।

#### दूसर घर कर लेब कहत हौ कल्ले से मेहररुआ. होली का खेली..

होली पर स्व. चकाचक बनारसी ने वैसे तो न जाने कितनी रचनाओं की रचना की लेकिन ई राजा काशी हौ में उनकी होली पर प्रकाशित यह रचना आज भी प्रासंगिक लगती है- दूसर घर कर लेब कहत हौ कल्ले से मेहररुआ. होली का खेलीं। हर साल केसरिया छनत रहल, काया पर अद्धी सजत रहल, बस घूम-घूम के दरे-दरे, दम पर दम मघई घुलत रहल, बुटवल, चंदौसी गलत रहल, भोरही मलपुआ छनत रहल, बंटले खइले के बाद घरे में पड़ल मिठाई सड़त रहल। महंगी सब चउपट कइले हौ, सिर पटकत हौ मेहररुआ.. होली का खेलीं।

#### तनी गले से लगावा कि आज होली हौ...

तनी गले से लगावा कि आज होली हौ.. तनी हमें भी बोलावा कि आज होली हौ.. आज होली में हौ अपनन से ई परदा कइसन, छलक के सामने आवा कि आज होली हौ..।

#### जहां लगल होलकी में आगी, बड़े-बड़े गारी खा जालन...

जहां लगल होलकी में आगी, बड़े-बड़े गारी खा जालन। बड़ा छोट सब के काया पर, कड़कत अद्धी सजल चकाचक, रबड़ी अउर बदाम में बूटी, भर-भर हंड़िया छनल चकाचक। घूम-घूम के दरे-दरे दम पर दम, मघई घुल चकाचक , ढोल और हरमुनिया पर दुई गोलन होली लड़ल चकाचक।

#### मचर-मचर पुरवटवा बोलै...ई राजा काशी हौ...

मचर-मचर पुरवटवा बोलै, सरर-सरर फगुनहटी। चरर-मरर चमरौंधा बोलै, झलकै लाल लंगोटी, ई राजा काशी हौ। ठहर-ठहर के पान घुलावा, बगली दाब बंसउटी। लहर-लहर के राग अलापा, छान-छान के बूटी, ई राजा काशी हौ।

#### आयल हौ जजमान चकाचक...

का रे.. तेजुआ खोल केवाड़ी, आयल हौ जजमान चकाचक। तीरथ बरत करै वाला हौ, चौचक में रुपिया वाला हौ, तनी दाब के खींच रे सरवा, सच्चा माल गलै वाला हौ। सौ-पचास क आपन गोटी- सच्चे में बइठै वाला हौ, अउर देखा भड़कै न पावै, हफत्न से ठालै ठाला हौ, न माने त टीप दे नटुआ के सरवा बोलै वाला हौ।

## सांड़ बनारसी ने 'चकाचक' की पुस्तक का प्रकाशन कराया था

चकाचक बनारसी के असामायिक निधन के बाद प्रथम बरसी पर ई राजा काशी हौ के प्रकाशन करने का संकल्प लिया था। इनमें सांड़ बनारसी के अलावा बनारस के अन्य मित्रों का भी सहयोग था। पं. सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी अतीत की बातों का स्मरण करते हुए बताते हैं कि उन दिनों कुछ उत्साही तो ऐसे मिले कि जैसे लगा कि कल ही पुस्तक पाठकों के समक्ष रख देंगे, लेकिन सब कुछ छलावा था। लेकिन हमने हिम्मत नहीं हारी, जबान दिया था तो उसका निर्वाह भी करेंगे। पारिवारिक और सामाजिक दायित्वों के बावजूद प्रयास जारी रखा गया।

इसमें बनारस के सुरुचि सम्पन्न,साहित्यिक अभिरुचि रखने वाले लोगों ने विकट परिस्थितियों में उदारता का परिचय दिया। इनमें डा. अशोक कुमार सिंह, गौरीशंकर झुनझुनवाला, मातादीन, शंभूनाथ पांडेय, राजेन्द्र टंडन, एसके सिंह पीसीएस, रमाशंकर अग्रवाल, ताराचद्र मल्होत्रा, राधेश्याम खेमका, अरविंद गुप्त, रामप्रसाद डोलिया, गोपाल दास अग्रवाल, अश्विनी रस्तोगी, गौतम बर्मन, मनमोहन गुप्त थे। चकाचक बनारसी के बनारसी बोली के इस गुच्छे को सुंदर स्वरूप देने में उन दिनों नंदलाल जौहरी, सुरेन्द्र भार्गव सहित कई रचनाकारों तथा चित्रकारों का अपूर्व सहयोग मिला था।

स्व. चकाचक बनारसी ने वयोवृद्ध साहित्यसेवी आचार्य पं. सीताराम चतुर्वेदी को इस पुस्तक की पांडुलिपि अभिमत के लिए स्वयं ही दिया था। तभी प्रकाशन की तैयारी भी हो गई थी लेकिन उन दिनों बात नहीं बन पायी। लेकिन बाद में 2002 में काफी जद्दोजहद के बाद ई राजा काशी हौ का प्रकाशन संभव हो सका।

स्व. चकाचक बनारसी की 136 पेज की ई राजा काशी हौ में प्रकाशित रचनाएं आज के दौर में भी प्रासंगिक है। इनमें सिर्फ शीर्षक पढ़ कर पाठक उछलने लगता है। पुस्तक में ई राजा काशी हौ, इनसे बचा त सेवा काशी, आयल हव जजमान चकाचक, बाबा क छाया, बाबा चेता, जाये मत, के दिन ठहरी, मत रोआ, मर्दन क भी साथ कर, उड़ गइलू चिरई, वजह वतावा, अदमी जियतै मरत मरत सड़त हौ, होली का खेली, होली में, बसंत हौ, आवेला सावन, ठमकै ला सावन, आज सवनवा सनकल हौ, सावन आयल का, त्यौहार दिवारी, दशमी दिवारी, गरहन, लंगड़ा, गरीबी मिटावा, खा जाई मंहगाई, मिलल धतूरा राशन में भूखे भजन, कविता का लिखब,पाप बटोरत हउवा, अपने मन क राजा, तेल पनिया देके, जेल न होई, बीस बरस में, भूख लगल हौ, रघुपति राघव राजाराम, गांधीजी, सहयोग चकाचक, झंडा ऊंचा रहे हमारा, ई त हमरे वतन हौ, हे नाथ, अजट बजट के नाम प हउवै, जब से मिलल सुराज, गुरु- चेला, चपक के, शिखरवार्ता, आवा गुरु चली अमरिका, कंस हौ, नेता-पुलिस-अफसर, तस्करराज, कहो चौधरी, जउन पटाका खइबा, सरम कर, हल्ला बोल, बहरी अलंग, हो रहल हौ, कइसन खइला झांई, बोल दे राजा रामचन्द्र की जय, मेहरिया मेहर भइल हमार, तोहऊं आजा, कंडलिया, गजल आदि है।


## महामूर्ख सम्मेलन की शुरूआत पापा ने की थीः प्रेमदीप



चकाचक बनारसी के ज्येष्ठ पुत्र प्रेमदीप बताते हैं कि पहली अप्रैल को होने वाला चर्चित महामूर्ख सम्मेलन की शुरुआत पापा ने की थी। इसमें स्व. धर्मशील चतुर्वेदी व सुदामा तिवारी सांड़ बनारसी जुड़े रहे। वे बताते हैं कि महामूर्ख सम्मेलन पहले चौक थाना परिसर फिर भद्दोमल कोठी चौक थाने के सामने में हुआ करता था। बाद में डा. राजेन्द्र प्रसाद घाट पर होने लगा। पापा इसमें 1998-99 तक रहे। वे 24 साल तक पितरकुंडा में होने वाले आल इंडिया मुशायरा के भी संरक्षक थे। इसमें देश के नामी गिरामी शायर आते थे। उनके काली महल स्थित आवास पर कई प्रख्यात कवि व गजलकार तथा शायर आते थे इनमें मोहन लाल गुप्त भइयाजी बनारसी, श्याम नारायण पांडेय, गोपालदास नीरज, राहत इंदौरी, मुन्नवर राना, स्व. सागर आजमी, नवाज देवबंदी, ठाकुर प्रसाद सिंह, डा. बुद्धिनाथ मिश्र, सूंढ़ बनारसी, भोलानाथ गहमरी, जगदीश मिश्र, कैलाश गौतम, समेत कई लोग थे। वे बताते हैं कि उनके पापा चकाचक बनारसी, पं. धर्मशील चतुर्वेदी व सांड़ बनारसी की तिकड़ी रही। प्रेमदीप बताते हैं कि उनके पापा (चकाचक बनारसी) के चिकित्सकों की टीम रही। जिनमें डा.ठाकुर (नेत्र), डा. एससी भारद्वाज (दांत), डा. माटा (चेस्ट), डा. केएन मिश्र (एनटी), डा. मंसूर आलम सिद्दिकी (जनरल) व डा. पंत तथा डा. अस्थाना (कैंसर) रहे। वे बताते हैं कि 66 साल की उम्र में उन्हें हार्ट अटैक हुआ जिसके चलते उन्हें बचाया नहीं जा सका। वे बताते हैं कि उनको मुंबई में शिफ्ट होने का बहुत दबाव रहा। लेकिन वे होली पर बनारस नहीं छोड़ना चाहते थे। मनदीप बताते हैं कि उनका व्यक्तित्व बहुआयामी था। वे जब सड़क पर मिलते थे तब रचनाकार होते थे और जब परिवार में रहते तो परिवार की तरह रहे। उन्होंने सीधी साधी जिंदगी जीना सीखाया।

## कविता ने चकाचक बनारसी से छुड़वाई सरकारी नौकरी

स्व. चकाचक बनारसी का वास्तविक नाम रेवतीरमण श्रीवास्तव था। उनका जन्मदिन 22 दिसम्बर 1932 में रामनगर में हुआ था। उनका निधन 14 जुलाई 1999 में उनके काली महल स्थित आवास पर हुआ। उनके पिता का नाम स्व. रघुनाथ प्रसाद श्रीवास्तव था। पहले कुछ दिनों के लिए वे जौनपुर चले गये थे। बाद में फिर वाराणसी आये। बीएचयू में आईटी इलेक्ट्रानिक में डिप्लोमा हासिल किया। इसके बाद जलकल विभाग (वर्तमान में जल संस्थान) में जॉब मिला। लेकिन कविता के चलते उन्होंने 1962 में सरकारी नौकरी छोड़ दी। इसके बाद साहित्य सेवा में आ गये। इसके बाद कोई भी नौकरी नहीं की। उन दिनों उनकी मुलाकात स्व. मोहनलाल गुप्त भइयाजी बनारसी से हुई। उन्होंने उनको अपना गुरु बनाया। इसके साथ ही समाचार पत्रों में विशेष अवसरों पर अपनी रचनाएं प्रकाशित करने के लिए देते रहे। स्व. चकाचक बनारसी को दो पुत्रों में प्रेमदीप श्रीवास्तव व मनदीप श्रीवास्तव हैं। प्रेमदीप ईएसआई मेडिकल में कार्यरत रहे लेकिन अब अवकाश प्राप्त कर चुके हैं। उनके दूसरे पुत्र मनदीप श्रीवास्तव एक प्रातःकालीन समाचार पत्र में डेस्क इंचार्ज के पद पर कार्यरत हैं। चकाचक बनारसी को तीन पुत्रियां हैं जिनमें से बड़ी पुत्री नीरा श्रीवास्तव व दूसरी पुत्री रीना श्रीवास्तव हैं। सभी की शादी हो चुकी है। एक पुत्री निशा श्रीवास्तव का निधन हो चुका है।



## चौसठ योगिनियों के रूप में विद्यमान हैं माता चौसट्टी देवी

**काशी की परम्परा**

### महादेव के आदेश पर काशी आयीं 64 योगिनियों ने काशी का वैभव देख यहीं बनाया अपना स्थान

### होली के दिन चौसट्टी घाट से लगायत मां का मंदिर परिसर अबीर गुलाल से होता है सराबोर

**अश्विनी कुमार श्रीवास्तव**

सनातनी परंपरा के अनुसार काशी आध्यात्म की वह आलौकिक नगरी रही हैं जहां सभी देवी देवताओं का निवास स्थान है, शास्त्रों की मानें तो काशी एक मोक्ष भूमि के साथ ही साधनाओं की भी प्रत्यक्ष भूमि रही है। देवाधी देव महादेव की इस पवित्र नगरी को सभी मत-मतांतरों ने अपनी साधना भूमि बनाकर अपनी साधनाओं को सिद्ध किया है। इसी क्रम में चौसट्टी सिद्धपीठ को भी तंत्र पीठ की प्रतिष्ठा प्राप्त है। योगिराज श्यामाचरण लाहिड़ी, स्वामी भास्करानंद, देवरहवा बाबा व नारायण दत्त श्रीमाली जैसे हठी साधकों ने यहां सिद्धि प्राप्त की और अपने चमत्कारों से लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया।



होली पर्व पर काशी में चौसट्टी देवी के दर्शन पूजन का विधान हैं। अबीर गुलाल से पूरा मंदिर पट जाता है काशी के लोगों की माने तो मां के दरबार में बिना मां को अबीर गुलाल अर्पित किये वह होली की शुरूआत नहीं करते, गंगा तट के चौसट्टी घाट स्थित माता चौसट्टी देवी के पूजन की परम्परा लगभग 500 साल पुरानी है। यह परम्परा आज भी पुरे श्रद्धा व विश्वास से मनायी जा रही है। मां के दरबार में साल के एक दिन होली वाले दिन विशेष श्रृंगार किया जाता है, मंदिर ही नहीं बल्कि दशाश्वमेध घाट की ओर से आने वाली गली से लगायत पूरा क्षेत्र अबीर गुलाल में सरोबोर हो जाता है।

### यह है चौसट्टी देवी मंदिर की पौराणिक मान्यता

पौराणिक गाथा के अनुसार काशी के महाप्रतापी राजा दिवोदास ने एक समय काशी पुराधिपति बाबा विश्वनाथ के आधिपत्य को चुनौती देते हुए न सिर्फ अपना वर्चस्व बनाया बल्कि नगरी के शिवतत्व को क्षीण करने का भी प्रयास किया। उसे अपदस्थ करने के लिए भगवान शिव ने कैलाश शिखर से पहले अष्ट भैरवों व छप्पन विनायकों को काशी भेजा जो बाद में यहीं स्थापित हो गए। इसी क्रम में चौंसठ योगिनियों ने भी काशी प्रवास किया व बाबा विश्वनाथ के दोबारा काशी पधारने के बाद उनकी कृपा से यहीं पूजित व प्रतिष्ठित हुईं।

### 15वीं शताब्दी में हुई प्राण प्रतिष्ठा

मंदिर के महंत पं. चुन्नी लाल पंड्या के अनुसार 15वीं शताब्दी के पूर्वाद्ध में बंगाल, चौबीस परगना के राजा प्रतापादित्य को स्वप्नादेश हुआ कि काशी में गंगाघाट के किनारे एक अश्वत्थ वृक्ष यानी पीपल के पेड़ में चौंसठ योगिनियां विराज रही हैं उन्हें माता भद्रकाली के सानिध्य में स्थापित कर सादर वंदन अभिनंदन प्रदान किया जाए। कथा बताती है कि प्रतापादित्य भद्रकाली की रजत प्रतिमा को नौका से लेकर काशी आए और केदार खंड क्षेत्र में भद्र काली के साथ सर्वसमाहित स्वरूप में चौंसठ योगिनियों को भी देवी दुर्गा की अष्टभुजा प्रतिमा के रूप में सिद्धपीठिका प्रदान की। पुराणों और काशी खंड में भी इन चौंसठ योगिनियों की महिला कथा बखानी गई है।

### चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को पीठिका ग्रहण की

अष्टधातु की प्रतिमा के रूप में काल भैरव व एकदंत विनायक के साथ भद्र काली के सम्मुख विराज रही देवी चौसट्टी ने चूंकि चैत्र कृष्ण प्रतिपदा को ही अपनी पीठिका ग्रहण की थी अतएव लोक मान्यताओं ने धूलिवंदन की इस विशेष तिथि को देवी के अनुरंजन तिथि के रूप में प्रतिष्ठित कर दिया।

### पीढ़ियों से मां की सेवा में समर्पित महंत परिवार

महंत पं. चुन्नीलाल पंड्या के अनुसार पंड्या परिवार की 11वीं पीढ़ी अभी देवी की सेवइती में समर्पित है। पुरखों-पुरनियों से सुनी गई सिद्धपीठ की महिमा कथाओं के मुताबिक अभी 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध तक पीठ का वैभव परम ऐश्वर्यशाली हुआ करता था। न सिर्फ शहर से अपितु ग्राम्यांचलों से भी धूलिवंदन के लिए होली के दिन गाजे-बाजे के साथ श्रद्धालुओं के जत्थे चौसट्ठी यात्रा के लिए निकलते थे और देवी के दरबार में रौनकों के उत्सवी रंग भरते थे। लोकाचारी मान्यताओं के अनुसार चौसट्ठी देवी के चरणों में गुलाल चढ़ाए बगैर काशी में रंगोत्सव की पूर्णता ही नहीं मानी जाती है।

## होली पर अपनी तस्वीर के साथ जारी करायें डाक टिकट

**दिखेगा होली का रंग**

**वाराणसी।** होली के त्यौहार को यादगार बनाने के लिए हर कोई कुछ अनूठा करना चाहता है। आपकी होली पर डाक टिकट भी जारी हो सकता है। इस सम्बन्ध में जानकारी देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाक विभाग की 'माई स्टैम्प' सेवा के तहत लोग होली पर अपनी तस्वीर के साथ यादगार रूप में डाक टिकट भी जारी करवा सकते हैं। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि पाँच रुपए के डाक-टिकट, जिस पर होली के रंगों से सराबोर आपकी तस्वीर होगी, वह देश भर में कहीं भी भेजी जा सकती है। इस डाक टिकट पर बाकायदा हिंदी और अंग्रेजी में भी लिखा होगा और साथ में रंगों और अबीर-गुलाल के साथ गुझिया की डलिया भी। मात्र 300 रुपए के खर्च में 12 डाक-टिकटों की एक शीट जीपीओ और प्रधान डाकघर स्थित फिलेटलिक ब्यूरो में बनवाई जा सकती है। पोस्टमास्टर जनरल ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी कुछ नया चाहती है, ऐसे में नए जन्मे बच्चों की पहली होली हो या नवयुगल की पहली होली हो, अथवा होली में एक साथ इकट्ठा हुए संयुक्त परिवार की यादगार होली हो, इन सब पर 'माई स्टैम्प' के माध्यम से डाक टिकट जारी किया जा सकता है। गौरतलब है कि डाक विभाग द्वारा शुभ विवाह, सालगिरह से लेकर बर्थडे तक के चित्रों पर 'माई स्टैम्प' के माध्यम से डाक टिकट जारी किये जाने की सुविधा प्रदान की जा रही है, जिसे लोगों ने भरपूर सराहा है।

